RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 91
लखनऊ, बुधवार, 19 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर





पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें
स्पोर्ट्स-12


www.dailypioneer.com


# लोगों को एक-एक वोट की ताकत समझाएं भाजपा कार्यकर्ता: मोदी

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव को लेकर किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों को उनके एक-एक वोट की ताकत को समझाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसलिए कुछ कर पा रहे हैं क्योंकि लोगों ने उनको वोट दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां अपने संसदीय क्षेत्र के बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नमो ऐप के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान जिले और महानगर के 10,000 कार्यकर्ता उनके साथ डिजिटल माध्यम से हुई चर्चा में शामिल रहे और उन्होंने आठ विधानसभा क्षेत्रों के आठ बूथ अध्यक्षों से बात की।

नमो ऐप से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ऑडियो संवाद में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पुनरुद्धार, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और स्वास्थ्य देखभाल विकास सहित कई विषयों पर चर्चा की। ऐप से मिली जानकारी के मुताबिक एक कार्यकर्ता के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे किसानों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें (कार्यकर्ताओं को) किसानों को रासायन मुक्त उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कई केंद्रीय योजनाओं का भी जिक्र किया जिससे काशी के लोगों को बड़े पैमाने पर फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से नमो ऐप में कमल पुष्प नामक एक खंड में योगदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, नमो ऐप में कमल पुष्प के नाम से जाना जाने वाला एक बहुत ही दिलचस्प सेक्शन है जो आपको प्रेरक पार्टी कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी साझा करने और जानने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा ध्यान रहना चाहिए कि चुनाव को जीतना एक विषय तो होता ही हैं, संगठन का विस्तार भी होना चाहिए और कार्यकर्ता का विकास भी होना चाहिए। चुनाव हो कुछ भी हो, हमें दो मंत्र याद रखने चाहिए।

चुनाव के समय हमें लोगो को एक एक वोट की ताकत भी समझानी हैं। मैं और (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री) योगी जी इतना कुछ इसलिए ही कर पा रहे हैं क्योंकि उप्र के लोगो ने अपने वोट का आशीर्वाद हमें दिया हैं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के स्पेशल माइक्रो डोनेशन कैंपेन के बारे में भी बात की, और सदस्यों और अन्य लोगों से इसमें योगदान देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, हम हर बूथ के अंदर एक प्रतियोगिता करें। हम देखना चाहते हैं कि कौन सा पोलिंग बूथ कितना दान कर सकता है।

## मुलायम की छोटी बहू अपर्णा आज भाजपा में होंगी शामिल

**लखनऊ।** बीजेपी सपा को बड़ा झटका देने जा रही है। बुधवार को दिल्ली में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के साथ मंगलवार को दिल्ली पहुंची अपर्णा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है। विधानसभा चुनाव में सपा और भाजपा के बीच चल रहे एक-दूसरे के नेताओं को तोड़ने के खेल में भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। मुलायम की बहू को भाजपा में शामिल कराकर (शेष पेज 9)

## भाजपा ने बहेड़ी से छत्रपाल गंगवार भोजीपुरा से बहोरन मौर्य को टिकट दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने बरेली जिले की बहेड़ी से दो बार के विधायक और राजस्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार और इसी जिले की भोजीपुरा से विधायक बहोरन लाल मौर्य को फिर से टिकट दिया है। भाजपा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों नेताओं के नाम पर मुहर लगाई है। इसके साथ ही पार्टी अबतक कुल 109 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। ज्ञात हो कि (शेष पेज 9)



उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों को लेकर नई दिल्ली में भाजपा की बैठक में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# 25 तक हर किसी को लग जाए टीके की पहली डोज: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण और विधानसभा चुनाव को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैक्सीनेशन का काम पूरा करने की अंतिम समयसमा तय कर दी है। उन्होंने अफसरों को दू टूक कहा है कि आगामी 25 जनवरी तक प्रदेश के हर नागरिक को टीके की पहली डोज हरहाल में मिल जानी चाहिए। इसके साथ ही 15 से 18 साल के किशोर वर्ग के वैक्सीनेश का काम अगले तीन दिन यानी कि 22 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने यह भी कहा है कि जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर (शेष पेज 9)

## यूपी में कोरोना संक्रमण की दर में गिरावट, 14803 नए केस

**लखनऊ।** बीते दो दिनों से यूपी में कोरोना संक्रमण की दर में गिरावट आई है। मंगलवार को प्रदेश में कोरोना के 14803 नए मामले सामने आए हैं। जबकि एक दिन पूर्व सोमवार को 15622 केस व रविवार को 17185 मामले सामने आए थे। कोरोना संक्रमण में गिरावट के साथ मौत के आंकड़ों में तेजी आई है। आज 12 मरीजों के मौत की रिपोर्ट दर्ज हुई है। राजधानी लखनऊ में कोरोना के 2173 केस आये हैं। जबकि एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज गौतमबुद्ध नगर में 1262, गाजियाबाद में (शेष पेज 9)

# वित्त मंत्री का संप्रग सरकार पर देवास सौदे में घोटाले का आरोप

● कहा, उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद देवास को विदेशों में संपत्तियां जब्त करने से रोकेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस की अगुआई वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर वर्ष 2005 के देवास-एंट्रिक्स सौदे में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन को सही ठहराने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के आधार पर विदेशों में अपनी परिसंपत्तियों की जब्ती को चुनौती देगी। सीतारमण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के खिलाफ कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली संप्रग सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आरक्षित एस-बैंक स्पेक्ट्रम देवास मल्टीमीडिया को देकर देश के लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के 17 जनवरी को आए फैसले के कुछ अंश उद्धृत करते हुए कहा, यह कांग्रेस का कांग्रेस के लिए और कांग्रेस द्वारा किया गया फरेब है।

इस फैसले में देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन के आदेश को इस आधार पर बरकरार रखा गया है कि इसे धोखाधड़ी से अंजाम दिया गया था। संप्रग सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। सीतारमण ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की (शेष पेज 9)

### यह था मामला

**संप्रग** सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी धोखाधड़ी में हुई थी।

## निर्वाचन आयोग ने सपा को भविष्य में सतर्क रहने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अपने कार्यालय परिसर में कोविड-19 मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) को नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद, निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को उसे स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं करने और भविष्य में सतर्क रहने की सलाह दी। एक आदेश के अनुसार आयोग ने यह देखते हुए कि यह सपा की ओर से मौजूदा दौर के चुनावों के दौरान पहली बार उल्लंघन की सूचना है, उसे भविष्य में सतर्क रहने और सभी मौजूदा दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी। आयोग ने पार्टी से अपने सदस्यों को चुनाव की अवधि के दौरान कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश देने के लिए कहा। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को सपा को कोविड-19 मानदंडों के उल्लंघन में लखनऊ स्थित अपने कार्यालय में वर्चुअल रैली के नाम पर एक सार्वजनिक सभा आयोजित करने के लिए एक नोटिस जारी किया था।

# भगवंत मान होंगे पंजाब में आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

**भाषा।** चंडीगढ़



**आम** आदमी पार्टी ने मंगलवार को घोषणा की कि पंजाब विधानसभा चुनाव में भगवंत मान पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। मान ने लोगों को आश्वासन दिया कि आप के सत्ता में आने पर वह जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे और राज्य को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करेंगे। पंजाब की 117 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 10 मार्च को की जाएगी।

पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मिस्ड कॉल के जरिए चलाए गए जनता चुनेगी अपना सीएम अभियान के परिणाम की घोषणा की। पार्टी नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के वास्ते चलाए गए इस अभियान के तहत पार्टी को 21.59 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं। केजरीवाल ने मोहाली में पत्रकारों से कहा कि पार्टी को जनता चुनेगी अपना सीएम अभियान के जवाब में 21,59,437 मत मिले। उन्होंने कहा, इन प्रतिक्रियाओं में (शेष पेज 9)

### अवैध खनन में चन्नी के रिश्तेदार के यहां छापे में छह करोड़ की नकदी मिली

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय ने गैरकानूनी तरीके से रेत का खनन करने में शामिल कम्पनियों और रेत माफिया के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत पंजाब में कई स्थानों पर मंगलवार को छापेमारी की। ऐसा कहा जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के एक रिश्तेदार के यहां भी छापेमारी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी के अधिकारी चंडीगढ़, मोहाली, पठानकोट तथा लुधियाना में दर्जनों स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। चन्नी के भतीजे से (शेष पेज 9)

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल जेजे सिंह भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शेखावत ने भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्वनी शर्मा के साथ मिलकर जनरल सिंह का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व सेना प्रमुख ने साल 2018 में शिरोमणि अकाली दल का दामन छोड़ दिया था। जनरल सिंह 2017 में अकाली दल में शामिल हुए थे। उन्होंने पटियाला से कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ विधानसभा (शेष पेज 9)

**यू-टर्न**

## भाकियू का किसी दल या गठबंधन को समर्थन नहीं: टिकैत

**भाषा।** मेरठ



**समाजवादी** पार्टी-राष्ट्रीय लोक दल गठबंधन को रविवार को समर्थन का ऐलान करने वाले भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के सुर अब बदल गए हैं और उन्होंने अपने पूर्व के बयान से यू-टर्न लेते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में किसी दल या गठबंधन का यूनियन समर्थन नहीं करेगी। भाषा से मंगलवार को फोन पर बातचीत में टिकैत ने कहा, भाकियू अराजनीतिक संगठन है और संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा है। भाकियू विधानसभा चुनाव से अलग है और किसी दल या गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी। बुढ़ाना विधानसभा सीट से टिकट मिलने की घोषणा होने के बाद रविवार को लोकदल के गठबंधन प्रत्याशी राजपाल बालियान शामली जिले में (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,754 | ⬇ 554 | |
| निफ्टी | 18,113 | ⬇ 195 | |
| सोना | 47,814 | ⬇ 23 | /10g |
| चांदी | 61,835 | 00 | /kg |

### क्विक न्यूज

**आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित**

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष मिश्र उर्फ मोनू की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। आशीष मिश्र गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फटेनी का पुत्र है। मंगलवार को जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ के समक्ष मुल्जिम आशीष की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ के समक्ष आशीष की ओर से यह दलील दी गई कि उसके खिलाफऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे यह साबित होता हो कि उसने मृतकों पर गाड़ी चढाई हो अथवा उसके कहने पर ऐसा किया गया हो। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि आशीष मिश्रा उर्फ मोनू इस मामले में दर्ज एफआईआर में इकलौता नामजद मुल्जिम है।

## एनडीए में महिलाओं की संख्या सीमित करने पर कोर्ट का सरकार से सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह स्पष्ट करे कि आखिर उसके आदेश के बावजूद वर्ष 2022 के लिए भी पिछले साल के बराबर ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला उम्मीदवारों की सीट 19 ही क्यों सीमित की गई। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि वह राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आरआईएमसी) और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) में प्रवेश के लिए आयोजित एनडीए परीक्षा 2021 में महिलाओं सहित कुल उम्मीदवारों की संख्या से जुड़े आंकड़े न्यायालय में पेश किए जाएं।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि सरकार को बताना होगा कि यूपीएससी की अधिसूचना के मुताबिक आखिर क्यों वर्ष 2022 के लिए महिलाओं की संख्या 19 तय की गई। पीठ ने कहा, यह साल 2021 के आंकड़ों के बराबर हैं। पिछले साल आपने कहा था कि अवसंरचना की कमी की वजह से महिलाओं का कम प्रवेश लिया जा रहा है।

अब आपने फिर साल 2022 के लिए महिलाओं उम्मीदवारों के लिए उतनी ही संख्या का प्रस्ताव किया है। आपने ए आंकड़े क्यों तय किए? आपको यह स्पष्ट करना होगा। 19 सीट हमेशा के लिए नहीं होनी चाहिए। यह (शेष पेज 9)

# राजपथ पर सिर्फ पांच हजार लोग देख सकेंगे परेड

● गणतंत्र दिवस समारोह पर महामारी के कारण दर्शकों की संख्या घटाई, पिछले साल आए थे 25 हजार लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास करते तटरक्षक बल के जवान

**कोरोना** महामारी के प्रकोप को देखते इस बार केवल पांच हजार दर्शक ही गणतंत्र दिवस परेड की लुत्फ उठा पाएंगे। हालांकि पिछली बार करीब 25 हजार आम लोग परेड देखने के लिए पहुंचे थे। इस बार परेड में कुछ खास होने जा रहा है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट 26 जनवरी को 5,000 शहीदों के घरों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेड शुरू होने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। वहीं 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित परेड में ऐसे लोगों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने कभी सीधे तौर पर इस समारोह को देखा नहीं है। ऐसे लोगों में गरीब तबके से जुड़े ऑटो वाले, सफाई कर्मचारी और दहाड़ी मजदूर शामिल हैं। जानकारी मिली है कि एनसीसी के कैडेट राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर लिखित नामों वाले शहीदों के परिजनों को प्रधानमंत्री का लिखा पत्र सौंपेंगे। सरकार ने तरफ से बयान आ चुका है कि इस बार गणतंत्र दिवस सप्ताह सुभाष चंद के जन्मदिन यानी 23 जनवरी को शुरू होगा और 30 जनवारी यानि महात्मा गांधी पुण्यतिथि पर समापन होगा। साथ ही प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर आयोजित एक कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार 2018 में स्थापित किया गया था। पुरुस्कार में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के विजेता शामिल है। आजादी महोत्सव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों और को सलाह दी है कि वो अपने पड़ोसी राज्यों की भागेदारी रखे। अतिथि के रूप में शामिल राज्य दूसरे राज्य में अपनी टुकड़ी में भेज सकते है ताकि अन्य राज्यों के सांस्कृतिक मूल्यों से जनता जुड़े सके और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से आपसी समझ और संबंध को बढ़ाया जा सके। इसी प्रकार समारोह (शेष पेज 9)

# चुनावी व्यस्तता के बावजूद कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हैं योगी

● सीएम की हर दिन के हालत पर है सीधी नजर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चुनावी** दौर में, जबकि नेताओं के बीच मतदाता, वोटिंग, जनसभा जैसे विषयों की व्यस्तता होती है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हुए हैं। किस जिले में टीकाकरण की रफ्तार कम है, कहाँ ऑक्सीजन प्लांट के कर्मचारी कोविड पॉजिटिव हो गए, तो निगरानी समितियों ने दिन भर क्या काम किया, सीएम योगी को हर जानकारी है। हर जिले पर उनकी सीधी नजर है।

उन्होंने मतदान से पहले सबको कोविड टीकाकवर दिलाने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि चुनावी समर के बीच कोरोना के खिलाफ लड़ाई कतई कमजोर नहीं होने पाएगी। प्रतिबद्धता का शायद यही भाव है कि कोरोना की अब तक की लड़ाई में यूपी सुरक्षित रहा है और योगी के कोविड प्रबंधन मॉडल की दुनिया कायल हो रही है। विशेषज्ञों की मानें तो इन दिनों कोरोना की तीसरी लहर अपने चरम पर आ रही है। ऐसे मौके पर सीएम योगी खुद ग्राउंड जीरो पर हैं और कोविड प्रबंधन की कमान खुद संभाल रखी है। चुनावी गहमागहमी के बावजूद गोरखपुर हो या गजियाबाद सीएम योगी का जिलों का निरीक्षण जारी है। फ्रंटलाइन कोरोना वॉरियर से बातचीत, इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण, टेलीकन्सल्टेशन सुविधा की पड़ताल, मेडिकल किट वितरण की स्थिति का परीक्षण, होम आइसोलेशन में मरीजों का हाल चाल लेना, उनकी दिनचर्या में शामिल हो चला है। बीते 24 मार्च 2020 से शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जबकि सीएम योगी ने कोविड की समीक्षा न की हो। वह लखनऊ में हों या गोरखपुर में या फिर पार्टी के कामकाज से दिल्ली में, कोरोना प्रबंधन के कार्यों की अपडेट लेते रहते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का एक दल सीधा सीएम के संपर्क में रहता है।

अब जबकि सभी राज्यों में ओमिक्रोन संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं, मंगलवार को उत्तर प्रदेश से एक अच्छी खबर आई। विगत 24 घंटों में 2 लाख 8 हजार 308 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 14,803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। नए केस और डिस्चार्ज होने वालों में इतना अंतर प्रदेश की बेहतर हालात का संकेतक है। यही नहीं, कोरोना के अब तक पिछले रिकॉर्ड को देखें तो बीते साल एक दिन में अधिकतम 38 हजार नए केस दर्ज किए गए थे वहीं इस बार की लहर में अब तक एक दिन में अधिकतम 17 हजार केस आए हैं। ओमिक्रोन की तीव्रता और पॉजिटिविटी दर को देखें तो स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। बीते साल को याद करें जबकि अप्रैल.मई के दौरान एक ऐसा समय भी आया जब यूपी में प्रतिदिन 30,000 से अधिक मामले सामने आए थे। ऐसे में योगी सरकार ने अस्पताल के बिस्तरों और चिकित्सा ऑक्सीजन की बढ़ी माँगों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। राज्य ने तेजी से स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे में वृद्धि की, स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या में वृद्धि की, ऑक्सीजन की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी से काम किया, महत्वपूर्ण दवाओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की, पॉजिटिव मामलों की पहचान करने के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षण किया और राज्यव्यापी लॉकडाउन के बजाय कन्टेनमेंट जोन बनाए। उन्होंने ठीक होने के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना में भी मदद की। स्वास्थ्यकर्मियों को ऑडियो, वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए हैं। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए कैस्केड मॉडल भी बनाए। बेहतर प्रबंधन के लिए जिला स्तर और प्रखंड स्तर के अधिकारी केंद्रीय नीतियों से तालमेल में थे। योगी सरकार ने राज्य में आईसीयू बेड की उपलब्धता में वृद्धि की बल्कि सबसे अधिक वेंटिलेटर भी लगाए। कोविड रोगियों के लिए बेडए आईसीयू और वेंटिलेटर उपलब्ध कराते हुएए राज्य ने गैर.कोविड सेवाओं को बनाए रखना भी सुनिश्चित किया।

## मेरठ मामले में एसआईटी जांच के निर्देश

**लखनऊ।** मेरठ में कल ईएनए से भरे दो ट्रकों के पकड़े जाने के मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। सीएम योगी ने पूरे प्रकरण में एसआईटी गठित कर सघन जांच के निर्देश दिये हैं। सीएम ने कहा है कि चुनाव के दृष्टिगत ऐसी संभावना है इसका इस्तेमाल अवैध शराब बनाने में किया जाना था। यह प्रकरण गम्भीर है। ऐसे में एडीजी मेरठ की अध्यक्षता में एसआईटी गठित कर प्रकरण की गहन जांच कराई जाए।

# गुंडों को टिकट देकर गरीबों के हक पर डकैती डालना चाहती है सपाः बृजलाल



## जनता को डराने के लिए गुंडों, दंगाइयों को दिए सपा ने टिकट, हिस्ट्रीशीटर सदन में जाएंगे तो लूटने का ही काम करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भाजपा सांसद बृजलाल ने मंगलवार को कहा कि गुंडों, दंगाइयों को अपना टिकट देकर समाजवादी पार्टी ने गुण्डाराज और दंगाराज की वापसी कराने का अपना मंसूबा जाहिर कर दिया है। सपा ने प्रदेश की जनता को डरा धमकाकर वोट लेने की नीयत से गुंडों, दंगाइयों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। ये गुंडे, माफिया गरीब कल्याण की योजनाओं में डाका डालने की नीयत से मैदान में उतरे हैं, सपा प्रमुख का इन्हें खुला संरक्षण है। कहा कि अखिलेश यादव ने जिन अब्दुल्ला आजम को अपने बगल बैठाकर सम्मानित किया वे खुद फ्रॉड में अपनी सीट गंवा चुके हैं, वे 43 मुकदमों में बेल पर हैं। उनके पिता प्रदेश के बड़े भूमाफियाओं में से एक हैं, उन्होंने ईमानदारी से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं की नौकरियों पर डाका डाला था। वे खुद जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि सपा ने कैराना से नाहिद हसन, धौलाना से असलम चौधरी, बुलंदशहर से हाजी यूनुस, मेरठ से रफीक अंसारी, लोनी से मदन भैया, साहिबाबाद से अमरपाल, स्याना से दिलनवाज को चुनाव में उतारा है। ये कौन लोग हैं? ये हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर और शातिर अपराधियों की सूची है। ये लोग विधानसभा में जाएंगे तो जनता के लिए क्या काम करेंगे? इसका जवाब अखिलेश यादव को देना चाहिए। सहारनपुर दंगों के आरोपी मास्टरमाइंड मोहर्रम अली पप्पू को पार्टी में शामिल कर वे प्रदेशवासियों को क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि सपा ने गुंडों और माफियाओं को मोदी और योगी सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों पर ब्रेक लगाने के लिए टिकट दिया है। ये गरीबों के मकानों, दुकानों, उनकी जमीनें और बहन-बेटियों पर अत्याचार करने के लिए खुली छूट के साथ सत्ता में वापसी का सपना पाले हुए हैं। इनको समाजवादी पार्टी का खुला संरक्षण है। समाजवादी पार्टी गरीबों को मिल रहे राशन पर डाका डालने के लिए सत्ता में वापसी चाहती है। क्योंकि योगी जी की सरकार में इनकी डकैती पर रोक लगी है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 2012 से 2017 तक हर उस काम में लूट और डाका डाला जो आज मोदी जी और योगी जी गरीबों के कल्याण के लिए कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी गठबंधन के टिकट से आज हर सीट पर गुंडा, दंगाई चुनाव लड़ रहा है या फिर सारे गुंडे पर्दे के पीछे से गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में हैं। ये सभी लोग कानून व्यवस्था के दुश्मन हैं। उन्होंने जनता से भी सवाल किया कि वह अपने दरवाजे पर असीम अरुण को देखना चाहते हैं या नाहिद हसन, हाजी यूनुस, रफीक अंसारी, मोहर्रम अली पप्पू को। आप कतई नहीं चाहेंगे कि दंगाइ, गुंडे आपके दरवाजे पर आएं। कहा कि आपकी सुरक्षाए संरक्षा का जिम्मा ईमानदार सरकार ही दे सकती है जो केवल भाजपा के राज में संभव है। गरीबों का कल्याण कोई कर सकता है तो वह केवल भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार ही कर सकती है। जो केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दमदारी से काम कर रही है।

# आम आदमी पार्टी ने जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

● सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को दिया मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और केन्द्रीय नेतृत्व ने 20 प्रत्याशियों के नामों पर मंगलवार देर शाम मुहर लगा दी। पहली लिस्ट की तरह इन उम्मीदवारों में सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को मौका दिया गया है। पहली लिस्ट की तरह आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट में घोषित उम्मीदवार एलएलबी, एमबीए और पोस्टग्रेजुएट किये हुए हैं। आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट के नामों की घोषणा होने के बाद पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने घोषित प्रत्याशियों से अपील की कि वो आम आदमी पार्टी के मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक पहुंचाएं। उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई राजनीति चाहने वाली आम आदमी पार्टी ने चुनावी मैदान मे दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवार और घोषित कर दिए है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार वीरपाल सिंह को हापुड़ से, जीवन लाल जाटव को मथुरा के बलदेव विधानसभा से आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी और मेरठ के हस्तिनापुर से अनमोल पर दांव लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ गंदगी की राजनीति पर झाड़ू लगाएं। नौजवानों को नौकरी देने और रोजगार भत्ते, महिलाओं को भत्ता, फ्री बिजली जैसी केजरीवाल गारंटी की जानकारी दें और एक एक घर में सम्पर्क करें।

# बसपा को दस छोटे दलों ने दिया समर्थन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बहुमत में लाने के उद्देश्य से मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती की नीतियों से प्रेरित होकर पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए दस छोटे दलों ने समर्थन दिया है। राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के कार्यालय पर इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए अपना समर्थन दिया। इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कहा कि प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा और सपा से प्रताड़ित हो चुकी है। एक पार्टी है जो गुंडों का समर्थन करती है और दूसरी पार्टी गुंडों को संरक्षण देती है। विकास इन दोनों पार्टियों के शब्दकोष में नही है। बसपा को समर्थन देने वाले छोटे दलों में इंडिया जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश पांडेय, पच्चासी परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश बागी, विश्व शांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद सोनकर, संयुक्त जनादेश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव, आदर्श संग्राम पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती, अखंड विकास भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव, सर्वजन आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल राजेन्द्र यादव, आधी आबादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुणा सिंह, जागरूक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथलेश चौब, सर्वजन सेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल पाशा इस मौके पर उपस्थित रहे।

## विज्ञापन के बजाय भाजपा गरीब जनता पर खर्च करती तो बेरोजगारी नहीं होतीः मिश्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा द्वारा जारी विज्ञापनों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विज्ञापन के बजाए, भाजपा गरीब जनता के लिए खर्च करती तो आज बेरोजगारी नहीं होती। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्होंने लिखा है कि ये है 300 करोड़ रुपये, जिसे जनता की भलाई के बजाय भाजपा सरकार हर महीने अपनी पार्टी के प्रचार में खर्च करती रही है। अगर इस बड़ी रकम का उपयोग यूपी की जनता के लिए किया जाता तो, प्रदेश में इतनी भुखमरी व बेरोजगारी न होती। उन्होंने बेसिक शिक्षा स्कूलों के बच्चों को बंटने वाले स्वेटर में हुए भ्रष्टाचार और शिक्षा मित्रों को न्याय न मिलने को लेकर भी सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा पर जमकर हमला किया है।

## रालोद ने सिवालखास और मेरठ कैंट की सीट पर उतारे प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन के तहत मंगलवार को मेरठ की सिवालखास और कैंट की सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। सिवालखास सीट से पूर्व में सपा से विधायक रहे गुलाम मोहम्मद को और कैंट से पूर्व विधायक चन्द्रवीर सिंह की पुत्री मनीषा अहलावत को रालोद ने मैदान में उतारा है। गुलाम मोहम्मद पार्टी की स्थापना के समय से सपाई हैं। कुछ समय तक बसपा में भी रहे मगर फिर सपा में आ गए। वह सपा के महानगर अध्यक्ष भी रहे हैं। कैंट से सपा से चुनाव लड़ चुके।

# महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती हैः प्रियंका

## कांग्रेस महासचिव ने वर्चुअल संवाद कर साधा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने फेसबुक से लाइव संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ महिलाओं की ऊर्जा को नियंत्रित करने की बात करते हैं। यह भाजपा, योगी आदित्यनाथ और उनकी पार्टी के नेताओं की महिलाओं के प्रति विचारधारा को स्पष्ट करता है। मैं इससे सहमत नहीं हूं, महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती है, महिलाओं की ऊर्जा, उनकी करुणा, प्रेम, विवेक, दृढ़ता उनके विशेष गुण हैं।

कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपनी बहनों को कहना चाहती हूं कि जहां जहां महिला प्रत्याशी हैं, वहां वहां आप उन्हें सपोर्ट कीजिए। उनका संघर्ष आपका भी संघर्ष है। जो आज यहां तक पहुंची हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है। कानून व्यवस्था पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा हमारी कई प्रत्याशियों पर पुलिस ने और सरकार ने अत्याचार किया। हमने फैसला किया है कि हम उनके हाथ से सत्ता छीनेंगे और उनको देंगे जिन पर आपने अत्याचार किया है।

हस्तिनापुर सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार अर्चना गौतम पर कीचड़ उछालने वाले मामले में प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा, हस्तिनापुर में जो चुनाव लड़ रही हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है और इस जगह पहुंची हैं। उनपर कीचड़ उछाला जा रहा है, मीडिया जिस तरह सवाल कर रहा है, मैं कहना चाहती हूं कि आप नरेंद्र मोदी या किसी पुरुष से ऐसा सवाल क्यों नहीं पूछते, मैं ऐसी राजनीति चाहती हूं जिसमें सकारात्मक बातें हों, जिसमें विकास की बातें हों, जिसमें आपकी बातें हों। हो सकता है कि विपक्षी ये समझें कि हमारे प्रत्याशी कमजोर हैं लेकिन हमने उनको टिकट इसलिए दिया है ताकि जो लोग अपने जीवन में पीड़ित हैं और संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें मजबूत किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि आपके लिए काम करना हमारी ड्यूटी, हमारा धर्म है। हम काम करने के बदले एहसान नहीं जताते। कांग्रेस के समय वैक्सीन निर्माण शुरू हुआ था, हमारा नजरिया था कि यह देश की जरूरत है। हमने एहसान नहीं जताया। चुनाव के पहले शिलान्यास हो रहे हैं, लेकिन वे ये नहीं बताते कि पिछले पांच सात साल में क्या हुआ।

# लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही सरकारः सुप्रिया श्रीनेत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पेंशन बहाली में सरकार के ढीले रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संयुक्त कर्मचारी संगठन के 150 अलग अलग धड़े करीब 20 लाख पूर्व और वर्तमान सरकारी कर्मचारी पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इनका ये आंदोलन 17 साल से चल रहा है। भाजपा सरकार ने राज्य कर्मियों की मांगों को नजरअंदाज किया और लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 13 लाख कर्मचारी पेंशन बहाली की राह देख रहे हैं, लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी भाजपा सरकार ने उनकी सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में विभिन्न पदों पर बैठे अधिकारियों, कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। जनता के लिए हितकारी कामों को वह जनता तक पहुंचाते हैं। नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन ही सरकारी कर्मचारियो, अधिकारियों की जिंदगी का आर्थिक सहारा होती है। आज कर्मचारियों के तमाम संगठनों के लोग धरने, आंदोलन पर बैठे हैं। पूरे जीवन सरकार, आमजन की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्ति पर कार्मिक को पेंशन विहीन करना गलत है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माना है कि एक दैनिक वेतन भोगी जो नई पेंशन योजना के बाद (2005 के बाद) नियमित हुआ है, उसे अपनी पिछली सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन पाने का हक़ है। बीते कुछ वर्षों से कर्मचारी संगठन लगातार राज्य और केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते रहे हैं। लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को न सिर्फ नजरअंदाज किया है बल्कि उनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं विजय कुमार पुत्र मोती लाल उम्र 61 वर्ष निवासी ए-10 श्री राम चन्द्र मिशन कैम्पस आई आई एम रोड लखनऊ, मेरे पुत्र का नाम कुछ दस्तावेज में अविनाश सचान अंकित है वह कुछ दस्तावेजों में अविनाश अंकित हो गया है, अर्थात दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है व अविनाश सचान ही मान्य किया जाए।

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री सिमरन आयु 22 वर्ष को उसके बुरे व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरो. कार नहीं होगा। रामकुमार पुत्र श्री सुखराम निवासी 68/445 नहर किनारा, कल्याण मण्डप के पास छितवापुर पजावा, लखनऊ।

**सूचना**

मैं, मोहम्मद अंसार पी, निवासी गाँव वेंगारा, पो0-एआर नगर जिला मालापुरम केरल-676305 घोषित करता हूँ कि मेरे सेवा पुस्तिका में मेरी माता का नाम गलत तरीके से फातिमा ईव दर्ज हो गया है जिसे अब मेरे द्वारा इसे सभी उद्देश्य के लिए पथुम्मू में बदल दिया गया है जो भविष्य में जाना जाए ।

# सपा का आज से 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान शुरू

## अब्दुल्लाह आजम पर भाजपा व कांग्रेस ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाएः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि 19 जनवरी से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अभियान का फॉर्म भराएंगे। यह अभियान डिजिटल प्लेटफार्म पर भी चलेगा। अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह घोषणा की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के पुत्र अब्दुल्लाह आजम भी मौजूद थे।

सपा मुखिया अखिलेश ने अपील की कि जिन लोगों के पास बिजली का कनेक्शन है, वह उसी नाम से फॉर्म भरें, जिस नाम से बिजली कनेक्शन है। जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं है वह राशन कार्ड या आधार कार्ड में उल्लेखित नाम लिखाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता को ठगा है। बिजली का बिल बढ़ा-चढ़ाकर भेजा जा रहा है। आम जनता बहुत परेशान हैं। कई लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। समाजवादी पार्टी ने जनता को राहत देने के लिए 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की पहले ही घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बात जनता के बीच रखनी है। अब रैली सभा तो होनी नहीं है। चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हमारे कार्यकर्ता और प्रत्याशी जनता के बीच इस अभियान में जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली कनेक्शन है। कुछ महीनों से बिजली के बिल नहीं आने की खबरें हैं। कहीं बढ़े हुए हजारों के बिल आ रहे हैं। इस बार जनता का ऐसा करंट लगेगा कि भाजपाइयों की जमानतें जब्त हो जाएगी। खराब मीटर की जगह गुणवत्ता वाले मीटर लगना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे भाजपा नेताओं के ऊपर हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के ऊपर गंभीर धाराएं हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट क्यों दिया और मुख्यमंत्री क्यों बनाया, अगर गंभीर मुकदमों की बात हो तो भाजपा कभी चुनाव नहीं लड़ पाएगी। अब्दुल्लाह आजम पर लगे मुकदमों को लेकर श्री यादव ने कहा कि इनके खिलाफ भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाए।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अन्नदाता को आतंकवादी कहते हैं तो किसानों द्वारा पैदा किया गया अनाज क्यों खाते हैं। आज किसानों के धान की लूट हो रही है, अभी गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। आज कमाई आधी हो गई है, महंगाई दोगुनी हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ राष्ट्रीय लोक दल, ओमप्रकाश राजभर, कृष्णा पटेल, महान दल, संजय चौहान की पार्टी का गठबंधन है। भाजपा डरी हुई है। अब तो हमारे साथ स्वामी प्रसाद मौर्य समेत और भी कई बड़े नेता आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ जनता भाजपा से बहुत नाराज हैं। भाजपा हार के डर से बौखलाई हुई है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और सहयोगी दलों पर झूठे मुकदमे लगाकर परेशान कर रही है। प्रदेश का किसान, नौजवान, बेरोजगार, भाजपा के इस अन्याय अत्याचार का जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सबको न्याय और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी पार्टी समाजवादी सिद्धांत लागू करना चाहती है जिसमें सबको रोटी, कपड़ा और मकान मिले। पिछली बार सपा सरकार के दौरान हमने मेट्रो चलाई और ऐसी संस्थानों का विकास किया जिसके जरिए नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला। आम जनता का फायदा हुआ। हम बीपीएड टीईटी, शिक्षामित्र समेत तमाम उन संगठनों के साथ हैं, जो नौकरी और रोजगार के लिए लगातार अपनी मांग कर रहे हैं। हम उनके ज्ञापन और मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 सीतापुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाहिनी परिसर में लगे आम/कटहल के वृक्षों में आने वाले फलों की, दिनांक 22.01.2022 को समय 12.00 बजे वाहिनी प्रांगण में सार्वजनिक नीलामी 01 सीजन हेतु कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार रू0 25000.00 धरोहर धनराशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति के पक्ष में नीलामी दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को नीलामी बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

पत्रांक : – नं-13/2021 — **सेनानायक**
दिनॉक-जनवरी, 18/2022 — **द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर**

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 सीतापुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर में वर्ष 2021-22 में मानक मद-29 अनुरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित विशेष मरम्मत कार्यों को कराये जाने हेतु निम्न शर्तों के अधीन निविदा दिनॉक 28.01.2022 को आमंत्रित की जाती है। जो तद् दिनॉक को ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये राजपत्रित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 12 में आवास संख्या 112/113 का 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |
| 2. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 12 में आवास संख्या 116/117 के सामने का लगभग 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |
| 3. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 14 में आवास संख्या 143 के पीछे का लगभग 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |

इच्छुक ठेकेदार निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा की शर्ते व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है। तदानुसार सूचित किया जाता है।

पत्रांक : भ-21/2021 — **सेनानायक**
दिनॉक-जनवरी, 18/2022 — **द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर**

**सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582**

# कैब चालक ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

● लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया वारदात को अंजाम

● मेडिकल परीक्षण में क़ातिल निकला कोरोना पॉज़िटिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में अपनों के हाथों अपनों का खून बहाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आलमबाग क्षेत्र स्थित बड़ा बरहा निवासी ओला कैब के चालक ने सोमवार की अपनी 35 वर्षीय पत्नी नीरा यादव उर्फराधिका के सिर पर लोहे का रॉड से ताबड़तोड़ वारकर मौत की नींद सुला दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर कातिल पति को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा तो जांच में रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की पड़ताल में जुटी पुलिस का कहना है कि पति ने यह कदम क्यों उठाया इसके बारे में छानबीन की जा रही है।

बताते चलें कि सआदतगंज क्षेत्र स्थित मोअज़्ज़म नगर निवासी बिजली विभाग से सेवानिवृत्त राम आसरे यादव की 35 वर्षीय बेटी नीरा यादव उर्फ राधिका की शादी वर्ष 2009 में ओला कैब चालक सुशील कुमार यादव से हुई थी। बताया गया कि नीरा यादव अपने पति सुशील यादव के साथ आलमबाग के बड़ा बरहा में रहती थी। सोमवार की रात किसी बात को लेकर नीरा और सुशील के बीच कहासुनी हुई तभी बेरहम सुशील ने लोहे की रॉड से राधिका के उपर कई वारकर कत्ल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस कातिल पति को पकड़ लिया और मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक जांच रिपोर्ट में हत्यारोपी कोरोना पॉज़िटिव पाया गया जिसे पुलिस हिरासत में लेकर उसे अलग कमरे में रखा गया है। मृतका के करीबी रिश्तेदार बृजेश यादव ने बताया कि नीरा और सुशील के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था और नीरा ने अपने पति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था।उन्होंने बताया कि सुशील यादव अपनी पत्नी नीरा यादव को प्रताड़ित करता रहता था और उसने सोमवार की रात नीरा यादव की हत्या कर दी ।

इंस्पेक्टर आलमबाग का कहना है कि हत्यारोपी पति सुशील यादव को हिरासत में लेकर हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है । बताया जा रहा है कि नीरा के कोई भी संतान नहीं थी। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई संतान न होने पर ही पति.पत्नी के बीच रार की वजह हो सकती है। पुलिस का कहना है कि इससे नकारा नहीं जा सकताए लिहाजा कई दिशाओं में जांच.पड़ताल की जा रही है।

## पति की हत्या में पत्नी के प्रेमी की जमानत खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एडीजे** पीएम त्रिपाठी ने पति की हत्या के मामले में पत्नी के कथित प्रेमी हेमेंद्र प्रताप सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक राजेश सिंह ने अपने भाई आशुतोष की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना मड़ियांव में दर्ज कराई थी। 24 अगस्तए 201 को आशुतोष की लाश आईएमएम रोड पर मिली। विवेचना के दौरान आशुतोष की हत्या में उसकी पत्नी प्रीति सिंह व मुल्जिम हेंमेंद्र तथा सुनील सिंह का नाम भी सामने आया। हेमेंद्र और प्रीति सहायक अध्यापक हैं। वर्ष 2006 से दोनों लिव इन रिलेशन में थे। लेकिन प्रीति की शादी उसकी इच्छा के विरुद्ध हुई।

## माल में हत्यारोपी फरार दंपति गिरफ्तार



**माल।** माल क्षेत्र में बीते बुधवार देर रात प्रेम प्रसंग के चलते दंपति ने युवक को बहाने से घर में बुलाकर निर्मम पिटाई की थी। जिसकी सूचना पर पहुंची डायल 112 ने उपचार के लिये माल सीएचसी पहुंचाया था। जिसे डाक्टर ने गम्भीर हालत देख बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां युवक ने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। फरार चल रहे हत्यारोपी दंपति को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। माल थाना क्षेत्र के मनभौना गांव मे बुधवार को अमरेंद्र यादव ने अपने चचेरे भाई सुधीर यादव 25 को घर में बुलाकर जमकर पिटाई की थी। जिसे डायल112 ने सीएचसी पहुंचाया जहां से घायल को डाक्टर ने ट्रामा सेंटर भेज दिया थ । जहां सुधीर ने उपचार के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया था। मृतक के भाई शैलेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमरेंद्र पर गैर इरादतन हत्या और उसकी पत्नी रूबी यादव पर120बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।लेकिन आरोपी दंपति पुलिस गिरफ्त से बच रहे थे।जिन्हें माल एसओ रविन्द्र कुमार ने टीम के साथ दबिश देकर मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि अमरेंद्र वर्ष 2014 में जमीन के विवाद में परिवार के ही शिवमंगल यादव की हत्या का आरोपी है जो जमानत पर बाहर था।

## जिला अदालत 20 जनवरी तक बंद

लखनऊ। विधि संवाददाता

**जिला** जज राम मनोहर नारायण मिश्र ने एक एडीजे, दो एसीजेएम, एक न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा दो न्यायिक कर्मचारी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने पर पूरे जिला अदालत परिसर को 20 जनवरी तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है। इस अवधि में पुरानी हाईकोर्ट समेत पूरी कचहरी परिसर को सैनिटाइज किया जाएगा। लिहाजा अब जिला अदालत 21 जनवरी को खुलेगा। जिला जज के आदेश के मुताबिक 19 व 20 जनवरी को सेशन कोर्ट में होने वाली जमानत अर्जी की सुनवाई अब क्रमशः 25 व 27 जनवरी को होगी। जबकि मजिस्ट्रेट कोर्ट में होने वाली जमानत अर्जी की सुनवाई अब क्रमशः 21 व 24 जनवरी को होगी। इसी तरह 19 व 20 जनवरी को नियत आपराधिक मुकदमों की सुनवाई अब क्रमशः एक व दो फरवरी तथा दीवानी के मुकदमों की सुनवाई क्रमशः 18 व 21 फरवरी को होगी।

## स्कार्पियो ने बाइक में मारी ठोकर, तीन युवक घायल

**सरोजनीनगर।** बिजनौर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को घायलावस्था में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार अपना वाहन छोड़कर भाग निकले। बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी अंकित कुमार गौतम (23), अशोक कुमार (30) और कमल किशोर (28) बिजनौर के ही नूरनगर भदरसा स्थित एक कंपनी में मजदूरी करते हैं। बताया जाता है कि सोमवार रात तकरीबन आठ बजे तीनों युवक एक ही बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी बिजनौर-माती रोड पर किसान पथ पार करते ही सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## सूबे में 15 दिन में 42 फीसद किशोरों को लगा कोविड का टीका

● कई जिलों में 60 फीसद से ऊपर पहुंचा ग्राफ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** में मात्र 15 दिन में औसतन 41.95 फीसद युवाओं ने कोविड टीका लगवा लिया है। कई जिलों यह ग्राफ 60 फीसद से ऊपर भी पहुंच गया है। प्रदेश में 15 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए तीन जनवरी से कोविड टीकाकरण शुरू हुआ था।

उत्तर प्रदेश समेत पूरे दुनिया में कोविड.19 के संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार तक के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 94.54 प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली डोज लगवा ली है। जबकि 60 प्रतिशत से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। वहीं 15-17 आयु वर्ग के लगभग 42 प्रतिशत किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 35 प्रतिशत पात्र लोगों को प्री-कॉशन डोज भी मिल चुकी है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ अजय घई ने कोविड टीकाकरण के लिए जनसहयोग की भवना से काम करने के अपील की है।

### पीलीभीत में सर्वाधिक टीकाकरण

युवाओं को कोविड टीका से प्रतिरक्षित करने में अभी तक पीलीभीत सबसे आगे है। यहां 69.58 प्रतिशत किशोरों को टीका लगाया जा चुका है। जबकि 65.27 प्रतिशत के साथ वाराणसी दूसरे नंबर पर और 60.07 प्रतिशत के साथ गोंडा तीसरे स्थान पर है। हालांकि युवाओं के टीकाकरण ग्राफ में संभल सबसे नीचे है। यहां 26.70 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है। इससे थोड़ा सुधार के साथ रामपुर और आगरा है। यहां क्रमशः 27.48 प्रतिशत और 27.73 प्रतिशत टीकाकरण हो पाया है।

### काम आई रणनीति

सूबे में कोविड.19 का टीकाकरण बढ़ाने के लिए कई तरह की रणनीति काम आई है। एक तरफजहां स्कूलों में शिविर लगाने से टीकाकरण का ग्राफबढ़ा है वहीं युवाओं के बीच कोविड टीके के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल, बाल सुधार गृह और चाइल्ड लाइन जैसे संस्थानों की बड़ी सकारात्मक भूमिका सामने आई है। इन संस्थानों के जरिए जागरूकता की लहर पैदा की जा रही है। वहीं ग्राम प्रधान व अन्य विभागों की मदद और सत्र विभाजन जैसे फार्मूले भी इस टीकाकरण को बढ़ाने में सार्थक भूमिका निभा रहे हैं।

## पीजीआई में डायलिसिस से लेकर कैंसर रोगियों की सात दिन की कोविड रिपोर्ट मान्य

**लखनऊ।** कोरोना के बढ़ते केसेस के बीच मरीजों की परेशानी को देखते हुए पीजीआई प्रशासन ने रोगी व उनके अटेंडेंट की पांच दिनों की कोरोना जांच रिपोर्ट को मान्य करते हुए लागू कर दिया है। वहीं डायलिसिस, कैंसर के उपचार हेतु कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी अथवा हीमोफीलिया अथवा थेलेसीमिया के उपचार हेतु खून चढ़वाने के लिए अथवा उन गर्भवती स्त्रियों को जिन्हें एंटीनेटेल परामर्श के लिए एक हफ्ते में कई बार अस्पताल आने की आवश्यकता पड़ती है, उनके लिए कोविड.19 आरटीपीसीआर रिपोर्ट 7 दिन के लिए मान्य होगी। इसके लिए संस्थान के चिकित्सक द्वारा ओपीडी परामर्श हेतु लिखित पर्चा अनिवार्य होगा। पीजीआई प्रशासन के मुताबिक ओपीडी में कार्यरत स्टाफ, जांच लैब में तैनात स्टाफ व वार्ड में उपस्थित रेजिडेंट चिकित्सक अपने मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन कर रोगी की रिपोर्ट की प्रमाणिकता सुनिश्चित करेंगे।

## लखनऊ में मिले कोरोना के 2173 नए मरीज, 3007 ठीक हुए

● सक्रिय मामलों की संख्या भी घट कर 16823 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में मंगलवार को कोरोना के 2173 केस आये हैं। जबकि एक मरीज की मौत हुई है। राजधानी में कोरोना को मात देने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मंगलवार को जहां 3007 व्यक्ति कोरोना संक्रमण से ठीक हुए वहीं सक्रिय मामलों की संख्या भी घट कर 16823 रही।

कोरोना संक्रमित में कांटैक्ट ट्रेसिंग के 942 नए मामले सामने आए हैं तो वहीं सर्दी, जुखाम और बुखार जैसे हल्के लक्षणों के आने पर जांच करवाने वालों की संख्या बढ़ गई है। हल्के लक्षणों वाले 448 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। बाहर की यात्रा कर वापस लौटे 193 व्यक्तियों में संक्रमण पाया गया है। चिनहट और अलीगंज में लगातार नए संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ रहा है। मंगलवार को चिनहट में 399, अलीगंज में 379, आलमबाग में 361, सिल्वर जुबली में 254, इंदिरा नगर में 233, नवल किशोर रोड पर 185, सरोजिनी नगर में 180, रेडक्रास में 96, टुड़ियागंज में 89 और ऐशबाग में 48 नए व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,08,308 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 9,67,42,842 सैम्पल की जांच की गयी हैं। कल विभिन्न जनपदों को आरटीपीसीआर के लिए 1,20,066 सैम्पल भेजे गये है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 20,191 लोग तथा अब तक 17,40,268 कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 1,01,114 एक्टिव मामले है, जिनमे 98,897 लोग होम आइसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक सर्विलांस टीम के माध्यम से 3,09,851 क्षेत्रों में 6,64,069 टीम दिवस के माध्यम से 3,63,73,120 घरों के 17,46,04,832 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 17 जनवरी, 2022 को एक दिन में कुल 26,24,998 डोज दी गयी है, जिनमें 15 से 18 वर्ष के बच्चों को 3,94,222 डोज दी गयी है। प्रदेश में कल 18 वर्ष से अधिक लोंगों को पहली डोज 13,93,77,643 दी गयी है। दूसरी डोज 8,86,50,417 लगायी गयी है।

## तीसरी लहर में राजधानी के 99 फीसद वार्डों में बनाए गए कैंटोनमेंट जोन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में तेजी से कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैल रहा है। जिसको रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी के 110 वार्डों में शामिल 99 फीसद वार्डों में कैंटोनमेंट जोन बना दिये हैं। इतने कैंटोनमेंट जोन तो पहली व दूसरी लहर में भी नहीं बनाये गए थे। वर्तमान में तकरीबन 8500 कैंटोनमेंट जोन बनाये गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक संक्रमण प्रभावित इलाकों को मिनी कन्टेनमेंट जोन में तब्दील किया जा रहा है। रोजाना 300 से 400 नए कन्टेनमेंट जोन बनाए जा रहे हैं। मौजूदा समय में अलीगंज में करीब 1293 व इंदिरानगर में 993 कंटेनमेंट जोन बन गए हैं। इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा चिनहट में भी लगभग 1128 कन्टेनमेंट जोन बन चुके हैं। इसमें गोमतीनगर, विस्तार और फैजाबाद रोड से सटी कॉलोनियां, मोहल्ले शामिल हैं। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए मरीज के घर को मिनी कन्टेनमेंट जोन बनाया जा रहा है ताकि मरीज व उसके संपर्क में आने वाले घर से बाहर न आएं। अधिकारियों का कहना है कि कन्टेनमेंट जोन में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार राहत कार्य पहुंचा रही है। मरीज व उनके संपर्क में आने वालों की जांच कराई जा रही है।

### स्वास्थ्यकर्मियों के काफी संख्या में पॉजिटिव होने से इलाज प्रभावित

राजधानी के बलरामपुर, सिविल, लोक बन्धु अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर समेत करीब 100 स्वास्थ्य कर्मियों के पॉजिटिव होने से मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। ओपीडी मरीजों की तकलीफें बढ़ गई हैं। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल का कहना है कि डॉक्टरों, कर्मचारियों के संक्रमित इलाज में थोड़ा प्रभाव पड़ा है।

## हवन कर रही पीजीआई की नर्सों के साथ हुई पुलिस की झड़प

**लखनऊ।** पीजीआई में बीते 10 जनवरी से पदोन्नति और पदनाम समेत कई मांगों के लेकर प्रशासनिक भवन के सामने धरना-प्रदर्शन कर रहीं नर्सों ने मंगलवार को पीजीआई प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हवन किया। इस दौरान हवन कर रही नर्सों को रोकने पहुंची पुलिस से उनकी तीखी झड़प भी हुई। आरोप है कि संस्थान के जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आ रहे हैं और न ही उनकी मांगों पर कुछ हो रहा है। स्टाफ नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा शुक्ला और महामंत्री सुजान सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को जिम्मदारों की सद्बुद्धि के लिए हवन शुरू किया। कुछ ही देर बाद पीजीआई थाने की पुलिस पहुंच गई। हवन व धरना बन्द करने को कहा तो नर्सों ने विरोध किया। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ने पर झड़प भी हुई। हालांकि नर्सों का आंदोलन जारी रहेगा।

## मेयर ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण व्यवस्था चौकस रखने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कड़ाके** की ठंड को देखते हुए महापौर द्वारा हजरतगंज सहित दूसरे क्षेत्र के रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। खुले में ना रहना पड़े इसके लिए महापौर द्वारा सभी व्यस्थायें सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने लगातार पड़ रही कड़ाके की शीत लहरी को देखते हुए आज जोन.1 के दयानिधान पार्क, सीएमओ ऑफिस के पास एवं रिवर बैंक कॉलोनी स्थित रैन बसेरों का महापौर संयुक्ता भाटिया ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर महापौर ने सभी रैन बसेरों में गीजर, अलाव, गरम कंबल सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया, जिससे वहां रह रहे किसी भी व्यक्ति को भी समस्या का सामना न करना पड़े। महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कोई व्यक्ति अगर बाहर खुले में रह रहा है तो उसे रैन बसेरे में पहुंचाने की व्यवस्था करें जिससे शीत लहरी से उनका बचाव संभव हो सके और उन्हें खुले में ना रहना पड़े। महापौर ने स्वयं वहाँ रह रहे लोगों का उनके पास जाकर कुशलक्षेम एवं हालचाल जाना। इस अवसर पर महापौर संग जोनल अधिकारी राजेश सिंहए सहायक अभियंता केण्एस रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीजीआई में आप्थलमोलाजी कोर्स में एमएस की दो सीटों पर होगी पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** मेडिकल कांउसिल द्वारा पीजीआई के नेत्र रोग विभाग में एमएस आप्थलमोलाजी कोर्स की पढ़ाई को मान्यता मिलने के बाद दो सीटों की मंजूरी प्रदान कर दी गयी है। जिसके तहत प्रदेश में नेत्र रोग विशेषज्ञ अन्य मेडिकल कालेजो की तरह तैयार किये जा सकेंगे। नेत्र रोगों के विशिष्ट इलाज एवं सर्जरी हेतु ऑप्थलमोलाजी (नेत्र रोग) विभाग की स्थापना एक स्वतन्त्र विभाग के रूप में सन 2013 में हुई थी। इसके पहले न्यूरोआप्थलामोलाजी विभाग के माध्यम से नेत्र रोग सम्बन्धित समस्याओं का उपचार किया जा रहा था व अन्य विभागो जैसे इन्डोकाइनोलाजीए हिमैटोलाजी नेफोलाजी से आये मरीजों की नेत्र रोग की समस्याओं को भी उपचार प्रदान किया जा रहा था। वर्ष 2013 में एक अलग नेत्र रोग विभाग की स्थापना के उपरान्त अलग-अलग नेत्र रोग की उपचार की विधाओ जैसे ग्लोकोमा, रेटिना, आक्यूलोप्लास्टी का उपचार आधुनिकतम तकनीको द्वारा किया जा रहा है।

### कार्निया ट्रान्सप्लांट व आई बैंक की सुविधा होगी शुरू

काली पुतली कार्निया सबंधित विभिन्न रोग जिसमें कार्निया ट्रान्सप्लांट व आई बैंक शामिल है, की सुविधा को आरम्भ किया जायेगा। काला मोतिया के आधुनिकत्तम तकनीकों, नेत्र रोग के ट्यूमर व कैंसर की उपचार की सुविधा का विस्तार करना भी शामिल है। पीडियाट्रिक आप्थलमोलाजी की स्थापना व रेटिना संबंधी रोगों के उपचार को नया आयाम देना भी विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। विभाग का उद्देश्य भेंगापन व आंख के नसजनित रोगों के और बेहतर उपचार की तकनीकों का समावेश करना है।

## महापौर संयुक्ता भाटिया ने सिविल अस्पताल में लगवाई बूस्टर डोज



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा सिविल अस्पताल में बूस्टर डोज ली गई। महापौर ने कहा कि डोज से कोरोना से अतिरिक्त सावधानी और सुरक्षा की जा सकती है। दूसरों को भी डोज लगाने की अपील की। मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल अस्पताल) में कोरोना की बूस्टर डोज लगवाई । डोज लगवाने के बाद लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन समय से लगवाने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि कोरोना के बचाव का एकमात्र साधन वैक्सीन ही है। बूस्टर डोज से कोरोना से अतिरिक्त सावधानी और सुरक्षा की जा सकती है। महापौर में आगे कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करती हूं कि उन्होंने जनता को कोरोना से बचाने के लिए मुफ्त में वैक्सीन लगवा रहे है। महापौर ने बताया कि आज वैक्सीन सभी वर्गों के लोगों की पहुँच में है। महापौर संयुक्ता भाटिया ने आगे अपील करते हुए कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप अभी समाप्त नहीं हुआ है अत: सभी लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवानी चाहिए और साथ ही वृद्ध जनों एवं फ्रंट लाइन कार्य करने वाले सभी जन बूस्टर डोज अवश्य लगवाए। गौरतलब है कि महापौर ने पहली डोज 8 मार्च 2021 श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष पिंक बूथ का उद्घाटन करते हुए लिया था। वहीं दूसरी डोज 5 अप्रैल 2021 को लगवाई थी।

## बाराबंकी शराब कांड में ठेका मालिक की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**बाराबंकी** शराब कांड मामले में देशी शराब की दुकान के मालिक दानवीर सिंह की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ ने इस मामले के अन्य मुल्जिम रामनगर के तत्कालीन आबकारी निरीक्षक राम तीरथ मौर्या व तीन अन्य की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। जस्टिस फैज आलम खान की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जमों की ओर से दाखिल अलग अलग जमानत याचिकाओं पर दिया है। पीठ ने ठेका मालिक दानवीर सिंह की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि जहरीली शराब पीने से 32 लोगों की मौत हुई थी और करीब 100 लोग गंभीर हालत में भर्ती कराए गए थे। पीठ ने ठेका मालिक की ओर से दी गई इस दलील को कि वह ठेके का कामकाज नहीं देखता था बल्कि उसका मैनेजर देखता था, को मानने से इंकार कर दिया।

## वैक्सीनेशन से छूटे लोगों को जगाने घर-घर पहुंच रही प्रशासन की टीम

● तीन दिन में चौबीस हजार लोगों से किया गया संपर्क

संवाददाता। मोहनलालगंज

**वैक्सीन** की दूसरी डोज लेने से छूटे लोगों को जगाने प्रशासन की टीमें उनके घर तक पहुंच रही हैं। मोहनलालगंज में चिन्हित किए गए ऐसे चवालीस हजार लोगों को फोन कर सत्यापन किया जा रहा है। तीन दिन में तकरीबन चौबीस हजार लोगों से सम्पर्क किया जा चुका है। जिनमें से वैक्सीन की दूसरी डोज ले चुके चार हजार लोगों की डिटेल कोविन पोर्टल पर दर्ज कराई जा रही है।

मोहनलालगंज ब्लाक के आंकड़ों में तकरीबन 44 हजार लोग कोविड वैक्सीन की फाइनल डोज लेने से छूटे होने की लिस्ट सामने आई है। वैक्सीन की पहली डोज लेने के बाद घर बैठ गए यह लोग गांव.गांव वैक्सीनेशन कैम्प लगाए जाने के बाद भी दूसरी डोज लेने से कतरा रहे हैं। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने ऐसे लोगों को जगाने के लिए घर.घर दस्तक देने की मुहिम छेड़ दी है। स्वास्थ्य टीमों को गांव के हर मोहल्ले में बैठकर छूटे लोगों को प्रेरित कर उनका वैक्सीनेशन करने के अभियान में जुटाया गया है। इसके अतिरिक्त ब्लाक स्तर पर पंचायत सहायक और सफाईकर्मियों की 25 टीम गठित कर कुल 75 लोगों को दूसरी डोज लेने से छूट गए लोगों को फोन कर सत्यापन करने के काम में जुटाया गया है। एडीओ पंचायत अशोक यादव ने बताया तीन दिन में 24 हजार लोगों को फोन किया जा चुका है। जिनमें से चार हजार लोग वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके होने की रिपोर्ट सामने आई है। जिसके आधार पर कोविन पोर्टल पर फीडिंग कराई जा रही है। जबकि शेष 20 हजार लोगों को फोन करने के लिए टीम जुटी हुई है।

### फीडिंग के लिए सीएचसी में अतिरिक्त टीम तैनात

मोहनलालगंज सीएचसी क्षेत्र में वैक्सीनेशन के बावजूद जिन लोगों की कोविन पोर्टल पर फीडिंग नहीं हो सकी। ऐसे लोगों को तलाशकर फीडिंग कराई जा रही है। डीसी मनरेगा महेन्द्र पाण्डेय की निगरानी में इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए ब्लाक कर्मियों की अतिरिक्त टीम सीएचसी पर जुटाई गई है। एडीओ कोआरपरेटिव प्रदीप कुमार ने बताया पंचायत सहायकों की टीम को जल्द से जल्द पेण्डेन्सी समाप्त करने के लिए जुटाया गया है।

### वैक्सीनेशन के लिए गांव की गलियों में उतरे अफसर

मोहनलालगंज में कोविड वैक्सीनेशन की प्रगति अपेक्षाकृत बेहतर करने के लिए गांव.गांव पंचायत सहायक और ग्राम पंचायत सचिवों को लगाया गया है। एडीओ पंचायत अशोक यादव और एडीओ कोआपरेटिव प्रदीप कुमार खुद पंचायतों में निकलकर सचिवों के साथ छूटे लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीसी मनरेगा महेन्द्र पाण्डेय खुद पंचायतों का औचक निरीक्षण कर वैक्सीनेशन अभियान का जायजा ले रहे हैं। मंगलवार को भी उन्होंने पांच पंचायतों का दौरा कर वैक्सीनेशन की हकीकत देखी। इस दौरान दो पंचायतों में स्वास्थ्य टीम नहीं पहुंचने पर फटकार लगाई।

# महज चार जिलों को बिजली देने वाले तीन सौ यूनिट फ्री बिजली क्या देंगे

● अखिलेश यादव के 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा सिर्फ एक जुमला

● हमारी सरकार गांवो में 18 घंटे, तहसील में 20 घंटे और शहर में 24 घंटे बिजली दे रही है: ऊर्जा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के 300 यूनिट बिजली फ्री देने के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा जो अपने राज में महज़ चार वीआईपी जिलों को बिजली पहुंचाते थे वो क्या यूपी में फ्री बिजली देने की बात कर रहे हैं। उर्जा मंत्री ने आगे सपा पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि 2017 से पहले गरीबों को ना आवास मिल पाते थ, ना बिजली मिलती थी। सपा सरकार को इसको लेकर पहले जवाब देना चाहिए कि आखिर ये पैसा कहां जाता था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने बिजली के 1.41 करोड़ मुफ्त कनेक्शन दिये और गांव गांव में रोशनी पहुंचायी। उन्होने आगे वार करते हुए कहा कि अखिलेश जी आप खुद पांच साल सत्ता में रहे आपने कितनी बिजली दी ये उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता भली भांति जानती है। आपकी सरकार में भ्रष्टाचार होता थाए कमीशन तय होता था और गांवों में अंधेरा रहता था। हमारी सरकार सरकार ने कोशिश की और हर गरीब के घर बिजली पहुंचाने का काम किया । यही कारण है कि आज गांवो में अठ्ठारह घंटे, तहसील में बीस घंटे और शहर में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है।

आपने हमेशा जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति की है जिसको जनता समझ चुकी ह। ये जनता आपके झांसे में नहीं आएगी और वही जनता 10 मार्च को आपको जवाब देगी। ज्ञातव्य है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज एक प्रेस वार्ता में 300 यूनिट फ्री बिजली देने की बात की जिसका जवाब देते हुए श्रीकांत शर्मा नें ये बातें कहीं।

# बिना अनुमति रात में लाउडस्पीकर बजाने पर होगी कार्रवाई

● दिन के समय लिखित अनुमति प्राप्त करके ही किया जा सकेगा प्रयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में जिलाधिकारी द्वारा ध्वनि प्रदूषण करने को दंडनीय अपराध माना गया है। ध्वनि प्रदूषण विनियम और नियंत्रणद्ध नियम 2000 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद के समस्त स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। रात के समय लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। दिन के समय लिखित अनुमति प्राप्त करके ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जाएगा।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एवं इससे संबंधित नियमावली द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए ध्वनि प्रदूषण विनियम और नियंत्रण नियम 2000 प्राख्यापित किए गए हैं। यह नियम राजपत्र में प्रकाशन के बाद प्रदेश में लागू हो गए हैं। इस नियम का उल्लंघन दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि इसके तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद के समस्त स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों को एलडीए क्षेत्रए परिक्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण और जनपद के सभी स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समस्त अस्पतालों, शैक्षिक संस्थाओं, न्यायालयों, धार्मिक स्थलों के चारों ओर 100 मीटर में समाविष्ट क्षेत्र हैं, संबंधित संस्थाओं द्वारा क्षेत्र के बाहर शांत परिक्षेत्र होने संबंधी बोर्ड लगाया जाएगा।

आवासीय क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ के मास्टर प्लान में दर्शाया गया समस्त आवासीय क्षेत्र और जनपद के सभी स्थानीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्र का आवासीय क्षेत्र है। वाणिज्यिक क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ के मास्टर प्लान में दर्शाया गयाए समस्त आवासीय क्षेत्र और जनपद के समस्त स्थानीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्र का वाणिज्यिक क्षेत्र है। औद्योगिक क्षेत्र में एलडीए के मास्टर प्लान में दर्शाया गया।

# आचार संहिता के उल्लंघन का तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई हो :ब्रह्मदेव राम

● डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम को 24 घंटे क्रियाशील रखा जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ ब्रह्मदेव राम तिवारी द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों के दृष्टिगत शिकायत, सुगम्य मतदान, मीडिया, एनवीडी, स्वीप से संबंधित बिंदुओं पर समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी शिकायत, नोडल अधिकारी स्वीप, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारियों, एनएसएस एवं स्काउट के नोडल अधिकारियों के साथ मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभागार में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की गयी। वीडियो कान्फ्रेसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि अपने-अपने जनपदों में निर्वाचन कार्यो से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम को 24 घंटे क्रियाशील रखें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आदर्श आचार संहिता तथा कोविड-19 के उल्लंघन की दशा में कृत कार्यवाही का प्रिंट तथा विवरण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भेजकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। साथ ही जनपद के ट्विटर हैंडल, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम इत्यादि पर भी पोस्ट किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भी टैग किया जाए। जनपद स्तरीय सोशल मीडिया अकाउंट पर किए जा रहे पोस्ट की स्थिति तथा फॉलोअर्स की संख्या पर विशेष ध्यान दें। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक चैनल तथा सोशल मीडिया पर निर्वाचन संबंधी सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाएए जहां कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की खबर मिले तत्काल संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाए। डॉ तिवारी ने कहा कि नो योर कैंडिडेट ऐप का स्थानीय स्थल पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे आम जनता अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के संबंध में सभी तरह की जानकारी प्राप्त कर सके तथा प्रत्याशी के आचरण को ध्यान में रखकर अपना मत दें।

# ललितपुर पावर प्लांट की सीबीआई जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**टीम** आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ललितपुर पावर प्लांट को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ललितपुर में बजाज ग्रुप द्वारा निर्मित पावर प्लांट की कैपिटल कॉस्ट लगभग 4662 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में 1980 मेगावाट क्षमता वाले इस पावर प्लांट की कैपिटल कॉस्ट 11848 करोड़ रुपए थी। जिसे बढ़ाकर 17295 करोड़ और बाद में 18575 करोड़ रुपए कर दिया गया। जिस पर पावर कारपोरेशन ने भी लम्बे समय से आंखें मूंद रखी है।

अनुपम मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में एनटीपीसी द्वारा मुद्रा में स्थापित पावर प्लांट की कीमत 5.25 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट है। ऐसे में ललितपुर पावर प्लांट की कॉस्ट 18575 करोड़ रुपए कैसे हो सकती है। इसमें अवश्य ही बड़े स्तर तक भ्रष्टाचार हुआ है। बिना बड़े राजनैतिक और प्रशासनिक प्रश्रय के इस तरह की आर्थिक लूट संभव नहीं है। सरकार से मांग है कि ललितपुर बजाज पावर प्लांट की सीबीआई से जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

## शुद्धिपत्र

**कृपया इस समाचार पत्र के लखनऊ संस्करण के सोमवार, 29 नवम्बर, 2021 अंक में पृष्ठ सं. 5 पर प्रकाशित पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस शीर्षक के विज्ञापन में अजय पाल सिंह (कर्जदार) शोभा (सह-कर्जदार 1) के संबंध में मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000405 के स्थान पर 00000495 के रूप में पढ़ें। शेष विषयवस्तु यथावत रहेगी। यह शुद्धिपत्र उपरोक्त विज्ञापन का अंश एवं खंड माना जाएगा।**

उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा सूचना

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से **ई- निविदायें** आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण टेन्डर बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **निविदा संख्या - 102**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 बिदूर पर वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 103**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 बिल्हौर -रसूलाबाद डबल सर्किट लाईन के अनुरक्षण सम्बन्धी वार्षिक कार्य। **निविदा संख्या - 104**/2021-22 विद्युत 400 के0वी0 पनकी पर स्विचयार्ड के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 105**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 दादानगर के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 106**/2021-22 विद्युत 400 के0वी0 पनकी पर घास काटने का वार्षिक कार्य। **निविदा संख्या - 107**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 रसूलाबाद के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 102 से 104** तक दिनांक 15.02.2022. एवं **निविदा सं0 105 से 107** तक दिनांक 16.02.2022 को खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, प्रथम पनकी, कानपुर** पत्रांक- 92/वि0प्रे0म0प0 (का0)/टी0-1 दिनांक 18.01.2022 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" उपभोक्ता सेवा हेतु सम्पर्क करें - www.uppcl.org

# एसडीआरएफ जवानों की मदद करेंगे आपदा मित्र: डॉ. सतीश



● प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न

संवाददाता। सरोजनीनगर

**एसडीआरएफ** के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि अब किसी आपदा से लड़ने के लिए आपदा मित्र भी पूरी तरह कारगर रेस्क्यू कर सकेंगे। डा. कुमार मंगलवार को सरोजनीनगर के नूरनगर-भदरसा स्थित एसडीआरएफ मुख्यालय में आयोजित आपदा मित्र के बारह दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैंच के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उप सेनानायक शुएब इकबाल ने कोर्स तथा व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया तो ए ग्रेड का इनपुट मिला। कार्यक्रम में सेनानायक डॉ. सतीश कुमार ने ट्रेनर के अच्छे प्रदर्शन को लेकर उत्साहवर्धन भी किया। साथ ही आपदा मित्र प्रशिक्षण के दूरगामी उपयोगी परिणाम भी बताए। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक सेनानायक आत्म प्रकाश यादव, सहायक सेनानायक (प्रशिक्षण प्रभारी) सोभनाथ यादव, सैन्य सहायक एहसान उल्लाह खान, शिविर पाल बीएन गुप्ता, सूबेदार सैन्य सहायक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र दुबे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से डिस्प्ले की और प्रशिक्षण से संबंधित कई पहलुओं को भी दिखाया।

# भाजपा सरकार ने दलितों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया: निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दलित** चिंतक लालजी निर्मल ने कहा कि दलितों में भाजपा की बढ़ रही लोकप्रियता ने सुस्त रफ्तार से चल रही बसपा की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इसके पीछे भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तथा सरकार और संगठन में दलितों को मिली भागीदारी मानी जा रही है। योजनाओं के सर्वाधिक लाभार्थी पिछड़े, दलित और वंचित समाज से आते हैं। लिहाजा भाजपा भी इसी आधार पर दलित वोटबैंक में सेंधमारी को मजबूत मान कर चल रही है। साथ ही प्रयागराज संगम में सफाई-कर्मियों के पांव पखार कर और काशी में श्रमिकों पर पुष्प वर्षा और उनके साथ भोजन कर पीएम मोदी ने सामाजिक समरसता और सम्मान का बड़ा संदेश दिया था। सम्मान और लाभार्थी जैसे फैक्टर बसपा की पेशानी पर चिंता की लकीरें भी खींचते है। एमवाई समीकरण के साथ दलित की दूरी से सपा की चिंता जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि मायावती और भीम आर्मी के चीफ, सपा मुखिया पर लगातार तीखें बाण छोड़ रहे हैं। दलितों के लिए भाजपा सरकार ने बहुत कुछ किया है। सरकार और संगठन में हर जगह भागीदारी दी। पीएम मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थ स्थलों पर भव्य स्मारक बनाया गया। भाजपा ने दलितों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया। यहीं वजहें हैं कि चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी मायावती के समक्ष इस बार अपने वोटबैंक को पूरी तरह समेटे रखना बड़ी चुनौती है। इस चुनौती की एक बड़ी वजह उनका चुनावी परिदृश्य से लगातार गायब रहना भी है। यह पहला मौका है जब बसपा सुप्रीमो की एक भी चुनावी रैली नहीं हुई। अलबत्ता सतीश चंद्र मिश्रा आदि के जरिये उन्होंने चुनावी सक्रियता में बने रहने की कोशिश जरूर की लेकिन अपने मतदाता में संदेश नहीं दे पाए। निर्मल ने कहा कि बसपा मतदाताओं की पूरी राजनीति वन मैंन आर्मी होने से मायावती पर निर्भर रहती है जबकि बसपा सुप्रीमो की पूरी सियासी सक्रियता अभी ट्विटर और कभी कभार प्रेसवार्ता तक ही सीमित है। हाथी के सभी पुराने दिग्गज एक एक कर साथ छोड़ कर चुके हैं या बाहर किये जा चुकें हैं। लिहाजा प्रचार-प्रसार का पूरा दारोमदार पर मायावती पर है, इसमें वह भाजपा, सपा और कांग्रेस से भी पिछड़ चुकी हैं। इस वजह उनके वोटर भी ऊहापोह में उलझे हुए हैं जबकि पश्चिमी यूपी में नामांकन की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है। बसपा के स्तर इस गैप को भरने के लिए भाजपा कल्याण योजनाओं को बड़े शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।

## कड़ाके की ठंड में गरीबों को बांटे कंबल



**लखनऊ।** ऐशबाग़ क्षेत्र स्थित मास्टर कन्हैयालाल रोड मे मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर के सेवा मंच पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य संस्थान के तत्वाधान मे दीन दयाल के विचारों से प्रेरित होकर समाज के अंतिम सीढ़ी पर खड़े व्यक्तियो को ठंड के प्रकोप से राहत देने हेतु संस्थान के सचिव साकेत शर्मा के द्वारा 500 निर्धन व असहाय लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरण का आयोजन किया गया। ऐशबाग़ क्षेत्र के अत्यंत जरूरतमंद लोगों को इस कड़ाके की ठंड मे उचित समय पर कम्बल प्राप्त कर राहत की सांस ली। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वंदना शर्मा प्रधानाचार्य पायनियर मांटेसरी स्कूल, शशि गुप्ता पार्षद, संदीप शर्मा समाजसेवी, भूपेंद्र कुमार, पप्पू मालवीय, अखिल अग्रवाल, बृजेश पांडेय, दिलीप वर्मा आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. अर्जुमंद ज़ैदी को मिला कैनेडियन पब्लिक पीस प्राइज



लखनऊ। डॉ. अर्जुमंद ज़ैदी को युवाओं को शिक्षित व प्रोत्साहित करने, अंतराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मानवाधिकार, शांति एवं सहिष्णुता के लिए कार्य करने हेतु कैनेडियन पब्लिक पीस प्राइज नामक विशेष अंतरष्ट्रीय पुरस्कार 2020-2021 से सम्मानित किया गया। आपके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को मानवाधिकार, शांति व् सहिष्णुता की शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। 1973 से यह धारणा है कि पब्लिक पीस प्राइज सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित करने वाले कि पहचान और उनके कार्यों को प्रदर्शित करता है। इस एवार्ड के द्वारा विश्व के समस्त नागरिकों में सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। पब्लिक पीस प्राइज सभी सम्मानित शांति स्थापित करने वालों के लिए प्रोत्साहन की अभिव्यक्ति है, डॉ अर्जुमंद ज़ैदी इन्ही विश्वशांति स्थापित करने वालों में से एक है। वे एक अनुभवी समाज सेवी, पर्यावरणविद, शिक्षाविद , मानव अधिकार एवं शांति कार्यकर्त्ता है। गत बीस वर्षो में डॉ ज़ैदी ने देश विदेश से अपार ख्याति अर्जित की है।

## सीएमएस छात्र ने इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कराया अपना नाम



लखनऊ। यंगेस्ट टु परफार्म सूर्य नमस्कार का खिताब अर्जित कर सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र ड्रीक रॉय मेहता ने पाँच वर्ष की अल्प आयु में ही इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है और लखनऊ का नाम पूरे देश में रोशन किया है। ड्रीक मेहता ने पाँच वर्ष की अल्प आयु में ही योग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है और सर्वाधिक कम समय में सूर्य नमस्कार के सभी आसनों को पूरा कर इण्डिया बुक ऑफरिकार्डस में स्थान सुनिश्चित किया है। सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मात्र 1 मिनट और 41 सेकेण्ड में सम्पूर्ण सूर्य नमस्कार पूरा कर खिताब अपने नाम किया। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस होनहार छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## सपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्रए निष्पक्षए निर्भीक सम्पन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने तथा सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। श्री चौधरी के अनुसार गुजरात सहित अन्य राज्यों के बाहरी लोग बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों की विधान सभाओं में चुनाव को प्रभावित करने में संलग्न हैं, उन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाय तथा ऐसे लोगो को उत्तर प्रदेश से बाहर किया जाय। पूर्व आईपीएस असीम अरूण तथा उनके साथ पिछले पांच वर्षो से तैनात रहे अधिकारियों और पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण लोगो की जांच की जाय तथा चुनाव के दौरान पदों से मुक्त किया जाय और ऐसे लोगो पर तत्काल रोक लगाई जाय और जांच करके संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

## समाजवादी शिक्षक सभा ने शुरू किया शिक्षक चला शिष्य के द्वार अभियान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वर्चुअल बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव का चुनावी बिगुल बज चुका है। अब हम सभी शिक्षकों का नैतिक दायित्व है कि हम शिक्षक सभा के पदाधिकारी विधानसभा वार शिष्यो के बीच जाकर समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों, नीतियों तथा समाजवादी सरकार में किए गए जनहितकारी कार्यों को बताया जाए।

# मुंबई में हुई हत्या के एक मामले में वांछित सिद्धार्थ नगर से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुंबई** के थाना थाना मानखुर्द क्षेत्र में हुई हत्या के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को एसटीएफ ने सिद्धार्थनगर जिले से गिरफ्तार किया है। हत्या के एक मामले में थाना मानखुर्द, मुंबई महाराष्ट्र में धारा 302, 307, 326, 504, 34 भादवि के तहत दर्ज मुकदमे में फरार अभियुक्त रवि संतोष सपकाले उर्फ रवि चिकना की गिरफ्तारी के लिए मुम्बई पुलिस द्वारा यूपी एसटीएफसे सहयोग मांगा गया, जिस पर पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में एसटीएफफील्ड इकाई, गोरखपुर द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त सिद्धार्थनगर बांसी नौगढ़ में अपने को छिपाकर आ रहा है। यह भी पता चला कि रवि संतोष सपकाले अपने किसी रिश्तेदार से मिलने हयातनगर, थाना बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर में आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ इकाई गोरखपुर और मुंबई पुलिस की टीम ने गांव हयातनगर पहुंचकर रवि संतोष निवासी भीम सेवक संघ टाटा नगर नियर देवनार गेट गोवाडी ईस्ट थाना देवनार जनपद मुंबई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्त रवि ने बताया कि 31.12.2021 को पीएमजीपी कॉलोनी में रिक्शा पार्किंग के पास उसने कांतेश अर्जुन चुंबन की हत्या कर दी और फिर फरार हो गया था।

# दूसरे की स्कूटी की नंबर प्लेट लगाकर घूम रही युवती गिरफ्तार

**लखनऊ।** दो साल से दूसरे की स्कूटी का नंबर अपनी स्कूटी पर डाल कर स्कूटी चला रही 23 वर्षीय शातिर दिमाग युवती को आज आखिरकार ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार ही कर लिया । ठाकुरगंज पुलिस के द्वारा आज खेत वाली मस्जिद के पास हुसैनाबाद ठाकुरगंज के रहने वाले अब्दुल्ला की 23 वर्षीय बेटी सफिया उर्फ अलीशा को गिरफ्तार किया है । अलीशा पर आरोप है कि वह अपनी जुपिटर स्कूटी पर काशी विहार बालागंज ठाकुरगंज के रहने वाले रविंदर की बेटी की स्कूटी का नंबर डाल कर चला रही थी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने बताया कि सफिया द्वारा अपनी स्कूटी पर रविंद्र की बेटी की स्कूटी का नंबर डालकर चलाई जा रही थी और नंबर के आधार पर चालान के मैसेज रविंद्र की बेटी के मोबाइल पर पहुंच रहे थे। कई चालान पहुंचने के बाद रविंद्र ने जब यातायात विभाग से संपर्क किया तो यातायात विभाग के द्वारा सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तो मामला खुला।

# परिवार की तरह है सिविल का हर मेडिकलकर्मी: डॉ. आनंद ओझा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय के नए निदेशक डॉ आनंद कुमार ओझा और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर पी सिंह का मंगलवार को चिकित्सालय के कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ; संयुक्त मोर्चाद्ध द्वारा कोविड प्रोटोकॉल के साथ सम्मान समारोह किया गया। उपस्थित सभी संवर्गो के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ ओझा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमें इस विधा में कार्य करने का अवसर मिला है यहां पर पारिश्रमिक के साथ जो दुआएं मिलती हैं वह संजीवनी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को हमेशा अग्रसर बनाए रखने में हमारा पूरा चिकित्सालय परिवार पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहा हैएसाथ ही उन्होंने चिकित्सालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि चिकित्सालय के किसी कर्मी को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरपी सिंह ने भी सभी को अपना पूरा सहयोग देते हुए परिवार की तरह रहने और गरीब मरीजों की सेवा करने की अपील किया।

# गोवंश को शीतलहरी से बचाने के लिए पहनाएं कोट, जलवाएं अलाव

## एसडीएम ने सचिव व प्रधान और नगर पंचायत अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। मोहनलालगंज



**कड़ाके** की सर्दी में आश्रय केन्द्रों में कैद निराश्रित गोवंश को राहत दिलाने में तिरपाल नाकाफी साबित हो रहे हैं। लिहाजा काऊ कोट का इंतजाम और अलाव जलवाने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी मनरेगा महेन्द्र पाण्डेय और एसडीएम शुभी सिंह की टीम आश्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर ठण्ड से राहत के इंतजामों का जायजा ले रहे हैं।

मोहनलालगंज तहसील के दोनों ब्लाक में गलन भरी सर्दी बेजुबानों को भी कांपने पर मजबूर कर रही है। लिहाजा एसडीएम शुभी सिंह ने दोनों ब्लाक और नगर पंचायतों में संचालित आश्रय केन्द्रों में कैद किए गए निराश्रित गोवंश को राहत देने के लिए तिरपाल के अतिरिक्त जूट के बोरे से काऊ कोट बनवाकर गोवंश को पहनाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने सभी सचिव और प्रधानों को लकड़ी का इंतजाम कर आश्रय केन्द्रों में शीतलहरी से बचाव के लिए अलाव जलवाने की हिदायत दी है। एसडीएम ने बताया ब्लाक अधिकारियों और नगर पंचायत की टीम के साथ वह खुद भी प्रतिदिन आश्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर कड़ाके की सर्दी से बचाव के इंतजामों का जायजा ले रही हैं।

**जरूरतमंद को कम्बल वितरण के लिए भ्रमण कर रहे अफसर:** मोहनलालगंज तहसील में कड़ाके की सर्दी से परेशान गरीब और जरुरतमंद लोगों को कम्बल की राहत देने के लिए एसडीएम शुभी सिंह की टीम प्रतिदिन गांव और सड़कों का दौरा कर ठण्ड से ठिठुरते मिल रहे बुजुर्ग और बेसहारा लोगों को कम्बल वितरित कर रही है। एसडीएम ने बताया सभी लेखपालों को भी अपने.अपने गांव में नजर रखकर जरुरतमंद लोगों को कम्बल देने और उनकी मदद करने के लिए कहा गया है। नगर पंचायत अधिकारियों को भी नियमित अलाव जलवाने और रैन बसेरे की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**रैन बसेरे में दिलाएं आसरा, करें मदद:** मोहनलालगंज की पंचायतों और नगर पंचायतों में कड़ाके की सर्दी में कोई भी बेसहारा खुले आसमान के नीचे नहीं सोए इसके लिए तहसील प्रशासन ने आमजन और जनप्रतिनिधियों से मदद मांगी है। एसडीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी को कहीं भी कोई बेसहारा ठिठुरता दिखे तो फौरन अपने लेखपाल और सचिव को सूचना दें। सुनवाई नहीं हो तो लोग सीधे तहसील अधिकारियों को सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया ऐसे लोगों को सीधे रैन बसेरे भी ले जाया जा सकता है। पंचायतों में प्रधान और सचिव सरकारी भवन में बेसहारा लोगों को शरण दिलाएंगे।

# चुनाव में रिजर्व में ड्यूटी लगाए जाने से शिक्षामित्रों में नाराज़गी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने विधानसभा चुनाव में रिजर्व ड्यूटी में रखे जाने पर नाराजगी जताई है। संघ का कहना है कि रिजर्व ड्यूटी में रखे जाने से ना तो उन्हें वोट डालने के लिए बैलेट पेपर की सुविधा मिलती है और ना ही पारिश्रमिक। इस बाबत संघ ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्या से रूबरू कराया। जिस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की तरफ से सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 17 जनवरी को एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें शिक्षा मित्रों सहित अन्य संविदा कर्मियों अनुदेशक आंगनबाड़ी, आशा बहू को मुख्य मतदान अधिकारी न बना कर शिक्षामित्रों को द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी बनाने और सबको रिजर्व में रखने के लिए निर्देशित किया गया है। संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने बताया कि ऐसे में जब संविदा कर्मियों को रिजर्व में जिला मुख्यालय पर ड्यूटी में लगा दिया जाता है तो ना तो उनको बैलट पेपर में वोट डलवाया जाता है और ना ही उनको पारिश्रमिक दिया जाता है।

# लोगो बनाएंगे पालीटेक्निक के छात्र, जीत सकेंगे टैबलेट

● 20 से 22 जनवरी के बीच छात्र कर सकेंगे अपलोड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पॉलीटेक्निक** का लोगो और साइंस और टेक्नोलॉजी पर नई सोच व इनोवेशन पर लोगो व पोस्टर बनाकर छात्र टैबलेट व स्मार्ट फोन जीत सकेंगे। यूराइज पोर्टल पर पॉलीटेक्निक छात्रों को यह मौका उपलब्ध होगा।

दरअसल यूराइज पोर्टल पॉलीटेक्निक छात्रों के लिए गणतंत्र दिवस से पहले एक प्रतियोगिता कराने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 20 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें तीन तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। पहली गणतंत्र दिवस के इतिहास से जुड़ी प्रश्नोत्तरीए दूसरी विभाग का लोगो और तीसरी साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़ी पोस्टर प्रतियोगिता होगी। प्राविधिक शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर एक पत्र भी परिषद कार्यालय और संस्थानों को जारी किया है। यूराइज पोर्टल पर प्रतियोगिता से जुड़ी सभी जानकारियां मंगलवार आ जाएंगी। इस प्रतियोगिता के लिए पॉलीटेक्निक में पढने वाले छात्र ही प्रतिभाग कर सकेंगे। जिन छात्रों का रजिस्ट्रेशन यूराइज पोर्टल पर नहीं होगाए वह छात्र इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता छोड़कर पॉलीटेक्निक लोगो और साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के लिए छात्र 20 से 22 जनवरी के बीच किसी भी दिन प्रतियोगिता में आवेदन कर सीधे अपने लोगो व पोस्टर को अपलोड कर सकेंगे। छात्र 22 जनवरी रात 12 बजे तक अपने लोगो व पोस्टर को अपलोड कर सकेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के समय के लिए मंगलवार यूराइज पोर्टल पर सूचना जारी होगी।

## मोदी का पहला चुनावी वर्चुअल संवाद

# काशी के कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद मंगलवार को पहली बार किसी राजनीतिक कार्यक्रम में अपनी वर्चुअल मौजूदगी दर्ज कराई। पीएम नरेन्द्र मोदी काशी क्षेत्र के करीब दस हजार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े। करीब 45 मिनट के इस कार्यक्रम में उन्होंने आठ लोगों से संवाद भी किया।नमो एप के जरिए पीएम मोदी व कार्यकर्ताओं के बीच संवाद सूत्र का काम किया। एप के माध्यम से कई कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी से अपने सुझाव व सवाल को भी साझा किया। नमो एप के जरिए यह संवाद सुबह 11 बजे शुरू हो गया। प्रधानमंत्री ने मुख्य रूप से बूथ अध्यक्षों के साथ चर्चा की और उन्हें जीत का मंत्र दिया।

**का श्रवण जी... का हाल बा...**

वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह नमो एप के माध्यम से संवाद शुरू किया। वाराणसी में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बूथ अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत से भोजपुरी में हालचाल पूछा। पीएम ने पूछा कि बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। श्रवण ने कहा- जी कुछ दिन पहले ही सपरिवार गया था। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफकरते हुए श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप के बारे में बताया। धाम के पहले और अब के अंतर के बारे में उन्होंने कहा कि काशी में जो कुछ भी हो रहा है, सब बाबा की कृपा है। हम सब लोग तो बस माध्यम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रवण से आग्रह किया कि अपनी टीम के साथ काशी में और स्वच्छता बढ़ाएं। उनको जिम्मेदारी सौंपी कि काशी आने वाले पर्यटकों को कबीरचौरा और संत रविदास मंदिर के दर्शन भी कराएं। इनके विकास के लिए भी सरकार ने बहुत काम किए हैं। मोदी ने ऐसे ही एक कार्यकर्ता आशुतोष से गोदौलिया-बेनियाबाग पार्किंग तथा वाराणसी में ट्रैफिक सिस्टम पर चर्चा की।

**कोरोना संक्रमण में जनसंपर्क पर चिंतित**

महामना मंडल की बूथ अध्यक्ष सीमा कुमारी कॉल पर जुड़ीं तो पीएम ने पूछा कि इधर कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। ऐसे में जनसंपर्क कैसे हो पा रहा है। सीमा ने कहा कि सर, दो गज दूरी, मास्क जरूरी मंत्र का पालन करते हुए हम सबसे मिलजुल रहे हैं। तभी पीछे से किसी के खांसने की आवाज सुनकर पीएम ने बड़े आत्मीय भाव से पूछा कि किसी के खांसने की आवाज आ रही। कोई घर में बीमार है क्या..? सीमा ने कहा- जी नहीं। सब ठीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा से भोजपुरी में कहा कि आप जइसन बहिनन के ताकत ही हमार ताकत ह। देश के ताकत ह। मातृशक्ति ने इस देश के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीमा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं के जीवन स्तर में आए बदलावों की चर्चा करते हुए पीएम से कहा- पहिले तो महिलाओं को लोग यूं ही मालकिन कहकर संबोधित करते थे, लेकिन आपने पीएम आवास योजना के तहत घर की चाभी थमाकर उन्हें सच में मालकिन बना दिया।

**नारायण से जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल**

पीएम मोदी ने कार्यकर्ता नारायण से स्वास्थ्य सेवाओं का हाल पूछा। नारायण ने उन्हें बताया कि स्थिति काफी ठीक है। आयुष्मान कार्ड से गरीब अपना इलाज करा रहे हैं। दवाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान पीएम ने नए बने अस्पतालों का हाल भी जाना। पिंडरा विधानसभा के मंगलगांव के मंडल अध्यक्ष अखिलेश दुबे से पूछा कि आप क्या काम करते हैं। अखिलेश न ने बताया कि बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं और एमकाम किया हुआ है। पीएम ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले डेयरी के उद्घाटन के लिए पिंडरा आया था आप सबके बीच में। एक विषय है बिजली का जिसके बारे में मैं आपसे जानना चाहता हूं। वहां बिजली की क्या स्थिति है। अखिलेश ने बताया कि पिछले चार साल से काफी बिजली मिल रही है और स्थिति में काफी सुधार आया है। नहीं तो पहले तो बिजली के लिए धरना देना पड़ता था। पीएम ने पूछा -बीते कुछ समय से काशी में जो सुंदरीकरण हुआ है, जो बदलाव आए हैं, उनके बारे में बताइये। जो लोग आपके घर बाहर से आते हैं वो क्या कहते हैं। अखिलेश ने बताया कि जो कुछ भी पिछले कुछ वर्ष में जो हुआ उसकी कभी कल्पना नहीं की थी। सभी घाट सुंदर हुए हैं, सड़कें गड्ढामुक्त हुईं, सारनाथ में लेजर लाइट शो चल रहा है। मान मंदिर, पंचकोशी मार्ग का जो विकास हुआ वह कल्पनातीत है। सीवर लाइनें ठीक हुईं, सड़कों पर रोशनी है, बिजली के तार अंडरग्राउंड हुए हैं। शिवपुर चिरईगांव के बूथ अध्यक्ष मिथुन से बातचीत में पीएम ने पूछा कि बनारस में आ रहे बदलाव को लेकर आप क्या सुनते हैं। जवाब मिला- सड़कें अच्छी हुई हैं। बिजली के लटकते तारों से छुटकारा मिला है।

# योगी सरकार में सबका सम्मान और मान

## सपा और बसपा सरकार में हुआ जमकर भ्रष्टाचार और चला सिर्फ परिवारवादः सिद्धार्थ नाथ सिंह

**प्रयागराज।** पूर्व सीएम अखिलेश यादव के साथ एमवाई यानी दो का साथ है और खुद का विकास है। यह बातें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में बैठक के दौरान कहीं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा सबका साथ सबका विकास यह नारा नहीं यूपी के विकास का मंत्र है। पांच साल के दौरान योगी सरकार ने जाति धर्म पंथ मजहब देखकर नहीं बल्कि हर समाज के गरीब तबकों के जीवन को ऊंचा उठाने एवं सम्मान देने का कार्य किया है। सिंह ने कहा पिछले पांच वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के पथ को मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश का आम नागरिक जिसका गवाह पिछले पांच वर्षों में प्रदेश के पैंतालीस लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया गया। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने बेघर गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की जगह भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद में ही रुचि दिखाई और एक भी व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में लगभग तीन हजार बेघर गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार दो करोड़ इकसठ लाख शौचालयों का निशुल्क निर्माण कराया जिससे दस करोड़ से अधिक लोग लाभांवित हुए। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश में गरीबों को लगभग एक करोड़ सत्तर लाख रसोई गैस कनेक्शन निशुल्क वितरित किया गया। केन्द्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार से पहले किसी सरकार ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया था। गरीबों को महीने में दो बार मुफ्त राशन आदि कई जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता के बीच भाजपा ने काम किया है। सही मायने में 30 सालों से विकास ठप्प हो गए थे। अखिलेश यादव का विकास भू माफिया अपराधी गुंडाराज आतंक भ्रष्टाचार को संरक्षण था। एमवाई केवल दो वर्ग अखिलेश यादव के साथ है। अखिलेश यादव के विकास को यूपी की जनता ने देखा है। सपा सरकार और उससे पूर्व की बसपा सरकार के शासनकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ और प्रदेश की गरीब जनता को उसके अधिकारों से वंचित रखा गया। सपा और बसपा की स्थापना ही केवल एक परिवार के विकास के लिए हुई है।



### किसानों का अपमान करना बंद करें अखिलेश

**प्रयागराज।** अखिलेश यादव किसानों के नाम पर राजनीतिक नाटक करके किसानों का अपमान कर रहे हैं। अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में किसानों के लिए क्या किया था। यह बातें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहीं। कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में किसानों के लिए कुछ नहीं किया और आज किसानों की बात कर रहे हैं। अखिलेश यादव सरकार ने किसानों का छत्तीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफनहीं किया था। जिसे योगी सरकार ने सत्ता में आते ही माफकिया। अखिलेश यादव सरकार ने जहां दो सौ बीस लाख टन अनाज की खरीदारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की थी। योगी सरकार ने चार सौ पचहत्तर लाख टन अनाज की खरीद की और उसका रिकॉर्ड भुगतान किया। हमने एक लाख बावन हजार करोड़ रुपए का भुगतान गन्ना किसानों को किया जो अखिलेश यादव सपने में भी नहीं सोच सके।

## चंदौली में सड़क हादसे में मौत के बाद बवाल, सीओ की गाड़ी क्षतिग्रस्त

# कोतवाल समेत कई पुलिसकर्मी घायल

संवाददाता। पड़ाव,चन्दौली

**सड़क** हादसे से हुई मौत के बाद चक्का जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव का मामला सामने आया है । इस घटना में मुगलसराय कोतवाल बृजेश तिवारी का सिर फट गयाए जबकि सीओ सदर के वाहन पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैण् हालांकि बाद में लोगों के समझाने-बुझाने पर मामला शांत हुआ । फि लहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी है । हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस का मिस मैनेजमेंट बताया जा रहा है । मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र कटेसर का है । मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक के धक्के से जोखन गुप्ता-38 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अन्य घायल हो गया । मौत की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गयाए मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने शव को एनएच 7 पर रख कर जाम कर दिया और जिले के आलाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे ।

वहीं सड़क दुर्घटना में मौत के बाद चक्का जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास कियाए लेकिन ग्रामीण नहीं माने । इसके बाद सीओ सदर अनिल राय समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने का प्रयास कियाए लेकिन लोग मुआवजे की मांग को लेकर डटे रहे । इसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक शव को कब्जे लेने का प्रयास करने लगी जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया । पुलिस के बल प्रयोग से भीड़ आक्रोशित हो गई और पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए । मुगलसराय कोतवाल का सिर फट गया और खून बहने लगा इसके अलावा लोगों ने सीओ की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया । इस तनावपूर्ण माहौल के बीच इलाके के संभ्रांत लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया । इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । इस बाबत एसडीएम मुगलसराय ने बताया कि सड़क हादसे में मौत के बाद लोगों ने चक्का जाम कर दिया था पुलिस भी मौके पर पहुंची थी इस बीच ग्रामीणों व पुलिस के बीच नोकझोंक हुई लेकिन स्थानीय संभ्रांत लोगों और प्रशासन ने मामले को हैंडल कर लिया । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जल्द से जल्द पीड़ित परिजनों को आपदा की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी । इस बाबत एसपी चन्दौली अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सड़क हादसे में मौत के बाद चक्काजाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के अलावा एसडीएम व सीओ मौके पर पहुँचे थे ।



### पुलिस ने बुलंदशहर में हथियार बनाने की अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ किया

**बुलंदशहर।** पुलिस ने बुलंदशहर जिले के भनसोली गांव के जंगल में हथियार बनाने की एक अवैध फैक्टरी का मंगलवार को भंडाफोड़ करने का दावा किया और इस बाबत एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी) सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के तहत आने वाले इलाके में स्थित अवैध फैक्टरी से 10 पूर्ण तैयार और 12 अर्ध तैयार हथियार बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इस बाबत नरसेना थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव निवासी धर्मपाल को गिरफ्तार किया गया है।एसपी के मुताबिक वह चार-पांच हजार रुपए में पिस्तौल बेचता था जबकि रिवॉल्वर 40-50 हजार रुपए में बेचता था। पुलिस ने कहा कि आरोपी के साथियों को पकड़ने की कोशिश जारी है जो फरार हो गए हैं।

# सपा विधायक नाहिद की जमानत अर्जी खारिज

**मुजफ्फरनगर।** कैराना की विशेष अदालत ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक नाहिद हसन की जमानत अर्जी खारिज कर दी। हसन को पिछले हफ्ते गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कैराना सीट से सपा के टिकट पर नामांकन कर चुके 34 वर्षीय हसन को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। इस सीट के लिए चुनाव 10 फरवरी को पहले चरण में होगा। सांसद-विधायक विशेष अदालत के जज सुबोध सिंह ने कहा कि जमानत का मामला नहीं था, इसलिए जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। इस पर हसन के वकील ने कहा कि वह जमानत के लिए उच्च न्यायालय जाएंगे। सरकार के वकील अशोक पुंधीर के मुताबिक शामली जिले में स्थित कैराना की विशेष अदालत ने 15 जनवरी को विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक हसन समेत कुल 40 लोगों पर पिछले साल मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अधिकतर लोग जमानत पर रिहा हो चुके हैं, लेकिन हसन अब तक अदालत के समक्ष पेश होने में नाकाम रहे थे। इसके मद्देनजर अदालत की ओर से एक गैर जमानती वारंट जारी करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विधानसभा चुनाव में आपराधिक पृष्ठिभूमि के उम्मीदवारों को उतारने को लेकर राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह उसके नेताओं को झूठे केस में फंसा रही है। अखिलेश ने उस याचिका को भाजपा प्रायोजित याचिका करार दिया जिसमें शीर्ष अदालत से निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसी किसी पार्टी को अपंजीकृत कर दे जिसने अपने प्रत्याशियों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने को लेकर शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। इस याचिका में सपा विधायक हसन का भी उल्लेख है।

### कौशांबी में विधायक के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के चायल निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक संजय कुमार गुप्ता के खिलाफ चुनाव आचार संहिता एवं कोविड दिशानिर्देश के उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार चायल विधायक ने 16 जनवरी को 40 लड़कियों को स्कूटी बांटने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भारी भीड़ के बीच कोविड नियमों का उल्लंघन किया था। चायल विधानसभा के लिए उड़न दस्ते के प्रभारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने कहा कि 16 जनवरी को रिद्धि सिद्धि एजुकेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने रानी लक्ष्मीबाई सम्मान स्वरूप समारोह का आयोजन चायल विधानसभा के भरवारी नगरपालिका परिषद में किया था।

### कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहे भाई बहन की दम घुटने से मौत

**मुजफ्फरनगर।** जिले के एक गांव में ठंड से बचने के लिए कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहे भाई और बहन की कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के दधेरू गांव में नेहा (15) और अंश (14) सोमवार को अपने बिस्तर पर मृत मिले। नेहा और अंश के पिता राजेंद्र प्रजापति के अनुसार, दोनों बच्चे एक कमरे में सो रहे थे और ठंड से बचने के लिए उन्होंने बिस्तर के पास कोयले की अंगीठी जला रखी थी।

### बिल भुगतान के विवाद में बार मालिक का अंगूठा काटा

**मुजफ्फरनगर।** जिले में बिल अदा करने को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बार मालिक का अंगूठा काट लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुनील कुमार और उसका दोस्त जानसठ स्थित एक बार गए थे और वहां उन्होंने शराब पी थी। बार मालिक अशोक कुमार ने जब उनसे बिल का भुगतान करने को कहा, तो उनके बीच बहस हो गई और तभी सुनील ने उनका अंगूठा काट लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुनील और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और अशोक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बलात्कार के बाद बच्ची की हत्या मामले में दोषी को मौत की सजा

**फतेहपुर।** जिले की एक पॉक्सो अदालत ने तीन साल की एक बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए युवक को मौत की सजा सुनाई है। जिले के शासकीय अधिवक्ता सहदेव गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद अहमद खान ने दोषी ठहराए गए दिनेश पासवान (28) को सोमवार को मौत की सजा सुनाई।

## अपहृत बच्चे का शव एटा से बरामद

**एटा।** दिल्ली पुलिस ने एटा जिले के थाना पिलुआ क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर में मंगलवार को पांच वर्षीय बच्चे का शव बरामद कर लिया जिसे मिट्टी में दबाया गया था। एटा के अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाह ने बताया कि पीड़ित बच्चा अपने माता-पिता के साथ दिल्ली के थाना गाजीपुर क्षेत्र के कोंडा बस्ती में रहता था। उसका 15 जनवरी को दिल्ली के गाजीपुर थाना क्षेत्र से अपहरण कर लिया गया था जिसकी रिपोर्ट वहां दर्ज है।उन्होंने बताया कि थाना गाजीपुर, दिल्ली से आई एक पुलिस टीम ने 17-18 जनवरी की रात्रि में पिलुआ थाने को इस मामले की सूचना दी। दिल्ली पुलिस ने यह बताया कि सुनील कुमार (कुंडली, दिल्ली) ने राजन सिंह के पुत्र अमित (पांच) की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पिलुआ के गांव जयसिंहपुर के पास वन विभाग की खाली पड़ी जमीन में दफनाया दिया। पिलुवा पुलिस ने दिल्ली पुलिस के साथ आरोपी की निशानदेही पर गांव जयसिंहपुर के पास वन विभाग की खाली पड़ी जमीन को खुदवाकर बालक का शव बरामद कर लिया।

### नायब तहसीलदार व पुलिस बल पर पथराव मामले में 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**बहराइच।** जिले के परसरामपुर गांव में अदालत के आदेश पर कब्जा हटवाने गए नायब तहसीलदार व पुलिस बल पर पथराव के मामले में 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुँवर ज्ञानंजय सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि फखरपुर थानांतर्गत परसरामपुर गांव में गुड्डू बेग व रिजवान के बीच सम्पत्ति का विवाद अदालत में कई सालों से लम्बित था। अदालत ने अपने फैसले में विवादित स्थान का कब्जा हटवाने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि सोमवार को नायब तहसीलदार विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ आदेश का पालन कराने के क्रम में वहां पहुंचे थे।

### तेज हुईं विधानसभा चुनाव प्रचार की तैयारियां

**प्रयागराज।** उप्र में विस चुनाव की तैयारियां और प्रचार तेज हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी पार्टियां फ़िलहाल सोशल मीडिया पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनता से संवाद करने में जुटी हुई हैं। इस कड़ी में अब देश पहले बहुभाषी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफ़ॉर्म कू एप्प पर यू पी का मेनिफेस्टो ट्रेंड करने लगा है और राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र के लिए जनता से राय मांग रहे हैं। जबकि प्रदेश में पार्टियों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशियों को घोषित करने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है और भाजपा दरअसल यूपी के सियासी महासंग्राम को लेकर इस बार बेहद तेजी से बढ़ी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भूमिका को लेकर पार्टियां काफी तेजी से ऑनलाइन प्रचार करने लगी हैं।

### कम्फर्ट वॉक रेंज की बढ़ती मांग

**लखनऊ।** कम्फर्ट वॉक ,ट्रेड चौफशूज़ की तरफसेद्ध जो कि कुछ महीने पहले फुटवियर की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से आराम और स्टाइल को ध्यान रखते हुए लॉन्च किया गया थाए उपभोक्ताओं की ओर से बढ़ती हुयी मांग में है।कम्फर्ट वॉक रेंज में न केवल फ्लिप फ्लॉप्स, फ्लोटर्स, सैंडल बल्कि इकोनॉमी रेंज के जूते और पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए शामिल हैं। इस रेंज की न्यू स्टाइल के साथ.साथ आराम भी है। श्री अखिलेश सिंह, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिस ने कहा श्जब से हमने अपना कम्फर्ट वॉक ब्रांड लॉन्च किया है . हम परिवार के सभी सदस्यों को विभिन्न प्रकार के फुटवियर विकल्प प्रदान करने में सफल रहे हैं और इसका श्रेय हमारे वितरकों और रिटेलर्स को भी जाता है जिन्होंने उत्तर प्रदेश के हर कोने में हमारी रेंज फैलाने में मदद की। कुछ समय पहले हमने जिस म्यूजिक वीडियो कैंपेन को लॉन्च किया थाए उसमें ब्रांड टैगलाइन श्पहिन ईज़ी है कम्पयूज़ कियस करें चूज़्श् पर प्रकाश डाला गया थाए जिससे हमें आगे ब्रांड रिकॉल स्थापित करने और परिवार के सभी सदस्यों के बीच मांग पैदा करने में मदद मिली।

# गंगद्वीप में पानी भरा, विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

**माघमेलाः बढ़ा गंगा का जलस्तर कई शिविर जलमग्न**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**गंगा के जल** प्रवाह में तेजी और कटान का दायरा बढ़ने के बाद पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर सोमवार को त्रिवेणी मार्ग के किनारे बसे 40 से अधिक शिविर जलमग्न हो गए। पानी भरने से बिजली के कई खंभे गिर गए। उधर दारागंज के सामने बसे गंगद्वीप में भी अधिक मात्रा में पानी भर गया। इसमें कई संस्थाओं को वहाँ से विस्थापित होना पड़ा। इस बीच गंगद्वीप और त्रिवेणी मार्ग पर कटान से प्रभावित इलाकों की बिजली काट दी गई।

मंडलायुक्त संजय कुमार गोयल के निर्देश पर बाढ़ खंड के अभियंताओं ने कटान रोकने के लिए मशक्कत शुरू कर दी। ताकि कटान रोकी जा सके। कटान की वजह से त्रिवेणी पांटून पुल से पार उतरने के बाद तट पर बसे दर्जनों शिविरों में सोमवार को पानी भरने से अफरा तफरी मच गई। मंडलायुक्त संजय कुमार गोयल और प्रभारी मेलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान अपर जिलाधिकारी माघमेला संत कुमार श्रीवास्तव ने सिंचाई बाढ़ खंड के अभियंताओं से स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कटान रोकने के पुख्ता उपाय करने के निर्देश दिए। त्रिवेणी मार्ग के किनारे बने जिन शिविरों में पानी भर गया है। वहां से गृहस्थी का सामान हटाने के लिए देर रात तक मशक्कत जारी रही। उधर सिंचाई विभाग के अभियंताओं की टीम ने कटान से प्रभावित क्षेत्रों में कल्पवास और अन्य संस्थाओं के शिविरों को बचाने के लिए मशक्कत तेज कर दी है। कटान रोकने के लिए लगातार बाड़ लगाई जा रही है। जेसीबी मशीनें लगाकर तटबंध को ऊंचा करने के साथ ही बालू की बोरियां पाटी जा रही हैं। बावजूद इसके प्रवाह शिविरों की ओर लगातार बढ़ रहा है। गंगा के तट पर बसे कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कभी भी और शिविरों में पानी भर सकता है।



गंगा स्नान करते किन्नर अखाड़ा के संत।

### किन्नर संतों ने किया पौष पूर्णिमा पर स्नान

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा प्रयागराज के संतों और शिष्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि के नेतृत्व में माघ मेले के दूसरे मुख्य स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान किया। उन्होंने विधि विधान से मां गंगा तीर्थराज प्रयाग और भगवान वेणीमाधव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि पूजन कर मां गंगा से कोविड से शीघ्र पूरे विश्व को खत्म होने और जनजीवन सामान्य होने की मांग की। भयावह स्थिति खत्म हो सके। उन्होंने बताया कि किन्नर अखाड़ा में पूजन हवन सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम माघी पूर्णिमा तक चलेगा। महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज माघमेला में लगे शिविर में 20 जनवरी को आएंगे। गंगा स्नान के दौरान किन्नर वेलफेयर वोर्ड की प्रयागराज की सदस्य महंत वैष्णवीनंद गिरि महंत राधिका राहुल सहित अन्य लोग शामिल थे।

**भावनाओं और कुशलता के प्रति हो समर्पण :प्रयागराज।** लोकप्रियता के बाद फिल्मों की दुनिया में सफलतापूर्वक कदम रखा। पिछले तीन दशकों से ज़ी टीवी भारत में रियलिटी टेलीविजन को आकार देने में सबसे आगे रहा है। चैनल ने दर्शकों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे घरेलू नॉन फिक्शन फॉर्मेट दिए। जो न सिर्फ बेहद पॉपुलर टैलेंट बेस्ड रियलिटी फ्रेंचाइज़ी बनकर सामने आए बल्कि आज भी बेहद चर्चित हैं और दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। डीआईडी लिटिल मास्टर्स के पिछले चार सीज़न्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद यह चैनल डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीज़न पांच के साथ इस शो को भी नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है।

## वैक्सीन का विरोध

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता

**जनसंख्या** के एक हिस्से को ऐसा लगता है कि वैक्सीन अभियान मानवाधिकारों व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। आस्ट्रेलिया से नोवाक जिकोविक को बाहर करने पर गुस्सा टेनिस प्रशंसकों की तुलना में वैक्सीन-विरोधी अधिक बढ़ गए हैं। आस्ट्रेलिया में अचानक लाकडाउन-विरोधी व वैक्सीन-विरोधी समूह उभरने से आश्चर्य होता है कि क्या प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी टीकाकरण के खिलाफसंघर्ष करने वालों के लिए 'उम्मीद की किरण' बन गया है। ऐसे समूह आज दुनिया भर में हैं। उनके लिए यह सवाल नहीं है कि गैर-टीकाकृत व्यक्ति अपने, परिवार, मित्रों तथा सहकर्मियों के लिए खतरा पैदा करता है। उनके लिए टीकाकरण का विरोध एक प्रकार से दक्षिणपंथी किस्म का राजनीतिक मुद्दा है। पश्चिमी वैक्सीन-विरोधी अपनी हिचक को सरकारी संस्थानों व नीतियों के प्रति बढ़ते अविश्वास से जोड़ते हैं। लोगों की निराशा बढ़ रही है क्योंकि 2020 से लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण उनका जीवन एकदम उलट-पलट गया है। उनकी निराशा अक्सर टीकाकरण अभियानों पर दिखती है जो कोरोनावायरस संक्रमण रोकने को लक्षित हैं। समान रूप से यह भी सच है कि अतीत में टीकाकरण के कुछ मामलों में वैज्ञानिक सोच का अभाव था और कुछ यूरोपवासियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से चिन्ता पैदा हुई थी। तुर्की में जिकोविक-समर्थक लोग एक टीकाकरण-विरोधी पार्टी का हिस्सा हैं जिसे भय है कि टीकाकरण निर्देश मानवाधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं का उल्लंघन करते हैं। आस्ट्रिया की एक पार्टी को इसी कारण लोकप्रियता मिल रही है। अमेरिका में डेमोक्रेटिकों के उलट रिपब्लिकन




टीकाकरण के खिलाफ हैं। रूस जैसे कुछ देशों ने टीकाकरण-विरोधी राजनीति को कुचलने का प्रयास किया है। वे गैर-टीकाकृत लोगों को सार्वजनिक स्थानों में जाने से रोकने के लिए एक क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। फ्रांस सरकार इस मामले पर विभाजित है। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने टीकाकरण-विरोधियों के प्रति अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की तो बहुत से लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

लेकिन उनके खेल मंत्री ने आश्चर्यजनक रूप से कहा है कि वे गैर-टीकाकृत जिकोविक को फ्रेंच ओपेन में खेलने देंगे। इस प्रकार टीकाकरण अभियान एक राजनीतिक झगड़े में फंस गया है। भारत इस वैश्विक आंदोलन से अप्रभावित नहीं है। जिकोविक के मामले पर राय अलग-अलग है। भारत सरकार ने पहली बार सर्वोच्च न्यायालय में कहा है कि 'किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छाओं के विरोध में टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।' सरकार किसी भी उद्देश्य के लिए टीकाकरण सार्टीफिकेट रखना अनिवार्य नहीं करेगी। यह बयान कुछ राज्यों व बिजनेसमैनों के बयानों के बाद आया है कि वे टीकाकरण न करवाने वाले जोगों को हतोत्साहित करना चाहते हैं। निश्चित रूप से गैर-टीकाकृत लोग अपने और दूसरों के लिए खतरा हैं। लेकिन गौर करना चाहिए कि भारत तथा पश्चिम के टीकाकरण-विरोधियों में अंतर है। भारत में इस समूह में टीकाकरण-विरोधी लोग नहीं, बल्कि टीकाकरण से हिचकने वाले शामिल हैं। अब तक वे यूरोप की तरह किसी राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा नहीं हैं। सुरक्षा, पार्श्व प्रभावों, वैक्सीन मंजूरी में जल्दबाजी, त्वरित मानव परीक्षण तथा वैज्ञानिक संदेह, आदि कुछ कारण हैं जिनके चलते वे वैक्सीन लेने से डर रहे हैं। यह हिचक वहां कम हुई है, जहां उनके सरोकारों को संबोधित किया गया है। अचानक आए अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रान स्वरूप के कारण उन्होंने टीकाकरण के बारे में जल्दी से अपनी सोच बदली भी है। ऐसे में विश्वास बहाली के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है ताकि गैर-टीकाकृत लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचा जा सके। इस मामले में नियम के बजाय तर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# विनिवेश व बजट को अलग रखना जरूरी

### सहमति देने में विलंब तथा नौकरशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया और लाल फीताशाही अक्सर विनिवेश प्रक्रिया को पटरी से उतार देती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




दो महीने में यह वित्त वर्ष समाप्त हो जाएगा और सरकार अभी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम संस्थानों में 1,75,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य से बहुत दूर है जिसे 2021-22 के केन्द्रीय बजट में तय किया गया था। अब तक वह 10,000 करोड़ से भी कम प्राप्त कर सकी है। यदि भारतीय जीवन बीमा निगम में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की उम्मीदों को शामिल कर लिया जाए तो भी यह लगभग 1,00,000 करोड़ होगा। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले पूरी हो जाएगी, लेकिन फिर भी 65,000 करोड़ की कमी बचेगी। यह बात नई नहीं है।

यह मोदी सरकार के अंतर्गत पिछले छः साल से जारी एक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें 2017-18 एक अपवाद है। उस साल विनिवेश से 1,00,000 करोड़ से थोड़ा अधिक प्राप्त हुआ था जो लक्ष्य से अधिक था। यह तेल कंसोंटियम सीपीएसयू हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन का 51.11 प्रतिशत हिस्सा दूसरे सीपीएसयू ओएनजीसी को बेचने से प्राप्त हुआ था। सरकार ने 'रणनीतिक विनिवेश' पर ज्यादा जोर दिया है जिसका अर्थ पीएसयू में हिस्सा 50 प्रतिशत से नीचे रखने के लिए शेयरों की बिक्री है। इस मोर्चे पर भी स्थिति निराशाजनक है। 2015-16 में इस रास्ते से बिक्री कुछ नहीं थी, जबकि इसके लिए बजट में 28,500 करोड़ रखे गए थे। 2016-17 में इस लक्ष्य को 20,500 करोड़ से घटा कर 5,500 करोड़ कर दिया गया था। इसके बाद के दो वर्षों में 'रणनीतिक विनिवेश' का लक्ष्य मोटे तौर से एक पीएसयू में सरकार के बहुसंख्य शेयर दूसरे में बेच कर पूरा किया गया।

2017-18 में एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर ओएनजीसी को तथा 2018-19 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी के 52.63 शेयर विद्युत वित्त निगम-पीएफसी को बेच कर यह काम हुआ। 2019-20 में नीपको में 100 प्रतिशत शेयर तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 75 प्रतिशत शेयर राष्ट्रीय ताप बिजली निगम-एनटीपीसी को बेचे गए जो बिजली क्षेत्र का सीपीएसयू है। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इनकी खरीद एक पीएसयू ने की।

अनेक रणनीतिक बिक्रियां नहीं हो सकीं जिनमें भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में 53.29 प्रतिशत, कंटेनर कार्पोरेशन-कंकार में 30 प्रतिशत तथा शिपिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया-एससीआई में 63.73 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पिछले साल के लिए लक्षित ये बिक्रियां 2020-21 में भी नहीं हो सकीं। आलएटआल को सितंबर, 2021 में बेच दिया गया, पर बीपीसीएल-एससीआई की बिक्री वर्तमान वित्त वर्ष में भी नहीं हो सकी। विनिवेश का लक्ष्य पूरा न होने का कारण इनको राजस्व का स्रोत मानना है जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटा पूरा करना है। यह गलत अवधारणा है। लगभग निश्चित रूप से मिलने वाले कर राजस्व के उलट यह नहीं कहा जा सकता है कि विनिवेश से कितनी रकम प्राप्त होगी। इस मामले में काफी कुछ बाजार के परिदृश्य व खासकर निवेशकों के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है जो पीएसयू में निवेश करना चाहते हों जिसके शेयर बिक्री के लिए उपलब्ध हों। रणनीतिक बिक्री वाले मामलों में सरकार को अच्छी बाजार के साथ ही अमीर बोलीकर्ताओं की भी जरूरत होती है। बीपीसीएल के विनिवेश की योजना पहले 2019-20 में बनाई गई थी जिसके लिए 60,000 करोड़ निवेश करने वाले निवेशक की जरूरत थी। सहमति तथा नौकरशाही लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रिया सरकारी प्रयासों में बाधा बनती है क्योंकि रणनीतिक निवेशकों से समय रहते संपर्क नहीं हो पाता है।

नीति आयोग ने विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान की थी जिनको उस समय कोर ग्रुप आफ सेक्रेटरीज़ आन डिस्इन्वेस्टमेंट-सीजीडी द्वारा अनुमति मिलनी थी। यह लंबी प्रक्रिया है जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था-एएम का भी स्थान है। इसमें मंत्रालयों का समूह शामिल है जिसमें वित्त, सहक परिवहन व राजमार्ग, प्रशासनिक सुधार, आदि हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-डीपम प्रस्ताव तैयार करता है जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए स्वीकार करती है। कुल मिला कर रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण होते हैं। इस कारण विलम्ब होता है और सारी सहमतियां प्राप्त करने के बाद बाजार का परिदृश्य बदल जाता है। बीपीसीएल के मामले में 2019-20 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 70 डालर प्रति बैरल थी, लेकिन नौकरशाही उस समय तैयार नहीं थी। 2020-21 में कोविड-19 के कारण कच्चे तेल की कीमत औसतन 40 डालर प्रति बैरल से गिर कर 20 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वर्तमान वर्ष में यह फिर 70 डालर से अधिक हो गई है। लेकिन अधिकारी अभी भी तैयार नहीं हैं जिनके कारण 2022-23 का विनिवेश लक्ष्य अनिश्चित है।

अतीत में अनेक सरकारों ने बजटीय आवश्यकतायें पूरी करने के लिए पीएसयू का प्रयोग दुधारू गाय की तरह किया है। अधिक डिवीडेंट, विशेष डिवीडेंट व बोनस लेने की व्यवस्था के कारण 2004-2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम उठाया था। ओएनजीसी को भारतीय तेल निगम-आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को कच्चे तेल पर छूट देने को कहा गया था ताकि वे डीजल, पेट्रोल, एलपीजी व केरोसीन का दाम कम रख सकें। ओएनजीसी ने इस कालखंड में 2,00,000 करोड़ की छूट दी थी। उद्यमों के विनिवेश के मामले में भी राजस्व प्राप्त करने की यही सोच थी। मामला केवल इतने तक नहीं है।

सरकारी थिंक टैंक लगातार चाहता है कि रणनीतिक बिक्री पूरी होने के बाद भी सरकार ड्राइवर सीट पर बनी रहे। इसका स्पष्ट संकेत वित्त मंत्री ने अपने 2019-20 के बजट भाषण में दिया। उन्होंने कहा कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा रखने के बजाय ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां अधिकार 'सीधे' के साथ 'परोक्ष' भी हो। इस प्रकार का संकेत संभावित निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को विनिवेश को बजट से अलग रखने पर विचार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में राजस्व प्राप्ति का अनुमान करते समय सरकार को विनिवेश लक्ष्यों का योगदान उसमें शामिल नहीं करना चाहिए। शेयरों की बिक्री के लिए उसे एक होल्डिंग कंपनी बनानी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के विनिवेश के लिए आरबीआई द्वारा गठित पी. नायक समिति ने ऐसी कंपनी का सुझाव दिया था जिससे पीएसयू में सभी शेयरों को बेचा जा सकता है। होल्डिंग कंपनी में प्रख्यात पेशेवर होने चाहिए जो प्रबंधन से बातचीन के माध्यम से सभी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हों।

इनमें बाजार की स्थितियों का ध्यान रखते हुए मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री का समय, आदि शामिल हैं। 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार गैर-रणनीतिक क्षेत्र के सभी सीपीएसयू का निजीकरण करेगी तथा रणनीतिक क्षेत्र में भी निजीकरण के कदम उठाएगी, बशर्ते कि हर क्षेत्र में एक सार्वजनिक उद्यम बना रहे। इन प्रयासों को सफलता तभी मिल सकती है जब इनको नौकरशाही, लाल-फीताशाही तथा बजट बनाने की प्रक्रिया से अलग रखा जाए।

# जनजातियों में व्याप्त दिव्यता की अवधारणा



**सरदेंदु मुखर्जी**
(लेखक एक अकादमिक एवं इतिहासकार हैं)

पूर्व केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री किशोर चंद्र देव ने दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा था : "आदिवासी किसी भी धर्म में पैदा नहीं होते हैं और उन्हें स्वदेशी संस्थाओं के रूप में माना जाता है। इसलिए, जब अनुसूचित जनजातियों के कुछ वर्ग किसी भी धर्म का पालन करना चुनते हैं - जैसे, पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म या बौद्ध धर्म, या लक्षद्वीप, या हिंदू, सिख या किसी अन्य धर्म में इस्लाम - यह कभी भी धर्म परिवर्तन का मामला नहीं है क्योंकि, चूंकि आदिवासी एक धर्म में पैदा नहीं होते हैं, इसलिए उनके धर्मांतरण का मामला नहीं हो सकता है।" यह, संयोग से, एक महत्वपूर्ण राजनेता की राय है जो आदिवासी समुदाय से भी संबंधित है; यह कर्नाटक धर्मांतरण विरोधी विधेयक के संदर्भ में कहा गया था।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त एलएम श्रीकांत ने 21 फरवरी, 1952 को एक नोट में बताया था कि भारत में जनजातियों की तीन सामान्य विशेषताएं हैं- क) जनजातीय मूल; बी) दूरस्थ और कम सुलभ क्षेत्रों में जीवन और निवास का आदिम तरीका; और, ग) सभी प्रकार से सामान्य पिछड़ापन। उन्होंने पूरे भारत में व्यापक यात्रा के बाद पता लगाया कि कैसे आदिवासी गरीबी के बीच अर्ध-गुलामी परिस्थितियों में रहते थे। उन्होंने 1926 के आपराधिक जनजाति अधिनियम से हुए नुकसान को भी नोट किया। विभिन्न रिपोर्टों में, किसी ने कभी भी यह उल्लेख नहीं किया है कि जनजातियों में 'विश्वास प्रणाली' या धर्म का अभाव है।

अब, आइए देखें कि क्या आदिवासियों का कोई "धर्म" है, जैसा कि किशोर चंद्र देव ने बताया है। धर्म की अवधारणा धर्म से अलग है, जैसा कि हम सभी जानते हैं। यह मान लेना भी कि आदिवासियों का कोई धर्म नहीं होता, ऐतिहासिक रूप से गलत है। यहाँ, मैंने आदिवासी आबादी के संथाल खंड से कुछ उदाहरण चुने हैं। निश्चित रूप से, यह अन्य आदिवासी समाजों का भी सच है।

सभी मनुष्य एक 'विश्वास प्रणाली' के बिना पैदा हुए हैं या धर्म सत्य है, लेकिन वे अपने माता-पिता और तत्काल पड़ोस से प्रथाओं, अनुष्ठानों और समग्र धार्मिक-सांस्कृतिक लक्षणों को अपनाते हैं। मातृभाषा को उठाने की तरह, यह सहजता से और बिना किसी शिक्षण के होता है। कोई यह दावा कर सकता है कि भारत में आदिवासियों की एक विश्वास प्रणाली है जो



भारत में प्रचलित अन्य धर्मों / धर्मों की तुलना में कम गहन और आध्यात्मिक नहीं है। जैसा कि सुनीति कुमार चटर्जी ने बताया था : "भारत में सभी ऑस्ट्रियाई जनजातियों के पास थोड़ा सा मौखिक साहित्य था, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंप दिया गया था, जिसमें उनकी पौराणिक और अर्ध-पौराणिक किंवदंतियों और परंपराओं, और कुछ लोक कविताएं शामिल थीं, जो आंशिक रूप से उनसे संबंधित थीं। धार्मिक समारोह ('भारत की सांस्कृतिक विरासत', खंड 5, पृष्ठ 670)। चटर्जी ने आगे कहा था "बंगाल में, अपने स्वयं के पारंपरिक धर्म का पालन करने वाले संताल की एक बड़ी आबादी है, जो एक तरह से पौराणिक हिंदू धर्म के समान है। ब्राह्मणवाद की कक्षा के भीतर होने के कारण, संताल हिंदू धारणाओं से काफी हद तक प्रभावित हुए हैं (पृष्ठ 671)।"

चटर्जी ने रामदास मांझी टुडू को उनके खेड़ावल-वंश (या धर्म-पुथी या 'खेरावल जाति की पवित्र पुस्तक') के लिए भी बधाई दी, जिसमें उनके लोगों की परंपराएं "और उनकी धार्मिक और सामाजिक संस्कृति" (पृष्ठ 672) शामिल हैं। उन्होंने साधु रामचंद मुर्मू ठाकुर का भी उल्लेख किया है, जिन्हें "धार्मिक सुधारक और धर्म के संताल दर्शन के शिक्षक" (पृष्ठ 673) के रूप में वर्णित किया गया है। यह दिखाने के लिए उदाहरणों की कोई कमी नहीं है कि कैसे आदिवासी कभी धर्म से रहित नहीं थे। मानव जाति की मूल 'विश्वास प्रणाली' प्रकृति पूजा के इर्द-गिर्द घूमती है - सूर्य, चंद्रमा, नदियाँ, पहाड़, पेड़ और पूर्वज पूजा। ये सभी आदिवासियों की दैवीय धारणा में महत्वपूर्ण तत्व हैं। दुर्भाग्य से, धर्म का पारंपरिक दृष्टिकोण मानवता के "विश्वासियों" और "गैर-विश्वासियों" में विभाजन पर आधारित है, जहां 'दूसरे' की विजय अनिवार्य है। महाद्वीपों में सनातन धर्म, बुतपरस्ती, जीववाद और शिंटोवाद में प्रकट विश्वास प्रणाली भारत में आदिवासी पवित्र मानते हैं।

जैसा कि इरावती कर्वे ने बताया था, भारत में चल रहे "सांस्कृतिक समझौता" को संभव बनाया गया था क्योंकि इसे "बहुदेववाद और इसके तार्किक सहवर्ती - अन्य देवताओं, अन्य पंथों और अन्य रीति-रिवाजों के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण" द्वारा मदद मिली थी। निर्मल बोस, घुर्ये और कुमार सुरेश सिंह जैसे भारत के आदिवासी समाज का अध्ययन करने वाले सभी विद्वानों ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के आदिवासियों पर लिखते हुए जेम्स कोवान ने देखा था कि वे "हम सभी के विवेक का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे हर समय मानव आत्मा की आध्यात्मिक उत्पत्ति को पहचानते और स्वीकार करते हैं।"

हम इस लघु निबंध को एक किस्सा के साथ समाप्त करते हैं। यह 1902 में बेलूर मठ में था, जहाँ संथाल मजदूर काम के लिए आते थे। स्वामी विवेकानंद को उनकी कंपनी बेहद पसंद थी। उन्होंने न केवल उन्हें भोजन दिया, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखा कि वह बिना नमक के हो। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उनके द्वारा उनसे कहा गया था कि वे ऐसा भोजन नहीं करते हैं जिसमें नमक हो या जिसे दूसरों ने छुआ हो। स्वामीजी ने कहा : "आप नारायण हैं, भगवान प्रकट। आज मैंने नारायण को भोजन कराया है।" भोजन के बाद संताल आराम के लिए सेवानिवृत्त हो गए, स्वामीजी ने अपने शिष्यों से कहा कि उन्होंने संताल को "भगवान का वास्तविक अवतार" ('स्वामी विवेकानंद का पूर्ण कार्य', खंड 7, पृष्ठ 244-245) के रूप में पाया। शायद यह घटना एक बार फिर साबित करेगी कि कैसे आदिवासियों को उनकी 'विश्वास प्रणाली' के बारे में आंका जाता है और वह भी, सभी समय के महानतम भारतीयों में से एक और एक सच्चे हिंदू द्वारा।

## आप की बात

### प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** रोकने के लिए सर्वप्रथम हमें कम से कम वाहन का उपयोग करना चाहिए, प्राइवेट वाहन के बजाय सरकारी वाहन का प्रयोग करना चाहिए। प्रदूषण कई तरह का हो सकता है। जल प्रदूषण, वायु, ध्वनि प्रदूषण आदि। आज के वायु प्रदूषण की काफी चर्चा है। पिछले दिनों कोलकाता उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिसमें दीपावली से लेकर नव वर्ष तक पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। ऐसे आदेश हमारे उत्सवों के उल्लास को कम करते ही हैं परंतु प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक नहीं होते हैं ।क्योंकि यह समझना कि दीपावली पर पटाखे चलाने से प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है यह उचित नहीं है क्योंकि हमारे देश में तो पूरे साल भर किसी न किसी रूप में पटाखों का इस्तेमाल होता रहता है फिर केवल पटाखों से प्रदूषण फैलता है अतः यह भी उचित नहीं है। फैक्ट्रियों की चिमनियों से भी निकलता धुआं हो या सड़कों पर वाहनों से निकलने से उड़ने वाली धूल का गुबार। ये भी वातावरण प्रदूषित करते हैं आजकल फैक्ट्रियों से निकलने वाला विषैला जहरीला पानी भी प्रदूषण को बढ़ाता है स्वयं नगरपालिका भी मच्छर भगाने के लिए नगर में विषैले धोने का छिड़काव करती है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### टीकाकरण अभियान

**कोरोना** वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान का एक वर्ष 16 जनवरी को पूरा हुआ। रास्ता काफी लम्बा और ऊबड़-खाबड़ था लेकिन सफर फिर भी जारी है। यह कोरोना रुपी वैश्विक महामारी के खिलाफ एक महायुद्ध था, जिससे लड़ने के अस्त्र-शस्त्र भी दुनिया के पास नहीं थे। महान और योग्य वैज्ञानिकों ने टीकों के अनुसंधान किए, नतीजतन कोरोना की लगातार लहरों के बावजूद भी दुनिया बहुत कुछ सुरक्षित है। संक्रमण फैला है तो उसका उपचार भी संभव हुआ है। इस अभियान पर राजनीतिक टीका-टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि एक ही साल में भारत की 138 करोड़ से अधिक की आबादी को दोहरा टीकाकरण कोई आसान लक्ष्य नहीं है। यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा व सफल अभियान है। इस अभियान के दौरान भारत ने कई मिल के पत्थर हासिल किये है, और यह विश्व के लिए मिसाल है। भारत के आंकड़े सिर्फ राष्ट्रीय हि नहीं बल्कि वैश्विक उपल्ब्धि है। लेकिन आज भी करीब 11 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली है,इन लोगो के मन मे टिके को लेकर कई भर्म हैं। सरकार को इसको लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए। टीकाकरण का इतिहास करीब 200 साल पुराना है।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र


### सुविधा व स्वच्छता की दरकार

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता की आवश्यकता है । फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। ,इंदौर, उज्जैन ,भोपाल,ग्वालियर जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओ को लोकेशन हेतु विदेश जाकर फिल्माने पर काफी लागत आती थी। उसमे कमी आई है। स्वच्छता के लिए लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे। क्योकि सोंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते है। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह विकसित हो ऐसा स्वछता का कार्य हमें मिलकर जागरूकता से करना होगा । ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का सोंदर्य एवं ऐतिहासिक धरोहरे की आकर्षणता पर्यटकों के दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मुझे** नहीं पता किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ और क्यों तस्वीर को शामिल नहीं किया गया। कुछ तो कारण रहे होंगे।

– **अनिता बोस**
नेता जी बोस की पुत्री



**भारत** की प्रगत की यह अवधि हरित एवं स्वस्छ होने के साथ-साथ टिकाऊ तथा भरोसेमंद भी होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में 16.5 लाख युवाओं की नौकरी चली गई और चार करोड़ लोगों ने नौकरी की उम्मीद छोड़ दी।


– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# राजनाथ ने ममता को झांकी न होने की वजह बताई

**गणतंत्र दिवस बंगाल झांकी विवाद**

● केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी मे पहले से ही बोस को दिखाया गया है इसलिए पश्चिम बंगाल की झांकी को परेड के लिए शामिल नहीं किया गया

**भाषा।** कोलकाता





**गणतंत्र दिवस** परेड के लिए पश्चिम बंगाल की झांकी को अस्वीकार किए जाने को लेकर बढ़ते विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर सूचित किया कि इस अवसर के लिए केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की झांकी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने से संबंधित है। हालांकि बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि इससे राज्य की गरिमा को ठेस पहुंची है।
सिंह ने अपने पत्र में संकेत दिया कि क्योंकि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी में पहले से ही बोस को दिखाया गया है इसलिए पश्चिम बंगाल की झांकी को परेड के लिए शामिल नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दिए जाने वाले महत्व की भी उन्हें (ममता को) याद दिलाई। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने 1943 में निर्वासन में बनी नेताजी की सरकार की 75वीं वर्षगांठ 2018 में बड़ी धूमधाम से मनाई थी। यह हमारी सरकार थी जिसने गणतंत्र दिवस परेड में आजाद हिंद फौज के जीवित सैनिकों को शामिल किया और उनका अभिनंदन किया। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में, बनर्जी ने बोस और उनकी आजाद हिंद फौज पर आधारित राज्य की झांकी को अस्वीकार करने पर आश्चर्य व्यक्त किया था। झांकी में रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद और श्री अरबिंदो जैसे अन्य बंगाली प्रतीक भी शामिल थे। बनर्जी ने प्रधानमंत्री से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने से पश्चिम बंगाल के लोगों को दुख होगा। उन्होंने कहा था कि झांकी को खारिज करने का कोई कारण नहीं बताया गया (बोस की बेटी अनीता बोस-फाफ ने सोमवार को कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी की विरासत का राजनीतिक वजहों के लिए अक्सर आंशिक रूप से दोहन किया गया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में 2021 में नेताजी के 125वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत कहीं न कहीं पश्चिम बंगाल के चुनावों से जुड़ी हुई थी। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, पहले साल, जयंती वर्ष का उद्घाटन कोलकाता में सभी जगहों पर बड़े पैमाने पर किया गया, (इसका) बंगाल में चुनाव और चुनावी संभावनाओं से कुछ लेना-देना था। तथ्य यह है कि इस साल कुछ भी नहीं हुआ .... निश्चित रूप से यह मुद्दा उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना पिछले साल था। बनर्जी को अपने पत्र में सिंह ने कहा, यहां, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि इस बार सीपीडब्ल्यूडी की झांकी भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ए सभी तथ्य इस बात का प्रमाण हैं कि महान नेता की जयंती पर उन्हें कितना महत्व दिया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके पत्र ने इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की सभी शंकाओं को दूर कर दिया। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी ने सिंह के पत्र और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिनमें कहा गया है कि प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक विशेषज्ञ समिति राज्यों, केंद्रीय मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों द्वारा भेजे गए झांकी प्रस्तावों में से चयन करती है।



बीएसएफ ऊंट दल के जवानों ने आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूर्वाभ्यास के दौरान नई दिल्ली में कड़ाके की ठंड की सुबह मार्च किया

## मप्र में विकलांग हुई महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना को मंजूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने घरेलू हिंसा के कारण विकलांग होने वाली महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की एक योजना को मंगलवार को मंजूरी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 40 प्रतिशत तक विकलांग महिलाओं को दो लाख रुपए, जबकि 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग महिलाओं को चार लाख रुपए दिए जाएंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यदि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है तो पीड़ित महिलाओं को घर से अदालत तक आने-जाने का परिवहन खर्च भी मिलेगा।

## बिहार: सात अवैध हथियार बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर (बिहार)।** भागलपुर जिला पुलिस ने सोमवार रात वाहनों की जांच के दौरान सात अवैध हथियार बरामद किए और इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। भागलपुर नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 11 बजे सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के घोरघट पुल के पास पुलिस दल ने वाहनों की जांच के दौरान मुंगेर से सुल्तानगंज जा रही एक मोटरसाइकिल की तलाशी ली। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक की पीठ पर लदे एक थैले से चार देशी कट्टे, तीन पिस्तौल और 30 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। विकास राज उर्फ मतवाला है जो भागलपुर जिले के बरारी थाना अंतर्गत बड़ी खंजरपुर गांव का निवासी है।

## डायन बताकर महिला की हत्या करने के मामले में उम्रकैद

**बारीपदा (ओडिशा)।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक अदालत ने आठ साल पहले एक महिला को डायन बताते हुए उसकी हत्या करने के मामले में मंगलवार को 32 साल के युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई। बारीपदा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रदीप चौधरी ने दोषी कांदा माझी पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। माझी ने 14 दिसंबर, 2014 को बैसिंगा प्रखंड के एक गांव के पास श्रीमती मरांडी नामक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। माझी का कहना था कि महिला काला जादू करती थी जिसकी वजह से उसके परिवार में लोग बीमार हुए।

## केरल में डॉक्टर के पास से मिला प्रतिबंधित मादक पदार्थ, गिरफ्तार

**त्रिशूर (केरल)।** केरल के त्रिशूर जिले में पुलिस ने एक छात्रावास भवन पर छापेमारी के दौरान 24 वर्षीय डॉक्टर के पास से कथित रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज में हाउस सर्जन के तौर पर काम करने वाला अखील मो. हुसैन कोझीकोड जिले का रहने वाला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से सटे छात्रावास में छापेमारी के दौरान उसके पास से 2.78 ग्राम एमडीएमए नामक मादक पदार्थ और एक एलएसडी मुहर बरामद हुई है।

## मुन्नानी कार्यकर्ताओं के खिलाफ गुंडा कानून के तहत मामला दर्ज

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** समाज सुधारक पेरियार ई. वी. रामास्वामी की मूर्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में दो हिन्दू मुन्नानी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गुंडा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि दोनों ने आठ जनवरी को मूर्ति पर नारंगी रंग का कोई पाउडर डाला था और उसे चप्पलों की माला पहना दी थी। दोनों गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं।

# मेरे बेटे को टिकट मांगने का पूरा अधिकार : रीता बहुगुणा जोशी

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनका पुत्र आसन्न उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मांग रहा है तो यह उसका अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने बेटे को टिकट दिलाने का प्रयास नहीं कर रही हैं। इलाहाबाद से सांसद जोशी ने आज यहां उत्तर प्रदेश के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। हालांकि, उन्होंने इस मुलाकात को पार्टी से संबंधित मुद्दों पर शिष्टाचार के नाते भेंट करार दिया। ऐसी चर्चा है कि जोशी के पुत्र मयंक जोशी लखनऊ कैंट विधानसभा सीट पर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं और इसके लिए पूरी कोशिश भी कर रहे हैं। इस सीट पर रीता बहुगुणा जोशी ने 2017 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। बाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद से जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के सुरेश चंद्र तिवारी ने 2019 के उपचुनाव में लखनऊ कैंट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने समाजवादी पार्टी की अपर्णा यादव को पराजित किया था। अपर्णा यादव सपा के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू हैं। प्रधान से मुलाकात के बाद जोशी ने कहा कि उनका पुत्र टिकट की मांग कर रहा है, यह अलग बात है लेकिन उनकी प्रधान से मुलाकात चुनाव से जुड़े कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यदि वह पार्टी से टिकट की मांग कर रहा है तो यह उसका अधिकार है।

# सपा 100 सीट भी दे तो गठबंधन नहीं : चंद्रशेखर आजाद

**भाषा।** नोएडा (भाषा)

**आजाद समाज** पार्टी ने मंगलवार को कहा कि अगर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उसे 100 सीट भी देगी तब भी वह उसके साथ गठबंधन नहीं करेगी। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने ग्रेटर नोएडा में एक प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ेगी और उन्होंने समाजवादी पार्टी से बात नहीं बनने के बाद यह फैसला किया है। उन्होंने इस मौके पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी की। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी कहेगी तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। बिना नाम लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर कई आरोप लगाए और कहा कि पहले 25 सीट देने का उनसे वादा किया गया था। उसके बाद उनकी पार्टी के साथ छल किया गया। अगर समाजवादी पार्टी उनको 100 सीट भी देगी तो भी उनके साथ नहीं जाएंगे। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए चुनाव के बाद भी पार्टियों की मदद करेंगे। उनकी पार्टी कुछ लोगों के सामने अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी जिनमें प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी शामिल हैं।

## हरीश रावत मेरे बड़े भाई, 100 बार माफी मांगने को तैयार: हरक सिंह रावत

**भाषा।** नई दिल्ली,देहरादून

**भाजपा से** निष्कासित होने के बाद कांग्रेस में वापसी का प्रयास कर रहे उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने मंगलवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उनके बड़े भाई की तरह हैं और वह उनसे 100 बार माफी मांगने के लिए तैयार हैं। पौड़ी गढ़वाल जिले की कोटद्वार विधानसभा सीट से विधायक हरक सिंह रावत पहले कई वर्षों तक कांग्रेस में थे। पिछले विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विजय बहुगुणा और हरक सिंह रावत समेत कई कांग्रेस नेताओं ने बगावत कर दी थी जिससे तत्कालीन हरीश रावत सरकार संकट में आ गई थी। फिर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हरक सिंह रावत ने 2016 के घटनाक्रम का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, वह (हरीश रावत) मेरे बड़े भाई हैं। मैं उनसे 100 बार माफी मांगने के लिए तैयार हूं। यहां तक कि उत्तराखंड के विकास, युवाओं और उनके हितों के लिए एक लाख बार भी माफी मांग सकता हूं। मुझमें कोई अहंकार नहीं है।



तिरुवनंतपुरम में मेजर उन्नूर श्री बालासुब्रमण्य स्वामी मंदिर में थाईपूयाकवाड़ी उत्सव में भाग लेते श्रद्धालु

## विवक न्यूज

### नोएडा में एक कार से 99 लाख की नकदी बरामद

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए बनाई गई विशेष टीम ने मंगलवार को नोएडा स्टेडियम के पास एक फॉर्च्यूनर कार में रखी 99 लाख 30 हजार 500 रूपए की नकदी जब्त की। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए कई विशेष टीम बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव में धन का दुरुपयोग नहीं हो, इसके लिए जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नोएडा स्टेडियम के पास एक फॉर्च्यूनर कार को जांच के लिए रोका गया जिसे अखिलेश कुमार नामक युवक चला रहा था। कार के अंदर 99 लाख 30 हजार 500 रुपए नकद थे। उन्होंने बताया कि कार चालक इस राशि के बारे में कोई दस्तावेज पेश करने में विफल रहा। चालक ने कहा कि यह पैसा आयुष जैन नामक व्यक्ति का है जिसकी नोएडा में फैक्ट्री है।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने हैदराबाद की एक कंपनी के प्रवर्तक को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि हैदराबाद की एक कंपनी के प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक को धनशोधन रोधी कानून के तहत 402 करोड़ रुपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संघ के साथ ऋण धोखाधड़ी करने का आरोप है। सर्वोमैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के ए. वेंकटेश्वर राव को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। राव को मंगलवार को एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ईडी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राव को कथित तौर पर धनशोधन के अपराध में लिप्त होने और विभिन्न तरह से धोखाधड़ी में शामिल होकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संघ को लगभग 402 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2018 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया था।

### इंदौर के चिकित्सा महाविद्यालय छात्रावास के ब्लॉक से आम्बेडकर का नाम मिटाए जाने पर विवाद

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रावास के एक ब्लॉक से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का नाम कथित तौर पर मिटाए जाने को लेकर मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया। चश्मदीदों ने बताया कि रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित चिकित्सा महाविद्यालय छात्रावास के ब्लॉक नम्बर-दो के बाहर अंग्रेजी में डॉ. बी आर आम्बेडकर लिखा था जिस पर सफेद रंग पोत दिया गया। उन्होंने बताया कि आम्बेडकर के अनुयाई विद्यार्थियों के साथ ही भीम आर्मी और कुछ अन्य संगठनों के नेताओं ने मौके पर पहुंचकर इस कृत्य पर विरोध जताया। इस बारे में पूछे जाने पर चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. संजय दीक्षित ने पीटीआई-भाषा से कहा, छात्रावास परिसर में जारी पुताई के दौरान ब्लॉक नम्बर-दो पर सफेद रंग पोते जाने से आम्बेडकर का नाम मिट गया था। बाद में नए सिरे से दोबारा यह नाम लिख दिया गया।

### गोवा चुनाव : तृणमूल कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहला सूची जारी की, राज्यसभा सदस्य को भी टिकट

**पणजी।** तृणमूल कांग्रेस ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राज्य में मतदान 14 फरवरी को होना है। राज्य सभा सदस्य लुईजिन्हो फलेरियो को फतोर्दा विधानसभा सीट से टिकट दी गई है। इस सीट से फिलहाल गोवा फॉरवार्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई विधायक हैं। सूची के अनुसार, जीएफपी के पूर्व नेताओं किरन कंदोलकर और जगदीश भोबे राज्य के अल्दोना और संत आंद्रे सीटों से चुनाव लड़ेंगे। दोनों ने आज ही सरदेसाई नीत पार्टी से इस्तीफा दिया है। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री चर्चिल अलेमाओ बेनौलिम और उनकी बेटी वलांका को नवेलिम सीटों से टिकट दी गई है। भाजपा के पूर्व नेता संदीप वजार्कर को पोरवोरिम से, समिल वोल्वोईकर को कुम्भार्जुआ, गनपत गांवकर को पोरिम, गिल्बर्ट मारिआनो रोड्रिग्ज को कोर्टालिम, जोस राजू कबराल को नुवेम और डॉक्टर जोर्सन फर्नांडिस को कुनकोलिम से टिकट दिया गया है। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा चुनाव महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ रही है।

## मुंबई डॉकयार्ड में आईएनएस रणवीर में विस्फोट, नौसेना के तीन कर्मियों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुंबई में** नौसैन्य डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना के जहाज (आईएनएस) रणवीर में मंगलवार को हुए विस्फोट में नौसेना के तीन कर्मियों की मौत हो गई। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भारतीय नौसेना ने बयान में कहा,"मुंबई नौसैन्य डॉकयार्ड में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, आईएनएस रणवीर के एक आंतरिक कक्ष में विस्फोट के कारण नौसेना के तीन कर्मियों की मौत हो गई। इसमें कहा गया कि जहाज के चालक दल ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और जल्दी ही स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

# यूएई के विदेश मंत्री ने जयशंकर से की बात

**भाषा।** नई दिल्ली

● आतंकी हमले में भारतीयों की मौत पर दुख जताया



**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को फोन किया और खाड़ी देश में हुए आतंकी हमले में भारतीय लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया। यूएई में सोमवार को हुए हमले में दो भारतीयों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी, जो अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के कर्मचारी थे। हमले में छह अन्य लोग घायल हो गए थे। हमले की जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली थी। जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा, यूएई के विदेश मंत्री ने फोन पर बात की। उन्होंने कल संयुक्त अरब अमीरात में आतंकवादी हमले में हुई भारतीय लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। इस तरह के अस्वीकार्य कृत्यों के मद्देनजर यूएई के साथ मजबूत एकजुटता व्यक्त की। हमारा दूतावास मृतकों के परिवारों को पूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए यूएई के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि यूएई की राजधानी में अबू धाबी हवाई अड्डे के पास सोमवार को हुए संदिग्ध ड्रोन हमलों में मारे गए दो भारतीय नागरिकों की पहचान हो गई है। इसने यह भी कहा कि हमलों में घायल हुए छह लोगों में से दो भारतीय हैं और दोनों को चिकित्सा उपचार के बाद सोमवार रात छुट्टी दे दी गई।

## दिल्ली पुलिस ने सीएपीएफ से प्रतिनियुक्ति पर 700 गैर-लड़ाकू पदों को भरने के लिए पत्र लिखा

**भाषा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से अपने रैंक में 700 गैर-लड़ाकू पदों को भरने की मांग की है। दिल्ली पुलिस की कार्मिक शाखा ने पांच अर्द्धसैनिक बलों -सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल को 10 जनवरी को पत्र लिखकर इच्छुक और पात्र लोगों के नाम मांगे हैं।

# निलंबित पुलिस अधिकारी गुरजिंदर पाल सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**भाषा।** रायपुर



**छत्तीसगढ़ के** रायपुर जिले की एक विशेष अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी तथा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता कमलेश पांडे ने मंगलवार को यहां बताया कि विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) लीना अग्रवाल की अदालत ने सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी तथा उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पांडेय ने बताया कि पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सिंह को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अधिवक्ता ने बताया कि इस महीने की 11 तारीख को ईओडब्ल्यू ने गुरुग्राम से सिंह को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद निलंबित आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी को गत बुधवार को विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें दो दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा दिया गया। बाद में विशेष अदालत ने 14 जनवरी को सिंह की पुलिस हिरासत की अवधि चार दिन के लिए बढ़ा दी थी। भारतीय पुलिस के सेवा के 1994 बैच के अधिकारी सिंह के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने पिछले वर्ष 29 जून को भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद ईओडब्ल्यू के दल ने एक जुलाई से तीन जुलाई के मध्य सिंह और उनके करीबियों के लगभग 15 ठिकानों पर छापे मारकर 10 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता लगाया था। सिंह के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की कार्वाई के बाद राज्य सरकार ने सिंह को निलंबित कर दिया था।

## देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 158.74 करोड़ खुराक दी गई

**नई दिल्ली।** देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 158.74 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 15 से 18 साल के किशोरों को कुल 3,70,32,672 खुराक दी गई है। मंगलवार शाम सात बजे तक 65 लाख (65,85,945) से अधिक खुराक दी गई। मंत्रालय के मुताबिक 56 लाख (56,42,395) से अधिक अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को अब तक एहतियाती खुराक दी गई है। देर रात तक अंतिम आंकड़ों के साथ दैनिक टीकाकरण संख्या बढ़ने की उम्मीद है। पिछले साल 16 जनवरी को देश में स्वास्थ्यकर्मियों को टीके दिए जाने के साथ टीकाकरण की शुरुआत हुई थी।





पटना विश्वविद्यालय की सीनेट की बैठक का विरोध करते छात्र कार्यकर्ता

# हिन्दुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को प्रोत्साहित करने की स्पर्धा है कांग्रेस, सपा में

## भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लगाया आरोप

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच हिन्दुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को प्रोत्साहित करने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान द्वारा कांग्रेस को समर्थन किए जाने और सपा द्वारा कई विवादित नेताओं को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने का हवाला देते हुए दोनों दलों पर हमला किया। पात्रा ने कहा कि खान ने हाल में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए एक भाषण दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए ऐसे लोगों का समर्थन कोई नई बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस ने हिन्दुओं के खिलाफ आग उगलने वालों से गठजोड़ किया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सपा ने जेल में बंद नाहिद हसन और दंगा फैलाने के आरोपी मुहर्म अली को टिकट दिए है। उन्होंने कहा, हिंदुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को कौन अधिक प्रोत्साहित करता है, इसकी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में प्रतिस्पर्धा चल रही है। भाजपा प्रवक्ता ने महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई एक कथित टिप्पणी का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जो चूक हुई थी, वह संयोग नहीं था बल्कि एक प्रयोग था। ज्ञात हो कि एक वायरल वीडियो में पटोले को यह हुए सुना जा सकता है कि वह मोदी को पीट सकते हैं और गाली दे सकते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा सांसद भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बारे में पूछ जाने पर पात्रा ने चुटकी लेते कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्यपाल की तरह मान की उम्मीदवारी की घोषणा की और मान ने भी ऐसा किया मानों वह मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे थे। पंजाब में हुई ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। 26 ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके खिलाफ पंजाब की कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकी दर्ज की थी। इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

## मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाकर आप ने पंजाब में घोषित की अपनी शराब नीति : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगरूर के सांसद भगवंत मान को आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर आम आदमी पार्टी (आप) को आड़े हाथों लिया और कहा कि इस घोषणा के साथ ही राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला जनता अपने मतों से करती है ना कि मिस्ड कॉल्स से। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। जो पंजाब नशे से लड़ रहा है, उसे यह पार्टी नशे की तरफ धकेलना चाहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को घोषणा की कि पंजाब विधानसभा चुनाव में भगवंत मान पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के लिए आप ने मिस्ड कॉल्स के जरिए जनता चुनेगी अपना सीएम नामक अभियान चलाया था। चुग ने कहा कि पंजाब की जनता तय करेगी कि नायक किसे बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया, जिस व्यक्ति के खिलाफ उसी की पार्टी के दूसरे सहयोगी ने लिखित दरख्वास्त दी थी कि उसके साथ बैठना मुश्किल है, क्योंकि उसके मुंह से शराब की बदबू आती है। ऐसे लोग पंजाब का क्या करेंगे यह जनता बखूबी जानती है और अपने वोटों से वह इसका जवाब देगी।

मान संगरूर से दो बार के लोकसभा सांसद और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख है। पंजाब में चुनाव लड़ने वाले प्रमुख दलों में आप एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा की है। गौरतलब है कि पंजाब की 117 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 10 मार्च को की जाएगी।



सूरत में कार्यकर्ता भाजपा के नारों वाली साड़ी और पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के चित्र को दिखाते कारीगर

## मप्र में बाघ व चीतल की खाल के साथ सात गिरफ्तार

**भाषा।** बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाघ और एक चीतल की खाल जब्त की गई है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समृद्ध और धनी बनने की कामना के साथ आरोपी कुछ तांत्रिक अनुष्ठान कर रहे थे। उपमंडल वन अधिकारी (एसडीओएफ) अमित पाटोदी ने पत्रकारों से कहा कि सूचना मिलने पर वन दल ने चंगुटोला गांव से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाघ और एक चीतल की खाल को बरामद किया। आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बाद में चार और लोगों को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया।

# कठपुतलियां फैला रहीं कोरोना जागरूकता

**पयागपुर।** कोरोना जागरूकता में अब कठपुतलियां भी शामिल हो गईं हैं। लोकसंचार का पारंपरिक माध्यम कोरोना काल में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। बहराइच में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कठपुतली कला से कोरोना जागरूकता की पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण लेकर प्रशिक्षु गांव-गांव जाकर लोगों में सतर्कता बरतने की अलख जगा रहे हैं। इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी और भारत सरकार की संस्था - राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से जन संचार माध्यमों से कोरोना जागरूकता कार्यशाला के बाद आउटरीच कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं जिले के कम से कम 30 गांवों में जाने का लक्ष्य लेकर निकले हैं। डायट के प्राचार्य उदय राज ने इस कदम को बेहद महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि लखनऊ के डॉ. एके सिंह, विज्ञान संचारक डॉ. अनूप चतुर्वेदी, पुतुल विशेषज्ञ राजेंद्र कुमार



त्रिवेदी और इश्तियाक अली ने विद्यार्थियों को कठपुतली निर्माण से लेकर उनके संचालन और उसके लिए स्क्रिप्ट लेखन से लेकर संवाद बोलने तक के बारे में विस्तार से बताया। डायट के शिक्षकों-सतीश कुमार, गुलशन ने भी प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने रद्दी कागज से कई प्रकार की आकर्षक पुतुल बनाईं। भारतीय विज्ञान लेखक संघ के सचिव डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि पुतुल ऐसा माध्यम है जो दो तरफा संवाद कर सकता है। डॉ. सिंह ने कहाकि विज्ञान एवं तकनीक की कठिन से कठिन बातें सीधे, सरल शब्दों में आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए, तभी उनकी उपयोगिता है। निर्जीव कठपुतलियों में संवाद की क्षमता बेहद प्रभावशाली होती है। कार्यशाला संयोजक और डायट की वरिष्ठ शिक्षक संगीता ने बताया कि 10 से 14 जनवरी तक चली इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया जो प्रशिक्षण के उपरांत जिले के 30 गावों में जाकर लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

# अदालत ने अनिल देशमुख की जमानत अर्जी खारिज की

**धन शोधन मामला**

**भाषा।** मुंबई

**एक** विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें कथित धन शोधन मामले में तकनीकी आधार पर जमानत देने का अनुरोध किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख को दो नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

देशमुख ने अपनी अर्जी में दलील दी थी कि धन शोधन निवारण कानून के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उन्हें आगे की न्यायिक हिरासत में भेजने से पहले ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र का संज्ञान नहीं लिया।

अर्जी में कहा गया था कि चूंकि गिरफ्तारी से 60 दिन की निर्धारित अवधि में आरोप पत्र का संज्ञान नहीं लिया गया, इसलिए उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167 के तहत तकनीकी आधार पर जमानत मिलनी चाहिए। ईडी ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि आरोप पत्र निर्धारित समय के भीतर दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश आर एन रोकडे ने राकांपा नेता की याचिका खारिज कर दी। धारा 167 के अनुसार यदि 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया जाता है और इसका संज्ञान नहीं लिया जाता है तो आरोपी तकनीकी आधार पर जमानत का अनुरोध कर सकता है। हालांकि केंद्रीय एजेंसी ने दलील दी कि आरोप पत्र पर अदालत के संज्ञान लेने का सवाल ही प्रासंगिक नहीं है। साथ ही कहा कि समय पर मूल आरोप पत्र और पूरक जमानत दाखिल होने के बाद डिफॉल्ट जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता है। ईडी ने 29 दिसंबर 2021 को देशमुख और उनके बेटों के खिलाफ 7,000 पन्नों का पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। इससे पहले ईडी ने देशमुख के निजी सचिव (अतिरिक्त कलेक्टर-रैंक के अधिकारी) संजीव पलांडे और निजी सहायक कुंदन शिंदे सहित 14 अन्य आरापियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अप्रैल 2021 में राकांपा के वरिष्ठ नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया, जिसके बाद ईडी ने देशमुख के खिलाफ एक अलग जांच शुरू की।

# असम-मेघालय सीमा विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान का खाका तैयार: हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि मेघालय के साथ सीमा विवाद के छह क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण समाधान का खाका तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य सरकारों ने शीर्ष स्तर पर विचार-विमर्श के जरिए रास्ता निकाला है। हालांकि विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मुद्दे पर और चर्चा किए जाने का आह्वान किया है। कांग्रेस ने विधानसभा में चर्चा की मांग करते हुए कहा कि सरकार के दृष्टिकोण के मुताबिक दोनों राज्यों को कुछ क्षेत्र मिलेगा और कुछ छोड़ना होगा।

असम-मेघालय सीमा विवाद पर राज्य के राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के बाद सरमा ने ट्वीट किया, असम-मेघालय सीमा विवाद को सुलझाने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं क्योंकि पहले चरण में 12 विवादास्पद क्षेत्रों में से छह को सुलझाने के लिए चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में जिन क्षेत्रों को अंतिम समाधान के लिए चुना गया है, उनमें हाहिम, गिजांग, ताराबाड़ी, बोकलापारा, खानापारा-पिलिंगकाटा और रातचेरा शामिल हैं। सरमा ने कहा कि दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों वाली तीन क्षेत्रीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर सौहार्दपूर्ण समाधान का रोडमैप तैयार किया गया है।

इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्तर की कई दौर की बातचीत के बाद हम इस चरण में पहुंचे हैं। बैठक के दौरान कांग्रेस, माकपा, असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट जैसे राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने पीटीआई-भाषा से कहा कि दोनों राज्यों के बीच विवादास्पद क्षेत्र का बहुत छोटा से हिस्से को समाधान के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रस्ताव के मुताबिक, दोनों राज्यों को लगभग बराबर हिस्सा मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले इस पर विधानसभा में चर्चा की जानी चाहिए।

## एसीबी के सामने पेश होने में फिर नाकाम रहे मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त

**मुंबई।** जबरन वसूली के आरोपों से घिरे मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह मंगलवार दोपहर तक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के सामने पेश होने में नाकाम रहे। एसीबी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसीबी एक पुलिस इंस्पेक्टर की ओर से दायर भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर परमबीर के खिलाफ खुली जांच कर रही है। इस संबंध में परमबीर के बयान दर्ज करने के लिए उन्हें मंगलवार को तलब किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जबरन वसूली के आरोप में निलंबित परमबीर को इससे पहले दस जनवरी को एसीबी के सामने पेश होने का समन जारी किया गया था। हालांकि तब परमबीर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई लंबित होने का हवाला देते हुए एसीबी के सामने पेश नहीं हुए थे। अधिकारी ने कहा कि हाल ही में एक जांच दल परमबीर के मुंबई स्थित आवास पहुंचा था।

# कोल्हापुर : बच्चों के अपहरण, हत्या की दोषी बहनों की फांसी उम्रकैद में बदली

**भाषा।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायलय ने मंगलवार को कोल्हापुर की उन दो बहनों (रेणुका शिंदे और सीमा गावित) की मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया, जिन्हें 1990 से 1996 के बीच 14 बच्चों का अपहरण करने और इनमें से पांच की हत्या करने के अपराध में कोल्हापुर की एक अदालत ने दोषी करार दिया था।

न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एसवी कोतवाल की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने दोनों महिलाओं की मौत की सजा पर अमल में अत्यधिक विलंब किया है जबकि राष्ट्रपति के समक्ष दाखिल उनकी दया याचिका 2014 में ही खारिज हो गई थी।

पीठ ने कहा कि ऐसी देरी कर्तव्यों के निर्वहन के मामले में केंद्र और राज्य सरकार का ढीला रवैया उजागर करती है तथा इसी वजह से दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलना पड़ा है। रेणुका शिंदे और सीमा गावित अक्तूबर 1996 से हिरासत में हैं। उन्होंने 2014 में उच्च न्यायालय से अपनी मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील करने की अपील की थी। इस बाबत दोनों ने उनकी दया याचिकाओं के निस्तारण में बेवजह होने वाले विलंब का हवाला दिया था।

शिंदे और गावित ने दावा किया था कि ऐसा विलंब जीवन जीने के उनके मौलिक अधिकार का हनन करता है। इस याचिका में दोनों महिलाओं ने कहा था कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के उनकी मौत की सजा पर मुहर लगाने के बाद वे 13 साल से भी अधिक समय से पल-पल मौत के डर के साए में जी रही हैं। शिंदे और गावित ने याचिका में कहा कि दया याचिकाओं पर निर्णय में विलंब की जिम्मेदारी पूरी तरह से कार्यपालिका की है, जिसमें महाराष्ट्र के राज्यपाल, राज्य सरकार, गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति तक शामिल हैं। पीठ ने अपने फैसले में कहा, सरकारी तंत्र ने मामले में उदासीनता दिखाई। फाइलों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने में सात साल से अधिक समय लग गया, जो अस्वीकार्य है। कर्तव्यों की यही अवहेलना मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने का कारण है। कोल्हापुर की सत्र अदालत ने 2001 में शिंदे और गावित को बच्चों के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। बंबई उच्च न्यायालय ने 2004 में औरउच्चतम न्यायालय ने 2006 में दोनों की मौत की सजा बरकरार रखी थी। दोषी बहनों ने 2008 में राज्यपाल के सामने दया याचिका दाखिल की थी, जो 2012-13 में खारिज हो गई।

# गोवा के संबंध में पवार की योजना की लेकर फड़णवीस, राकांपा नेताओं के बीच जुबानी जंग

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऐसे में जब राकांपा** गोवा में नए सिरे से पैठ बनाने की जुगत में है, शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच एक मौखिक वाकयुद्ध छिड़ गया है।

गोवा में भाजपा के प्रभारी फडणवीस ने तटीय राज्य में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ गठबंधन करने के पवार के प्रयासों का मखौल उड़ाया है। राज्य में विधानसभा चुनाव 14 फरवरी को होना है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कोई पार्टी अपने नाम में केवल राष्ट्रवादी जोड़कर राष्ट्रीय स्तर हासिल नहीं कर सकती। हालांकि इसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कहा जाता है, वास्तव में, पार्टी पश्चिमी महाराष्ट्र तक ही सीमित है। राकांपा नेताओं अजीत पवार, सुप्रिया सुले और नवाब मलिक ने भाजपाके नेता पर पलटवार किया और उनसे शरद पवार के बारे में बोलते हुए संयम बरतने को कहा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता मलिक ने फडणवीस को याद दिलाया कि कैसे अनुभवी नेता पवार ने उन्हें 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री के रूप में लौटने से रोक दिया था। उन्होंने परोक्ष तौर पर भाजपा नेता के राजनीतिक करियर के खत्म होने की ओर इशारा करते हुए ट्वीट किया, यदि वह इसी तरह बोलना जारी रखेंगे, तो शरद पवार उन्हें काशी के घाट दिखाने से नहीं हिचकिचाएंगे। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले फडणवीस ने घोषणा की थी कि शरद पवार का राजनीतिक युग समाप्त हो गया है। शरद पवार जी की राजनीति का दौर खत्म हो गया है। वह (पार्टियां) बनाने और तोड़ने की जिस तरह की राजनीति करते थे, वह अब खत्म हो गया है। ऐसी राजनीति नहीं चलेगी। पीढ़ियां बदल गई हैं, लोग अब ऐसी राजनीति को स्वीकार नहीं करते हैं। 2019 के महाराष्ट्र चुनावों के बाद शिवसेना जब भाजपा के साथ गठबंधन से बाहर हो गई थी, फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

## चंद्रबाबू नायडू कोरोना वायरस से संक्रमित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्विटर पर खुद यह जानकारी दी। नायडू ने लिखा, मेरी कोविड जांच में संक्रमण की पुष्टि हुई है। मैं हल्के लक्षणों से जूझ रहा हूं। मैंने खुद को घर में पृथक कर लिया है और सभी जरूरी एहतियात बरत रहा हूं। मैं उन सभी लोगों से जल्द से जल्द कोविड जांच कराने का आग्रह करता हूं, जो मेरे संपर्क में आए थे। सुरक्षित रहें और अपना खयाल रखें। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने कहा, चंद्रबाबू का कोरोना वायरस से संक्रमित होना दुखद है।

# न्यायालय ने पूनम पांडे की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

**पोर्नोग्राफी मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली


**उच्चतम** न्यायालय ने पोर्न फिल्म रैकेट मामले में अभिनेत्री पूनम पांडे को गिरफ्तारी से मंगलवार को संरक्षण दे दिया। न्यायमूर्ति विनीत सरण और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने पांडे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उनकी ओर से दायर एक अपील पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करे। इस बीच याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

अश्लील फिल्म मामले में दर्ज प्राथमिकी अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा के साथ पांडे को आरोपी बनाया गया है। उच्च न्यायालय ने 25 नवंबर, 2021 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका रद्द कर दी थी। दिसंबर में, शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर अश्लील वीडियो के वितरण के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में राज कुंद्रा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

कुंद्रा के खिलाफ कथित रूप से स्पष्ट यौन वीडियो वितरिता प्रसारित करने के लिए भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की कुछ धाराओं, महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (रोकथाम) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तारी के डर से, कुंद्रा ने पहले सत्र अदालत से अग्रिम जमानत मांगी, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया, फिर उन्होंने यह दावा करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी कि उन्हें फंसाया गया है।



नादिया में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती से पहले एक कार्यशाला में एक कलाकार मिट्टी की मूर्तियां तैयार करता हुआ

## मोदी से जुड़े विवादित वीडियो पर पटोले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**ठाणे।** ठाणे और पालघर में भाजपा ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन एक वीडियो को लेकर किया गया जिसमें पटोले कथित रूप से यह कहते हुए सुने गए कि वह मोदी को पीटेंगे और गाली देंगे। टीवी चैनलों पर इसे दिखाए जाने और नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस की तरफ से ट्वीट किए जाने के बाद वीडियो को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। पटोले ने सफाई देते हुए कहा कि भंडारा जिले के ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने जिस मोदी का उल्लेख किया, वह प्रधानमंत्री ना होकर एक स्थानीय गुंडा है।

# ध्वज संहिता के बारे में सरकारी निकायों, एजेंसियों में जागरूकता की कमी : गृह मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने गणतंत्र दिवस से पहले सरकारी संगठनों, एजेंसियों और लोगों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने संबंधी नियमों एवं परंपराओं के बारे में जागरुकता के स्पष्ट अभाव को रेखांकित किया है और राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि तिरंगे का अपमान नहीं हो। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भेजे एक संवाद में कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि लोग सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों में भाग लेते समय केवल कागज के झंडों का इस्तेमाल करें और इन झंडों को जमीन पर फेंकने के बजाय गरिमा के अनुरूप निजी तौर पर इनका निस्तारण किया जाए। भारत की ध्वज संहिता के अनुसार आमजन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सामाजिक एवं खेल समारोहों में कागज का बना राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को दर्शाता है और इसलिए इसका एक सम्मानजनक स्थान होता है तथा ध्वज के प्रति सार्वभौमिक प्रेम एवं सम्मान तथा वफादारी होती है। उसने कहा कि इसके बावजूद राष्ट्रीय ध्वज को फहराने पर लागू होने वाले कानूनों एवं परंपराओं के संबंध में लोगों के साथ-साथ सरकार के संगठनों या एजेंसियों में अक्सर जागरुकता की स्पष्ट कमी देखी जाती है। गृह मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से कहा कि वे इस संबंध में जागरुकता अभियान चलाएं और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के जरिए इसका व्यापक प्रचार करें।

इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और राष्ट्रीय ध्वज को फहराने संबंधी नियमों से जुड़ी एवं 2021 में संशोधित भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की प्रति मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 554 अंक टूटा, निफ्टी में 195 अंक की गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**रियल्टी, वाहन** एवं धातु कंपनियों के शेयरों में नुकसान और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली के दबाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को करीब एक प्रतिशत की बड़ी गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों का सेंसेक्स कारोबार के अंत में 554.05 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 60,754.86 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के तीस में से 23 शेयर नुकसान में रहे। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 195.05 अंक यानी 1.07 अंक की गिरावट के साथ 18,113.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से 43 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में चार प्रतिशत के साथ मारुति सुजुकी के शेयर में सबसे ज्यादा नुकसान रहा। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एलएंडटी को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, डॉ रेड्डीज, टाइटन और नेस्ले इंडिया के शेयर लाभ में रहे।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल के दाम में आई तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बिकवाल रहने से घरेलू बाजार में उठापटक देखी गई। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका के बीच बांड प्रतिफल बढ़ने से वैश्विक स्तर पर बाजारों में बिकवाली का दबाव रहा। इसके साथ ही तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से कच्चे तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू कारोबारियों ने मुनाफावसूली की। इससे निफ्टी पिछले चार कारोबारी दिवसों के निचले स्तर से भी कम पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.2 प्रतिशत गिरा जबकि स्मालकैप में 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार आधार पर बुनियादी सामान, दूरसंचार, वाहन, रियल्टी एवं धातु सूचकांकों में 2.76 प्रतिशत तक की गिरावट आई।


कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बिकवालों का जोर रहने से बाजारों में हालिया बढ़त का दौर थमा और निवेशकों ने मुनाफा कमाने पर जोर दिया। निकट भविष्य में भी निफ्टी के स्तर में कमजोरी देखी जा सकती है। एशियाई बाजारों में हांगकांग, तोक्यो और सियोल नुकसान में रहे, जबकि शंघाई सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय देशों के बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान भारी बिकवाली का दबाव देखा गया। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.13 प्रतिशत बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। संयुक्त अरब अमीरात में एक तेल प्रतिष्ठान पर ड्रोन हमले के बाद आपूर्ति चिंताएं बढ़ने से कच्चे तेल में तेजी देखी जा रही है। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 855.47 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## बीबीएनएल जून तक सीमा नक्सल प्रभावित 6,929 पंचायतों को सैटकॉम सेवाओं से जोड़ेगा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण ब्रॉडबैंड अवसंरचना संगठन बीबीएनएल को उम्मीद है कि वह इस साल जून तक सीमावर्ती, नक्सल प्रभावित और द्वीप क्षेत्रों में स्थित 6,929 पंचायतों को उपग्रह आधारित संचार सेवाओं से जोड़ लेगा। दूरसंचार मंत्रालय के तहत इस विशेष इकाई ने पहले ही गलवान घाटी, डोकलाम, लेह, तवांग आदि क्षेत्रों में स्थित 4,682 ग्राम पंचायतों (जीपी) में उपग्रह सेवाएं शुरू कर दी हैं। बीबीएनएल के एक अधिकारी ने कहा, वर्तमान में, 6,929 में से सभी 4,682 ग्राम पंचायतों को उपग्रह सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। इसमें रक्षा के नियंत्रण वाले 1,389 स्थान भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, सीमा और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सभी 6,929 ग्राम पंचायतों को जून तक उपग्रह संचार सेवाओं से जोड़ दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि कि गलवान घाटी और डोकलाम जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में उपग्रह आधारित संचार सेवाओं को 2020 में चालू किया गया था।

### बीएसई सेंसेक्स जनवरी 2022 18

60,754.86




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| ऐक्सिस बैंक | 1.83 | मारुति सुजुकी | -4.05 |
| एचडीएफसी बैंक | 0.53 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | 3.83 |
| आईसीआईसीआई. बैंक | 0.48 | टेक महिन्द्रा | -3.54 |
| कोटक महिन्द्रा | 0.34 | एचसीएल टेक | -3.09 |
| डॉ रेड्डीज लैब्स | 0.25 | टाटा स्टील | -2.86 |

पीटीआई ग्राफिक

### एनएसई निफ्टी जनवरी 2022 18

18,113.05




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| ऐक्सिस बैंक | 1.78 | मारुति सुजुकी | -4.07 |
| आईसीआईसीआई. बैंक | 0.45 | Tata Consumer | -3.94 |
| एचडीएफसी बैंक | 0.43 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | 3.81 |
| डॉ रेड्डीज लैब्स | 0.40 | आयशर मोटर्स | -3.67 |
| नेस्ले | 0.39 | ग्रासिम | -3.62 |

## सीबीएम ब्लॉकों के लिए बोलियां 15 फरवरी से 15 मार्च तक दी जा सकेंगी : डीजीएच

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक दशक** से अधिक समय में पहली कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) दौर की बोली के तहत पेश 15 ब्लॉकों के लिए बोलियां 15 फरवरी से 15 मार्च तक जमा की जा सकेंगी। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विशेष सीबीएम बोली दौर - 2021 के तहत बोली की शुरुआत पिछले साल सितंबर में हुई थी, और पहले इसे 20 फरवरी, 2022 तक पूरा किए जाना था, लेकिन बाद में इस समयसीमा को आगे बढ़ा दिया गया।

डीजीएच ने एक नोटिस में कहा, विशेष सीबीएम बोली दौर - 2021 के लिए बोलियां 15 फरवरी, 2022 से 15 मार्च, 2022 तक दाखिल की जा सकेंगी। सरकार ने कोल सीम (सीबीएम) से गैस निकालने के लिए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 15 ब्लॉक की पेशकश की है। एक दशक से अधिक समय में यह पहली सीबीएम दौर की बोली है। अंतिम दौर, 2010 में आयोजित किया गया था।

सीबीएम कोयला क्षेत्रों में कोयले की परतों के नीचे पाई जाने वाली गैस या मीथेन है। यह प्राकृतिक गैस के समान है और इसका इस्तेमाल बिजली संयंत्रों, उर्वरक इकाइयों को चलाने या वाहनों में सीएनजी के रूप में किया जा सकता है। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक पांच ब्लॉक हैं। इसके अलावा झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा में दो-दो ब्लॉक की पेशकश की गई है। छत्तीसगढ़ में तीन और पश्चिम बंगाल में एक ब्लॉक की पेशकश की गई है। सरकार ने पिछले चार दौर की बोली में 29 सीबीएम ब्लॉक आवंटित किए हैं।

## भारत कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने की राह पर: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत को कारोबारी सुगमता की राह पर अग्रसर बताते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार राजस्व के बजाय उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। अग्रवाल ने एक ट्वीट में कहा कि भरोसा, प्रतिभा एवं प्रौद्योगिकी विकास के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान से सहमति जताते हुए कहा कि यह समय भारत में निवेश के लिए सबसे अच्छा है। अग्रवाल ने विश्व आर्थिक मंच की ऑनलाइन शिखर बैठक में प्रधानमंत्री के सोमवार को दिए गए संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा, हम प्रधानमंत्री की बात से पूरी तरह सहमत हैं। उद्यमियों के लिए साझेदारों एवं निवेशकों की पहचान कर उनके साथ गठजोड़ बनाने का यह बेहतरीन मौका है। सामान्य समझ है कि वे स्थानीय उद्यमियों के साथ काम करना चाहेंगे। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि भारत कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने की राह पर अग्रसर है।

## आभूषण उद्योग निकाय का सरकार से जीएसटी को घटाकर 1.25 प्रतिशत करने का अनुरोध

**भाषा।** मुंबई

**अखिल भारतीय** रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने मंगलवार को सरकार से जीएसटी (माल एवं सेवा कर) की दर को घटाकर 1.25 प्रतिशत करने का आग्रह किया। रत्न और आभूषण उद्योग के प्रमुख निकाय जीजेसी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपनी बजट-पूर्व सिफारिशों में सोने, कीमती धातुओं, रत्नों और ऐसे सामान से बने आभूषणों पर राजस्व समानता सिद्धांत के आधार पर 1.25 प्रतिशत की संचई जीएसटी दर तय करने की मांग की है।

वर्तमान में रत्न एवं आभूषण पर जीएसटी की दर तीन प्रतिशत है। जीजेसी ने वित्त मंत्री से पैन कार्ड की सीमा दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने का भी आग्रह किया है, क्योंकि ग्रामीण भारत में कई घरों में पैन कार्ड नहीं है और जरूरत के समय विशेषकर वैश्विक महामारी के समय में न्यूनतम आवश्यक आभूषण की व्यवस्था करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

जीजेसी ने सरकार से अनुरोध किया है कि सोने की न्यूनतम मात्रा पर उपयुक्त स्पष्टीकरण जारी किया जाए, जिसे कोई व्यक्ति किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए बिना स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (जीएमएस) के तहत जमा कर सकता है। इसके अलावा उद्योग निकाय ने अनुरोध किया कि रत्न और आभूषण उद्योग को 22 कैरेट सोने के आभूषणों की खरीद के लिए ईएमआई सुविधा की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे महामारी के बाद उद्योग के कारोबार में पर्याप्त वृद्धि होगी।

जीजेसी के अध्यक्ष आशीष पेठे ने कहा, महामारी के इन मुश्किल समय के दौरान हमारे उद्योग को बहुत नुकसान हुआ है, और इसे के वी कामत की रिपोर्ट में तनावग्रस्त क्षेत्रों में से एक के रूप में भी चिन्हित किया गया है।

उन्होंने कहा, इसलिए, हमने आयकर अधिनियम की धारा चालिस ए में बदलाव का प्रस्ताव दिया है ताकि प्रतिदिन 10,000 रुपए की मौजूदा दैनिक नकद सीमा को बढ़ाकर 1,00,000 रुपए किया जा सके। उन्होंने कहा कि जीजेसी ने सरकार से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आभूषणों की खरीद पर बैंक कमीशन (01-1.5 प्रतिशत) को माफ करने का भी आग्रह किया है। इससे रत्न और आभूषण उद्योग डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने में भूमिका निभा सकेगा।

## क्विक न्यूज

### कोल इंडिया बिजली क्षेत्र की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धः अधिकारी

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड आयात पर निर्भर तटीय संयंत्रो सहित बिजली क्षेत्र की कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोल इंडिया को उम्मीद थी कि पिछले साल दिसंबर तक मांग कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा नही हुआ। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब पूछा गया कि क्या कंपनी इंडोनेशिया की आपूर्ति बाधाओ के कारण उत्पन्न कमी को पूरा कर पाएगी, तो उन्होने कहा कि हम बिजली क्षेत्र की कोयले की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह घरेलू हो या आयात पर निर्भर संयंत्र हो। उन्होने कहा, हमने आयात मे कटौती करने के लिए तटीय संयंत्रो को थोड़ी बहुत मात्रा मे कोयले की आपूर्ति शुरू कर दी है। इंडोनेशिया ने घरेलू कमी के कारण एक जनवरी से कोयले के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और गतिरोध अभी भी बना हुआ है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कीमतो मे तेजी आई है। अधिकारी ने कहा कि भारत इंडोनेशिया से प्रति माह 50-90 लाख टन कोयले का आयात करता है। दुनिया की सबसे बड़ी खनन कंपनी कोल इंडिया बिजली क्षेत्र को प्रतिदिन 17.5 लाख टन से अधिक कोयला भेजकर मांग को पूरा करने की कोशिश कर रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ो के अनुसार, दिसंबर, 2021 मे भारत की बिजली की खपत एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 4.5 प्रतिशत बढ़कर 110.34 अरब यूनिट (बीयू) हो गई।

### श्रीलंका ने बड़ी चूक टाली, 50 करोड़ डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को कहा कि द्वीपीय देश ने 50 करोड़ डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान कर दिया है। इसके साथ ही श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा संकट के बीच एक बड़ी चूक को टालने मे कामयाबी हासिल की है। इस महीने की शुरुआत मे भारत ने श्रीलंका को विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने और खाद्य आयात के लिए 90 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर अजित कैब्राल ने ट्वीट किया, श्रीलंका ने आज (18 जनवरी) परिपक्व होने वाले 50 करोड़ डॉलर के सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियो ने मंगलवार को परिपक्व हो रहे 50 करोड़ डॉलर सहित कुल 1.5 अरब डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान करने की श्रीलंका की क्षमता पर संदेह जताया था। देश मे विदेशी मुद्रा संकट के मद्देनजर कारोबारी समुदाय, आर्थिक विश्लेषको और विपक्षी राजनेताओ ने 2012 मे जारी किए गए इन बॉन्डो के भुगतान को टालने की अपील की थी। उनका कहना था कि इस धनराशि का इस्तेमाल आवश्यक वस्तुओं के आयात मे करना चाहिए। इसके बावजूद ए भुगतान किया गया। एक अरब डॉलर का अगला बॉन्ड भुगतान जुलाई मे बकाया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने सुबह संसद मे स्वीकार किया कि उनकी सरकार के सामने मौजूदा विदेशी मुद्रा संकट को हल करने की गंभीर चुनौती है। अगले दो वर्षो मे छह अरब डॉलर से अधिक के विदेशी ऋण का भुगतान किया जाना है।

### बीते साल भारतीय कंपनियों में पीई, वीसी निवेश 62 प्रतिशत बढ़कर 77 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** निजी इक्विटी (पीई) एवं उद्यम पूंजी (वीसी) कोषो ने बीते साल यानी 2021 मे भारतीय कंपनियो मे 77 अरब डॉलर का निवेश किया जो इससे एक साल पहले की तुलना मे 62 प्रतिशत अधिक है। 2021 मे पीई एवं वीसी कोषो ने 1,266 सौदे किए जो वर्ष 2020 की तुलना मे 37 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई ने तैयार की है। बीते साल महामारी से उबर रही दुनिया मे तरलता की प्रचुरता रही, जिससे कई परिसंपत्तियो मे निवेश बढ़ा और मूल्यांकन भी बेहतर हुआ। ईवाई के साझेदार विवेक सोनी ने कहा कि वर्ष 2021 मे शुरुआत से ही निवेश मे तेजी का रुख रहा और दूसरी छमाही मे इसकी रफ्तार और बढ़ गई। स्टार्टअप कंपनियो मे निवेश का बढ़ना वर्ष 2021 की सबसे अहम बात रही। स्टार्टअप मे 28.8 अरब डॉलर का कोष आया। जो भारत मे आए कुल पीई एवं वीसी निवेश का 37 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल 44 स्टार्टअप यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने मे सफल रही। सार्वजनिक इक्विटी सौदो मे पीई निवेश 46 प्रतिशत बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया। वही ऋण निवेश 2.6 अरब डॉलर के स्तर पर रहा।

## कोरोना काल के दौरान बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ साइबर हमले भी बढ़े : डब्ल्यूईएफ

**भाषा।** नई दिल्ली/दावोस

**कोविड**-19 महामारी की शुरुआत के साथ डिजिटलीकरण के बढ़ते चलन के बीच साइबर हमलों की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इस संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में रैंसमवेयर के हमलों में रिकॉर्ड 151 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मतलब है कि एक संगठन को औसतन 270 साइबर हमलों का सामना करना पड़ा है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन दावोस एजेंडा 2022 शिखर सम्मेलन के दौरान जारी वैश्विक साइबर सुरक्षा आउटलुक 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले साल किसी भी एक सफल साइबर हमले की जद में आने वाली कंपनी को 36 लाख डॉलर (लगभग 27 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है।

वहीं किसी कंपनी पर हुए साइबर हमले के सार्वजनिक होने के बाद नैस्डेक पर कंपनी के शेयर की औसत कीमत छह महीने बाद भी लगभग तीन प्रतिशत तक कम रही। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ी है। हालांकि इसी के साथ साइबर हमले भी बढ़े हैं और साइबर सुरक्षा से जुड़े लगभग 80 प्रतिशत दिग्गज अब रैंसमवेयर को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा और चेतावनी मानते हैं। इसके अलावा व्यावसायिक अधिकारियों के बीच धारणा का एक बड़ा अंतर भी आया है। वे सोचते हैं कि उनकी कंपनियां सुरक्षित हैं जबकि साइबर सुरक्षा जानकार उनसे असहमत हैं।

## महामारी के बावजूद 82 प्रतिशत भारतीय पेशेवर 2022 में नौकरी बदलना चाहते हैं : लिंक्डइन

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के बावजूद बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर 2022 में नौकरी बदलने पर विचार कर रहे है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। ऑनलाइन पेशेवर नेटवर्क लिंक्डइन ने नई नौकरी तलाशने वालों पर शोध शुरू किया है। कंपनी ने अपने शोध में पाया कि 2022 में करीब 82 प्रतिशत पेशेवर नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। लिंक्डइन ने भारत में 1,111 पेशेवरों के साथ किए सर्वेक्षण में पाया कि कर्मचारी खराब कार्य-जीवन संतुलन, पर्याप्त वेतन नहीं होने या अपने पेशे को लेकर बड़ी महत्वाकांक्षाओं के कारण अपनी वर्तमान नौकरी छोड़ना चाहते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में नौकरी बदलने की इच्छा जताने वाले पेशेवरों ने कहा कि लचीली कार्य व्यवस्था उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। लिंक्डइन न्यूज के प्रबंध संपादक-भारत अंकित वेंगुर्लेकर ने कहा, कोरोना महामारी ने लोगों को अपने करियर के बारे में पुनर्विचार करने और जीवन में नए उद्देश्य और प्राथमिकताओं को पूरा करने को लेकर नौकरी के नए अवसरों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है।

## सिंधिया ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए वाणिज्य मंत्रालय के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को भारत में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब की शुरुआत के लिए अपने मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। ट्वीट किया कि जरूरी बुनियादी ढांचे के साथ ही हमारी माल ढुलाई व्यवस्था को निर्बाध और ग्राहकों के अनुकूल बनाना भी महत्वपूर्ण है। भारत में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब की शुरुआत के लिए नागर विमानन मंत्रालय और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

## पेज एक का शेष

### मुलायम की...

भाजपा यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने छोटे भाई की बहू को संरक्षण नहीं दे सके। अपर्णा ने 2017 में लखनऊ कैंट से सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। 2022 में भाजपा उनको लखनऊ की सीट से चुनाव लड़ा सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो लखनऊ कैंट से अपर्णा बीजेपी की उम्मीदवार हो सकती हैं।

### भाजपा ने...

भाजपा ने इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही कुल 107 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। पार्टी ने गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को और सिराथू सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की थी। पार्टी ने पहली सूची में जिन 107 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी, उनमें से 105 सीटों पर पहले और दूसरे चरण में मतदान होना है। गोरखपुर में छठे चरण के तहत तीन मार्च को जबकि सिराथू में पांचवें चरण के तहत 27 फरवरी को मतदान होना है। पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में 20 विधायकों के टिकट भी काटे गए थे। उत्तर प्रदेश की 403 सदर्स्रीय विधानसभा के लिए सात चरणों में मतदान होना है। गौरतलब है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को अकेले 312 और उसके सहयोगियों को 13 सीटों पर जीत मिली थी। सत्ता गंवाकर प्रमुख विपक्षी दल बनी समाजवादी पार्टी सिर्फ 47 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी।

### 25 तक...

संपर्क-संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। सीएम योगी मंगलवार को कोविड प्रबंधन टीम को आगे की रणनीति के बारे में दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्हें बताया गया कि प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 94.54 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है जबकि 60 फीसदी से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। टीकाकरण की यह स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। सीएम ने कहा कि कोविड की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए प्रत्येक जिले में कम से कम एक बड़ा अस्पताल डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में आरक्षित किया जाए। अन्य अस्पताल नॉन कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध रहें। ओपीडी सेवाओं को कोविड प्रोटोकॉल का साथ संचालित रखा जाना चाहिए। बैठक में उन्हें अधिकारियों ने बताया कि विगत 24 घंटों में 2 लाख 8 हजार 308 कोरोना टेस्ट किए गए जिसमें 14, 803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 1 लाख 1 हजार 114 है। इनमें से 99 फीसदी लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। योगी ने कहा कि कोविड की नई लहर के बीच प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक मेले, स्नान पर्व आदि के आयोजन भी हो रहे हैं। यह कोविड प्रबंधन के यूपी मॉडल का ही एक उदाहरण है कि प्रयागराज में विशाल पारंपरिक माघ मेला सकुशल चल रहा है। कहीं से भी संक्रमण के अत्यधिक प्रसार अथवा अन्य किसी अव्यवस्था की सूचना नहीं है। स्वास्थ्य सम्बन्धी एहतियात बरतते हुए लाखों श्रद्धालु पूजन अर्चन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण में अन्य राज्यों के सापेक्ष प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 44 लाख 43 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 9 करोड़ 67 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग, टीकाकरण है। सीएम ने शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों और गर्भवती महिलाओं, पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाना अपेक्षित है। योगी ने कहा कि निगरानी समितियां घर-घर पहुंचे। संदिग्ध लोगों की पहचान करें, टेस्ट कराएं और मेडिकल किट उपलब्ध कराएं। ग्राम्य विकास, नगर विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगरानी समितियों के कार्यों की समीक्षा की जाए। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर्स को पूर्णत: सक्रिय रखा जाए। होम आइसोलेशन के मरीजों हर दिन हालचाल पूछा जाए। उनके स्वास्थ्य की निगरानी होती रहे। जनपदीय आईसीसीसी में चिकित्सकों का पैनल तैनात करते हुए लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा हर जिले की आईसीसीसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए।

### यूपी में...

909, मेरठ में 909, वाराणसी में 672 केस सामने आए हैं। राजधानी लखनऊ में कोरोना को मात देने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मंगलवार को जहां 3007 व्यक्ति कोरोना संक्रमण से ठीक हुए वहीं सक्रिय मामलों की संख्या भी घट कर 16823 रही।

### वित्त मंत्री...

जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी। उन्होंने कहा कि विवाद बढ़ने पर संप्रग सरकार ने छह साल बाद इस सौदे को निरस्त किया लेकिन देवास की तरफ से शुरू की गई मध्यस्थता कार्यवाही से निपटने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा, सरकार अब करदाताओं के पैसे बचाने के लिए हर अदालत में लड़ रही है अन्यथा यह राशि मध्यस्थता फैसले के भुगतान में चली जाती, जो देवास ने सौदे को रद्द करने पर जीता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब देवास के शेयरधारकों ने 1.29 अरब डॉलर की वसूली के लिए विदेशों में भारतीय संपत्तियों को जब्त करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। देवास को इस धनराशि की भरपाई का आदेश अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरणों ने दिया था। देवास को पेरिस में भारतीय संपत्तियों को जब्त करने के लिए फ्रांसीसी अदालत ने आदेश दिया है और वह कनाडा में भी एयर इंडिया की संपत्ति जब्त करने की मांग कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अब उच्चतम न्यायालय के इस आदेश को आधार बनाते हुए विदेशों में भारतीय संपत्तियों की जब्ती को चुनौती देगी। सीतारमण ने एंट्रिक्स और देवास के बीच 2005 में हुए सौदे पर कहा कि यह देश के लोगों के साथ, देश के साथ धोखाधड़ी थी।

### भगवंत मान...

मेरे नाम सहित कई लोगों के नाम आए। मैंने पहले ही कहा था कि मैं दौड़ में नहीं हूं। हम उन वोट (जिनमें केजरीवाल का नाम है) को अमान्य घोषित कर रहे हैं। शेष बचे अन्य मतों में से 93.3 प्रतिशत लोगों ने सरदार भगवंत मान का नाम दिया था। वहीं, दूसरे नंबर पर (कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख) नवजोत सिंह सिद्धू का नाम 3.6 प्रतिशत लोगों ने दिया। केजरीवाल ने कहा, भगवंत मान को औपचारिक रूप से आप का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाता है। मान इस घोषणा के बाद भावुक हो गए। उनकी मां और बहन भी इस कार्यक्रम में मौजूद थीं। इस मौके पर आप नेता राघव चड्ढा और हरपाल सिंह चीमा भी मौजूद थे। मान (48), संगरूर से दो बार के लोकसभा सांसद और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं।

### अवैध खनन...

जुड़े परिसर से चार करोड़ रुपए सहित छह करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोहाली, चंडीगढ़, लुधियाना और पठानकोट में 12 स्थानों पर तलाशी अभियान सुबह सशस्त्र सीआरपीएफ की सुरक्षा में शुरू हुआ था और यह अभी भी जारी है। सूत्रों ने बताया कि कुल छह करोड़ रुपए की नकदी में से लगभग चार करोड़ रुपए चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी के लुधियाना परिसर से जब्त किए गए हैं।

### पूर्व सेना...

चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्हें अमरिंदर के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। जनरल जे जे सिंह अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वह साल 2005 में सेना प्रमुख नियुक्त होने वाले पहले सिख बने थे। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर 20 फरवरी को मतदान होना है। वोटों की गिनती दस मार्च को की जाएगी।

### भाकियू का...

टिकैत के गांव सिसौली के पहुंचे थे। यहां बैठक के दौरान नरेश टिकैत ने सपा-रालोद गठबंधन को अपना समर्थन देते हुए समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की थी। हालांकि सोमवार सुबह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान से मुलाकात करने के बाद वह किसी भी पार्टी को समर्थन ने देने की बात कह रहे हैं। लंबे समय तक चले किसान आंदोलन के दौरान भाजपा नेताओं से नाराज चल रहे किसानों व भाकियू नेताओं ने भाजपा नेताओं का सिसौली में प्रवेश बंद कर दिया था। जिसके बाद से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान पहली बार सिसौली पहुंचे थे। टिकैत ने कहा, चुनाव के दौरान कोई भी उनके गांव सिसौली में आ-जा सकता है। किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं, सभी का स्वागत है। केंद्रीय पशुपालन मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने सोमवार को सिसौली पहुंचकर भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत का हाल जाना था। पिछले दिनों चौधरी नरेश के कंधे का ऑपरेशन हुआ है। गौरतलब है कि ये दोनों नेता, बालियान खाप से हैं।

### एनडीए में...

केवल एक तदर्थ उपाय है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को मामले में हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया और बाकी पक्षकारों को उसके बाद दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने इसके साथ ही मामले की सुनवाई छह मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दी। इससे पहले, याचिकाकर्ता कुश कालरा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चिन्मॉय प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्होंने अतिरिक्त हलफनामा दाखिल किया है जिसमें उल्लेख है कि 14 नवंबर 2021 को हुई एनडीए की परीक्षा में 8,009 प्रत्याशी ने सेवा चयन बोर्ड परीक्षा और चिकित्सा जांच के लिए उत्तीर्ण हुए जिनमें से 1,002 उम्मीदवार महिलाएं हैं जबकि 7,007 प्रत्याशी पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) के विज्ञापन और सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 के एनडीए में एनडीए 400 कैडेट को लेगा। शर्मा ने कहा, इनमें से 10 महिलाओं सहित 208 उम्मीदवार सेना में लिए जाएंगे।

### राजपथ पर...

में दिव्यांगजन, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां, शहीदों के परिजनों, ओलंपिक प्रतिभागियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों को को बुलाया जाए और बच्चों को बहादुरी से सम्मानित करें। इन पहलों के अलावा 75 साल के उपलक्ष्य में राजपथ पर आगंतुकों को स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि के रूप में विशाल चित्रों को देखा जाएगा। चंडीगढ़ और भुवनेश्वर के दो कैंपों में बनाई गई कलाकारों की चित्रकारी परेड मार्ग पर दर्शकों के लिए 75 मीटर लंबे और 15 फीट ऊंचे दस स्क्रॉल खड़े किए जाएंगे। पहली बार गणतंत्र परेड में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले कलाकारों का चयन रक्षा और संस्कृति मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। नंवबर और दिसंबर में जिला स्तर पर कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु और नई दिल्ली में 323 समूहों में 3,870 कलाकारों को बुलाया और 800 प्रतिभाशाली लोगों को शर्टलिस्ट किया। इन शर्टलिस्ट हुए कलाकारों के लिए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ग्रेंड फिनाले कार्यक्रम आयोजित कर 600 लोगों को राजपथ में परेड में शामिल होने के लिए चुना गया। गणतंत्र दिवस परेड सुबह 10.00 बजे के बजाय 10.30 बजे शुरू होगी। साथ ही, राजपथ पर परेड शुरू होने से पहले अर्धसैनिक बलों द्वारा स्टेटिक बैंड प्रदर्शन द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। दर्शकों के बेहतर देखने के अनुभव के लिए परेड स्थल पर 10 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।

# यूएई में हमले में मारे गए भारतीयों के परिवार को हर संभव मदद मुहैया कराएगा भारतः राजदूत

भाषा। दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास संदिग्ध हूती ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों के परिवार को भारत हर संभव सहायता मुहैया कराएगा। यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को हुए हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें दो भारतीय, एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए थे।

विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं (संभवतः ड्रोन) के संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकर पर गिरने से हुआ। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने सोमवार को द नेशनल समाचारपत्र से बात करते हुए कहा कि भारत सरकार दो मृत भारतीय नागरिकों के परिवारों को जो भी सहायता संभव होगी मुहैया कराएगा। भारतीय दूतावास ने हमले में मारे गए भारतीयों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की है। इस बीच, हमले के एक दिन बाद विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने इसकी निंदा की और पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और यूएई सशस्त्र बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। सऊदी क्राउन प्रिंस ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने भी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। यूएई के विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के एक बयान में कहा, यूएई के पास इन आतंकवादी हमलों और आपराधिक कृत्यों के खिलाफ कार्वाई करने का अधिकार है।

विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने कहा कि अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) ईंधन सुविधाओं और हवाई अड्डे पर हुए ड्रोन हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूएई, 2015 से यमन के हुती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी के नेतृत्व वाले सैन्य अभियान का हिस्सा है। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने भी फोन किया और यूएई में सुविधाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हुती विद्रोहियों के हमले की निंदा की। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने भी शेख मोहम्मद बिन जायद को फोन किया और हमले की निंदा की।

## यूएई में ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों की पहचान हुई, छह घायलों में भी दो भारत के

**दुबई।** अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास सोमवार को हूती विद्रोहियों के संदिग्ध ड्रोन हमलों में मारे गए दो भारतीयों की पहचान हो गई है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में कई विस्फोट हुए। दूतावास ने बताया कि हमलों में घायल हुए छह लोगों में भी दो भारतीय हैं। दोनों को उपचार के बाद सोमवार रात को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सोमवार को अबू धाबी में ड्रोन हमला करने का दावा यमन के हूती विद्रोहियों ने किया था। इस हमले में दो भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं के कारण हुए, जो संभवतः ड्रोन हो सकते हैं और ए अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकरों पर गिरे।

अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि मारे गए दोनों भारतीय नागरिकों की पहचान कर ली गई है। उसने ट्वीट किया, अबू धाबी में भारतीय दूतावास के अधिकारी उनके परिवारों के साथ संपर्क में हैं। मिशन उनके शव जल्द प्राप्त करने के लिए एडीएनओसी समेत यूएई के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि, दूतावास ने उनकी पहचान उजागर नहीं की है। उसने ट्वीट किया, छह घायलों में दो भारतीय नागरिक हैं।



खार्तूम, सूडान में तख्तापलट विरोधी प्रदर्शनकारियों की हत्या के बाद सविनय अवज्ञा अभियान के हिस्से के रूप में लोगों ने बैरिकेड्स लगाए और टायर जलाए

## क्विक न्यूज

### हांगकांग में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 2000 पालतू चूहे मारे जाएंगे

**हांगकांग।** हांगकांग प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने पर करीब 2000 हैम्स्टर (चूहे जैसा जीव) मारे जाएंगे। प्रशासन ने कहा कि पालतू जीवों के एक स्टोर में कई हैम्स्टर कोविड-19 संक्रमित पाए गए, क्योंकि वहां एक कोरोना वायरस संक्रमित कर्मचारी काम कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि कुतरने वाली प्रजाति के इस जीव के आयात और निर्यात पर भी रोक लगाई जाएगी। पालतू जीवों के स्टोर के कर्मचारी के सोमवार को जांच में कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया। इसके बाद कई हैम्स्टर को भी संक्रमित पाया गया। हालांकि प्रशासन ने यह भी कहा कि जीवों से मानव में कोरोना फैलने का कोई साक्ष्य नही मिला है। लेकिन एहतियाती कदम के तौर पर प्रभावित स्टोर से 7 जनवरी के बाद खरीदे गए सभी हैम्स्टर को अनिवार्य रूप से मारा जाएगा। ऐसे लोगों को अपने-अपने हैम्स्टर प्रशासन को सौंपने होंगे। सभी स्टोरों को हैम्स्टर की खरीद-बिक्री बंद करने का आदेश दिया गया है। पालतू जानवरों के स्टोर से 22 दिसंबर के बाद से हैम्स्टर खरीदने वालों को भी अनिवार्य रूप से कोविड-19 की जांच करवानी पड़ेगी।

### कोविड-19 :अबू धाबी में प्रवेश करने के लिए दिखाना होगा बूस्टर खुराक लेने का प्रमाण पत्र

**दुबई।** पूरे देश में कोरोना वायरस के अपेक्षाकृत अधिक संक्रामक स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए अबू धाबी ने नियमों में बदलाव किया है और शहर में प्रवेश करने से पहले व्यक्ति को प्रमाण देना होगा कि उसने कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक ले ली है। सरकार के स्वास्थ्य ऐप के जरिए इस सप्ताह के शुरु में कहा गया था कि संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में प्रवेश करने वाले को ग्रीन पास दिखाना होगा जिसमें उनके टीकाकरण की स्थिति की पुष्टि की गई हो। ऐप के मुताबिक, व्यक्ति के टीकाकरण को तब तक पूर्ण नही माना जाएगा जब तक वह दूसरी खुराक लेने के कम से छह महीने बाद बूस्टर खुराक नही ले लेता। इस ऐप के मुताबिक, जो लोग अबू धाबी में प्रवेश के इच्छुक है उनकी पिछले दो सप्ताह में कोविड-19 की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने पर उनका ग्रीन दर्जा कायम रह सकेगा।

### जापान संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कोविड-19 पाबंदियों में विस्तार को तैयार

**तोक्यो।** जापान की सरकार कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से और लोगों के संक्रमित होने के मद्देनजर राजधानी तोक्यो और अन्य क्षेत्रों में सामाजिक पाबंदी लगाने की तैयारी कर रही है। जापान ने महामारी की वजह से अबतक लॉकडाउन नही लगाया है लेकिन रेस्तरां और बार को समय से पहले बंद करने पर ध्यान केंद्रित किया है। कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बावजूद हालांकि, देश के कई हिस्सों में भीड़ देखी जा रही है और दुकानों और कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग जमा हो रहे हैं। सरकार के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आदेश को इस सप्ताह अंतिम रूप दे दिया जाएगा और इसके शुक्रवार से तोक्यों के अलावा चिबा, कांगावा, आइची और कुमामोतो सहित नौ क्षेत्रों में प्रभावी होने की संभावना है।उन्होंने बताया कि इस महीने की शुरूआत में ओकीनावा, यामागुची और हिरोशिमा क्षेत्रों के लिए आदेश जारी किया गया था। अन्य इलाकों जहां पर संक्रमण बढ़ रहा है जैसे ओसाका, उन्हें बाद में जोड़ा जा सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजी मत्सुनो ने संवाददाताओं को बताया, संक्रमण अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह चिंता बढ़ रही है कि तेजी से संक्रमण बढ़ने पर अस्पताल प्रणाली नाकाफी साबित हो सकती है। उन्होंने स्वीकार किया कि अगर मामले बढ़ते है और लोगों को पृथकवास या अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है तो अतिरिक्त कदम उठाने की जरूरत पड़ सकती है।

### हांगकांग में विमान चालक दल के दो पूर्व सदस्य कोविड-19 नियमों की अवहेलना के आरोप में गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग पुलिस ने विमान चालक दल के दो पूर्व सदस्यों को कोविड-19 संबंधी नियमों की अवहेलना करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वायरस से संक्रमित होने की आशंका के चलते दोनों पृथक-वास में रहने के बजाय कथित तौर पर घर से बाहर निकले थे। सरकार की ओर से सोमवार देर रात जारी किए गए एक बयान के अनुसार, ए दोनों लोग 24 और 25 दिसंबर को अमेरिका से आए थे। चिकित्सकीस निगरानी में रहते हुए, उन्होंने अनावश्यक गतिविधियों को अंजाम दिया। बयान में इन दोनों और नियोक्ता की पहचान उजागर नही की गई। इससे पहले, प्रमुख एयरलाइन कैथे पैसिफिक ने कहा था कि उसने चालक दल के दो सदस्यों को कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने के मामले में निकाल दिया है। दोनों कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पाए गए थे। बयान के अनुसार, दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है और उनके मुकदमे पर अदालत नौ फरवरी को सुनवाई करेगा। दोषी पाए जाने पर उन्हें छह महीने की सजा और पांच हजार हांगकांग डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पर धार्मिक अवधारणाओं के इस्तेमाल का आरोप लगाया पीएमएलएन ने

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर देश में बड़े पैमाने पर शासन और अर्थव्यवस्था संबंधी नाकामियों को ढकने के लिए धार्मिक अवधारणाओं के इस्तेमाल का आरोप लगाया। स्थानीय मीडिया में खान के लेख स्प्रिट ऑफ रियासत-ए-मदीनाः ट्रांसफॉर्मिंग पाकिस्तान (मदीना रियासत की की भावना : पाकिस्तान का रूपांतरण) पर प्रतिक्रिया देते हुए देश के मुख्य विपक्षी दल पीएमएलएन के नेताओं ने राजनीतिक फायदों के लिए धर्म का इस्तेमाल करने के लिए खान की निंदा की। पीएमएलएन के अध्यक्ष और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री जिस तरह देश में शासन और अर्थव्यवस्था संबंधी खामियों को ढकने के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे है, उससे वाकई फिक्र होती है। उन्होंने कहा, इस तरह की स्वार्थी सोच से राजतंत्र को अपेक्षा से ज्यादा नुकसान होगा।

### माल्टा की सांसद रोबर्टा मेटसोला यूरोपीय संसद की अध्यक्ष चुनी गईं

**ब्रसेल्स।** द्वीपीय देश माल्टा की नेशनलिस्ट पार्टी की नेता रोबर्टा मेटसोला को मंगलवार को यूरोपीय संघ (ईयू) की संसद का अध्यक्ष चुना गया। मेटसोला ने पिछले सप्ताह सोशलिस्ट नेता डेविड सासोली के निधन के बाद ढाई साल के कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण किया। वह इस पद पर निर्वाचित होने वाली तीसरी महिला है। मेटसोला का मंगलवार को जन्मदिन है और 43 साल की उम्र में वह यूरोपीय संसद की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष हैं। इतालवी नेता सासोली (65) कई महीनों से बीमार थे और तथा ईयू की संसद के अध्यक्ष के तौर पर एक और कार्यकाल से उन्होंने मना कर दिया था। मेटसोला संसद के सबसे बड़े समूह की उम्मीदवार थी और उन्हें मंगलवार को हुए मतदान में 616 मतों में से 458 मत मिले। सासोली के 11 जनवरी को निधन के बाद से मेटसोला कार्यकारी अध्यक्ष थी। मेटसोला यूरोपीय संघ की उस संस्था का नेतृत्व करेंगी जो पिछले कुछ वर्षों में बहुत शक्तिशाली हो गई है और डिजिटल अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन तथा ब्रेक्जिट जैसे मुद्दों पर 27 देशों के समूह का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सामरिक निर्देशित मिसाइलों का किया गया परीक्षण : उ. कोरिया

एपी। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को कहा कि उसने सामरिक निर्देशित मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया की सेना ने एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का समुद्र में प्रक्षेपण किए जाने की बात कही थी। उत्तर कोरिया का सोमवार को किया गया परीक्षण उसके द्वारा इस महीने किया गया चौथा मिसाइल प्रक्षेपण था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के उसके हालिया परीक्षण को लेकर नए प्रतिबंध लगाने के खिलाफ उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी थी और उसके बाद से यह दूसरा परीक्षण था।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन, अमेरिका और पड़ोसी देशों से रियायतें हासिल करने के लिए उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि इस समय उनका देश बदहाल अर्थव्यवस्था और कोविड-19 वैश्विक महामारी से जुड़ी कठिनाइयों का सामना कर रहा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि इस परीक्षण का लक्ष्य उन मिसाइलों का मूल्यांकन करना था, जो तैयार हैं और तैनात की जा चुकी हैं। एजेंसी ने बताया कि प्रणाली की सटीकता, सुरक्षा और दक्षता की पुष्टि करने के लिए मिसाइलों को समुद्र में दागा गया। खबर में मिसाइलें किस प्रकार की थी, यह स्पष्ट नहीं किया गया। सियोल यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कोरियन स्टडीज़ के प्रोफेसर किम डोंग-यूब ने कहा कि सरकारी मीडिया द्वारा दिखाई जा रहीं तस्वीरों से प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया ने कम-दूरी वाले हथियार का परीक्षण किया है, जो यू.एस. एमजीएम-140 आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के समान दिखता है।

मिसाइल का परीक्षण उत्तर कोरिया के कम दूरी के हथियारों की संख्या को बढ़ाने के कार्यक्रम का हिस्सा था। इसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि इसका उद्देश्य उत्तर एशिया में मिसाइल सुरक्षा को बढ़ाना है। उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल परीक्षणों के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने पिछले सप्ताह एशियाई देश के पांच अधिकारियों पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे और कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र से उत्तर कोरिया पर और प्रतिबंध लगाने का आग्रह करेंगे। वहीं, उत्तर कोरिया ने इस कार्वाई के बाद प्रशासन पर निशाना साधते हुए चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका अपने टकराव वाले रुख पर कायम रहता है, तो उसके खिलाफ कड़ी एवं स्पष्ट कार्वाई की जाएगी।

## संरा महासचिव ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, औद्योगिक क्षेत्र पर हमलों की निंदा की



**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पास के औद्योगिक क्षेत्र पर हुए संदिग्ध ड्रोन हमलों की निंदा की। इस घटना में दो भारतीय और एक पाकिस्तान नागरिक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी में सोमवार को अबु धाबी हवाईअड्डे के पास संदिग्ध ड्रोन हमले और उसके बाद हुए कई विस्फोटों में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए थे। विस्फोट छोटी उड़ने वाली वस्तुओं संभवतः ड्रोन के कारण हुए थे जिन्होंने अबु धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंक को अपनी चपेट में ले लिया।

सोमवार को जारी एक बयान में, गुतारेस ने सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और क्षेत्र में अत्यधिक तनाव के बीच किसी भी तरह से और तनाव न बढ़ने देने का आह्वान किया। बयान में कहा गया कि महासचिव ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पास के औद्योगिक मुसफ्फाह इलाके पर हमलों की निंदा की। इन हमलों में कई असैन्य लोगों के हताहत होने और हूती विद्रोहियों द्वारा इसकी जिम्मेदार लिए जाने की खबरें आ रही हैं। असैन्य नागरिकों और असैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून द्वारा प्रतिबंधित हैं। यमन में संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है, इस बात पर जोर देते हुए गुतारेस ने पक्षों से उनके विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग के साथ रचनात्मक बातचीत करने और यमन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक समझौते तक पहुंचने के लिए राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उनकी मध्यस्थता के प्रयासों में बिना किसी पूर्व शर्त के उनका साथ देने का अनुरोध किया।

## जस्टिस उमर अता पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश होंगे

भाषा। इस्लामाबाद

**न्यामूर्ति उमर** अता बंदियाल पाकिस्तान के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति बंदियाल उन न्यायाधीशों में शामिल थे जिन्होंने वर्ष 2007 में पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्फ की ओर से देश में आपातकाल की घोषणा के बाद दोबारा शपथ लेने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सोमवार को औपचारिक रूप से शीर्ष अदालत के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति बंदियाल को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। आगामी 2 फरवरी, 2022 को मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद की सेवानिवृत्ति के बाद 63 वर्षीय न्यायमूर्ति बंदियाल नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके पहले न्यामूर्ति अहमद को 21 दिसंबर, 2019 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। सोमवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 177 और अनुच्छेद 175 (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान के राष्ट्रपति न्यायमूर्ति उमर अता बंदियाल के पाकिस्तान का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त होने पर खुश हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश बंदियाल की नियुक्ति 2 फरवरी, 2022 से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति बंदियाल 16 सितंबर, 2023 तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवा देंगे। वह उन न्यायाधीशों में से एक थे जिन्होंने नवंबर 2007 के अनंतिम संवैधानिक आदेश (पीसीओ) के तहत अपनी शपथ फिर से लेने से इनकार कर दिया था, जब जनरल मुशर्फ ने 3 नवंबर, 2007 को आपातकाल की घोषणा कर दी थी। पाकिस्तान में न्यायपालिका और संवैधानिक शासन बहाल करने के लिए वकीलों और नागरिक समाज द्वारा चलाए गए एक अभूतपूर्व आंदोलन के बाद न्यायमूर्ति बंदियाल को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बहाल किया गया था। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बंदियाल को अकेले सर्वोच्च अदालत में लंबित लगभग 51,766 मामलों के अंबार का सामना करना पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की न्यायपालिका में (उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों को मिलाकर) लंबित मामलों की कुल संख्या 21 लाख है।



शिकागो में बर्फसे ढकी हुई मिशिगन झील

## ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 से रिकॉर्ड मौत, अस्पतालों पर बढ़ा बोझ

**मेलबर्न (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार को कोविड-19 से रिकॉर्ड मौत दर्ज की गई और इसके दूसरे सबसे बड़े राज्य ने अस्पतालों में आपात स्थिति की घोषणा की जो कोरोना वायरस के चलते भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ने और स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं।तीन सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 74 मरीजों की मौत हुई। न्यू साउथ वेल्स में 36, विक्टोरिया में 22 और क्वींसलैंड में 16 मरीजों की मौत हुई। इससे पहले एक दिन में कोरोना वायरस के कारण सर्वाधिक 59 लोगों की मौत चार सितंबर, 2020 को हुई थी।

संघीय स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हंट ने कहा कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि न्यू साउथ वेल्स में संक्रमण की दर चरम पर पहुंच रही है और विक्टोरिया में स्थिर होने वाली है।न्यू साउथ वेल्स की सरकार ने बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप से निपटने के लिए लॉकडाउन लगाने की संभावना से इनकार किया है। अक्टूबर में, सिडनी ने 108 दिनों का लॉकडाउन हटाया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में ज्यादातर लोगों का टीकाकरण हो चुका था।

## नेपाल के प्रांत 2 का नाम बदलकर मधेस प्रदेश किया गया

**काठमांडू।** नेपाल के दक्षिण-पूर्वी प्रांत 2 का नाम बदलकर मधेस प्रदेश कर दिया गया है और जनकपुर को इसकी राजधानी बनाया गया है। इस तरह 2015 में प्रांत बनाए जाने के बाद क्षेत्र के आधिकारिक नामकरण को लेकर लंबे समय से जारी बहस का हल निकल गया। प्रांतीय विधानसभा ने सोमवार को दोनों फैसलों के लिए दो-तिहाई के बहुमत से मतदान किया। मतदान करने वाले 99 सदस्यों में से 78 ने जनकपुर को राजधानी बनाने के लिए और 80 ने प्रांतीय नाम मधेस करने के लिए मतदान किया। मधेस क्षेत्रफल के मामले में नेपाल का सबसे छोटा राज्य और आबादी की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा प्रांत है। दक्षिण में इसकी सीमा भारत (बिहार) से लगती है और इसमें आठ जिले-बारा, पारसा, रौताहाट, सरलाही, महोत्तरी, धनुषा, सिराहा और सपतारी आते हैं।

## लीबिया में जून में कराए जा सकते हैं चुनाव : संरा अधिकारी

**काहिरा (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह लीबिया को जून तक चुनाव कराने के लिए राजी करने का प्रयास कर रही हैं। देश लंबे वक्त तक शासन करने वाले तानाशाह मुअम्मर कद्दाफी की हत्या और 2011 के निष्कासन के बाद से अपने पहले राष्ट्रपति को निर्वाचित करने की दिसंबर की समय-सीमा चूक गया था। लीबिया पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार स्टेफनी विलियम्स ने रविवार देर रात बताया कि देश के 28 लाख मतदाताओं के लिए यह अब भी बहुत तर्कसंगत और संभव होगा कि वे जून तक चुनाव कर लें, जो संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से तैयार 2020 रूपरेखा के अनुरूप होगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दी एक रिपोर्ट में कहा कि यह बहुत अहम है कि लीबिया की सभी पार्टियां, जितना जल्दी संभव हो मुक्त, निष्पक्ष,समावेशी एवं विश्वसनीय राष्ट्रपति एवं संसदीय चुनाव कराने पर ध्यान केंद्रित करें। लीबिया 24 दिसंबर की तय तारीख पर अपना पहला राष्ट्रपति चुनाव कराने में असफल रहा था जो इस तेल समृद्ध भूमध्य राष्ट्र में दशकों से चले आ रहे संकट को समाप्त करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका था।

## संरा समर्थित अंतः सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सकरात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आगे बढ़ाई जा रही अंतः सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित होनी चाहिए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया को पटरी पर रखना है। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी)द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को सूडान की स्थिति से अवगत कराने के दौरान संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक का इस्तीफा दिखाता है कि हस्तांतरण प्रक्रिया में चुनौती विरासत में मिली है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ाए जा रहे अंतः सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत है जिसका उद्देश्य स्थिति को संभालना और हस्तांतरण की प्रक्रिया पटरी पर रखना है। माथुर ने कहा कि अगस्त 2019 में हस्ताक्षर किए गए संवैधानिक घोषणा पत्र को इस प्रक्रिया से आगे बढ़ाया जाना चाहिए और सभी हितधारकों को लचीलापन, आपसी विश्वास और समझ दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह सेना और गैर असैन्य नेतृत्व के लिए अहम है कि वह हस्तांतरण प्रक्रिया पर आगे बढ़ने के लिए सहमति वाले समाधान तक पहुंचे। हस्तांतरण प्रक्रिया न्याय और जवाबदेही जैसे मुद्दों से निपटने के लिए जारी रहनी चाहिए। भारत ने जोर देकर कहा, हम सूडान के मौजूदा हस्तांतरण चरण के सफलतापूर्वक संपन्न होने की आशा करते हैं, हमें भरोसा है कि सूडान इन मौजूदा चुनौतियों से निकल जाएगा।

## दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति सऊदी अरब पहुंचे

**रियाद (एपी)।** दक्षिण कोरिया के नेता मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे, जहां रियाद में राजकुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया। यह दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन और उनकी पत्नी द्वारा मध्यपूर्व के दौरे पर दूसरा पड़ाव था। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति का राजकुमार (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान और ऑनर गार्ड मार्चिंग बैंड द्वारा स्वागत किया सभी लोगों ने मास्क लगाया गया हुआ था और राष्ट्रपति मून ने कोरोना वायरस नियमों के तहत राजकुमार से हाथ नहीं मिलाया। मोहम्मद बिन सलमान ने अपने पिता सलमान से सऊदी अरब शासन के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को बड़े पैमाने पर संभाल लिया है। मून संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बाद सऊदी अरब की यात्रा पर आए हैं। उनके मिस्र जाने का भी कार्यक्रम है।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन पर पूर्व सहयोगी ने पार्टी आयोजित करने के मामले में लगाए आरोप

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन मंगलवार को पार्टीगेट मामले में और घिरते नजर आए क्योंकि उनके पूर्व शीर्ष सहयोगी डोमिनिक कमिंग्स ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने लॉकडाउन के दौरान आयोजित एक पार्टी के बारे में संसद में झूठ बोला था। कमिंग्स मई 2020 में एक उद्यान में पार्टी आयोजित किए जाने के समय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में एक प्रमुख अधिकारी थे। जॉनसन ने पिछले हफ्ते हाउस ऑफ कॉमन्स से माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें पूरा विश्वास है कि कामकाज के सिलसिले में इस पार्टी का आयोजन हुआ था। उस समय प्रधानमंत्री के मुख्य रणनीति सलाहकार रहे कमिंग्स ने अपने ऑनलाइन ब्लॉग पर दावा किया कि उनके बॉस को पूरी तरह से पता था कि यह वास्तव में एक पार्टी थी और वह



शपथ लेकर कह सकते हैं कि उन्होंने जॉनसन को इसके खिलाफ आगाह किया था और इसे रद्द कराना चाहते थे। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है कि जॉनसन को कार्यक्रम के बारे में आगाह किया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सरकार के मंत्रियों द्वारा कही गई बात को दोहराया कि इस मुद्दे पर सभी तथ्यों की छानबीन और किसी नतीजे के लिए कैबिनेट कार्यालय की जांच की अनुमति दी जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) पहले कहा था, वह निस्संदेह मानते हैं कि यह कामकाज से जुड़ा कार्यक्रम था। उन्होंने सदन से माफी मांगी है और जांच समाप्त होने के बाद एक और बयान देने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। नवंबर 2020 में पद छोड़ चुके कमिंग्स ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा, प्रधानमंत्री को निमंत्रण के बारे में बताया गया था, उन्हें पता था कि इस पार्टी में शराब की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने संसद से झूठ बोला है। वर्ष 2020 से 2021 के बीच विभिन्न पाबंदियों के बीच डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) और ब्रिटेन सरकार के अन्य कार्यालयों में नियमों का उल्लंघन कर जमावड़ा, पार्टी आयोजित करने के आरोप लगे हैं। डाउनिंग स्ट्रीट में इस कथित पार्टी का आयोजन 20 मई 2020 को हुआ था। नियमों के उल्लंघन को लेकर जॉनसन पर इस्तीफे का दबाव बढ़ता जा रहा है।

# एक समय पर एक कदम

## हरलीन कौर का कहना है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी को कई भाषाओं में कई तरह की परियोजनाओं में देखा गया है और 83 के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई है।




एक उत्साहित किशोरी, जिसने जब वी मेट में करीना कपूर के गीत में तीसरी या चौथी भूमिका निभाई, वामीका गब्बी ने धीरे-धीरे लेकिन लगातार सेलेबडम में अपने पाठ्यक्रम को चार्ट करना शुरू कर दिया है। इसके बाद पंजाबी फिल्मों में काम किया गया और 1984 के दंगों पर बनी वेब सीरीज तू मेरा 22 मैं तेरा 22, इश्क ब्रांडी, निक्का जेलदार, परहुना, दिल दियां गलां और ग्रहण के लिए उन्हें पहचान मिली। अभिनेत्री कई उल्लेखनीय बॉलीवुड फिल्मों और कई अन्य क्षेत्रीय फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।

हाल ही में, गब्बी ने फिल्म 83 में क्रिकेटर मदन लाल की पत्नी की भूमिका निभाई। वह साझा करती हैं, ''मैं इस फिल्म का हिस्सा बनने का मौका पाने के लिए आभारी हूं। आप जानते हैं ऐसे ऐतिहासिक पल पर जब फिल्म बनती है तो एक अलग तरह की खुशी होती है। इसलिए... जब छाबड़ा जी (मुकेश छाबड़ा) के कार्यालय में फोन आया, तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया कि वह हिस्सा कैसा है और यह क्या है... मैं सिर्फ इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और मुझे बहुत खुशी है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया।''

भूमिका निभाने के कारण के बारे में बात करते हुए, वह साझा करती है, ''1983 के विश्व कप पर एक फिल्म मेरे लिए इसका हिस्सा बनने का एक अच्छा कारण था। और फिर, कबीर खान इसे निर्देशित कर रहे थे! मुझे पता था कि मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं और मैं इस तरह के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। दीपिका पादुकोण, जो निर्माता थीं, ने रोमी देव की भूमिका निभाई, जबकि मैं अनु लाल था। दोनों बेस्ट फ्रेंड की तरह थे और उनके साथ कई सीन भी थे। जब यह सब स्पष्ट हो गया, तो मैं ऐसा था, मैं जल्दी से यह कर रही हूं।''

गब्बी ने मुख्य रूप से पंजाबी सिनेमा में काम किया है और अन्य भाषाओं में भी फिल्में की हैं। वह कहती हैं, ''मैंने पंजाबी फिल्मों में काम किया है। और तेलुगु, तमिल के साथ-साथ दो मलयालम फिल्में। इसलिए कोई चुनौती नहीं थी। जब आप अच्छे लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं तो सब कुछ ठीक हो जाता है। चुनौतियां तब आती हैं जब आप मुश्किल लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं और जब आपको लगता है कि यह बहुत मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन यह बहुत सुखद था, आप जानते हैं, माहौल ऐसा था कि इसमें काम करना अच्छा था। इसलिए, मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं 83 का हिस्सा थी।''

इसके अलावा, ग्रहण के बारे में बात करते हुए, जहां गब्बी ने मनु की भूमिका निभाई थी, वह विस्तार से बताती है, ''पहला शो, पहला प्रोजेक्ट जो मैंने महामारी के बाद किया था। हमारी मुलाकात में निर्देशक रंजन चंदेल ने चौरासी/84 पुस्तक के पैराग्राफ पढ़े जो मेरे दिल को छू गए। उन्होंने मनु और ऋषि की प्रेम कहानी पढ़ी, जिससे मेरे रोंगटे खड़े हो गए। सुनते-सुनते मनु बहुत सुंदर लगने लगे और मैं इतना उत्साहित हो गई कि मुझे यह किरदार निभाने को मिलेगा। और रंजन, अंशुमन... हम सभी ने अपने-अपने किरदारों की तैयारी शुरू कर दी और रंजन सर ने हम सबकी मदद की।

पिछले महीने रिलीज हुई एक और पंजाबी फिल्म गलवाकड़ी। उन्होंने कहा, ''हमने लंदन में एक महीने तक शूटिंग की और यह काफी रोमांचक रहा। मेरे सह-कलाकार, तरसेम (जस्सर) जी, बहुत ही शांत और धैर्यवान व्यक्ति हैं, मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया।'' फिल्म में उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उस पर उन्होंने कहा, ''एक दुर्घटना होती है ... मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था, जो मुझे बहुत मुश्किल लग रहा था ... लेकिन मुझे खुशी है कि यह स्क्रीन पर अच्छा लग रहा है।''

गलवाकड़ी के बारे में अपने प्रशंसकों से गब्बी कहती हैं, ''फिल्म सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है या यह सिर्फ दो लोगों के प्यार में पड़ने की बात नहीं है। यह जीवन, इसके तरीके और संतुलन के बारे में बात करता है।''

साथ ही रोल्स चुनने के बारे में बात करते हुए वो कहती हैं, ''कुछ भी जो मेरे दिल को छू जाए. जो कुछ भी मुझे लगता है, कि मुझे उसका हिस्सा होना चाहिए ... ''ये मेरे बेगर नहीं बनना चाहिए, तो उस चीज को मैं हूं कर देता हूं (जहां भी मुझे लगता है कि यह मेरे बिना नहीं बनाया जाना चाहिए, मैं कहता हूं, हां)।''

उनके पसंदीदा अभिनेता इरफान खान हैं। ''दुर्भाग्य से मैं उनके साथ कभी काम नहीं कर पाऊंगा, वह एक सपना था। मैं उन्हें हमेशा याद रखूंगा, एक अभिनेता के रूप में वह मुझे हमेशा प्रेरित करेंगे। जिस तरह का कच्चापन उन्होंने अपने किरदार में लाया, वो बोहोत कम देखने को मिलता है (ऐसा अक्सर नहीं देखा जाता)... वह कच्चापन, सादगी और छोटी-छोटी चीजें जो उन्होंने लाईं। मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना पसंद करूंगा। वह बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं, जो हमारे उद्योग में हैं। मैं हमेशा यह देखने के लिए उत्साहित रहता हूं कि उसे क्या ऑफर करना है, वह किस तरह की फिल्में कर रहा है, वह जो किरदार निभा रहा है और उन किरदारों में वह क्या कर रहा है, इसलिए शायद भविष्य में... अगले पांच-छह वर्षों में ज्उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा।''

अपनी वर्तमान और आगामी परियोजनाओं के बारे में साझा करते हुए, वह कहती हैं, ''माई क्लीन स्लेट फिल्म्ज़ में भी हैं। यह नेटफ्लिक्स के लिए है और इसमें साक्षी तंवर भी हैं। फिर विशाल (भारद्वाज) सर और तब्बू के साथ खुफिया। सबसे अच्छे निर्देशकों में से एक विशाल सर के साथ तब्बू के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।''

# किताब **बैचलर डैड** में मेरे एकल पिता बनने से जुड़े सभी सवालों के जवाब मिलेंगेः तुषार कपूर

**मुंबई।** अभिनेता एवं निर्माता तुषार कपूर का कहना है कि उनकी पहली किताब पिता बनने के उनके सफर को बयां करती है, जिसमें एकल पिता होने के कई पहलुओं को रेखांकित किया गया है।



किताब बैचलर डैड से लेखन जगत में कदम रखने वाले कपूर, जून 2016 में सरोगसी के जरिए एक बेटे के पिता बने थे। उनके बेटे का नाम लक्ष्य है।

फिल्म गोलमाल में हास्य किरदार अदा करने वाले अभिनेता (45) ने कहा कि कई बार उनसे अकेले एक बच्चे का पालन-पोषण करने से जुड़े अपने अनुभव के बारे में लिखने को कहा गया, लेकिन उन्हें यह एक दूर की कौड़ी प्रतीत होता था। पेंगुइन इंडिया ने दो साल पहले जब उनसे सम्पर्क किया था, तो आखिरकार उन्हें लगा कि यह सभी सवालों के जवाब देने का सबसे उचित तरीका है।

तुषार कपूर ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अधिक्तर सवाल किए जाते थे कि मैंने यह रास्ता क्यों चुना? ऐसा कैसे हो सकता है? क्या यह करना सही है? और क्या मैं यह कर सकता हूं? मेरे पिता बनने के बाद इस संबंध में सवाल किए जाते थे कि मैं सारी चीजें कैसे अकेले संभाल पा रहा हूं? लोग इसलिए चकित थे क्योंकि फिल्म जगत में इस तरह एकल पिता बनने वाला मैं पहला शख्स था।

अभिनेता जितेंद्र के बेटे और निर्माता एकता कपूर के भाई तुषार ने कहा, कुछ लोग चिकित्सीय पहलू को लेकर काफी जिज्ञासू थे और ऐसा सोचने लगे थे या तो मैंने बच्चा गोद लिया है या शादी कर ली है। लोगों की अपनी सोच थी।

अभिनेता ने कहा, हालांकि, किसी ने नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। काफी सकारात्मकता थी, सभी काफी मददगार थे, लेकिन सवाल यह था कि मेरा यह सफर कैसा होगा। इसलिए मैंने यह किताब लिखी, ताकि अपने इस सफर को सच्चाई के साथ बयां कर पाऊं.।

उन्होंने कहा कि उनकी इस किताब में ऐसे लगभग सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे, साथ ही एकल माता-पिता होने से जुड़े कई पहलू लोगों के सामने आएंगे।

इस किताब में 224 पृष्ठों में 10 अध्याय हैं, जिसमें तुषार के पिछले एक दशक के जीवन से जुड़ी बातों को क्रमबद्ध तरीके से बयां किया गया है। किताब बैचलर डैड फरवरी के पहले सप्ताह में बाजार में उपलब्ध हो सकती है।



# अच्छा व्यक्ति

## स्क्वीड गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक का कहना है कि वह अभी भी मानवता में विश्वास करते हैं।

**स्क्वीड** गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक ने कहा है कि वह अभी भी एक ऐसी मानवता में विश्वास करते हैं जो लोगों को सामाजिक अस्तित्व के खेल के जीवन और मृत्यु के दबाव में भी एक-दूसरे की मदद करने के लिए विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करती है।

''हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां लोग जीवित रहने के लिए अन्य लोगों पर चलने की हिम्मत करते हैं,'' उन्होंने सियोल स्थित कोरिया इमेज कम्युनिकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा पूर्व-टैप किए गए साक्षात्कार में कहा। ''लेकिन मैं अभी भी मानता हूं कि इस समाज को ऐसा नहीं होना चाहिए जहां हमें दूसरों को मारने और ऊपर जाने के लिए उन्हें ओवरराइड करने की आवश्यकता हो।''

उन्होंने आठवें एपिसोड में सई-बायोक (जंग हो-योन द्वारा निभाया गया चरित्र) के एक उद्धरण का हवाला दिया: ''ऐसा मत करो। वह तुम नहीं हो। आप दिल के अच्छे इंसान हैं।'' शब्द गि-हुन (ली जंग-जेई) को बाधित करते हैं, जो अपने पुराने दोस्त और अंतिम प्रतियोगी सांग-वू को सोते समय चाकू मारने की कोशिश करता है, जो कि भारी कर्ज में डूबे लोगों के बराबर जीतने के लिए घातक प्रतियोगिता के अंतिम दौर से पहले है। पुरस्कार राशि में .38.2 मिलियन।

बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया।

**बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया। पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।**

पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।

नौ-भाग की डायस्टोपियन श्रृंखला को लिखने और निर्देशित करने वाले ह्वांग ने कहा कि दुनिया काफी हद तक बदल गई है क्योंकि उन्होंने लगभग 10 साल पहले स्क्विड गेम बनाने के विचार की कल्पना की थी। स्थानीय निवेशकों और उत्पादकों ने ह्वांग की परियोजना को ठुकरा दिया, क्योंकि स्क्वीड गेम का एक मसौदा लगभग एक दशक से बंद था।

# निर्बलों की सेवा में

## शशि शेट्टी ने महामारी के दौरान समाज के सबसे कमजोर वर्गों की मदद के लिए कदम बढ़ाया, बता रही हैं मिथिला नाइक-सातामो।




**आशा** कार्यकर्ता देश के ग्रामीण हिस्सों में कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में रक्षा की पहली पंक्ति रही हैं, ''महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण के एक सामाजिक कार्यकर्ता शशि शेट्टी कहते हैं। इन वर्षों में, उन्होंने महाराष्ट्र में हाशिए के समुदायों के व्यक्तियों और बच्चों के उत्थान की दिशा में बड़े पैमाने पर काम किया है। महामारी के प्रकोप के बाद से शेट्टी और उनकी टीम कोविड -19 को खत्म करने के लिए अभियान चलाने में आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं का समर्थन कर रही है।''

शेट्टी अपने दिन की शुरुआत कार्यों का जायजा लेने और फोन कॉल पर समन्वय करने से करती है। हाल ही में, उन्होंने और उनकी टीम ने महाराष्ट्र के मुरबाद-मालशेज घाट के सरलगांव में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक अभियान चलाया। ''हमारे समर्थन के प्रतीक के रूप में, हमने इन कठिन समय के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की सेवाओं का सम्मान करने के लिए एक साड़ी और किराना किट वितरण अभियान का आयोजन किया था, ''उसने कहा। गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए, वह आगे कहती हैं, ''वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।''

वितरण अभियान में लगभग 195 आशा कार्यकर्ता भूरे रंग की साड़ी पहने और हाथों में नोटबुक लिए मौजूद थीं। ये महिलाएं हर दिन अपने निर्धारित गांवों में घर-घर जाकर इस बात का प्रचार-प्रसार करती हैं और लक्षणों, ऑक्सीजन के स्तर और तापमान की नियमित जांच करती हैं। इसके अलावा, वे अपने नियमित कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान शामिल हैं। तपेदिक, एचआईवी-एड्स और अब कोविड -19 सहित विभिन्न रोग निगरानी कार्यक्रमों में सबसे आगे रहने के बावजूद, वे अभी भी पूर्णकालिक कर्मचारियों के रूप में पहचाने जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। और इस समय के दौरान, वे कोविड -19 के बारे में जनता के डर के पहले शिकार हुए हैं।

वितरण अभियान के दौरान, शेट्टी ने इन महिलाओं की सेवा की सराहना की, जिससे उनके चेहरे पर तुरंत मुस्कान आ गई। उसने कहा, ''आपको वर्दी दी गई है, आप एक सेना हैं।''

ड्राइव के संचालन के तरीके पर चर्चा करते हुए, शेट्टी कहते हैं, ''हम स्थानीय सरपंच, सीमा और अनिल घरत के साथ मिलकर काम करते हैं। वे हमें सबसे कमजोर लोगों और परिवारों तक पहुंचने में मदद करते हैं। हमने इस कठिन समय में करीब 195 आशा कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है,'' शशि ने बताया।



एक शिक्षाविद् और एक होटल व्यवसायी, शेट्टी को 8 नवंबर को महाराष्ट्र के राज्यपाल, भगत सिंह कोश्यारी द्वारा 'समाज सेवा रत्न गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था, जो भोजन राहत के लिए दूसरी लहर के दौरान किए गए उनके काम के लिए थे। वर्तमान में, वह भारतीय विकास फाउंडेशन (आईडीएफ) का एक हिस्सा है, जो मुंबई में स्थित एक गैर सरकारी संगठन है, जो हाशिए के समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत पर विचार करते हुए, उन्होंने कहा, ''यह आईडीएफ और हमारी परियोजनाओं आशाएं और अन्नदानम के साथ शुरू हुआ जो हमारी सोवो (सामाजिक स्वयंसेवकों) पहल का एक हिस्सा थे। हम छोटे बच्चों के साथ पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए काम करते हैं और इसके अलावा, मनोरंजक और शैक्षिक दोनों तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसने मुझे आदिवासी महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाया।'' वह इन आदिवासी क्षेत्रों में बार-बार आती रही हैं और कमजोर समुदायों के बच्चों और व्यक्तियों तक पहुंच रही हैं।

शेट्टी के लिए, महामारी एक स्पष्ट आह्वान था, ''मैं हमेशा एक सैनिक बनना चाहती थी, लोगों की सेवा करने के लिए बुलाए जाने पर मेरे बुलावे का पता लगाएं और कदम बढ़ाएं। तो यहां मैं थी, कई में से एक - एक पैदल सैनिक - कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में'', उसने व्यक्त किया।

शेट्टी का दृढ़ विश्वास है कि किसी का खिंचाव किसी की जमात को आकर्षित करता है। तभी वह खाना चाहिए फाउंडेशन से जुड़ीं - मुंबई में स्थित एक नागरिक सामूहिक - जिसने पहले लॉकडाउन के दौरान अभूतपूर्व काम किया था और दूसरी लहर के दौरान भी ऐसा करना जारी रखा। ''शुरुआत में, उनके संचालन में कल्याण शामिल नहीं था, लेकिन भूख से लड़ने में मदद करने के लिए एक साझा लक्ष्य के साथ, मेरी टीम - तोरन नागदा, दिनेश ठक्कर और कच्छ युवा संघ - हमने शहर में एक सामुदायिक रसोई की स्थापना की और दूरदराज के अंदरूनी हिस्सों को भी पूरा किया। जहां हमने काम किया और मैप किया था,'' शशि ने साझा किया।

हाल ही में, शेट्टी और उनकी टीम ने ठाणे के मुरबाड में विशेष बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय अवनि मतिमंद मुलांचे निवास विद्यालय में विशेष बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की। और सूची बढ़ती जा रही है।

# पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें

## ●दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला आज

**भाषा**। पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)

**सात** साल में पहली बार सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर भारतीय टीम में खेल रहे विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी, जब केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पहला एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेलने उतरेगी। वह क्रीज पर बल्लेबाजी करें या सीमारेखा के पास क्षेत्ररक्षण, कोहली की हर एक गतिविधि पर प्रशंसकों की नजरें होंगी हालांकि राहुल की कप्तानी को भी कसौटी पर कसा जाएगा।

देखना यह भी होगा कि वह हमेशा की तरह मैदान पर जोश और आक्रामकता से भरे दिखते हैं या टेस्ट कप्तानी के साथ क्रिकेट के हर प्रारूप में कप्तानी छोड़ने के बाद मैदान पर उदासीन नजर आते हैं। टी-20 के बाद वह वनडे कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे और इस मसले पर उनकी बीसीसीआई से ठन भी गई। उनके प्रशंसक और भारतीय क्रिकेट यही दुआ कर रहा होगा कि बीसीसीआई से अपने विवाद को भुलाकर वह अपने कैरियर की नई पारी का आगाज करें जिसमें सिर्फ उनका बल्ला बोलता हो। दो साल बाद उनके बल्ले से शतक सोने पे सुहागा होगा।

चोटिल रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे राहुल श्रृंखला में कोहली से सलाह जरूर लेंगे। कोहली को बतौर बल्लेबाज ही अहम भूमिका नहीं निभानी है बल्कि जैसा कि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह हमेशा टीम के अगुवा रहेंगे। नए कप्तान और सहयोगी स्टाफ के साथ यह श्रृंखला जीतकर भारत 2023 विश्व कप की तैयारी शुरू करना चाहेंगे। इसके साथ ही पिछले सप्ताह टेस्ट श्रृंखला में हार से मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना है। भारत ने आखिरी बार पूरी मजबूत टीम के साथ वनडे श्रृंखला मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। इसके बाद दोयम दर्जे की टीम जुलाई में श्रीलंका गई थी। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी और अब यह देखना है कि क्या वह फिर शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करते हैं। घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बनाने वाले रूतुराज गायकवाड़ को पदार्पण के लिए अभी इंतजार करना होगा। धवन के लिए यह तीनों मैच काफी अहम होंगे क्योंकि टी-20 टीम में अपनी जगह वह पहले ही खो चुके हैं। कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर के बीच में से चयन होगा। ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और वेंकटेश अय्यर छठे नंबर पर उतरकर पदार्पण कर सकते हैं। स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा युजवेंद्र चहल और आर अश्विन पर होगा।

बुमराह और भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे जबकि तीसरे विकल्प के तौर पर दीपक चाहर, शारदुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा में से एक को उतारा जा सकता है। टेस्ट श्रृंखला में चोटिल हुए मोहम्मद सिराज भी फिट हैं। पिछले दौरे पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में 5-1 से हराया था हालांकि टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका के हौसले बुलंद हैं। तेम्बा बावुमा टेस्ट मैचों वाला फॉर्म जारी रखना चाहेंगे जबकि टेस्ट को अलविदा कह चुके क्विंटोन डिकॉक वनडे में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज मार्को जेनसन एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।


अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ियों से बतियाते विराट कोहली

### टीमें

**भारत** : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

**दक्षिण अफ्रीका** : तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटोन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जेनसन, जान्नेमन मलान, सिसांडा मगाला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन्ने।

## लोकेश राहुल ने भी टेस्ट टीम की कप्तानी का दावा ठोका

पार्ल (**दक्षिण अफ्रीका**)। केएल राहुल फिलहाल भारत का पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान बनने के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि यदि उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना जाता है तो वह टीम को आगे ले जाने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे राहुल ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा कि देश की अगुवाई करना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है और यह ऐसा है जिसे वह लंबे समय तक संजोकर रखेगा। मैं भी कोई अपवाद नहीं हूं।

उन्होंने कहा कि यह रोमांचक होगा लेकिन मैं अभी वास्तव में इस बारे में नहीं सोच रहा हूं लेकिन यदि ऐसा होता है तो अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से टीम और भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-2 से गंवाने के बाद विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। कोहली के चोटिल होने पर राहुल ने ही जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच में टीम की कमान संभाली थी। राहुल ने कहा कि जब तक उनके नाम पर चर्चा नहीं होने लगी थी तब तक उन्होंने इस पर खास ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि मैंने तब तक इस पर विचार नहीं किया था जब तक कि मेरे नाम पर चर्चा होने लगी थी। राहुल ने कहा कि मुझे जोहानिसबर्ग में टीम की अगुवाई करने का मौका मिला और वह बेहद खास था। हमें वहां उस तरह के परिणाम की उम्मीद नहीं थी लेकिन सीखने के लिहाज से वह अच्छा अनुभव रहा जिस पर मुझे हमेशा गर्व रहेगा। राहुल से जब कप्तानी में उनके खराब रिकार्ड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले इस पर व्यंग्यात्मक अंदाज में टिप्पणी की। राहुल की कप्तानी में भारत ने एकमात्र टेस्ट गंवाया है जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में उन्होंने जिन 27 मैचों में कप्तानी की उनमें से केवल 12 में उनकी टीम जीती।

## वनडे श्रृंखला में नहीं खेलेंगे तेज गेंदबाज कैसिगो रबाडा



**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी के अगुआ कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत मंगलवार को विश्राम दिया गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से विश्राम दिया गया है क्योंकि पिछले कुछ समय से उन पर काम का बोझ अधिक है और हम उन्हें अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले पूरी तरह तरोताजा चाहते हैं। बोर्ड ने कहा कि रबाडा की जगह किसी को नहीं चुना गया है लेकिन जार्ज लिंडे को अतिरिक्त स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में रखा गया है।

# आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगी भारतीय टीम

अंडर 19 विश्व कप

## ●मुकाबला आज

**भाषा**। तारोबा (त्रिनिदाद और टोबैगा

**शानदार** फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज और कप्तान यश धुल को अपनी टीम से बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीद होगी जब रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी के दूसरे मैच में बुधवार को आयरलैंड से खेलेगी। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराने के बाद भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है और आयरलैंड के खिलाफ उसका पलड़ा भी भारी होगा। भारत और आयरलैंड ने पहले मैच जीते हैं।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को और आयरलैंड ने युगांडा को 39 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका की जूनियर टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी के सूत्रधार धुल अकेले थे चूंकि सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगकृष रघुवंशी जल्दी आउट हो गए थे। धुल ने शेख रशीद (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। निशांत सिंधू (27), राज बावा (13) और कुशाल ताम्बे (35) ने भी उपयोगी योगदान दिए।

धुल को इस मैच में सलामी बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी ताकि मध्यक्रम और निचले क्रम पर दबाव नहीं बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के स्पिनर विकी ओस्तवाल ने 28 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज राज बावा ने 47 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 187 रन पर आउट कर दिया था। जालंधर में जन्मे बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर ने एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक 251 रन बनाए थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी नाबाद शतक जड़ा था लेकिन पहले मैच में वह एक रन पर ही आउट हो गए। महाराष्ट्र के लिए सीनियर क्रिकेट खेलने वाले तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर और तेज गेंदबाज रवि कुमार प्रभावित नहीं कर सके। एक अन्य मैच में कल आस्ट्रेलिया का सामना स्कॉटलैंड से होगा।

**टीमें** : भारत : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एस के रशीद , निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**आयरलैंड** : टिम टेक्टर (कप्तान),डी बुर्के, जोशुआ कॉक्स, जैक डिक्सन, लियाम डोहर्टी, जैमी फोर्ब्स, डेनियल फोरकिन, मैथ्यू एच, फिलीपुस लि रो, स्कॉट मैकबेथ, नाथन मैकायर, मुजम्मिल शरजाद, डेविड विंसेंट, ल्यूक वेलान, रूबेन विल्सन।

## कप्तान वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराया

**बासेटेरे**। कप्तान दुनिथ वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया। वेल्लालागे ने पहले फिरकी का जाल बुलकर 28 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई टीम 175 रन पर आउट हो गई। उनके अलावा ट्राविन मैथ्यू और मतीशा पथिराना ने भी दो दो विकेट लिए। जीत के लिए आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने एक समय चार विकेट 49 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद वेल्लालागे ने 71 गेंद में 52 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने विकेटकीपर अंजाला बंडारा (33) और रानुदा समररत्ने (नाबाद 32) के साथ दो अहम साझेदारियां भी की। श्रीलंका ग्रुप डी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया एक जीत के बाद तीसरे स्थान पर है। एक अन्य मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35.4 ओवर में 95 रन पर समेट दिया। इसके बाद 19.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज शिवशंकर ने तीन विकेट लिए जबकि ओनाजे एमोरी और एंडरसन महासे को दो विकेट मिले। नेट रनरेट बेहतर होने के कारण वेस्टइंडीज ग्रुप डी में दूसरे स्थान परहै। ग्रुप सी में पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे पर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लह खान के शतक की मदद से पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 115 रन से हराया। हसीबुल्लाह ने 155 गेंद में 135 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 73 गेंद में 75 रन बनाकर पाकिस्तान को नौ विकेट पर 315 रन तक पहुंचाया। जिम्बाब्वे के लिए तेज गेंदबाज एलेक्स फेलाओ ने पांच विकेट लिए। जवाब में ब्रायन बेनेट के 83 रन के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम 42.4 ओवर में 200 रन पर आउट हो गई।

## अंपायर इरासमस पूरा करेंगे वनडे मैचों का शतक

पार्ल (**दक्षिण अफ्रीका**)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार को यहां होने वाला पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मारियास इरासमस का अंपायर के रूप में 100वां वनडे होगा और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे दक्षिण अफ्रीकी अंपायर बन जाएंगे। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंपायरों में से एक 57 वर्षीय इरासमस बोलैंड पार्क में मैदान पर उतरते ही रूडी कर्टजन और डेविड ओरचार्ड के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

कर्टजन ने 1992 से लेकर 2010 तक 209 वनडे में अंपायरिंग करके विश्व रिकार्ड बनाया था। उनका यह रिकार्ड हाल में पाकिस्तान के अलीम डार (211 मैच) ने तोड़ा।

## लेवांडोवस्की ने जीता फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**एपी**। ज्यूरिख

*बायर्न* म्युनिख के फॉरवर्ड रॉबर्ट लेवांडोवस्की एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुने गए हैं जिन्होंने लियोनेल मेसी और मोहम्मद सालाह जैसे सितारों को पछाड़ा। पिछले महीने मेसी ने उन्हें पछाड़कर बलोन डी ओर पुरस्कार जीता था। अर्जेंटीना को 2021 कोपा अमेरिका खिताब दिलाने वाले मेसी फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर की दौड़ में दूसरे और लिवरपूल के सालाह तीसरे स्थान पर रहे। क्लब अधिकारियों ने उन्हें आनलाइन ट्रॉफी प्रदान की। लेवांडोवस्की 200 से अधिक देशों के राष्ट्रीय टीम कप्तानों और कोचों के साथ चुनिंदा मीडिया की पहली पसंद थे। मेस्सी को दुनिया भर के प्रशंसकों से पोलैंड के कप्तान से दुगुने से भी ज्यादा वोट मिले। तीनों उम्मीदवारों ने भी अपनी अपनी टीम के कप्तान के तौर पर वोट डाले। लेवांडोवस्की ने मेसी को दूसरे नंबर पर रखा जबकि सालाह ने अपने शीर्ष तीन में दोनों को रख। मेसी ने शीर्ष तीन में नेमार और काइलान एमबाप्पे को रखा जो अब पेरिस सेंट जर्मेन में उनके साथ खेलते हैं। लेवांडोवस्की ने 2020-21 सत्र में बायर्न को खिताब दिलाने के साथ बुंडेस्लिगा में रिकॉर्ड 41 गोल किए।

## टीएनपीएल 2021 में सट्टेबाजी की हुई थी पेशकश: सतीश

**भाषा**। नई दिल्ली

**पूर्व** प्रथम श्रेणी और आईपीएल क्रिकेटर राजागोपाल सतीश को तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान मैच फिक्स करने के लिए कथित तौर पर 40 लाख रुपए की पेशकश की गई थी। सतीश चेपॉक सुपर गिल्लिस टीम का हिस्सा थे। तमिलनाडु का यह पूर्व क्रिकेटर आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुका है। बन्नी आनंद नाम के व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उन्हें यह पेशकश की थी। बीसीसीआई एसीयू के प्रमुख शब्बीर खंडवावाला ने बताया कि उसने हमें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस महीने बताया कि उसे सोशल मीडिया के जरिए रिश्वत देने की पेशकश की गई थी। हमने उसे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने को कहा। उसने ऐसा ही किया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एशेज सीरीज हारने के बाद कप्तान रूट ने सुबह तक बीयर पी थी

## ●वीडियो सामने आने के बाद ईसीबी ने शुरू की जांच

**भाषा**। होबार्ट



**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि उसने एशेज श्रृंखला के बाद टीम होटल में कप्तान जो रूट और अन्य खिलाड़ियों के देर रात तक शराब पीने और शोर मचाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। खिलाड़ियों की इस हरकत को रोकने के लिए पुलिस को होटल आना पड़ा।

खबरों के मुताबिक इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड और नाथन लियोन को भी एक वीडियो में देखा गया जो एशेज श्रृंखला खत्म होने के बाद जश्न मना रहे थे। ईसीबी ने कहा कि सोमवार तड़के इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के सदस्यों ने होबार्ट में होटल के टीम क्षेत्रों में एक पेय (शराब) साझा किया। बयान के मुताबिक होटल प्रबंधन को होटल के एक अतिथि द्वारा शोर मचाने की शिकायत मिली, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया में आम बात है। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने कहा होटल प्रबंधन और तस्मानिया पुलिस ने जब खिलाड़ियों को अपने कमरों में जाने के लिए कहा तो खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के अधिकारियों ने ऐसा ही किया। इंग्लैंड की टीम ने किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त की है। इस वीडियो को कथित तौर पर इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प ने बनाया है।

## वीरेन्द्र सहवाग लीजेंड्स लीग में इंडियन महाराज की अगुवाई करेंगे

**मस्कट**। पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग गुरूवार से शुरू होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टी-20 टूर्नामेंट में भारत के पूर्व क्रिकेटरों की टीम इंडियन महाराज की अगुवाई करेंगे।

कई मौकों पर भारतीय टीम के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स (डेयरडेविल्स) और पंजाब किंग्स की कप्तानी कर चुके सहवाग की टीम में मोहम्मद कैफ उप कप्तान जबकि ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कोच जॉन बुकानन कोच की भूमिका में होंगे। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक एशिया लायन्स टीम की अगुवाई करेंगे। इस टीम में पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाड़ी शामिल हैं। इस टीम में शाहिद अफरीदी, शोएब अख्तर, मोहम्मद हाफिज, उमर गुल, सनथ जयसूर्या, तिलकरत्ने दिलशान, चमिंडा वास और हबीबुल बशर जैसे खिलाड़ी हैं।

# एचएस प्रणय और आकर्षी कश्यप ने अंतिम 16 का टिकट कटाया

सैयद मोदी बैडमिंटन

## ●सौरभ हारे, समीर वर्मा रिटायर्ड हर्ट

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



एचएस प्रणय

**राष्ट्रमंडल** खेल-2018 के मिक्स टीम स्वर्ण पदक विजेता और एशियाड-2018 के पुरुष एकल के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की। वहीं महिला एकल में भारत की शीर्ष वरीय आकर्षी कश्यप ने भी जीत से अंतिम 16 का टिकट हासिल किया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही इस चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार चौथी वरीय समीर वर्मा चोटिल होने के चलते बाहर हो गए। दूसरी ओर उनके भाई सातवीं वरीय सौरभ वर्मा को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रितुपर्णा दास को हमवतन अनुपमा उपाध्याय ने 21-07, 21-10 से मात दी। भारत के शुभांकर डे भी चोट के चलते बाहर हो गए। उनका मैच भारत के कार्तिकेय गुलशन कुमार से था जिसमें शुभांकर 9-2 से पिछड़ रहे थे तभी उन्होंने मैच छोड़ दिया।

पुरुष एकल में सातवीं वरीय भारत के सौरभ वर्मा को अजरबैजान के एडी रेस्की डेचिओ ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 15-21, 21-19, 21-18 से मात दी। स्टार भारतीय शटलर और मोदी बैडमिंटन में 2017 और 2018 के एकल विजेता समीर वर्मा का मुकाबला आयरलैंड के नात नेग्यून से मुकाबला था जिसमें पहले गेम में आयरिश खिलाड़ी 7-2 से आगे थे तभी समीर वर्मा ने इंजरी की शिकायत के चलते मैच छोड़ दिया। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने यूक्रेन के डायनेलो बोस्निवक को 36 मिनट चले मैच में 21-14, 21-18 से हराया। पहले गेम में प्रणय ने तेज शुरुआत की लेकिन उनका प्रतिद्वंद्वी से एक एक अंक के लिए कड़ा संघर्ष हुआ। प्रणय ने हालांकि 11-11 के स्कोर से बराबरी के बाद अंक जुटाते हुए 17-11 का स्कोर बनाया।

इसके बाद यूक्रेनी खिलाड़ी ने एक हासिल किया लेकिन प्रणय ने तेजी से अंक बटोरते हुए यह गेम 21-14 से जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय शुरुआत में पिछड़ गए, लेकिन उन्होंने बैकहैंड शॉट अच्छा खेलते हुए 5-5 के स्कोर से वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी को नेट पर खासा छकाया और 19-18 के स्कोर के बाद गेम प्वाइंट बनाते हुए 21-18 से जीत दर्ज की। इसके साथ खेले गए अन्य मैचों में मिक्स डबल्स में भारत के असिथ सूर्या व प्रांजल ने भारत के ही सिद्धार्थ जाखड़ और मेघा बोरा को 21-14, 22-20 से, भारत के ध्रुव रावत व शिखा गौतम ने भारत के ही राजू मोहम्मद रेहान व जमीलुद्दीन अनीस कोश्वर को 21-13, 21-12 सेए भारत की दक्षा गौतम व कीर्तेश ढींढवाल ने भारत के ही बालकेसरी याद व स्वेतपर्णा पांडा को 21-6, 21-9 से हराया। महिला एकल में भारत की अनुपमा उपाध्याय ने भारत की ही रितुपर्णा दास को 21-7, 21-10 से हराया।

महिला डबल्स में भारत की श्रीवेदा गुरजादा व अमेरिका की ईशिका जायसवाल की जोड़ी ने भारत की ही मेहरीन रिजा व आरती सारा सुनील को 22-20, 21-15 से हराया। पुरुष डबल्स में भारत के ईशान भटनागर व साई प्रणीक ने मलेशिया के आरिफ जुनैदी व मोहम्मद हैकल को 21-18, 21-19, 21-17 से हराया।

# मरे मैराथन मुकाबले में जीते, मेदवेदेव भी अगले दौर में

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस

**एपी**। मेलबर्न

**पांच** साल के इंतजार के बाद पांच सेट तक चले मुकाबले को जीतकर पांच बार के उपविजेता एंडी मरे ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी में को टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड निमंत्रण मिला है।

कूल्हे की सर्जरी के बाद खेल को अलविदा करने का मन बनाने वाले इस खिलाड़ी ने मंगलवार को 21वीं वरीयता प्राप्त निकोलोज बेसिलाशविली को 6-1, 3-6, 6-4, 6-7, 6-4, से हराया। कूल्हे की सर्जरी के कारण 2018 में इस ग्रैंडस्लैम से दूर रहने वाले में इससे पहले 2019 में पांच सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले को हार गए थे। पांच सेट वाले अन्य मैचों में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 0-6, 3-6, 6-3 ,6-4 से हराया तो वही मैक्सिम क्रेसी ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जॉन इस्नर को 7-6, 7-5, 6-7, 6-7, 6-4 से मात दी। खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव ने हेनरी लाकसोनेन को 6-, 6-4, 7-6 से हराया। मेदवेदेव के अलावा एंड्री रुबलेव, यानिक सिनेर, डिएगो श्वार्ट्जमैन, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट और मारिन सिलिच भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूबलेव ने जियांलुका मागेर को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। वहीं 11वीं रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जोओ सोउसा को 6-4, 7-5, 6-1 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज डिएगो श्वात्जमैन ने फिलीप क्राइनोविच को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वहीं महिलाओं में कनाडा की 19 वर्ष की लैला फर्नांडिज को 133वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्डधारक मेडिसन इंग्लिस ने 6-2, 6-4 से हराया। अमेरिकी ओपन उपविजेता रहने के बाद लैला अपना पहला ग्रैंडस्लैम खेल रही थी।


एंडी मरे

तीसरी वरीयता प्राप्त गार्बाइन मुगुरूजा ने 77वीं रैंकिंग वाली क्लारा बुरेल को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस की अनुभवी एलिजे कोर्नेत से होगा जिन्होंने विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-3 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6 - 2, 6 - 3 से हराया। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त 2020 फ्रेंच ओपन चैम्पियन इगा स्वियातेक ने 123वीं रैंकिंग वाली ब्रिटिश क्वालीफायर हैरिएट डार्ट को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। एलिजे मर्तेंस ने वेरा ज्वानारेवा को 6 - 4, 7 - 5 से हराया जबकि पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन सैम स्टोसुर ने रॉबिन एंडरसन को 6-7, 6-3, 6-3 से मात दी। इसके अलावा 2021 फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा और सिमोना हालेप भी आगे बढ़ने में सफल रहे। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा लगातार दूसरे साल रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया से हार गई। उन्हें पहले दौर में 6-2, 6-2 से शिकस्त मिली।


जीत के बाद बाद निक किर्गियोस

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 91
लखनऊ, बुधवार, 19 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें
स्पोर्ट्स-12



# लोगों को एक-एक वोट की ताकत समझाएं भाजपा कार्यकर्ताः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव को लेकर किया आह्वान

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों को उनके एक-एक वोट की ताकत को समझाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसलिए कुछ कर पा रहे हैं क्योंकि लोगों ने उनको वोट दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां अपने संसदीय क्षेत्र के बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नमो ऐप के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान जिले और महानगर के 10,000 कार्यकर्ता उनके साथ डिजिटल माध्यम से हुई चर्चा में शामिल रहे और उन्होंने आठ विधानसभा क्षेत्रों के आठ बूथ अध्यक्षों से बात की।

नमो ऐप से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ऑडियो संवाद में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पुनरुद्धार, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और स्वास्थ्य देखभाल विकास सहित कई विषयों पर चर्चा की। ऐप से मिली जानकारी के मुताबिक एक कार्यकर्ता के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे किसानों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें (कार्यकर्ताओं को) किसानों को रासायन मुक्त उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कई केंद्रीय योजनाओं का भी जिक्र किया जिससे काशी के लोगों को बड़े पैमाने पर फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से नमो ऐप में कमल पुष्प नामक एक खंड में योगदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, नमो ऐप में कमल पुष्प के नाम से जाना जाने वाला एक बहुत ही दिलचस्प सेक्शन है जो आपको प्रेरक पार्टी कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी साझा करने और जानने का



अवसर देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा ध्यान रहना चाहिए कि चुनाव को जीतना एक विषय तो होता ही हैं, संगठन का विस्तार भी होना चाहिए और कार्यकर्ता का विकास भी होना चाहिए। चुनाव हो कुछ भी हो, हमें दो मंत्र याद रखने चाहिए।

चुनाव के समय हमें लोगो को एक एक वोट की ताकत भी समझानी हैं। मैं और (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री) योगी जी इतना कुछ इसलिए ही कर पा रहे हैं क्योंकि उप्र के लोगो ने अपने वोट का आशीर्वाद हमें दिया हैं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के स्पेशल माइक्रो डोनेशन कैंपेन के बारे में भी बात की, और सदस्यों और अन्य लोगों से इसमें योगदान देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, हम हर बूथ के अंदर एक प्रतियोगिता करें। हम देखना चाहते हैं कि कौन सा पोलिंग बूथ कितना दान कर सकता है? हमारा मकसद पैसा इकठ्ठा करना नहीं है। लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय एक-एक वोट की कीमत समझनी है। मोदी ने कहा कि किसानों को समझाएं की भाजपा ने उनके लिए क्या-क्या किया, महिलाओं के लिए क्या किया। मोदी ने कहा, हम जहां तक पहुंचे हैं, वहां पहुंचने में तीन पीढियां खप गईं। नमो ऐप के कमल पुष्प में जनसंघ के नेताओं की बात हमें रखनी चाहिए। मैं चाहूंगा कि हमारे काशी में जनसंघ के जमाने का एक भी व्यक्ति ऐसा ना हो जिस तक हमारी बात न पहुंची हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरी विधानसभा के बूथ अध्यक्ष आशुतोष से पूछा कि चुनावी गर्मी कैसी है। बूथ अध्यक्ष ने इस पर जवाब दिया कि मोदी-योगी की जोड़ी सब पर भारी है। प्रधानमंत्री ने पूछा कि क्या ट्रैफिक जाम होता है अब? इस पर आशुतोष ने जवाब दिया, पहले हमें घंटों का समय लगता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। जाम से अब राहत मिली है।

## भाजपा ने बहेड़ी से छत्रपाल गंगवार भोजीपुरा से बहोरन मौर्य को टिकट दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने बरेली जिले की बहेड़ी से दो बार के विधायक और राजस्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार और इसी जिले की भोजीपुरा से विधायक बहोरन लाल मौर्य को फिर से टिकट दिया है। भाजपा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों नेताओं के नाम पर मुहर लगाई है। इसके साथ ही पार्टी अबतक कुल 109 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। ज्ञात हो कि भाजपा ने इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही कुल 107 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था।



उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों को लेकर नई दिल्ली में भाजपा की बैठक में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# 25 तक हर किसी को लग जाए टीके की पहली डोजः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण और विधानसभा चुनाव को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैक्सीनेशन का काम पूरा करने की अंतिम समयसमा तय कर दी है। उन्होंने अफसरों को दू टूक कहा है कि आगामी 25 जनवरी तक प्रदेश के हर नागरिक को टीके की पहली डोज हरहाल में मिल जानी चाहिए। इसके साथ ही 15 से 18 साल के किशोर वर्ग के वैक्सीनेश का काम अगले तीन दिन यानी कि 22 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने यह भी कहा है कि जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क-संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं।

## यूपी में कोरोना संक्रमण की दर में गिरावट, 14803 नए केस

**लखनऊ।** बीते दो दिनों से यूपी में कोरोना संक्रमण की दर में गिरावट आई है। मंगलवार को प्रदेश में कोरोना के 14803 नए मामले सामने आए हैं। जबकि एक दिन पूर्व सोमवार को 15622 केस व रविवार को 17185 मामले सामने आए थे। कोरोना संक्रमण में गिरावट के साथ मौत के आंकड़ों में तेजी आई है। आज 12 मरीजों के मौत की रिपोर्ट दर्ज हुई है। राजधानी लखनऊ में कोरोना के 2173 केस आये हैं। जबकि एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज गौतमबुद्ध नगर में 1262, गाजियाबाद में 909, मेरठ में 909, वाराणसी में 672 केस सामने आए हैं।

# वित्त मंत्री का संप्रग सरकार पर देवास सौदे में घोटाले का आरोप

● कहा, उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद देवास को विदेशों में संपत्तियां जब्त करने से रोकेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस की अगुआई वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर वर्ष 2005 के देवास-एंट्रिक्स सौदे में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन को सही ठहराने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के आधार पर विदेशों में अपनी परिसंपत्तियों की जब्ती को चुनौती देगी। सीतारमण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के खिलाफ कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली संप्रग सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए



आरक्षित एस-बैंक स्पेक्ट्रम देवास मल्टीमीडिया को देकर देश के लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के 17 जनवरी को आए फैसले के कुछ अंश उद्धृत करते हुए कहा, यह कांग्रेस का कांग्रेस के लिए और कांग्रेस द्वारा किया गया फरेब है। इस फैसले में देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन के आदेश को इस आधार पर बरकरार रखा गया है कि इसे धोखाधड़ी से अंजाम दिया गया था। संप्रग सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। सीतारमण ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी।

### यह था मामला

**संप्रग** सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी धोखाधड़ी में हुई थी।

## अवैध खनन में चन्नी के रिश्तेदार के यहां छापेमारी, छह करोड़ की नकदी मिली

**नई दिल्ली** (भाषा)। **प्रवर्तन** निदेशालय ने गैरकानूनी तरीके से रेत का खनन करने में शामिल कम्पनियों और रेत माफिया के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत पंजाब में कई स्थानों पर मंगलवार को छापेमारी की। ऐसा कहा जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के एक रिश्तेदार के यहां भी छापेमारी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी के अधिकारी चंडीगढ़, मोहाली, पठानकोट तथा लुधियाना में दर्जनों स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। चन्नी के भतीजे से जुड़े परिसर से चार करोड़ रुपए सहित छह करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोहाली, चंडीगढ़, लुधियाना और पठानकोट में 12 स्थानों पर तलाशी अभियान सुबह सशस्त्र सीआरपीएफ की सुरक्षा में शुरू हुआ था और यह अभी भी जारी है। सूत्रों ने बताया कि कुल छह करोड़ रुपए की नकदी में से लगभग चार करोड़ रुपए चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी के लुधियाना परिसर से जब्त किए गए हैं।

# भगवंत मान होंगे पंजाब में आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

**भाषा।** चंडीगढ़



**आम** आदमी पार्टी ने मंगलवार को घोषणा की कि पंजाब विधानसभा चुनाव में भगवंत मान पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। मान ने लोगों को आश्वासन दिया कि आप के सत्ता में आने पर वह जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे और राज्य को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करेंगे। पंजाब की 117 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 10 मार्च को की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मिस्ड कॉल के जरिए चलाए गए जनता चुनेगी अपना सीएम अभियान के परिणाम की घोषणा की।

पार्टी नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के वास्ते चलाए गए इस अभियान के तहत पार्टी को 21.59 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं। केजरीवाल ने मोहाली में पत्रकारों से कहा कि पार्टी को जनता चुनेगी अपना सीएम अभियान के जवाब में 21,59,437 मत मिले।

### मान को चेहरा बना बनाकर आप ने पंजाब में घोषित की अपनी शराब नीतिः भाजपा

**नई दिल्ली( भाषा )।** भाजपा ने संगरूर के सांसद भगवंत मान को आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लिया और कहा कि इस घोषणा के साथ ही राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला जनता अपने मतों से करती है ना कि मिस्ड कॉल्स से। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी।

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल जेजे सिंह भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़( भाषा )।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शेखावत ने भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्वनी शर्मा के साथ मिलकर जनरल सिंह का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व सेना प्रमुख ने साल 2018 में शिरोमणि अकाली दल का दामन छोड़ दिया था। जनरल सिंह 2017 में अकाली दल में शामिल हुए थे। उन्होंने पटियाला से कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्हें अमरिंदर के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## यू-टर्न

## भाकियू का किसी दल या गठबंधन को समर्थन नहींः टिकैत

**भाषा।** मेरठ



**समाजवादी** पार्टी-राष्ट्रीय लोक दल गठबंधन को रविवार को समर्थन का ऐलान करने वाले भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के सुर अब बदल गए हैं और उन्होंने अपने पूर्व के बयान से यू-टर्न लेते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में किसी दल या गठबंधन का यूनियन समर्थन नहीं करेगी। भाषा से मंगलवार को फोन पर बातचीत में टिकैत ने कहा, भाकियू अराजनीतिक संगठन है और संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा है। भाकियू विधानसभा चुनाव से अलग है और किसी दल या गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी। बुढ़ाना विधानसभा सीट से टिकट मिलने की घोषणा होने के बाद रविवार को लोकदल के गठबंधन प्रत्याशी राजपाल बालियान शामली जिले में टिकैत के गांव सिसौली के पहुंचे थे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,754 | ↓ | 554 | |
| निफ्टी | 18,113 | ↓ | 195 | |
| सोना | 47,814 | ↓ | 23 | /10g |
| चांदी | 61,835 | | 00 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष मिश्र उर्फ मोनू की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। आशीष मिश्र गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फटेनी का पुत्र है। मंगलवार को जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ के समक्ष मुल्जिम आशीष की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ के समक्ष आशीष की ओर से यह दलील दी गई कि उसके खिलाफऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे यह साबित होता हो कि उसने मृतकों पर गाड़ी चढाई हो अथवा उसके कहने पर ऐसा किया गया हो। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि आशीष मिश्रा उर्फ मोनू इस मामले में दर्ज एफआईआर में इकलौता नामजद मुल्जिम है।

# एनडीए में महिलाओं की संख्या सीमित करने पर कोर्ट का सरकार से सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह स्पष्ट करे कि आखिर उसके आदेश के बावजूद वर्ष 2022 के लिए भी पिछले साल के बराबर ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला उम्मीदवारों की सीट 19 ही क्यों सीमित की गई। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि वह राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आरआईएमसी) और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) में प्रवेश के लिए आयोजित एनडीए परीक्षा 2021 में महिलाओं सहित कुल उम्मीदवारों की संख्या से जुड़े आंकड़े न्यायालय में पेश किए जाएं।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि सरकार को बताना होगा कि



यूपीएससी की अधिसूचना के मुताबिक आखिर क्यों वर्ष 2022 के लिए महिलाओं की संख्या 19 तय की गई। पीठ ने कहा, यह साल 2021 के आंकड़ों के बराबर हैं। पिछले साल आपने कहा था कि अवसंरचना की कमी की वजह से महिलाओं का कम प्रवेश लिया जा रहा है।

अब आपने फिर साल 2022 के लिए महिलाओं उम्मीदवारों के लिए उतनी ही संख्या का प्रस्ताव किया है। आपने ए आंकड़े क्यों तय किए? आपको यह स्पष्ट करना होगा। 19 सीट हमेशा के लिए नहीं होनी चाहिए। यह केवल एक तदर्थ उपाय है।

# राजपथ पर सिर्फ पांच हजार लोग देख सकेंगे परेड

● गणतंत्र दिवस समारोह पर महामारी के कारण दर्शकों की संख्या घटाई, पिछले साल आए थे 25 हजार लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** महामारी के प्रकोप को देखते इस बार केवल पांच हजार दर्शक ही गणतंत्र दिवस परेड की लुत्फ उठा पाएंगे। हालांकि पिछली बार करीब 25 हजार आम लोग परेड देखने के लिए पहुंचे थे। इस बार परेड में कुछ खास होने जा रहा है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट 26 जनवरी को 5,000 शहीदों के घरों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेड शुरू होने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। वहीं 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित परेड में ऐसे लोगों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने कभी सीधे तौर पर इस समारोह को देखा नहीं है। ऐसे लोगों में गरीब तबके से जुड़े ऑटो वाले, सफाई कर्मचारी और दहाड़ी मजदूर शामिल हैं। जानकारी मिली है कि एनसीसी के कैडेट राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर लिखित नामों वाले शहीदों के परिजनों को प्रधानमंत्री का लिखा पत्र सौंपेंगे। सरकार ने तरफ से बयान आ चुका है कि इस बार गणतंत्र दिवस सप्ताह सुभाष चंद के जन्मदिन यानी 23 जनवरी को शुरू होगा और 30 जनवारी यानि महात्मा गांधी पुण्यतिथि पर समापन होगा। साथ ही प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर आयोजित एक कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार 2018 में स्थापित किया गया था। पुरुस्कार में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के विजेता शामिल है। आजादी महोत्सव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों और को सलाह दी है कि वो अपने पड़ोसी राज्यों की भागेदारी रखे। अतिथि के रूप में शामिल राज्य दूसरे राज्य में अपनी टुकड़ी में भेज सकते है ताकि अन्य राज्यों के सांस्कृतिक मूल्यों से जनता जुड़े सके और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से आपसी समझ और संबंध को बढ़ाया जा सके।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास करते तटरक्षक बल के जवान

# चुनावी व्यस्तता के बावजूद कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हैं योगी

● सीएम की हर दिन के हालत पर है सीधी नजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चुनावी** दौर में, जबकि नेताओं के बीच मतदाता, वोटिंग, जनसभा जैसे विषयों की व्यस्तता होती है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हुए हैं। किस जिले में टीकाकरण की रफ्तार कम है, कहाँ ऑक्सीजन प्लांट के कर्मचारी कोविड पॉजिटिव हो गए, तो निगरानी समितियों ने दिन भर क्या काम किया, सीएम योगी को हर जानकारी है। हर जिले पर उनकी सीधी नजर है।

उन्होंने मतदान से पहले सबको कोविड टीकाकवर दिलाने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि चुनावी समर के बीच कोरोना के खिलाफ लड़ाई कतई कमजोर नहीं होने पाएगी। प्रतिबद्धता का शायद यही भाव है कि कोरोना की अब तक की लड़ाई में यूपी सुरक्षित रहा है और योगी के कोविड प्रबंधन मॉडल की दुनिया कायल हो रही है। विशेषज्ञों की मानें तो इन दिनों कोरोना की तीसरी लहर अपने चरम पर आ रही है। ऐसे मौके पर सीएम योगी खुद ग्राउंड जीरो पर हैं और कोविड प्रबंधन की कमान खुद संभाल रखी है। चुनावी गहमागहमी के बावजूद गोरखपुर हो या गजियाबाद सीएम योगी का जिलों का निरीक्षण जारी है। फ्रंटलाइन कोरोना वॉरियर से बातचीत, इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण, टेलीकन्सल्टेशन सुविधा की पड़ताल, मेडिकल किट वितरण की स्थिति का परीक्षण, होम आइसोलेशन में मरीजों का हाल चाल लेना, उनकी दिनचर्या में शामिल हो चला है। बीते 24 मार्च 2020 से शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जबकि सीएम योगी ने कोविड की समीक्षा न की हो। वह लखनऊ में हों या गोरखपुर में या फिर पार्टी के कामकाज से दिल्ली में, कोरोना प्रबंधन के कार्यों की अपडेट लेते रहते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का एक दल सीधा सीएम के संपर्क में रहता है।

अब जबकि सभी राज्यों में ओमिक्रोन संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं, मंगलवार को उत्तर प्रदेश से एक अच्छी खबर आई। विगत 24 घंटों में 2 लाख 8 हजार 308 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 14,803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। नए केस और डिस्चार्ज होने वालों में इतना अंतर प्रदेश की बेहतर हालात का संकेतक है। यही नहीं, कोरोना के अब तक पिछले रिकॉर्ड को देखें तो बीते साल एक दिन में अधिकतम 38 हजार नए केस दर्ज किए गए थे वहीं इस बार की लहर में अब तक एक दिन में अधिकतम 17 हजार केस आए हैं। ओमिक्रोन की तीव्रता और पॉजिटिविटी दर को देखें तो स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। बीते साल को याद करें जबकि अप्रैल-मई के दौरान एक ऐसा समय भी आया जब यूपी में प्रतिदिन 30,000 से अधिक मामले सामने आए थे। ऐसे में योगी सरकार ने अस्पताल के बिस्तरों और चिकित्सा ऑक्सीजन की बढ़ी माँगों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। राज्य ने तेजी से स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे में वृद्धि की, स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या में वृद्धि की, ऑक्सीजन की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी से काम किया, महत्वपूर्ण दवाओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की, पॉजिटिव मामलों की पहचान करने के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षण किया और राज्यव्यापी लॉकडाउन के बजाय कन्टेनमेंट जोन बनाए। उन्होंने ठीक होने के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना में भी मदद की। स्वास्थ्यकर्मियों को ऑडियो, वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए हैं। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए कैस्केड मॉडल भी बनाए। बेहतर प्रबंधन के लिए जिला स्तर और प्रखंड स्तर के अधिकारी केंद्रीय नीतियों से तालमेल में थे। योगी सरकार ने राज्य में आईसीयू बेड की उपलब्धता में वृद्धि की बल्कि सबसे अधिक वेंटिलेटर भी लगाए। कोविड रोगियों के लिए बेड्स आईसीयू और वेंटिलेटर उपलब्ध कराते हुए राज्य ने गैर.कोविड सेवाओं को बनाए रखना भी सुनिश्चित किया।

## मेरठ मामले में एसआईटी जांच के निर्देश

**लखनऊ।** मेरठ में कल ईएनए से भरे दो ट्रकों के पकड़े जाने के मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। सीएम योगी ने पूरे प्रकरण में एसआईटी गठित कर सघन जांच के निर्देश दिये हैं। सीएम ने कहा है कि चुनाव के दृष्टिगत ऐसी संभावना है इसका इस्तेमाल अवैध शराब बनाने में किया जाना था। यह प्रकरण गम्भीर है। ऐसे में एडीजी मेरठ की अध्यक्षता में एसआईटी गठित कर प्रकरण की गहन जांच कराई जाए।

# गुंडों को टिकट देकर गरीबों के हक पर डकैती डालना चाहती है सपाः बृजलाल




## जनता को डराने के लिए गुंडों, दंगाइयों को दिए सपा ने टिकट, हिस्ट्रीशीटर सदन में जाएंगे तो लूटने का ही काम करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भाजपा सांसद बृजलाल ने मंगलवार को कहा कि गुंडों, दंगाइयों को अपना टिकट देकर समाजवादी पार्टी ने गुण्डाराज और दंगाराज की वापसी कराने का अपना मंसूबा जाहिर कर दिया है। सपा ने प्रदेश की जनता को डरा धमकाकर वोट लेने की नीयत से गुंडों, दंगाइयों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। ये गुंडे, माफिया गरीब कल्याण की योजनाओं में डाका डालने की नीयत से मैदान में उतरे हैं, सपा प्रमुख का इन्हें खुला संरक्षण है। कहा कि अखिलेश यादव ने जिन अब्दुल्ला आजम को अपने बगल बैठाकर सम्मानित किया वे खुद फ्रॉड में अपनी सीट गंवा चुके हैं, वे 43 मुकदमों में बेल पर हैं। उनके पिता प्रदेश के बड़े भूमाफियाओं में से एक हैं, उन्होंने ईमानदारी से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं की नौकरियों पर डाका डाला था। वे खुद जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि सपा ने कैराना से नाहिद हसन, धौलाना से असलम चौधरी, बुलंदशहर से हाजी यूनुस, मेरठ से रफीक अंसारी, लोनी से मदन भैया, साहिबाबाद से अमरपाल, स्याना से दिलनवाज को चुनाव में उतारा है। ये कौन लोग हैं? ये हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर और शातिर अपराधियों की सूची है। ये लोग विधानसभा में जाएंगे तो जनता के लिए क्या काम करेंगे? इसका जवाब अखिलेश यादव को देना चाहिए। सहारनपुर दंगों के आरोपी मास्टरमाइंड मोहर्रम अली पप्पू को पार्टी में शामिल कर वे प्रदेशवासियों को क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि सपा ने गुंडों और माफियाओं को मोदी और योगी सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों पर ब्रेक लगाने के लिए टिकट दिया है। ये गरीबों के मकानों, दुकानों, उनकी जमीनों और बहन-बेटियों पर अत्याचार करने के लिए खुली छूट के साथ सत्ता में वापसी का सपना पाले हुए हैं। इनको समाजवादी पार्टी का खुला संरक्षण है। समाजवादी पार्टी गरीबों को मिल रहे राशन पर डाका डालने के लिए सत्ता में वापसी चाहती है। क्योंकि योगी जी की सरकार में इनकी डकैती पर रोक लगी है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 2012 से 2017 तक हर उस काम में लूट और डाका डाला जो आज मोदी जी और योगी जी गरीबों के कल्याण के लिए कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी गठबंधन के टिकट से आज हर सीट पर गुंडा, दंगाई चुनाव लड़ रहा है या फिर सारे गुंडे पर्दे के पीछे से गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में हैं। ये सभी लोग कानून व्यवस्था के दुश्मन हैं। उन्होंने जनता से भी सवाल किया कि वह अपने दरवाजे पर असीम अरुण को देखना चाहते हैं या नाहिद हसन, हाजी यूनुस, रफीक अंसारी, मोहर्रम अली पप्पू को। आप कतई नहीं चाहेंगे कि दंगाइ, गुंडे आपके दरवाजे पर आएं। कहा कि आपकी सुरक्षा, संरक्षा का जिम्मा ईमानदार सरकार ही दे सकती है जो केवल भाजपा के राज में संभव है। गरीबों का कल्याण कोई कर सकता है तो वह केवल भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार ही कर सकती है। जो केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दमदारी से काम कर रही है।

# आम आदमी पार्टी ने जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

● सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को दिया मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और केन्द्रीय नेतृत्व ने 20 प्रत्याशियों के नामों पर मंगलवार देर शाम मुहर लगा दी। पहली लिस्ट की तरह इन उम्मीदवारों में सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को मौका दिया गया है। पहली लिस्ट की तरह आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट में घोषित उम्मीदवार एलएलबी, एमबीए और पोस्टग्रेजुएट किये हुए हैं। आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट के नामों की घोषणा होने के बाद पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने घोषित प्रत्याशियों से अपील की कि वो आम आदमी पार्टी के मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक पहुंचाएं। उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई राजनीति चाहने वाली आम आदमी पार्टी ने चुनावी मैदान में दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवार और घोषित कर दिए है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार वीरपाल सिंह को हापुड़ से, जीवन लाल जाटव को मथुरा के बलदेव विधानसभा से आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी और मेरठ के हस्तिनापुर से अनमोल पर दांव लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ गंदगी की राजनीति पर झाड़ू लगाएं। नौजवानों को नौकरी देने और रोजगार भत्ते, महिलाओं को भत्ता, फ्री बिजली जैसी केजरीवाल गारंटी की जानकारी दें और एक एक घर में सम्पर्क करें।

# बसपा को दस छोटे दलों ने दिया समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बहुमत में लाने के उद्देश्य से मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती की नीतियों से प्रेरित होकर पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए दस छोटे दलों ने समर्थन दिया है। राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के कार्यालय पर इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए अपना समर्थन दिया। इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कहा कि प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा और सपा से प्रताड़ित हो चुकी है। एक पार्टी है जो गुंडों का समर्थन करती है और दूसरी पार्टी गुंडों को संरक्षण देती है। विकास इन दोनों पार्टियों के शब्दकोष में नही है। बसपा को समर्थन देने वाले छोटे दलों में इंडिया जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश पांडेय, पच्चासी परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश बागी, विश्व शांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद सोनकर, संयुक्त जनादेश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव, आदर्श संग्राम पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती, अखंड विकास भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव, सर्वजन आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल राजेन्द्र यादव, आधी आबादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुणा सिंह, जागरूक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथलेश चौब, सर्वजन सेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल पाशा इस मौके पर उपस्थित रहे।

## विज्ञापन के बजाय भाजपा गरीब जनता पर खर्च करती तो बेरोजगारी नहीं होतीः मिश्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा द्वारा जारी विज्ञापनों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विज्ञापन के बजाए, भाजपा गरीब जनता के लिए खर्च करती तो आज बेरोजगारी नहीं होती। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्होंने लिखा है कि ये है 300 करोड़ रुपये, जिसे जनता की भलाई के बजाय भाजपा सरकार हर महीने अपनी पार्टी के प्रचार में खर्च करती रही है। अगर इस बड़ी रकम का उपयोग यूपी की जनता के लिए किया जाता तो, प्रदेश में इतनी भुखमरी व बेरोजगारी न होती। उन्होंने बेसिक शिक्षा स्कूलों के बच्चों को बंटने वाले स्वेटर में हुए भ्रष्टाचार और शिक्षा मित्रों को न्याय न मिलने को लेकर भी सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा पर जमकर हमला किया है।

## रालोद ने सिवालखास और मेरठ कैंट की सीट पर उतारे प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन के तहत मंगलवार को मेरठ की सिवालखास और कैंट की सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। सिवालखास सीट से पूर्व में सपा से विधायक रहे गुलाम मोहम्मद को और कैंट से पूर्व विधायक चन्द्रवीर सिंह की पुत्री मनीषा अहलावत को रालोद ने मैदान में उतारा है। गुलाम मोहम्मद पार्टी की स्थापना के समय से सपाई हैं। कुछ समय तक बसपा में भी रहे मगर फिर सपा में आ गए। वह सपा के महानगर अध्यक्ष भी रहे हैं। कैंट से सपा से चुनाव लड़ चुके।

# महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती हैः प्रियंका

## कांग्रेस महासचिव ने वर्चुअल संवाद कर साधा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने फेसबुक से लाइव संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ महिलाओं की ऊर्जा को नियंत्रित करने की बात करते हैं। यह भाजपा, योगी आदित्यनाथ और उनकी पार्टी के नेताओं की महिलाओं के प्रति विचारधारा को स्पष्ट करता है। मैं इससे सहमत नहीं हूं, महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती है, महिलाओं की ऊर्जा, उनकी करुणा, प्रेम, विवेक, दृढ़ता उनके विशेष गुण हैं।

कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपनी बहनों को कहना चाहती हूं कि जहां जहां महिला प्रत्याशी हैं, वहां वहां आप उन्हें सपोर्ट कीजिए। उनका



संघर्ष आपका भी संघर्ष है। जो आज यहां तक पहुंची हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है। कानून व्यवस्था पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा हमारी कई प्रत्याशियों पर पुलिस ने और सरकार ने अत्याचार किया। हमने फैसला किया है कि हम उनके हाथ से सत्ता छीनेंगे और उनको टेंगे जिन पर आपने अत्याचार किया है।

हस्तिनापुर सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार अर्चना गौतम पर कीचड़ उछालने वाले मामले में प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा, हस्तिनापुर में जो चुनाव लड़ रही हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है और इस जगह पहुंची हैं। उनपर कीचड़ उछाला जा रहा है, मीडिया जिस तरह सवाल कर रहा है, मैं कहना चाहती हूं कि आप नरेंद्र मोदी या किसी पुरुष से ऐसा सवाल क्यों नहीं पूछते, मैं ऐसी राजनीति चाहती हूं जिसमें सकारात्मक बातें हों, जिसमें विकास की बातें हों, जिसमें आपकी बातें हों। हो सकता है कि विपक्षी ये समझें कि हमारे प्रत्याशी कमजोर हैं लेकिन हमने उनको टिकट इसलिए दिया है ताकि जो लोग अपने जीवन में पीड़ित हैं और संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें मजबूत किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि आपके लिए काम करना हमारी ड्यूटी, हमारा धर्म है। हम काम करने के बदले एहसान नहीं जताते। कांग्रेस के समय वैक्सीन निर्माण शुरू हुआ था, हमारा नजरिया था कि यह देश की जरूरत है। हमने एहसान नहीं जताया। चुनाव के पहले शिलान्यास हो रहे हैं, लेकिन वे ये नहीं बताते कि पिछले पांच साल में क्या हुआ।

# लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही सरकारः सुप्रिया श्रीनेत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पेंशन बहाली में सरकार के ढीले रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संयुक्त कर्मचारी संगठन के 150 अलग अलग धड़े करीब 20 लाख पूर्व और वर्तमान सरकारी कर्मचारी पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इनका ये आंदोलन 17 साल से चल रहा है। भाजपा सरकार ने राज्य कर्मियों की मांगों को नजरअंदाज किया और लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 13 लाख कर्मचारी पेंशन बहाली की राह देख रहे हैं, लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी भाजपा सरकार ने उनकी सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में विभिन्न पदों पर बैठे अधिकारियों, कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। जनता के लिए हितकारी कामों को वह जनता तक पहुंचाते हैं। नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन ही सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों की जिंदगी का आर्थिक सहारा होती है। आज कर्मचारियों के तमाम संगठनों के लोग धरने, आंदोलन पर बैठे हैं। पूरे जीवन सरकार, आमजन की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्ति पर कार्मिक को पेंशन विहीन करना गलत है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माना है कि एक दैनिक वेतन भोगी जो नई पेंशन योजना के बाद (2005 के बाद) नियमित हुआ है, उसे अपनी पिछली सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन पाने का हक़ है। बीते कुछ वर्षों से कर्मचारी संगठन लगातार राज्य और केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते रहे हैं। लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को न सिर्फनजरअंदाज किया है बल्कि उनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# सपा का आज से 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान शुरू

## अब्दुल्लाह आजम पर भाजपा व कांग्रेस ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाएः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि 19 जनवरी से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अभियान का फॉर्म भराएंगे। यह अभियान डिजिटल प्लेटफार्म पर भी चलेगा। अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह घोषणा की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के पुत्र अब्दुल्लाह आजम भी मौजूद थे।

सपा मुखिया अखिलेश ने अपील की कि जिन लोगों के पास बिजली का कनेक्शन है, वह उसी नाम से फॉर्म भरें, जिस नाम से बिजली कनेक्शन है। जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं है वह राशन कार्ड या आधार कार्ड में उल्लेखित नाम लिखाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता को ठगा है। बिजली का बिल बढ़ा-चढ़ाकर भेजा जा रहा है। आम जनता बहुत परेशान हैं। कई लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। समाजवादी पार्टी ने जनता को राहत देने के लिए 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की पहले ही घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हमें अपना बात जनता के बीच रखनी है। अब रैली सभा तो होनी नहीं है। चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हमारे कार्यकर्ता और प्रत्याशी जनता के बीच इस अभियान में जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली कनेक्शन है। कुछ महीनों से बिजली के बिल नहीं आने की खबरें हैं। कहीं बढ़े हुए हजारों के बिल आ रहे हैं। इस बार जनता का ऐसा करंट लगेगा कि भाजपाइयों की जमानतें जब्त हो जाएगी। खराब मीटर की जगह गुणवत्ता वाले मीटर लगना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे भाजपा नेताओं के ऊपर हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के ऊपर गंभीर धाराएं हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट क्यों दिया और मुख्यमंत्री क्यों बनाया, अगर गंभीर मुकदमों की बात हो तो भाजपा कभी चुनाव नहीं लड़ पाएगी। अब्दुल्लाह आजम पर लगे मुकदमों को लेकर श्री यादव ने कहा कि इनके खिलाफ भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाए।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अन्नदाता को आतंकवादी कहते हैं तो किसानों द्वारा पैदा किया गया अनाज क्यों खाते हैं। आज किसानों के धान की लूट हो रही है, अभी गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। आज कमाई आधी हो गई है, महंगाई दोगुनी हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ राष्ट्रीय लोक दल, ओमप्रकाश राजभर, कृष्णा पटेल, महान दल, संजय चौहान की पार्टी का गठबंधन है। भाजपा डरी हुई है। अब तो हमारे साथ स्वामी प्रसाद मौर्य समेत और भी कई बड़े नेता आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ जनता भाजपा से बहुत नाराज हैं। भाजपा हार के डर से बौखलाई हुई है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और सहयोगी दलों पर झूठे मुकदमे लगाकर परेशान कर रही है। प्रदेश का किसान, नौजवान, बेरोजगार, भाजपा के इस अन्याय अत्याचार का जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सबको न्याय और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी पार्टी समाजवादी सिद्धांत लागू करना चाहती है जिसमें सबको रोटी, कपड़ा और मकान मिले। पिछली बार सपा सरकार के दौरान हमने मेट्रो चलाई और ऐसी संस्थानों का विकास किया जिसके जरिए नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला। आम जनता का फायदा हुआ। हम बीपीएड टीईटी, शिक्षामित्र समेत तमाम उन संगठनों के साथ हैं, जो नौकरी और रोजगार के लिए लगातार अपनी मांग कर रहे हैं। हम उनके ज्ञापन और मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं विजय कुमार पुत्र मोती लाल उम्र 61 वर्ष निवासी ए-10 श्री राम चन्द्र मिशन कैम्पस आई आई एम रोड लखनऊ, मेरे पुत्र का नाम कुछ दस्तावेज में अविनाश सचान अंकित है वह कुछ दस्तावेजों में अविनाश अंकित हो गया है, अर्थात दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है व अविनाश सचान ही मान्य किया जाए।

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री सिमरन आयु 22 वर्ष को उसके बुरे व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरो. कार नहीं होगा। रामकुमार पुत्र श्री सुखराम निवासी 68/445 नहर किनारा, कल्याण मण्डप के पास छितवापुर पजावा, लखनऊ।

**सूचना**

मैं, मोहम्मद अंसार पी. निवासी गाँव वेंगारा, पो0-एआर नगर जिला मालापुरम केरल-676305 घोषित करता हूँ कि मेरे सेवा पुस्तिका में मेरी माता का नाम गलत तरीके से फातिमा ईव दर्ज हो गया है जिसे अब मेरे द्वारा इसे सभी उद्देश्य के लिए पथुम्मू में बदल दिया गया है जो भविष्य में जाना जाए।

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 सीतापुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाहिनी परिसर में लगे आम/कटहल के वृक्षों में आने वाले फलों की, दिनांक 22.01.2022 को समय 12.00 बजे वाहिनी प्रांगण में सार्वजनिक नीलामी 01 सीजन हेतु कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार रू0 25000.00 धरोहर धनराशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति के पक्ष में नीलामी दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को नीलामी बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

पत्रांक : – नं–13/2021
दिनॉक–जनवरी, 18/2022

सेनानायक
द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 सीतापुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर में वर्ष 2021–22 में मानक मद–29 अनुरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित विशेष मरम्मत कार्यो को कराये जाने हेतु निम्न शर्तो के अधीन निविदा दिनॉक 28.01.2022 को आमंत्रित की जाती है। जो तद् दिनॉक को ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये राजपत्रित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण |
| --- | --- |
| 1. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 12 में आवास संख्या 112/113 का 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |
| 2. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 12 में आवास संख्या 116/117 के सामने का लगभग 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |
| 3. | वाहिनी आवासीय परिसर स्थित ब्लाक संख्या 14 में आवास संख्या 143 के पीछे का लगभग 40 फिट जर्जर छज्जा हटाकर लोहे की ग्रिल लगाया जाना। |

इच्छुक ठेकेदार निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा की शर्ते व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है। तदानुसार सूचित किया जाता है।

पत्रांक : म–21/2021
दिनॉक–जनवरी, 18/2022

सेनानायक
द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# चंदौली में सड़क हादसे में मौत के बाद बवाल

**●कोतवाल समेत कई पुलिसकर्मी घायल सीओ की गाड़ी क्षतिग्रस्त**





**संवाददाता।** पड़ाव,चन्दौली

**सड़क हादसे** से हुई मौत के बाद चक्का जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव का मामला सामने आया है । इस घटना में मुगलसराय कोतवाल बृजेश तिवारी का सिर फट गयाए जबकि सीओ सदर के वाहन पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैण् हालांकि बाद में लोगों के समझाने–बुझाने पर मामला शांत हुआ । फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी है । हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस का मिस मैनेजमेंट बताया जा रहा है । मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र कटेसर का है । मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक के धक्के से जोखन गुप्ता–38 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अन्य घायल हो गया । मौत की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गयाण् मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने शव को एनएच 7 पर रख कर जाम कर दिया और जिले के आलाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे ।
वहीं सड़क दुर्घटना में मौत के बाद चक्का जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास कियाए लेकिन ग्रामीण नहीं माने । इसके बाद सीओ सदर अनिल राय समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने का प्रयास कियाए लेकिन लोग मुआवजे की मांग को लेकर डटे रहे । इसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक शव को कब्जे लेने का प्रयास करने लगी जिससे वहां अफरा–तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया । पुलिस के बल प्रयोग से भीड़ आक्रोशित हो गई और पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए । मुगलसराय कोतवाल का सिर फट गया और खून बहने लगा इसके अलावा लोगों ने सीओ की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया । इस तनावपूर्ण माहौल के बीच इलाके के संभ्रांत लोगों ने बीच–बचाव कर मामले को शांत कराया । इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । इस बाबत एसडीएम मुगलसराय ने बताया कि सड़क हादसे में मौत के बाद लोगों ने चक्का जाम कर दिया था पुलिस भी मौके पर पहुंची थी इस बीच ग्रामीणों व पुलिस के बीच नोकझोक हुई लेकिन स्थानीय संभ्रांत लोगों और प्रशासन ने मामले को हैंडल कर लिया । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जल्द से जल्द पीड़ित परिजनों को आपदा की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी । इस बाबत एसपी चन्दौली अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सड़क हादसे में मौत के बाद चक्काजाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के अलावा एसडीएम व सीओ मौके पर पहुँचे थे । बातचीत के दौरान कुछ अवांछनीय तत्वों ने पथराव कर दियाण् जिसमें कोतवाल को चोट आई है जबकि सीओ की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## 15 दिन में 42 फीसदी किशोरों ने लगवाया कोविड का टीका

**मीरजापुर।** यूपी में मात्र 15 दिन में औसतन 41.95 प्रतिशत युवाओं ने कोविड टीका लगवा लिया है। हालांकि कई जिलों यह ग्राफ 70 प्रतिशत के करीब भी पहुंच गया है। प्रदेश में 15 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए तीन जनवरी से कोविड टीकाकरण शुरू हुआ था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव सिंघल ने बताया कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे दुनिया में कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार तक के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 94.54 प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली डोज लगवा ली हैए जबकि 60 प्रतिशत से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। वहीं 15.17 आयु वर्ग के लगभग 42 प्रतिशत किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 35 प्रतिशत पात्र लोगों को प्री.कॉशन डोज भी मिल चुकी है।

## क्विक न्यूज

## नपाध्यक्ष जायसवाल ने मण्डल के कई गांवों में की गई बैठक

**किया दावा–फिर से खिलेगा उप्र में कमल और प्रचण्ड बहुमत के साथ से बनेगी योगी सरकार**

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल मंगलवार की दोपहर कोन ब्लॉक पहुँचे।जहां नपाध्यक्ष ने विभिन्न गांवो में विभिन्न जातियो के लोगो के साथ बैठककर मोदी–योगी की सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। नपाध्यक्ष ने कोन ब्लॉक के दलापट्टी में पासी समाज, डिंगुरपट्टी में सोनकर समाज, चन्देलडडिया में बिंद समाज, पुरजागिर में मौर्या समाज एवं चेकसारी गांव में ब्राह्मण समाज के साथ बैठककर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। नपाध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार सबका साथ.सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुये उत्तर प्रदेश में सभी धर्म वर्ग के लोगो तक बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पहुँचाया है। बता दे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुये नपाध्यक्ष जोरो–शोरो के साथ गांवो और नगर के वार्डो का दौरा कर उत्तर–प्रदेश में किये गये विकास कार्यो और जनहित योजनाओं की जानकारी दे रहे है।जहां कुछ दिनों पहले ही विधानसभा के बूथों पर घर.घर जाकर योजनाओं से लाभान्वित हुये लाभर्थियों से वृहद जन सम्पर्क कर योगी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी भी सांझा की थी।कोन ब्लॉक में नपाध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ने अपने सफल कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य किये है।मोदी.योगी की डबल इंजन सरकार के कारण समाज के हर वर्ग तक बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पहुँचा है।योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर–प्रदेश में सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास गरीबों को दिया गया है।देश मे सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास मिर्जापुर के लाभार्थियों को ही मिला है। देश भर में सबसे ज्यादा शौचालय भी उत्तर.प्रदेश में बनाया गया।देश भर मे सबसे ज्यादा वेक्सीनेशन कर उत्तर प्रदेश अभी तक देश मे पहले पायदान पर है। कोरोना काल से लेकर अभी तक योगी सरकार द्वारा कार्डधारकों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।

## कोविड के दूसरे डोज के बाद ही मिलेगी पूरी सुरक्षाः आर एस ठाकुर



**सोनभद्र।** जनपद मे कोविड टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन नये नये प्रयास कर रहा है। कोविड का प्रथम डोज लगवाने में जनपद वासियों ने काफी रुचि दिखाई है। लेकिन सेकंड डोज के लिए बड़ी संख्या में लोग नियति तिथि निकल जाने के बाद भी टीका नहीं लगवाए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने जनपद वासियों से अपील किया है कि कोरोना से बचना है तो सिर्फएक डोज से काम नहीं चलेगा। नियत तिथि पर दूसरा डोज अवश्य लगवाएं तभी कोरोना से पूरी तरह सुरक्षित हो पाएंगे।

**प्रथम व द्वितीय डोज में साढ़े पांच लाख का अंतर**

जनपद में प्रथम व द्वितीय डोज के बीच का अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। 16 जनवरी तक यह अंतर पांच लाख 68 हजार 515 हो गया। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर के सभी वर्ग के 13 लाख 63 हजार 417 लोगों को कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज लग चुकी है। इसके सापेक्ष अभी तक 18 वर्ष से ऊपर के सभी वर्ग के सात लाख 94 हजार 902 लोगों ने ही दूसरी डोज लगवाई है। 15 से 17 आयु के 53 हजार किशोरों को अब तक पहली डोज लगाई गई है।

**चोपन ब्लाक में दूसरे डोज का प्रतिशत सबसे कम**

जनपद में प्रथम व द्वितीय डोज की तुलना किया जाए तो चोपन ब्लाक सबसे पीछे चल रहा है। चोपन ब्लाक में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम डोज 97.81 प्रतिशत लोगों ने लगवाया है, जबकि द्वितीय डोज महज 39.69 फीसद लोगों ने टीका लगाया है। इसी तरह राबर्ट्सगंज में प्रथम डोज 97 फीसद व द्वितीय डोज 68.22 प्रतिशत है। घोरावल ब्लाक में 96.49 व द्वितीय 72.67 फीसद लोगों ने वैक्सीन ली है। चतरा में प्रथम 99 व द्वितीय 67.78 फीसद। दुद्धी में प्रथम 95.86 व द्वितीय 51.91 फीसद। म्योरपुर में प्रथम 94.09 व द्वितीय 53.60 फीसद व बभनी ब्लाक में प्रथम डोज 96.51 व द्वितीय डोज 70.44 फीसद लोगों ने द्वितीय डोज लगवाया है।

## एक बाबू के सहारे चल रही हैं सोनभद्र की तीन नगर पंचायतें

**सोनभद्र।** भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश की सरकार एक तरफ जहां जीरो टॉलरेंस की बात कर रही है वही नगर पंचायत के एक लिपिक को तीन तीन नगर पंचायतों का कार्य सौंप कर कार्य लिये जाने के साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं नजदीक की नगर पंचायत पिपरी व रेनुकूट के अधिशासी अधिकारी को चार्ज न देकर अनपरा से काफी दूरी पर स्थित नगर पंचायत दुद्धी के अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत अनपरा की जिम्मेदारी दे दी गई है। एक बाबू को तीन नगर पंचायतों का कार्य सौंप दिया गया है जबकि अनपरा नगर पंचायत में लिपिक की तैनाती होने के बाद उससे काम नहीं लिया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सिंह चंदेल ने बताया कि अनपरा नगर पंचायत ,रेणुकूट व पिपरी नगर पंचायत में कार्य करने के लिए एक बाबू को जिम्मेदारी दे दी गई है जबकि उक्त लिपिक अपने क्रियाकलापों को लेकर चर्चा मे रहा है। इसके बाद भी एक ही बाबू को तीन तीन नगर पंचायतों की जिम्मेदारी कैसे दे दी गई यह एक सवालिया निशान है। नगर पंचायत पिपरी, रेणुकूट के अधिशासी अधिकारी को चार्ज न देकर दुद्धी के अधिशासी अधिकारी को अनपरा नगर पंचायत की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि प्रावधान है कि नजदीक की नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को चार्ज देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सिंह चंदेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि नई बनी नगर पंचायत अनपरा में नगर पंचायत के अध्यक्ष व सभासदों का चुनाव नहीं हुआ है विकास के नाम पर शासन से बडे पैमाने पर धन भी आ रहा है।

## बड़े स्तर की समाज सेवा के लिए राजनीति में होना आवश्यक है : प्रियंका पांडेय

**विंध्याचल, मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी के धाम में भाजपा नेत्री प्रियंका पांडे मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के उपरांत प्रेस वार्ता कर सबसे पहले मिर्जापुर जनता को अंग्रेजी नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिर्ज़ापुर नगर विधानसभा से आवेदन किया है और हमारी मुख्य मुद्दा शिक्षा और विकास रहेगाए समाज सेवा के साथ राजनीति में आने के लिए उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से लोगों के बीच में गए तो मुझे लगा कि बड़े स्तर की सेवा के लिए राजनीति में आना जरूरी समझा मैं इस क्षेत्र की बहू हूं और मैं महिलाओं और पुरुषों तथा पीड़ितों की आवाज बनना चाहती हूं और यह कार्य सिर्फ समाज सेवा से ही नहीं संभव था जिसके लिए राजनीति में आना जरूरी समझा हमारी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी से बहुत ही अधिक मिल रहा था जिसकी वजह से मैंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई। समाज सेवा के लिए राजनीति में हूं ना जरूरी नहीं है लेकिन बड़े स्तर की सेवा के लिए राजनीति में होना जरूरी है। मिर्जापुर में शिक्षा का स्तर बहुत निचले स्तर पर है मैंने खुद कई जगह जाकर देखी हूं और बच्चों की शिक्षा स्तर में सुधार की जरूरत है। मिर्जापुर में अलग.अलग क्षेत्र में अलग.अलग की जरूरतें हैं जिन्हें मैं नजदीक से देखी हूं। मैंने नगर विधानसभा से आवेदन की हूं और प्रयास करना हमारे हाथ में हैं परिणाम देना माता के हाथ में है यदि पार्टी मुझे अवसर देती है तो मैं निश्चित ही यहां की जनता के लिए हर मुद्दे पर कार्य करूंगी पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर प्रामकृष्ण भारद्वाजष् द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर के सभागार कक्ष मे अपराध समीक्षा एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन.2022 के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक मीरजापुर व समस्त राजपत्रित अधिकारी के साथ की गई।
बैठक में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश ।

## 25 को मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार लक्षकार ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुये कहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुालन में प्रत्येक वर्ष भाति इस वर्ष भी 25 जनवरी 2022 को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत जनपद में भी''चुनाव को समावेशी सुगम एवं सहभगी बनाना'' विषय पर विभिन्न गतिविधयों तथा निबन्ध, वाद विवाद प्रतियोगिता, मॉक पोल, ड्राइंग और क्वीज प्रतियोगिता आदि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन आयोजित किये जाये। स्कूल व शैक्षिण संस्थाओं आनलाइन प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने के साथ ही समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कार्यालयों में 25 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे अथवा सुविधानुसार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों/अधिकारियों को कोविड गाइडलाइन/प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित कराने तथा उक्त आयोजित कार्यक्रम/शपथ ग्रहण समारोह के फोटोग्राफ् है शटै 2022 का प्रयोग करते हुये सोशल मीडिया अथवा बेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

## रोडवेज बस टेम्पू की टक्कर में एक की मौत,एक घायल

**चहनिया,चन्दौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के कारण रोडवेज बस व टेम्पू की आमने सामने टक्कर में सढान निवासी 56 वर्षीय मुमताज अहमद की मौत हो गयी । वही टेम्पू ड्राइवर 32 वर्षीय रामकृत यादव बुरी तरह घायल हो गया । घायल ड्राइवर का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है । बस व चालक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है । मृतक को मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया । सढान गांव निवासी मुमताज अहमद चार पांच दिन पूर्व कलकत्ता अपने लकवा की दवा लेने गये थे। मंगलवार को पीडीयू नगर ट्रेन से उतरने के बाद चहनियां आये । चहनियां से रिजर्व में हसनपुर के रहने वाले रामकृत यादव से टेम्पू कर अपने घर के लिए अकेले रवाना हुए । हसनपुर स्थित गांव में घने कोहरे के कारण रामगढ़ से सवारी लेकर आ रही रोडवेज बस व टेम्पू में आमने सामने टक्कर हो गयी । जिससे टेम्पू के परखच्चे उड़ गये । टेम्पू में सवार मुमताज अहमद की मौत हो गयी । टेम्पू चालक रामकृत बुरी तरह से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से मुमताज को चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये जहाँ डॉक्टरों ने जबाब दे दिया । परिजनों को इत्मीनान न होने पर वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर ले गये जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया व रामकृत को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया । जहां अभी भी हालत गम्भीर बनी हुई है ।

## समरसेबुल व पाइप चुराया

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा डोडहर में निर्माणाधीन एक मकान के बाहर लगे समरसेबल पम्प व पाइप को बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चुरा लिया।

## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सम्पन्न हुई परीक्षा

**बीजपुर/सोनभद्र।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी कैंपस शक्तिनगर में मंगलवार को प्रारंभ हुई बैक इंप्रूवमेंट की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न की गई। प्रातः की पाली में कुल 10 परीक्षार्थियों में से 9 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। तथा शाम की पाली कुल 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दिनांक 19 जनवरी 2022 को प्रातः की पाली में कुल 47 परीक्षार्थियों की संख्या है, जिसमें बी ए. थर्ड ईयर, समाजशास्त्र ,बीकॉम थर्ड ईयर एवं बी ए. सेकंड ईयर के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में बी ए. थर्ड ईयर, समाजशास्त्र बी ए थर्ड ईयर, अंग्रेजी तथा बीकॉम सेकंड ईयर के कुल 21 परीक्षार्थियों की संख्या है।

# मोदी ने अब काशी के कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

**●चुनाव की घोषणा के बाद पहली बार वर्चुअली दस हजार कार्यकर्ताओं से जुड़े पीएम**

**●आप जइसन बहिनन क ताकत ही हमार ताकत ह, देश के ताकत ह-प्रधानमंत्री मोदी**

**● देश के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है**

**● करीब 45 मिनट के इस कार्यक्रम में उन्होंने आठ लोगों से संवाद भी किया**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद मंगलवार को पहली बार किसी राजनीतिक कार्यक्रम में अपनी वर्चुअल मौजूदगी दर्ज कराई। पीएम नरेन्द्र मोदी काशी क्षेत्र के करीब दस हजार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े। करीब 45 मिनट के इस कार्यक्रम में उन्होंने आठ लोगों से संवाद भी किया।
नमो एप ने पीएम मोदी व कार्यकर्ताओं के बीच संवाद सूत्र का काम किया। एप के माध्यम से कई कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी से अपने सुझाव व सवाल को भी साझा किया। नमो एप के जरिए यह संवाद सुबह 11 बजे शुरू हो गया। प्रधानमंत्री ने मुख्य रूप से बूथ अध्यक्षों के साथ चर्चा की और उन्हें जीत का मंत्र दिया।

**का श्रवण जी... का हाल बा...**

वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह नमो एप के माध्यम से संवाद शुरू किया। वाराणसी में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बूथ अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत से भोजपुरी में हालचाल पूछा। पीएम ने पूछा कि बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। श्रवण ने कहा– जी कुछ दिन पहले ही सपरिवार गया था। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य–भव्य स्वरूप के बारे में बताया। धाम के पहले और अब के अंतर के बारे में उन्होंने कहा कि काशी में जो कुछ भी हो रहा है, सब बाबा की कृपा है। हम सब लोग तो बस माध्यम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रवण से आग्रह किया कि अपनी टीम के साथ काशी में और स्वच्छता बढ़ाएं। उनको जिम्मेदारी सौंपी कि काशी आने वाले पर्यटकों को कबीरचौरा और संत रविदास मंदिर के दर्शन भी कराएं। इनके विकास के लिए भी सरकार ने बहुत काम किए हैं। मोदी ने ऐसे ही एक कार्यकर्ता आशुतोष से गोदौलिया–बेनियाबाग पार्किंग तथा वाराणसी में ट्रैफिक सिस्टम पर चर्चा की।

**कोरोना संक्रमण में जनसंपर्क पर चिंचित**

महामना मंडल की बूथ अध्यक्ष सीमा कुमारी कॉल पर जुड़ीं तो पीएम ने पूछा कि इधर कोरोना संक्रमण बढ़ गया है। ऐसे में जनसंपर्क कैसे हो पा रहा है। सीमा ने कहा कि सर, दो गज दूरी, मास्क जरूरी मंत्र का पालन करते हुए हम सबसे मिलजुल रहे हैं। तभी पीछे से किसी के खांसने की आवाज सुनकर पीएम ने बड़े आत्मीय भाव से पूछा कि किसी के खांसने की आवाज आ रही। कोई घर में बीमार है क्या..? सीमा ने कहा– जी नहीं। सब ठीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा से भोजपुरी में कहा कि आप जइसन बहिनन क ताकत ही हमार ताकत ह। देश के ताकत ह। मातृशक्ति ने इस देश के सामाजिक–सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीमा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं के जीवन स्तर में आए बदलावों की चर्चा करते हुए पीएम से कहा– पहिले तो महिलाओं को लोग यूं ही मालकिन कहकर संबोधित करते थे, लेकिन आपने पीएम आवास योजना के तहत घर की चाभी थमाकर उन्हें सच में मालकिन बना दिया।

**नारायण से जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल**

पीएम मोदी ने कार्यकर्ता नारायण से स्वास्थ्य सेवाओं का हाल पूछा। नारायण ने उन्हें बताया कि स्थिति काफी ठीक है। आयुष्मान कार्ड से गरीब अपना इलाज करा रहे हैं। दवाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान पीएम ने नए बने अस्पतालों का हाल भी जाना। पिंडरा विधानसभा के मंगलगांव के मंडल अध्यक्ष अखिलेश दुबे से पूछा कि आप क्या काम करते हैं। अखिलेश न ने बताया कि बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं और एमकाम किया हुआ है। पीएम ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले डेयरी के उद्घाटन के लिए पिंडरा आया था आप सबके बीच में। एक विषय है बिजली का जिसके बारे में मैं आपसे जानना चाहता हूं। वहां बिजली की क्या स्थिति है। अखिलेश ने बताया कि पिछले चार साल से काफी बिजली मिल रही है और स्थिति में काफी सुधार आया है। नहीं तो पहले तो बिजली के लिए धरना देना पड़ता था।
पीएम ने पूछा –बीते कुछ समय से काशी में जो सुंदरीकरण हुआ है, जो बदलाव आए हैं, उनके बारे में बताइये। जो लोग आपके घर बाहर से आते हैं वो क्या कहते हैं। अखिलेश ने बताया कि जो कुछ भी पिछले कुछ वर्ष में जो हुआ उसकी कभी कल्पना नहीं की थी। सभी घाट सुंदर हुए हैं, सड़कें गड्ढामुक्त हुईं, सारनाथ में लेजर लाइट शो चल रहा है। मान मंदिर, पंचकोशी मार्ग का जो विकास हुआ वह कल्पनातीत है। सीवर लाइनें ठीक हुईं, सड़कों पर रोशनी है, बिजली के तार अंडरग्राउंड हुए हैं। शिवपुर चिरईगांव के बूथ अध्यक्ष मिथुन से बातचीत में पीएम ने पूछा कि बनारस में आ रहे बदलाव को लेकर आप क्या सुनते हैं। जवाब मिला– सड़कें अच्छी हुई हैं। बिजली के लटकते तारों से छुटकारा मिला है। हाल में कबड्डी आदि खेलकूद के कार्यक्रम हुए उनमें जो व्यवस्था थी, उससे सब खुश थे। पीएम ने कहा कि बनारस में खेलकूद की व्यवस्था पहले से अच्छी थी, हालांकि पहलवानी का ज्यादा जोर रहता था। अब नए–नए खेल आ रहे हैं।

## मऊ में चार शातिर बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** मऊ



**शहर कोतवाली** पुलिस एवं स्वॉट टीम ने सोमवार की देर शाम को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खालसा गोयनका चक पास स्थित एक अस्पताल के पास से दबिश देकर चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बाइक चोर पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार चोरों के पास से दो चोरी की बाइकए तमंचाए कारतूस व चाकू बरामद किया। मामले का पर्दाफाश शहर कोतवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान किया। पत्रकार वार्ता के दौरान शहर कोतवाल संजय चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफसघन चेकिंग अभियान सोमवार की देर शाम को चलाया जा रहा था।

## मतदाता एक्सप्रेस को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता।** सोनभद्र



**आगामी विधानसभा** 2022 के अंतर्गत जनपद में 7 मार्च को निर्वाचन होना है निर्वाचन में चुनाव प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के आदेश पर मतदाता एक्सप्रेस आज जनपद में पहुंची, जिसको जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी टी के शिबू ने हरी झंडी दिखाकर बूथों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग जाकर जिन बूथों पर पिछली बार मत प्रतिशत कम था लोगों को जागरूक करें कि मताधिकार का प्रयोग करने से आप अच्छी सरकार में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। मतदाताओं का यह कर्तव्य भी है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अपने स्वेच्छा से करें।

## डीआईजी मिर्जापुर ने की समीक्षा बैठक

**मिर्जापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर के सभागार कक्ष में पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक व समस्त राजपत्रित अधिकारी के साथ गोष्ठी की गयी। उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारीगण को शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा निर्गत आदेशो निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन कराये जाने एवं विस निर्वाचन के दृष्टिगत आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करायें, चुनाव में बाधा पहुंचाने की मंशा रखने वाले अराजक तत्वों का पहले ही चिन्हीकरण करते हुए पाबन्द कर कार्यवाही करायें। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु दिश ,निर्देश दिए गये। वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैगेस्टर की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# भीषण ठंड से कांप रहा पूर्वांचल-जनजीवन ठप

**●मौसम विज्ञानी का कहना है कि बर्फबारी से तापमान और नीचे गिर सकता है**





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पूर्वांचल में** मौसम का रुख लगातार बदलाव की ओर होने के साथ ही गलन का असर समूचे पूर्वांचल में व?यापक तौर पर दो दिनों से नजर आ रहा है। वहीं मौसम का रुख गलन की ओर होने के साथ ही कोहरे की जद में समूचा पूर्वांचल आ चुका है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि अब पहाड़ों पर बर्फबारी का असर पूर्वांचल तक आ रहा है। इसकी वजह से वातावरण में गलन प्रभावी हो गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार मौसम का रुख जल्द ही बदलेगा और कोहरे से मुक्ति मिलेगी। तापमान नए साल में पहली बार पांच डिग्री तक गिरने के बाद गलन का असर व्यापक हो चुका है।बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। आर्द्रता अधिकतम 97 फीसद और न्यूनतम 76 फीसद दर्ज की गई। मौसम विभाग की ओर से जारी सैटेलाइट तस्वीरों में पूर्वांचल में कोहरे का दौर बना हुआ है और पहाड़ों पर बादलों की सक्रियता का दौर है। वहीं एक पश्चिमी विक्षोभ का असर बीतने के बाद दूसरे विक्षोभ का असर भी जल्द आएगा। माना जा रहा है कि गलन का यह असर सप्ताह भर में कम होगा तो बादलों का दौर दोबारा हो सकता है।मौसम का रुख बदलाव की ओर होने के साथ ही गलन का असर मौसम का रुख तल?ख बना रहा है। पारा सामा-?य से चार से पांच डिग्री तक कम हो चुका है। इसकी वजह से तापमान में कमी के साथ ही कोहरा और गलन का दौर शुरू हो चुका है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर बर्फबारी का असर खत्म होने के बाद ही मौसम का रुख बदलेगा। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि इस सप्ताह मौसम का रुख बदलेगा और आगे का रुख थोड़ा राहत भरा होगा।

# फतेहपुर में बंजर हो गई है कांग्रेस की सियासी जमीन!

- 1985 के चुनाव के बाद कोई करिश्मा नहीं दिखा पाई पार्टी
- चुनाव-दर-चुनाव बद से बदतर होती रही कांग्रेस की दशा
- न कैंपेन न नारे और न ही कांग्रेसियों ने कभी दिखाई जीत की ललक
- प्रियंका के सहारे चुनावी नैया पार लगाने के कांग्रेसी देख रहे सपने
- संगठनात्मक गुटबाजी ने भी कांग्रेस का चुनावों में खूब किया बंटाधार

संवाददाता। फतेहपुर

**विधानसभा** चुनाव की फुंकी रणभेरी के बाद राजनीतिक दलों की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार बनाने को लेकर जोश में दिखाई पड रहे हैं। फ्लिहाल दोनों पार्टियों द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। बहुजन समाज पार्टी ने 03 तथा कांग्रेस ने 01 सीट पर अपने प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। दो दशक तक जिले की राजनीति में परचम लहराने वाली बसपा का सूपड़ा 2017 के चुनाव में सपा व अन्य दलों के साथ भारतीय जनता पार्टी ने साफ कर दिया। समाजवादी पार्टी ने भी यहां सीटें 2017 चुनाव के पहले तक जीती हैं लेकिन अगर जिले में विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो कांग्रेस की स्थिति तीन दशक से भी अधिक समय में साल दर साल बद से बदतर होती चली गई। हालात यह रहे कि 37 वर्षों का समय गुजर गया और कांग्रेस की राजनैतिक जमीन अब तक बंजर बनी हुई है।

विधानसभा चुनाव में सपा, बसपा व भाजपा ऐसे दल हैं जो पूर्ण बहुमत में सत्ता में आने की हर कोशिश कर दावे किए जा रहे हैं हैं। वहीं कांग्रेस के अपने वादे-इरादे तो बड़े-बड़े हैं लेकिन जिस तरह से चुनाव-दर-चुनाव नेताओं सहित पार्टी की हालत पतली होती चली गई उससे इस चुनाव में भी कोई बडा परिवर्तन नजर आएगा यह फ्लिहाल उम्मीद से परे ही है। देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने एकछत्र राज किया लेकिन जैसे ही क्षेत्रीय पार्टियां सक्रिय हुई तो कांग्रेस का जनाधार घटता गया और यह पार्टियां अपनी मजबूत पकड बनाती रहीं। नजर अगर विधानसभा चुनाव में डाली जाए तो जनपद की 06 विधानसभा सीटों में बिन्दकी विधानसभा में अंतिम बार 1980 में रामप्यारे पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में जीत का सेहरा बांधा था। हालांकि 1985 में हुए विधानसभा चुनाव में 05 विधानसभाओं में कांग्रेस को शानदार जीत हासिल हुई लेकिन बिन्दकी विधानसभा से उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। यहां लोकदल प्रत्याशी अचल सिंह ने जीत का सेहरा बांधा।

1985 का वह चुनाव कांग्रेस के लिए अंतिम सुहावना अवसर था जिसमें हंसवा विधानसभा से अमरनाथ सिंह अनिल, खागा विधानसभा से बालराज उर्फ कृष्ण दत्त, किशनपुर सुरक्षित से इंद्रजीत कोरी, सदर विधानसभा से खान गुफ्रान जाहिदी व जहानाबाद विधानसभा से प्रकाश नारायण अवस्थी को जीत हासिल हुई। वर्ष 1985 के बाद 1989 में हुए चुनाव में जनता दल ने अपनी शानदार इंट्री मारी और यहीं से कांग्रेस का पराभव शुरू हो गया। वर्ष 1991 व 1993 में जनता दल व वर्ष 1996, 2002, 2007, 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा, बसपा व भाजपा की इंट्री हो चुकी थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी दलों के पांव उखाड़ दिए। क्षेत्रीय दलों के जिले में पांव जमाने के बाद चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस के पांव उखड़ते चले गए और हालात यह रहे कि चुनावों के दौरान यहां घोषित प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने तक के लिए मोहताज हो गए। केवल 2012 किए हुए चुनाव में खागा विधानसभा को छोड दिया जाए तो यह अकेली ऐसी सीट थी जहां कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ऊषा मौर्या ने दूसरे नंबर पर कांग्रेस की कुछ लाज बचाई थी।

जिस तरह से तीन दशक से भी ज्यादा समय में कांग्रेस की जिले में राजनैतिक जमीन बंजर हो गई उसे उपजाऊ बनाने के सारे के सारे प्रयास अब तक नाकाम ही रहे हैं। नाकामी के पीछे अगर नेतृत्व की अदूरदर्शिता रही तो संगठनात्मक ढांचा भी कम दोषी नहीं रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कैपेन के जरिए जोश भरने के लिए नारे तो आते रहे लेकिन उन पर अमल व कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून पैदा करने की न तो ललक दिखाई पडी और न ही जीत का कोई मंत्र ही इनके हाथ लग सका। चुनावी बिगुल फिर फूंक चुका है। कांग्रेसी प्रियंका की ओर आशा भरी निगाहों से जरूर देख रहे हैं लेकिन जातीय समीकरणों में यहां के विधानसभा चुनाव में फंसते परिणामों की आशंका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। नेतृत्व सहित जिले में संगठनात्मक गुटबाजी ने भी कांग्रेस का खूब बंटाधार किया है।

## डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व गौशाला का गहन निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दिनांक 17 जनवरी 2022 को देर रात डेरापुर तहसील क्षेत्र में अलावए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए रैन बसेराए गौशाला इत्यादि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मुंगीसापुर चैराहे पर अलावा का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान अलाव पूरी रह से क्रियाशील पाये गयेए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बढ़ती ठण्ड के प्रकोप के कारण अलाव की व्यवस्था लगातार जारी रखी जाये। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये। वहीं उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में साफसफाई कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अस्पताल में सही प्रकार से साफ सफाई कराये तथा अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज में कोई लापरवाही न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध होने पर जिलाधिकारी ने खुशी जताई। वहीं जिलाधिकारी ने डेरापुर में बने गौशाला का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान गौशाला में सही प्रकार से तिरपाल आदि लगा पाया गयाए जिसे जिलाधिकारी ने ईओ डेरापुर की प्रसंसा भी की तथा निर्देशित किया कि गौशाला में उपस्थित गौवंशों को सही प्रकार से चाराए पानीए हरा चारा इत्यादि उपलब्ध कराये तथा पशु चिकित्सक निरीक्षण कर गौवंशों का इलाज करें। वहीं जिलाधिकारी ने डेरापुर में बने रैन बसेरा का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अब तक कुल दो लोग रैन बसेरा में रूक चुके हैं इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरा में समस्त व्यवस्थाएं रहे।

## सपा नेता का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**फतेहपुर।** भाजपा नेता फैजान रिजवी पर हमला किए जाने के मामले में जेल में निरुद्ध सपा नेता के शस्त्र लाइसेंस डीएम के आदेश पर निरस्त किए गए हैं। आपराधिक इतिहास होने के बावजूद शस्त्र जारी किए गए थे और बाद में आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद शस्त्रों का नवीनीकरण होता रहा है। नगर पालिका चेयरमैन पुत्र और सभासद हाजी रजा भाजपा नेता पर हमला किए जाने के मामले में जेल में निरुद्ध हैं। हमले के बाद पुलिस ने अपराधिक इतिहास को देखते हुए हाजी रजा के लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्त किए जाने की डीएम कार्यालय में रिपोर्ट भेजी थी। डीएम अपूर्वा दुबे ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। डीएम ने मामले में सुनवाई के बाद हाजी रजा के नाम राइफल और रिवाल्वर के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए हैं। शस्त्र कार्यालय ने निरस्तीकरण की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस को भेजी है। हाजी रजा को लाइसेंस 2002 में जारी हुए थे।

## छूटे हुए लोगों को 25 तक लगवा दिए जाएं टीकें: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कलेक्टेट सभाकक्ष में आयोजित हुईए इस बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि जनपद में 15 से 17 वर्ष के वैक्सीनेशन से छूटे हुए करीब 77 हजार बच्चों वैक्सीनेशन प्रत्येक दशा में 25 जनवरी तक शत प्रतिशत लगाया जाना हैए इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने.अपने विद्यालयों को प्रतिदिन एक लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कराये। उन्होंने कहा कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 तय हैए इस लिए यह कार्य महत्वपूर्ण है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये तथा छूटे हुए बच्चों का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन अवश्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से अपील करते हुए कहा कि अपने.अपने विद्यालय व आस.पास रहने वाले लोगों को प्रथम व द्वितीय डोज से छूटे हुए लोगों का भी टीकाकरण कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रथम डोज करीब 98 प्रतिशत पूर्ण हो चुका हैए इसके लिए जो लोग वैक्सीनेशन से छूटे हुए उन्हें प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराये। वहीं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 महेन्द्र जतारया ने बताया कि जनपद में करीब डेढ़ लाख बच्चों का वैक्सीनेशन का लक्ष्य है जिसमें करीब 38 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है तथा अब करीब 77 हजार बच्चें वैक्सीनेशन से छूटे हुए है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि अपने विद्यालयों में बच्चों का वैक्सीनेशन शत प्रतिशत कराये तथा बच्चें वैक्सीनेशन कराने से पहले कुछ खाकर ही वैक्सीनेशन कराये जिससे किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होगी तथा बच्चे वैक्सीनेशन होने के पश्चात उन्हें करीब 30 मिनट तक रोक कर ही उन्हें जाने दे।

## भीषण सर्दी से जनजीवन हुआ बेहाल संकटमोचक बने अलाव

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भीषण गलन भरी सर्दी के चलते आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं पालिका के अलाव संकटमोचक बने। नगर के प्रमुख स्थानों पर नागरिक व राहगीर अलाव के सहारे सर्दी से निजात पाने का प्रयास करते दिखाई दिए। वहीं घरों में कैद हुए नौनिहाल मायूस दिखाई दिए। मंगलवार को भीषण गलन भरी सर्दी के कारण पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके। वही दुकानों पर ग्राहकों के न पहुंचने पर दुकानदार मायूस नजर आए। जबकि सर्दी अधिक होने के कारण नन्हे मुन्ने बच्चे घरों में कैद रहे। इस भीषण सर्दी में नगर के प्रमुख स्थानों पर पालिका के अलाव का सहारा राहगीरों व नागरिकों ने लिया। वही भीषण सर्दी के कारण पशु पक्षी तक बेहाल दिखाई दिए। मौसम के बिगड़ते हालात पर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई।

## पूर्व विधायक ने मतदान के लिये प्रेरित किया

संवाददाता। कन्नौज

**छिबरामऊ** क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर खबरिया पुर में सपा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव का फूल मालाएं पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के जागरूक करने के लिये प्रेरित किया। मंगलवार को ग्राम मनिकापुर, खबरिया पुर में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक अरबिन्द सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से डोर टू डोर पहुंचकर लोगों को पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से अवगत कराकर जागरूक करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छिलोई प्रधान सुभाष बाथम ने किया। इसके बाद पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने ग्राम करनपुर, प्रेमपुर, कुंवरपुर, कडोली, पंथरा, भोला नगरिया, भानपुर, भौसेपुर, पृथ्वीपुर, विजयनगर, लोधापुर, नंदलालपुर आदि ग्रामों का तूफानी दौराकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करनें के लिये प्रेरित किया। इस मौके विधानसभा महासचिव प्रभाकर यादव उर्फ बॉबी, बबलू बाथम प्रधान, विधानसभा प्रभारी हारून अहमद, डॉ धर्मेंद्र प्रताप, रामसेवक पाल, प्रधान नेकराम बाथम, तुला रामपाल, शिव प्रकाश दिवाकर, ब्रह्मानंद बाथम, बालक रामपाल, शिवपाल सिंह, चंद्रभान बाथम, राकेश दिवाकर, विनोद कुमार, श्याम सिंह पाल, ठाकुर साधना सिंह, तालिब खान, अमन खान, अरुण कुशवाह, बबलू बाथम, श्रीकांत वर्मा, श्याम सिंह, हरवख्श सिंह आदि मौजूद रहे। गिरीश चंद्र, रिंकी जाटव, विमलेश, संदीप, हनुमान सिंह आदि मौजूद रहे।



## फतेहपुर में फिर मिले ग्यारह कोरोना संक्रमित

**फतेहपुर।** जिले में कोरोना संक्रमितो की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले 24 घण्टे के दरम्यान जिले में 11 और कोरोना संक्रमित मिलने से कुल ऐक्टिव संक्रमितो की संख्या बढ़कर 177 हों गई है। बताते चलें कि यह रफ्तार पिछले लगभग 10 दिन से बदस्तूर जारी, जिससे हड़कंप मच गया हैं किन्तु अभी भी बड़ी संख्या में लोग कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फिजिकल डिस्टेंस का कतई ध्यान नहीं रखा जा रहा है और बड़े पैमाने में लोग बगैर मास्क के घूमते देखें जा सकते हैं। आज देर शाम जारी सरकारी विज्ञप्ति में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि कोरोना संक्रमितो की आज 11 की संख्या को जोड़कर कुल संक्रमित बढ़कर 177 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जहां पर भी संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

## दो युवकों से नकदी व सामान लूटा

**कायमगंज** फर्रुखाबाद। जहरखुरानों ने दो रोडवेज बस यात्रियों को अपना शिकार बनाया। चालक परिचालक दोनों को अलग.अलग जगह डालकर चले गए। जिसमें एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने एक युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। गांव रजलामई के ग्रामीण मंगलवार सुबह शौच के लिए निकले तो उन्हें सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की तो अचेत अवस्था ने युवक ने इतना बताया कि चालक परिचालक उसे यहां उतार गए हैं। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में होश आने पर उसने अपना नाम अखिल बताया। उसने कहा कि वह जनपद हरदोई गांव टपारी का रहने वाला है। उसके मामा फर्रुखाबाद में कादरीगेट पर रहते हैं। पुलिस ने उसके मामा को सूचना दी। मामा श्याम बिहारी मौके पर पहुंचे और उसे 108 एंबुलेंस से फर्रुखाबाद ले गए। श्यामबिहारी ने बताया कि अखिल नोएडा में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। बस से आ रहा था। अखिल के चेहरे पर चोट भी लगी है संभावना व्यक्त की जा रही है कि बस से उतार देने के बाद अचेत अवस्था में सड़क पर गया तो किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।

**शुद्धिपत्र**

कृपया इस समाचार पत्र के लखनऊ संस्करण के सोमवार, 29 नवम्बर, 2021 अंक में पृष्ठ सं. 5 पर प्रकाशित पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस शीर्षक के विज्ञापन में अजय पाल सिंह (कर्जदार) शोभा (सह-कर्जदार 1) के संबंध में मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000405 के स्थान पर 00000495 के रूप में पढ़ें। शेष विषयवस्तु यथावत रहेगी। यह शुद्धिपत्र उपरोक्त विज्ञापन का अंश एवं खंड माना जाएगा।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **निविदा सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से ई- निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण टेन्डर बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **निविदा संख्या - 102**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 बिदूर पर वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 103**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 बिल्हौर -रसूलाबाद डबल सर्किट लाईन के अनुरक्षण सम्बन्धी वार्षिक कार्य। **निविदा संख्या - 104**/2021-22 विद्युत 400 के0वी0 पनकी पर रिचवायर्ड के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 105**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 दादानगर के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 106**/2021-22 विद्युत 400 के0वी0 पनकी पर घास काटने का वार्षिक कार्य। **निविदा संख्या - 107**/2021-22 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 रसूलाबाद के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। **निविदा संख्या - 102 से 104** तक दिनांक 15.02.2022. एवं **निविदा सं0 105 से 107** तक दिनांक 16.02.2022 को खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, प्रथम पनकी, कानपुर** पत्रांक- 92/वि0प्रे0म0प्र0 (का0)/टी0-1 दिनांक 18.01.2022 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" उपभोक्ता सेवा हेतु सम्पर्क करें - www.uppcl.org

## चुनाव को लेकर चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**विधानसभा** चुनाव को संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने आचार संहिता को लागू किया है, जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से चुनाव को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। विधानसभा वार तैनात किए गए अधिकारी टीम के साथ दिन ही नहीं रात में भी वाहनों की औचक चेकिंग कर रहे हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न कर सकें विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग की ओर से अधिसूचना जारी होते ही उसका पालन कराने को अधिकारी मैदान में आ गए है, जिससे चुनाव में मतदान कार्य को निष्पक्ष व शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराया जा सकें। आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है, जिससे ऐसी किसी भी प्रकार की वस्तु का परिवहन न किया जा सके, जिसके द्वारा चुनाव को प्रभावित करने की उम्मीद हो। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी टीम के साथ दिन ही नहीं रात में भी क्षेत्र में औचक चेकिंग कर रहे है। मंगलवार को भी सुबह सेन्ट्रल जेल तिराहे पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने औचक चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की चेकिंग कार्य की टीम में शामिल फोटोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी भी करायी जा रही थी। आचार संहिता के कारण वाहनों में बिना किसी पुख्ता दस्तावेज के नकद धनराशि, शराब व अन्य ऐसा कोई सामान जो चुनाव को प्रभावित कर सकता है उसका परिवहन किया जाना प्रतिबंधित है।

### फ्लैग मार्च

**फर्रुखाबाद।** आचार संहिता के दौरान पुलिस बल की ओर से लगातार क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी के साथ ताबड़तोड़ कार्रवाई भी की जा रही हैं। मंगलवार को क्षेत्र में राजेपुर थाना पुलिस ने सीआईएसएफ के साथ फ्लेगमार्च कर लोगों को भयमुक्त मतदान का भरोसा दिलाया गया।

सीओ अमृतपुर अजेय शर्मा व राजेपुर थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने अर्द्धसैनिक बल के साथ हरिहरपुर, वीरपुर, बिरसिंहपुर, भुडिया भेड़ा, अलीगढ़, कड़क्का, राजेपुर कस्बा अम्बरपुर, बदनपुर, चित्रकूट व गांधी के साथ ही लगभग 20 गांव में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर ड्रोन से निगरानी की गयी। पुलिस बल ने नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। उनसे अपील की गई कि निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## राहगीरों और नागरिकों को स्वल्पाहार वितरित कर दी राहत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भीषण सर्दी के प्रकोप को देखते हुए नगर के व्यापारियों ने आवागमन कर रहे राहगीरों एवं नागरिकों को गर्म चाय व कचोरी सब्जी वितरित कर राहत प्रदान की। भीषण सर्दी में लोगों की मदद के लिए व्यापारियों ने हाथ बढ़ाए और मदद की। मंगलवार को नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय के बाहर गलन भरी भीषण सर्दी से राहगीरों एवं नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से आजाद गुप्ता, सोनू अवस्थाना, मोनू अवस्थाना, कमल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, नन्हे गुप्ता के साथ स्टॉल लगाकर गर्म चाय एवं गरमा-गर्म कचौड़ी व सब्जी वितरित की। इस दौरान स्टॉल पर नागरिकों सहित राहगीरों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्टॉल कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि गलन भरी भीषण सर्दी से ठिठुर रहे राहगीरों व नागरिकों को राहत देने के लिए यह कार्य किया जा रहा है।

## सिंगल रोड से निकलने लगे भारी और ओवरलोड वाहन

संवाददाता। बिंदकी (फ्तेहपुर)

**बिंदकी** तहसील के जोनिहा चौराहा से फ्तेहपुर जेल रोड तक जाने वाला रास्ता जो की काफी समय से जिला प्रशासन ने भारी वाहनों की (नो एण्ट्री) लगा रखी थी। अभी कुछ दिनों से वह मार्ग पुन: प्राम्भ कर दिया गया है। जिसे सिंगल रास्ते से बने गाँव के लोगों ने भारी वाहनों के निकलने से आक्रोश है। जखनी, सहिली के विद्यासागर, रामनरेश, धरमपुर गांव के गोवर्धन, वेद प्रकाश, शहबाजपुर के देवी दयाल, शत्रुघ्न, जोनिहा चौराहे के रमेश शिवकरण ने बताया कि इसकी शिकायत हम जिला प्रशासन से करेंगे। जोनिहा रोड से भारी वाहनों के निकलने से गाँव के समीप बनी सिंगल रोड के मार्ग ध्वस्त हो जाएगा और बनी सडक गड्ढे में तब्दील हो जाएगी।

जोनिहा मार्ग से जेल रोड फ्तेहपुर तक रोड से सटे मार्ग में ग्रामीणों ने बताया है कि अभी तक इस मार्ग से भारी वाहन नही निकलते रहे है। अभी कुछ दिनों से भारी संख्या में निकलना शुरु कर दिया है। बताया है कि यहां की रोड सिंगल बनी है। जगह-जगह पर कमजोर पुलिया बनी है जिससे कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यहां से अनियंत्रित स्पीड में ओवर लोड वाहन निकलते है। वहीं स्कूली बच्चों का साईकल से आना जाना होता है। किसी दिन कोई न कोई हादसा जरूर होगा। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लिखित रूप से करेंगे। फ्तेहपुर से शाह तक बाईपास अभी पूरी तरह से बनी भी नहीं की भारी वाहन निकलना शुरू कर दिए हैं जिससे पूरा मार्ग ध्वस्त हो चुका है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोनों मार्गों का पीडब्ल्यूडी से निरीक्षण करा कर भारी वाहनों को रोका जाए। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की है।

## दुष्कर्म के बाद मासूम की हत्या में फांसी की सजा

संवाददाता। फ्तेहपुर



**तीन** साल की मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में मंगलवार पॉक्सो एक्ट की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया। वारदात के दोषी पड़ोसी को फांसी की सजा सुनाते हुए अर्थदण्ड की आधी राशि, पीड़ित परिवार को देने के आदेश दिए। महज 70 दिन के अंदर सुनाए गए इस फैसले को जानने के लिए सारा दिन न्यायालय परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा।

15 अक्टूबर 2021 को खागा कोतवाली क्षेत्र में इस वारदात को अंजाम दिया गया था। जिस पर इलाकाई पुलिस ने 22 अक्टूबर को पास्को एक्ट की अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। इस पर अदालत ने अभियोजन पक्ष की तरफसे गवाहों के बयान इंदाज किए थे। इससे पीड़ित परिवार के न्याय की आस पूरी होने में मदद मिली। इस मामले की सुनवाई पॉस्को एक्ट अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अहमद खान ने की। अदालत ने 03 साल की मासूम से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पड़ोसी दिनेश पासवान को फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने मासूम के साथ दुष्कर्म व हत्या के साथ ही अपहरण और शव को छुपाने को जघन्य अपराध की श्रेणी में माना। जिसमें न्यायाधीश ने दोषी पड़ोसी को फांसी पर लटकाए जाने की सजा सुनाने के साथ 75 हजार रूपए अर्थदंड के रूप में देने का आदेश दिए। विशेष लोक अभियोजक सहदेव गुप्ता ने बताया कि अभियुक्त दिनेश के लिए फांसी की सजा की अपील की थी। अदालत ने मासूम बच्ची के साथ जघन्य अपराध को क्रूरतम अपराध मानकर फांसी की सजा सुना करके पीड़ित परिवार को इंसाफ दिया लगातार हुई सुनवाई: पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक सहदेव गुप्ता ने बताया कि मासूम से दरिंदगी और हत्या मामले की सुनवाई लगातार की गई। विशेष अदालत में 22 अक्टूबर को आरोप पत्र पेश होने के बाद मामले की सुनवाई रिकॉर्ड 70 दिन में पूरी की गई। अदालत ने लगातार सुनवाई कर गवाह के बयान कराए। आखिरकार सजा के प्रश्न पर बहस के बाद अभियुक्त दिनेश पासवान को फांसी की सजा सुना दी गई।

## शराब पीकर मारपीट शांतिभंग की कार्रवाई

**पुखरायां। कानपुर देहात** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के अल्लापुर मोड, बढ़ौली एवं सट्टी के कथरी गांव में शराब पीकर मारपीट करने पर तीन आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

सट्टी थाना क्षेत्र के कथरी निवासी छोटू ने बताया कि नितिन शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर नितिन ने मारपीट कर दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। वहीं भोगनीपुर थान क्षेत्र के अल्लापुर निवासी अंकित ने बताया कि वह सिखमापुर में मकान बन रहा था। वहाँ पर जल्लापुर निवासी रामू शटरिंग लगा रहा है। मजदूरी के लेनेदेन में जब रामू और अंकित के बीच मारपीट हो गई है। भोगनीपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की है। वहीं बढ़ौली निवासी गोल्डी ने बताया कि उसका पति श्याम आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करता है। मना करने पर मंगलवार को पिटाई कर दी है।

## युवक का शव नाले में मिला, मचा हड़कंप

संवाददाता। बिंदकी (फ्तेहपुर)

**युवक** का शव सुबह नाले में पड़ा देखा गया तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वही युवक के परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला महरहा रोड रोडवेज बस स्टॉप के बाउंड्री वॉल के किनारे बने नाले में सुबह एक शव देखा गया तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो मोहल्ले के लोगों ने शंकर उम्र 40 वर्ष पुत्र स्व0 बाबूलाल निवासी महरहा रोड कस्बा बिंदकी के रूप में पहचान की। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव को देखते ही परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक शंकर गिट्टी मोरंग की दुकान में मजदूरी का काम करता था। देर शाम को घर से निकला था लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं आया। सुबह उसका शव नाले में पड़ा मिला। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### हसवा प्रखंड में कोविड-19 टीकाकरण अभियान

**फतेहपुर।** वर्ल्ड विजन इंडिया, क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम लगातार 12 ग्राम पंचायतों के 31 गांवों (अतरहा, एकरी, रसूलपुर, मीसा, असवा बक्सापुर, असवा बक्सापुर, शाहीपुर, हसवा प्रखंड में चीतमपुर, मिस्त्री, हसवा, दनियालपुर, हासिमपुर और फरीदपुर) में विभिन्न विकास सेवाओं के माध्यम से गरीब और निराश्रित बच्चों, परिवारों और समुदायों की सेवा करके उनका कल्याण सुनिश्चित करता है।

वर्ल्ड विजन इंडिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसवा के सहयोग से 31 गांवों में कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया। जिसमें किशोरों, युवाओं, माता-पिता और समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया और 15-18 वर्ष की आयु के किशोरों को टीकाकरण लिए प्रेरित किया गया।

दो सप्ताह के भीतर 2445 किशोरों ने टीकाकरण किया है। सीएचसी डॉ0 अनुपम सिंह ने इन 31 समुदायों के किशोरों को टीकाकरण के लिए जुटाने और सुनिश्चित करने में वर्ल्ड विजन इंडिया की पहल को स्वीकार और सराहा है, विशेष रूप से स्टीव डेनियल राव प्रोग्राम मैनेजर और उनकी टीम को टीकाकरण को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाने के लिए धन्यवाद दिया। इस पूरी प्रक्रिया में डॉ0 अनुपम सिंह एमओआईसी टीम और वर्ल्ड विजन इंडिया की टीम ने समाज की बेहतरी के लिए एक नोबेल कार्य किया, जिसकी काफी सराहना की जा रही है।

# योगी सरकार में सबका सम्मान और मान

## सपा और बसपा सरकार में हुआ जमकर भ्रष्टाचार और चला सिर्फ परिवारवादः सिद्धार्थ नाथ सिंह



**प्रयागराज।** पूर्व सीएम अखिलेश यादव के साथ एमवाई यानी दो का साथ है और खुद का विकास है। यह बातें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में बैठक के दौरान कहीं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा सबका साथ सबका विकास यह नारा नहीं यूपी के विकास का मंत्र है। पांच साल के दौरान योगी सरकार ने जाति धर्म पंथ मजहब देखकर नहीं बल्कि हर समाज के गरीब तबकों के जीवन को ऊंचा उठाने एवं सम्मान देने का कार्य किया है। सिंह ने कहा पिछले पांच वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के पथ को मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश का आम नागरिक जिसका गवाह पिछले पांच वर्षों में प्रदेश के पैंतालीस लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया गया। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने बेघर गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की जगह भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद में ही रुचि दिखाई और एक भी व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में लगभग तीन हजार बेघर गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार दो करोड़ इकसठ लाख शौचालयों का निशुल्क निर्माण कराया जिससे दस करोड़ से अधिक लोग लाभांवित हुए। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश में गरीबों को लगभग एक करोड़ सत्तर लाख रसोई गैस कनेक्शन निशुल्क वितरित किया गया। केन्द्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार से पहले किसी सरकार ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया था। गरीबों को महीने में दो बार मुफ्त राशन आदि कई जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता के बीच भाजपा ने काम किया है। सही मायने में 30 सालों से विकास ठप्प हो गए थे। अखिलेश यादव का विकास भू माफिया अपराधी गुंडाराज आतंक भ्रष्टाचार को संरक्षण था। एमवाई केवल दो वर्ग अखिलेश यादव के साथ है। अखिलेश यादव के विकास को यूपी की जनता ने देखा है। सपा सरकार और उससे पूर्व की बसपा सरकार के शासनकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ और प्रदेश की गरीब जनता को उसके अधिकारों से वंचित रखा गया। सपा और बसपा की स्थापना ही केवल एक परिवार के विकास के लिए हुई है।

### किसानों का अपमान करना बंद करें अखिलेश

**प्रयागराज।** अखिलेश यादव किसानों के नाम पर राजनैतिक नाटक करके किसानों का अपमान कर रहे हैं। अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में किसानों के लिए क्या किया था। यह बातें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहीं। कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में किसानों के लिए कुछ नहीं किया और आज किसानों की बात कर रहे हैं। अखिलेश यादव सरकार ने किसानों का छत्तीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफनहीं किया था। जिसे योगी सरकार ने सत्ता में आते ही माफकिया। अखिलेश यादव सरकार ने जहां दो सौ बीस लाख टन अनाज की खरीदारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की थी। योगी सरकार ने चार सौ पचहत्तर लाख टन अनाज की खरीद की और उसका रिकॉर्ड भुगतान किया। हमने एक लाख बावन हजार करोड रुपए का भुगतान गन्ना किसानों को किया जो अखिलेश यादव सपने में भी नहीं सोच सके।

# जिलाधिकारी ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

- कहा-केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं की जाएं सुनिश्चित डीएम

**कहा अभियान चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए करें जागरूक**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार खत्री।

**जिलाधिकारी** एवम जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय मलाक हरहर प्रथम कौड़िहार में मूलभूत सुविधाओं बिजली पानी शौचालय एवं कक्षों का निरीक्षण किया। उपस्थित बीएलओ से बात किया और वहां के लिए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक लोगों के घर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जाये। प्राथमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा का जायजा लिया।

एसीएम तृतीय युवराज सिंह को निर्देशित किया कि अवैध शराब पर कार्यवाही के साथ साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाये। इसके बाद डीएम सरस्वती देवी परमानन्द सिन्हा इण्टर कालेज पहुंचे। वहां पर भी उन्होंने पानी शौचालय बिजली आदि का निरीक्षण किया। कहा कि जो भी कमियां हैं। उसे तत्काल दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये। बीएलओ से वार्ता कर कहा कि मतदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें तथा घर घर जाकर लोगों से सम्पर्क करें।उप निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय युवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराया जाए

**अयोध्या।**.मण्डलायुक्त नवदीप रिनवा ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों को देते हुये कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण से प्रभावित बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण कम तीव्रता वाला है। इसके लक्षण दिखने पर सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज करा सकता है। इससे डरने की आवश्यकता नहीं हैए लेकिन संक्रमण से बचाव की सभी सावधानियां अवश्य बरती जाएं।

मण्डलायुक्त ने बताया कि कोविड के खिलाफ वैक्सीन एक सुरक्षा कवच है। उन्होंने किशोर बच्चों के वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुये कहा कि स्कूल कॉलेजों में कैम्प लगाकर तेजी से टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि आगामी 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के सुव्यवस्थित आयोजन के सम्बन्ध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएंए प्रत्येक केन्द्र पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराते हुये सभी केन्द्रों पर मास्कए सैनिटाइजर तथा इंफारेड थर्मामीटर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए रैनबसेरों में समुचित प्रबन्ध किए जाएं। असहाय निराश्रित लोगों अकेले रह रहे बुजुर्गों दिव्यांगजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस राजस्व नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई संक्रमित है तो उसके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव होना चाहिए।

## चुनाव के लिए स्कूली वाहनों के अधिग्रहण पर हुई चर्चा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी प्राासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने आज कलेक्टेट सभागार में स्कूली वाहनों को आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए अधिग्रहण के सम्बंध में बैठक की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग में जनपद की कुल 640 स्कूल बस व 480 स्कूल वैन पंजीकृत है जिसमें से 338 स्कूली बसों व 158 स्कूली वैन का फिटनेस वर्तमान में वैध है। शेष बसों व वैनो का फिटनेस शिक्षण संस्थाओं द्वारा नही कराया गया है जिस पर उन्होंने शैक्षिक संस्थाओं के प्रबन्धकों को अपने स्कूली वाहनों का फिटनेस यथाशीघ्र कराने के निर्देश दिये। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि स्कूली वाहनों की तहसील वार सूची को यथाशीघ्र तैयार कराकर उपलब्ध करायी जाय।

# जिलाधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** .जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय के साथ विकासखण्ड सोहावल परिसरए प्राथमिक विद्यालय शेखरपुरा और उच्च माध्यमिक विद्यालय अरथर एवं वि0ख0 क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड परिसर सोहावल के निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर कक्ष व्यायाम शालाए चैधरी चरण सिंह सभागार तथा उपस्थित पंजिका के साथ.साथ साफसफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में आवास योजना के पंजिका में लाभार्थी की फोटो एवं अन्य अभिलेखों में कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उसको यथाशीघ्र त्रुटियां दूर करने के निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड परिसर में सभी एडीओ समय से कार्यालय में उपस्थित होकर आम जन की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें और दस्तावेजों का रख रखाव सही तरीके से किया जाय। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड परिसर के निरीक्षण के पश्चात आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत वहां के प्राथमिक विद्यालय शेखपुर जाफर और उच्च माध्यमिक विद्यालय अरथर एवं विख क्षेत्र का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिये। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान लोगों से वार्ता करते हुये आगामी चुनाव के मद्देनजर किसी भी किस्म की असमाजिक तत्वों व गतिविधियों का जायजा लिया और लोगों को भयमुक्त होकर आगामी 27 फरवरी 2022 मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सोहावल श्री अनुराग प्रसादए खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी हत्या, गिरफ्तारी के बाद हुआ खुलासा

**संवाददाता।** टाण्डा, अम्बेडकरनगर




**प्रेम** प्रसंग में पत्नी के कहने पर प्रेमी ने जियालाल को शराब पिलाया और फिर बाद ईंट से कूँच कर हत्या कर की इसका खुलासा प्रेमी व मृतक की पत्नी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने किया । मित्रसेन के बताये जाने के अनुसार मृतक जियालाल की पत्नी मनभावती से उसका बीते दो वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था ।मृतक अपनी पत्नी को मारता पीटता रहा जिससे घबराकर पत्नी अपने प्रेमी से शादी करने को तैयार थी लेकिन जियालाल के रहते यह संभव नहीं था जिसे हटाने के लिए मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी को उकसाया जिसपर प्रेमी ने बीते 12 जनवरी की शाम को जियालाल को फोन कर बुलाया और अपनी साइकिल पर बैठा कर उसे ग्राम प्यारेपुर के पास स्थित शराब के ठेके पर ले जाकर दो शीशी शराब पिलाया और पुनः साइकिल पर बैठा कर उसे सुलेमपुर परसावाँ नहर के किनारे ले कर गया और उसने पहले ही ईंट को एक पुलिया के पास से झोले में रख लिया था ।और उसी ईंट से जियालाल के सर पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

मित्रसेन पुत्र नागेश्वर निवासी ग्राम पुनथर कोतवाली टाण्डा व मृतक की पत्नी मनभावती को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशान देही पर मृतक का मोबाइल फोन जो तालाब में फेंक दिया था जिसे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजवाकर बरामद किया साथ ही हत्या में प्रयुक्त ईंट व अभियुक्त के घर से साइकिल व खून के छींटे के निशान वाली एक जैकेट बरामद कर दोनो का चालान धारा 302,201,120 बी आई पी सी के तहत न्यायालय कर दिया। जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। बताते चलें कि बीते 13 जनवरी की सुबह में जियालाल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम चिंतौरा की लाश सुलेमपुर परसावां में नहर के किनारे सन्तराम के खेत मे पड़ी मिली थी। जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने सीताराम की तहरीर पर शंका के आधार पर गुड्डु पुत्र अनवर के विरुद्ध मुकदमा हत्या व दलित उत्पीड़न की धाराओं में पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा को सौंपी थी लेकिन बाद में सजातीय अभियुक्त के खुलासा होने पर क्षेत्राधिकारी ने दलित उत्पीड़न अधिनॉयम की धारा हटाकर विवेचना कोतवाली टाण्डा पुलिस को वापस कर दी थी। कोतवाल विजेंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सर्वेन्द्र अस्थाना, व उपनिरीक्षक राम उग्रह कुशवाहा, ने सिपाहियों के साथ कड़ी मेहनत के बाद घटना का अनावरण कर अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया जहां से उन दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया।

# डीआरएम की तानाशाही से नहीं हो रहा समस्याओं का निराकरण

- लंबित मांगों को लेकर एनसीआरएमयू के पदाधिकारी काला फीता बांधकर कर रहे विरोध प्रदर्शन



पोस्टर दिखाते एनसीआरएमयू के पदाधिकारी।

**प्रयागराज।** नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन प्रयागराज मंडल के कर्मचारी 40 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। अपने अधिकारों हितों और लंबित मांगों को लेकर वह आंदोलनरत हैं। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल की तानाशाही एवं अदूरदर्शिता के कारण वर्षों से समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन प्रयागराज मंडल द्वारा 40 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध किया जा रहा है। पोस्टर को पूरे प्रयागराज मंडल में लगाकर समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में लाया जा रहा है। एनसीआरएमयू के महामंत्री आर डी यादव अध्यक्ष डी के मौर्या प्रयागराज मंडल के मंडल मंत्री डीएस यादव की देखरेख में पूरे प्रयागराज मंडल में 17 जनवरी से 19 जनवरी तक काला फीता बांधकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार आज दूसरे दिन भी जनजागरण किया।कार्यक्रम में एनसीआरएमयू प्रयागराज मंडल के शाखा मंत्री एवं मीडिया प्रभारी नागेंद्र बहादुर सिंह एस के सिंह ए के सिंह अनिल कुमार विजेंद्र यादव बी पी सिंह राजू प्रसाद आतिफमोइन आर आर सिंह आर के राय अक्षयवर मिश्रा सईद अहमद आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### तेज हुईं यूपी विधानसभा चुनाव प्रचार की तैयारियां

**प्रयागराज।** उप्र में विस चुनाव की तैयारियां और प्रचार तेज हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी पार्टियां फिलहाल सोशल मीडिया पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनता से संवाद करने में जुटी हुई हैं। इस कड़ी में अब देश पहले बहुभाषी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू एप्प पर यू पी का मेनिफेस्टो ट्रेंड करने लगा है और राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र के लिए जनता से राय मांग रहे हैं। जबकि प्रदेश में पार्टियों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशियों को घोषित करने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है और भाजपा दरअसल यूपी के सियासी महासंग्राम को लेकर इस बार बेहद तेजी से बढ़ी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भूमिका को लेकर पार्टियां काफी तेजी से ऑनलाइन प्रचार करने लगी हैं। इस बीच देसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू एप्प पर शुरू हुए यूपी का मेनिफेस्टो हैशटैग को लेकर राजनीतिक दलों ने जमकर एक्टिविटी दिखाते हुए जनता को सर्वोपरि रखा है और उनसे ही घोषणा पत्र में क्या शामिल किया जाए और क्या नहीं पूछा है। शनिवार से शुरू हुई यूपी का मेनिफेस्टो मुहिम शनिवार सुबह जहां एक तरफ सुबह से ही बीजेपी और बसपा जैसे प्रमुख दलों की तरफसे उम्मीदवारों की घोषणा होनी शुरू हुई। भारतीय जनता पार्टी से विधायक और उप्र के मंत्री वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सुरेश कुमार खन्ना ने अपने देसी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू एप्प के जरिये ट्रेंडिंग हैशटैग के जरिये कहा है।

### भावनाओं और कुशलता के प्रति हो समर्पण

**प्रयागराज।** लोकप्रियता के बाद फिल्मों की दुनिया में सफलतापूर्वक कदम रखा। पिछले तीन दशकों से ज़ी टीवी भारत में रियलिटी टेलीविजन को आकार देने में सबसे आगे रहा है। चैनल ने दर्शकों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे घरेलू नॉन फिक्शन फॉर्मेट दिए। जो न सिर्फ बेहद पॉपुलर टैलेंट बेस्ड रियलिटी फ्रेंचाइज़ी बनकर सामने आए बल्कि आज भी बेहद चर्चित हैं और दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। डीआईडी लिटिल मास्टर्स के पिछले चार सीज़न्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद यह चैनल डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीज़न पांच के साथ इस शो को भी नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। जिसने दर्शकों को कुछ असाधारण नन्हें डांसर्स दिए हैं। बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा को शो के पहले जज के रूप में चुना गया और अब इस पैनल में उनके साथ शामिल हो रही हैं पॉपुलर एक्ट्रेस मौनी रॉय जो पहली बार किसी रियलिटी शो को जज करेंगी। डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स सीज़न पांच जल्द जी टीवी पर आएगा। कुशलता के साथ सभी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। उनकी भावनाओं का ख्याल रखने की जरूरत है।

### विकल्प को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता होगी प्रदर्शित

**प्रयागराज।** युवाओं को अतुलनीय अनुभव प्रदान करेंगी। विकल्पों द्वारा सशक्त बनाने की रियलमी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। रियलमी ने क्वॉलकोम स्नैपड्रैगन छह सौ अस्सी प्रोसेसर युक्त अपने अल्टीमेट परफॉर्मर रियलमी नाइन आई के लांच की घोषणा की। रियलमी नाइन आई क्वॉलकोम स्नैपड्रैगन छह सौ अस्सी के साथ रियलमी का पहला स्मार्टफोन है। जो छह नैनोमीटर प्रक्रिया पर आधारित है। स्मार्टफोन में डार्ट चार्जिंग सॉल्यूशन विशाल बैटरी बेहतरीन नाईटस्केप कैमरा स्मूथ एडैप्टिव डिस्प्ले जैसी अनेक खूबियां हैं। माधव शेठ सीईओ रियलमी इंडिया वीपी ने बताया कि रियलमी नाइन आई पच्चीस जनवरी दोपहर बारह बजे से मिलना शुरू होगा। बाइस जनवरी दोपहर बारह बजे से आकर्षक बैंक ऑफरों के साथ अरली सेल शुरू होगी।

### जागरूकता अभियान

**अयोध्या।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के तहत बूथ पर आने के लिए यूथ (युवाओं) को प्रेरित करना एक मत का महत्व विषयक पर सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन प्रतियोगिता यथा स्लोग, पोस्टर एवं गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन आयोजित प्रतियोगिताओं की अन्तिम तिथि 20 जनवरी थी, जिसे बढ़ाकर अब 22 जनवरी तक कर दिया गया है। डीएम ने सभी संबंधित को संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

# कड़ाके की ठंड से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पसरा सन्नाटा, नही दिखे फरियादी व अधिकारी




**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**कड़ाके की ठंड** और सीत लहर के चलते ठंड का कहर आम जनमानस पर भारी पड़ रहा है। ऐसा ही नजर आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुबह देखने को मिला।जहाँ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर फरियादियों की एक लंबी कतार लगी रहती है। वहाँ पर देखा गया कि ग्यारह 11बजकर 40 मिनट तक न ही फरियादी नजर आए और न ही पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय में बैठे मिले।

यही नजारा कलेक्ट्रेट का भी देखने को मिला ।जहाँ पर जनता अपनी समस्याओं को लेकर काफी भीड़ इकट्ठा रहती थी ,वहाँ पर भी सन्नाटा पसरा नजर आया। अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कन्नौजिया अपने कार्यालय बैठकर फाइलों का निपटारा करते नजर आए । बर्फीली हवाओं से ठंड एक बार फिर जानलेवा हो गई है। अचानक बढ़ी ठंड से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अधिकतर लोग घरों में ही दुबके रहे। नगर क्षेत्र में रोडवेज हो या रेलवे स्टेशन हर जगह भीड़ कम दिखी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भी चहलकदमी आम दिनों के अपेक्षा काफी कम दिखाई दी। कचहरी, रोडवेज, रेलवे स्टेशन पर भी मुसाफिर नाममात्र के दिखे। जिससे सरकारी दफ्तरों मैं मौसम खराब होने से कुर्सियां भी खाली मिली।

# गंगद्वीप में पानी भरा, तार कई खंभे गिरे-काटी गई बिजली

- माघमेलाः बढ़ा गंगा का जलस्तर कई शिविर जलमग्न

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**गंगा के जल** प्रवाह में तेजी और कटान का दायरा बढ़ने के बाद पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर सोमवार को त्रिवेणी मार्ग के किनारे बसे 40 से अधिक शिविर जलमग्न हो गए। पानी भरने से बिजली के कई खंभे गिर गए। उधर दारागंज के सामने बसे गंगद्वीप में भी अधिक मात्रा में पानी भर गया। इसमें कई संस्थाओं को वहाँ से विस्थापित होना पड़ा। इस बीच गंगद्वीप और त्रिवेणी मार्ग पर कटान से प्रभावित इलाकों की बिजली काट दी गई।

मंडलायुक्त संजय कुमार गोयल के निर्देश पर बाढ़ खंड के अभियंताओं ने कटान रोकने के लिए मशक्कत शुरू कर दी। ताकि कटान रोकी जा सके। कटान की वजह से



गंगा स्नान करते किन्नर अखाड़ा के संत।

त्रिवेणी पांटून पुल से पार उतरने के बाद तट पर बसे दर्जनों शिविरों में सोमवार को पानी भरने से अफरा तफरी मच गई। मंडलायुक्त संजय कुमार गोयल और प्रभारी मेलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान अपर जिलाधिकारी माघमेला संत कुमार श्रीवास्तव ने सिंचाई बाढ़ खंड के अभियंताओं से स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कटान रोकने के पुख्ता उपाय करने के निर्देश दिए। त्रिवेणी मार्ग के किनारे बने जिन शिविरों में पानी भर गया है। वहां से गृहस्थी का सामान हटाने के लिए देर रात तक मशक्कत जारी रही। उधर सिंचाई विभाग के अभियंताओं की टीम ने कटान से प्रभावित क्षेत्रों में कल्पवास और अन्य संस्थाओं के शिविरों को बचाने के लिए मशक्कत तेज कर दी है। कटान रोकने के लिए लगातार बाड़ लगाई जा रही है। जेसीबी मशीनें लगाकर तटबंध को ऊंचा करने के साथ ही बालू की बोरियां पार्टी जा रही हैं। बावजूद इसके प्रवाह शिविरों की ओर लगातार बढ़ रहा है। गंगा के तट पर बसे कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कभी भी और शिविरों में पानी भर सकता है।

### किन्नर संतों ने किया पौष पूर्णिमा पर स्नान

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा प्रयागराज के संतों और शिष्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि के नेतृत्व में माघ मेले के दूसरे मुख्य स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान किया। उन्होंने विधि विधान से मां गंगा तीर्थराज प्रयाग और भगवान वेणीमाधव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि पूजन कर मां गंगा से कोविड से शीघ्र पूरे विश्व की खत्म होने और जनजीवन सामान्य होने की मांग की। भयावह स्थिति खत्म हो सके। उन्होंने बताया कि किन्नर अखाड़ा में पूजन हवन सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम माघी पूर्णिमा तक चलेगा। महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज माघमेला में लगे शिविर में 20 जनवरी को आएंगे। गंगा स्नान के दौरान किन्नर वेलफेयर वोर्ड की प्रयागराज की सदस्य महंत वैष्णवीनंद गिरि महंत राधिका राहुल सहित अन्य लोग शामिल थे।

## वैक्सीन का विरोध

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता

**जनसंख्या** के एक हिस्से को ऐसा लगता है कि वैक्सीन अभियान मानवाधिकारों व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। आस्ट्रेलिया से नोवाक जिकोविक को बाहर करने पर गुस्सा टेनिस प्रशंसकों की तुलना में वैक्सीन-विरोधी अधिक बढ़ गए हैं। आस्ट्रेलिया में अचानक लाकडाउन-विरोधी व वैक्सीन-विरोधी समूह उभरने से आश्चर्य होता है कि क्या प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी टीकाकरण के खिलाफसंघर्ष करने वालों के लिए 'उम्मीद की किरण' बन गया है। ऐसे समूह आज दुनिया भर में हैं। उनके लिए यह सवाल नहीं है कि गैर-टीकाकृत व्यक्ति अपने, परिवार, मित्रों तथा सहकर्मियों के लिए खतरा पैदा करता है। उनके लिए टीकाकरण का विरोध एक प्रकार से दक्षिणपंथी किस्म का राजनीतिक मुद्दा है। पश्चिमी वैक्सीन-विरोधी अपनी हिचक को सरकारी संस्थानों व नीतियों के प्रति बढ़ते अविश्वास से जोड़ते हैं। लोगों की निराशा बढ़ रही है क्योंकि 2020 से लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण उनका जीवन एकदम उलट-पलट गया है। उनकी निराशा अक्सर टीकाकरण अभियानों पर दिखती है जो कोरोनावायरस संक्रमण रोकने को लक्षित हैं। समान रूप से यह भी सच है कि अतीत में टीकाकरण के कुछ मामलों में वैज्ञानिक सोच का अभाव था और कुछ यूरोपवासियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से चिन्ता पैदा हुई थी। तुर्की में जिकोविक-समर्थक लोग एक टीकाकरण-विरोधी पार्टी का हिस्सा हैं जिसे भय है कि टीकाकरण निर्देश मानवाधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं का उल्लंघन करते हैं। आस्ट्रिया की एक पार्टी को इसी कारण लोकप्रियता मिल रही है। अमेरिका में डेमोक्रेटिकों के उलट रिपब्लिकन




टीकाकरण के खिलाफ हैं। रूस जैसे कुछ देशों ने टीकाकरण-विरोधी राजनीति को कुचलने का प्रयास किया है। वे गैर-टीकाकृत लोगों को सार्वजनिक स्थानों में जाने से रोकने के लिए एक क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। फ्रांस सरकार इस मामले पर विभाजित है। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने टीकाकरण-विरोधियों के प्रति अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की तो बहुत से लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

लेकिन उनके खेल मंत्री ने आश्चर्यजनक रूप से कहा है कि वे गैर-टीकाकृत जिकोविक को फ्रेंच ओपेन में खेलने देंगे। इस प्रकार टीकाकरण अभियान एक राजनीतिक झगड़े में फंस गया है। भारत इस वैश्विक आंदोलन से अप्रभावित नहीं है। जिकोविक के मामले पर राय अलग-अलग है। भारत सरकार ने पहली बार सर्वोच्च न्यायालय में कहा है कि 'किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छाओं के विरोध में टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।' सरकार किसी भी उद्देश्य के लिए टीकाकरण सार्टीफिक्रेट रखना अनिवार्य नहीं करेगी। यह बयान कुछ राज्यों व बिजनेसमैनों के बयानों के बाद आया है कि वे टीकाकरण न करवाने वाले जोगों को हतोत्साहित करना चाहते हैं। निश्चित रूप से गैर-टीकाकृत लोग अपने और दूसरों के लिए खतरा हैं। लेकिन गौर करना चाहिए कि भारत तथा पश्चिम के टीकाकरण-विरोधियों में अंतर है। भारत में इस समूह में टीकाकरण-विरोधी लोग नहीं, बल्कि टीकाकरण से हिचकने वाले शामिल हैं। अब तक वे यूरोप की तरह किसी राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा नहीं हैं। सुरक्षा, पार्श्व प्रभावों, वैक्सीन मंजूरी में जल्दबाजी, त्वरित मानव परीक्षण तथा वैज्ञानिक संदेह, आदि कुछ कारण हैं जिनके चलते वे वैक्सीन लेने से डर रहे हैं। यह हिचक वहां कम हुई है, जहां उनके सरोकारों को संबोधित किया गया है। अचानक आए अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रान स्वरूप के कारण उन्होंने टीकाकरण के बारे में जल्दी से अपनी सोच बदली भी है। ऐसे में विश्वास बहाली के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है ताकि गैर-टीकाकृत लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचा जा सके। इस मामले में नियम के बजाय तर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# विनिवेश व बजट को अलग रखना जरूरी

### सहमति देने में विलंब तथा नौकरशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया और लाल फीताशाही अक्सर विनिवेश प्रक्रिया को पटरी से उतार देती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




दो महीने में यह वित्त वर्ष समाप्त हो जाएगा और सरकार अभी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम संस्थानों में 1,75,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य से बहुत दूर है जिसे 2021-22 के केन्द्रीय बजट में तय किया गया था। अब तक वह 10,000 करोड़ से भी कम प्राप्त कर सकी है। यदि भारतीय जीवन बीमा निगम में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की उम्मीदों को शामिल कर लिया जाए तो भी यह लगभग 1,00,000 करोड़ होगा। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले पूरी हो जाएगी, लेकिन फिर भी 65,000 करोड़ की कमी बचेगी। यह बात नई नहीं है।

यह मोदी सरकार के अंतर्गत पिछले छः साल से जारी एक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें 2017-18 एक अपवाद है। उस साल विनिवेश से 1,00,000 करोड़ से थोड़ा अधिक प्राप्त हुआ था जो लक्ष्य से अधिक था। यह तेल कंसोंटियम सीपीएसयू हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन का 51.11 प्रतिशत हिस्सा दूसरे सीपीएसयू ओएनजीसी को बेचने से प्राप्त हुआ था। सरकार ने 'रणनीतिक विनिवेश' पर ज्यादा जोर दिया है जिसका अर्थ पीएसयू में हिस्सा 50 प्रतिशत से नीचे रखने के लिए शेयरों की बिक्री है। इस मोर्चे पर भी स्थिति निराशाजनक है। 2015-16 में इस रास्ते से बिक्री कुछ नहीं थी, जबकि इसके लिए बजट में 28,500 करोड़ रखे गए थे। 2016-17 में इस लक्ष्य को 20,500 करोड़ से घटा कर 5,500 करोड़ कर दिया गया था। इसके बाद के दो वर्षों में 'रणनीतिक विनिवेश' का लक्ष्य मोटे तौर से एक पीएसयू में सरकार के बहुसंख्य शेयर दूसरे में बेच कर पूरा किया गया।

2017-18 में एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर ओएनजीसी को तथा 2018-19 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी के 52.63 शेयर विद्युत वित्त निगम-पीएफसी को बेच कर यह काम हुआ। 2019-20 में नीपको में 100 प्रतिशत शेयर तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 75 प्रतिशत शेयर राष्ट्रीय ताप बिजली निगम-एनटीपीसी को बेचे गए जो बिजली क्षेत्र का सीपीएसयू है। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इनकी खरीद एक पीएसयू ने की।

अनेक रणनीतिक बिक्रियां नहीं हो सकीं जिनमें भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में 53.29 प्रतिशत, कंटेनर कार्पोरेशन-कंकार में 30 प्रतिशत तथा शिपिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया-एससीआई में 63.73 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पिछले साल के लिए लक्षित ये बिक्रियां 2020-21 में भी नहीं हो सकीं। आलएटआल को सितंबर, 2021 में बेच दिया गया, पर बीपीसीएल-एससीआई की बिक्री वर्तमान वित्त वर्ष में भी नहीं हो सकी। विनिवेश का लक्ष्य पूरा न होने का कारण इनको राजस्व का स्रोत मानना है जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटा पूरा करना है। यह गलत अवधारणा है। लगभग निश्चित रूप से मिलने वाले कर राजस्व के उलट यह नहीं कहा जा सकता है कि विनिवेश से कितनी रकम प्राप्त होगी। इस मामले में काफी कुछ बाजार के परिदृश्य व खासकर निवेशकों के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है जो पीएसयू में निवेश करना चाहते हों जिसके शेयर बिक्री के लिए उपलब्ध हों। रणनीतिक बिक्री वाले मामलों में सरकार को अच्छी बाजार के साथ ही अमीर बोलीकर्ताओं की भी जरूरत होती है। बीपीसीएल के विनिवेश की योजना पहले 2019-20 में बनाई गई थी जिसके लिए 60,000 करोड़ निवेश करने वाले निवेशक की जरूरत थी। सहमति तथा नौकरशाही लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रिया सरकारी प्रयासों में बाधा बनती है क्योंकि रणनीतिक निवेशकों से समय रहते संपर्क नहीं हो पाता है।

नीति आयोग ने विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान की थी जिनको उस समय कोर ग्रुप आफ सेक्रेटरीज़ आन डिस्इन्वेस्टमेंट-सीजीडी द्वारा अनुमति मिलनी थी। यह लंबी प्रक्रिया है जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था-एएम का भी स्थान है। इसमें मंत्रालयों का समूह शामिल है जिसमें वित्त, सहक परिवहन व राजमार्ग, प्रशासनिक सुधार, आदि हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-डीपम प्रस्ताव तैयार करता है जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए स्वीकार करती है। कुल मिला कर रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण होते हैं। इस कारण विलम्ब होता है और सारी सहमतियां प्राप्त करने के बाद बाजार का परिदृश्य बदल जाता है। बीपीसीएल के मामले में 2019-20 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 70 डालर प्रति बैरल थी, लेकिन नौकरशाही उस समय तैयार नहीं थी। 2020-21 में कोविड-19 के कारण कच्चे तेल की कीमत औसतन 40 डालर प्रति बैरल से गिर कर 20 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वर्तमान वर्ष में यह फिर 70 डालर से अधिक हो गई है। लेकिन अधिकारी अभी भी तैयार नहीं हैं जिनके कारण 2022-23 का विनिवेश लक्ष्य अनिश्चित है।

अतीत में अनेक सरकारों ने बजटीय आवश्यकतायें पूरी करने के लिए पीएसयू का प्रयोग दुधारू गाय की तरह किया है। अधिक डिवीडेंट, विशेष डिवीडेंट व बोनस लेने की व्यवस्था के कारण 2004-2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम उठाया था। ओएनजीसी को भारतीय तेल निगम-आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को कच्चे तेल पर छूट देने को कहा गया था ताकि वे डीजल, पेट्रोल, एलपीजी व केरोसीन का दाम कम रख सकें। ओएनजीसी ने इस कालखंड में 2,00,000 करोड़ की छूट दी थी। उद्यमों के विनिवेश के मामले में भी राजस्व प्राप्त करने की यही सोच थी। मामला केवल इतने तक नहीं है।

सरकारी थिंक टैंक लगातार चाहता है कि रणनीतिक बिक्री पूरी होने के बाद भी सरकार ड्राइवर सीट पर बनी रहे। इसका स्पष्ट संकेत वित्त मंत्री ने अपने 2019-20 के बजट भाषण में दिया। उन्होंने कहा कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा रखने के बजाय ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां अधिकार 'सीधे' के साथ 'परोक्ष' भी हो। इस प्रकार का संकेत संभावित निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को विनिवेश को बजट से अलग रखने पर विचार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में राजस्व प्राप्ति का अनुमान करते समय सरकार को विनिवेश लक्ष्यों का योगदान उसमें शामिल नहीं करना चाहिए। शेयरों की बिक्री के लिए उसे एक होल्डिंग कंपनी बनानी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के विनिवेश के लिए आरबीआई द्वारा गठित पी. नायक समिति ने ऐसी कंपनी का सुझाव दिया था जिससे पीएसयू में सभी शेयरों को बेचा जा सकता है। होल्डिंग कंपनी में प्रख्यात पेशेवर होने चाहिए जो प्रबंधन से बातचीन के माध्यम से सभी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हों।

इनमें बाजार की स्थितियों का ध्यान रखते हुए मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री का समय, आदि शामिल हैं। 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार गैर-रणनीतिक क्षेत्र के सभी सीपीएसयू का निजीकरण करेगी तथा रणनीतिक क्षेत्र में भी निजीकरण के कदम उठाएगी, बशर्ते कि हर क्षेत्र में एक सार्वजनिक उद्यम बना रहे। इन प्रयासों को सफलता तभी मिल सकती है जब इनको नौकरशाही, लाल-फीताशाही तथा बजट बनाने की प्रक्रिया से अलग रखा जाए।

# जनजातियों में व्याप्त दिव्यता की अवधारणा



**सरदेंदु मुखर्जी**
(लेखक एक अकादमिक एवं इतिहासकार हैं)

पूर्व केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री किशोर चंद्र देव ने दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा था : "आदिवासी किसी भी धर्म में पैदा नहीं होते हैं और उन्हें स्वदेशी संस्थाओं के रूप में माना जाता है। इसलिए, जब अनुसूचित जनजातियों के कुछ वर्ग किसी भी धर्म का पालन करना चुनते हैं - जैसे, पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म या बौद्ध धर्म, या लक्षद्वीप, या हिंदू, सिख या किसी अन्य धर्म में इस्लाम - यह कभी भी धर्म परिवर्तन का मामला नहीं है क्योंकि, चूंकि आदिवासी एक धर्म में पैदा नहीं होते हैं, इसलिए उनके धर्मांतरण का मामला नहीं हो सकता है।" यह, संयोग से, एक महत्वपूर्ण राजनेता की राय है जो आदिवासी समुदाय से भी संबंधित है; यह कर्नाटक धर्मांतरण विरोधी विधेयक के संदर्भ में कहा गया था।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त एलएम श्रीकांत ने 21 फरवरी, 1952 को एक नोट में बताया था कि भारत में जनजातियों की तीन सामान्य विशेषताएं हैं- क) जनजातीय मूल; बी) दूरस्थ और कम सुलभ क्षेत्रों में जीवन और निवास का आदिम तरीका; और, ग) सभी प्रकार से सामान्य पिछड़ापन। उन्होंने पूरे भारत में व्यापक यात्रा के बाद पता लगाया कि कैसे आदिवासी गरीबी के बीच अर्ध-गुलामी परिस्थितियों में रहते थे। उन्होंने 1926 के आपराधिक जनजाति अधिनियम से हुए नुकसान को भी नोट किया। विभिन्न रिपोर्टों में, किसी ने कभी भी यह उल्लेख नहीं किया है कि जनजातियों में 'विश्वास प्रणाली' या धर्म का अभाव है।

अब, आइए देखें कि क्या आदिवासियों का कोई "धर्म" है, जैसा कि किशोर चंद्र देव ने बताया है। धर्म की अवधारणा धर्म से अलग है, जैसा कि हम सभी जानते हैं। यह मान लेना भी कि आदिवासियों का कोई धर्म नहीं होता, ऐतिहासिक रूप से गलत है। यहाँ, मैंने आदिवासी आबादी के संथाल खंड से कुछ उदाहरण चुने हैं। निश्चित रूप से, यह अन्य आदिवासी समाजों का भी सच है।

सभी मनुष्य एक 'विश्वास प्रणाली' के बिना पैदा हुए हैं या धर्म सत्य है, लेकिन वे अपने माता-पिता और तत्काल पड़ोस से प्रथाओं, अनुष्ठानों और समग्र धार्मिक-सांस्कृतिक लक्षणों को अपनाते हैं। मातृभाषा को उठाने की तरह, यह सहजता से और बिना किसी शिक्षण के होता है। कोई यह दावा कर सकता है कि भारत में आदिवासियों की एक विश्वास प्रणाली है जो



भारत में प्रचलित अन्य धर्मों / धर्मों की तुलना में कम गहन और आध्यात्मिक नहीं है। जैसा कि सुनीति कुमार चटर्जी ने बताया था : "भारत में सभी ऑस्ट्रियाई जनजातियों के पास थोड़ा सा मौखिक साहित्य था, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंप दिया गया था, जिसमें उनकी पौराणिक और अर्ध-पौराणिक किंवदंतियों और परंपराओं, और कुछ लोक कविताएं शामिल थीं, जो आंशिक रूप से उनसे संबंधित थीं। धार्मिक समारोह ('भारत की सांस्कृतिक विरासत', खंड 5, पृष्ठ 670)। चटर्जी ने आगे कहा था "बंगाल में, अपने स्वयं के पारंपरिक धर्म का पालन करने वाले संताल की एक बड़ी आबादी है, जो एक तरह से पौराणिक हिंदू धर्म के समान है। ब्राह्मणवाद की कक्षा के भीतर होने के कारण, संताल हिंदू धारणाओं से काफी हद तक प्रभावित हुए हैं (पृष्ठ 671)।"

चटर्जी ने रामदास मांझी टुडू को उनके खेड़ावल-वंश (या धर्म-पुथी या 'खेरावल जाति की पवित्र पुस्तक') के लिए भी बधाई दी, जिसमें उनके लोगों की परंपराएं "और उनकी धार्मिक और सामाजिक संस्कृति" (पृष्ठ 672) शामिल हैं। उन्होंने साधु रामचंद मुर्मू ठाकुर का भी उल्लेख किया है, जिन्हें "धार्मिक सुधारक और धर्म के संताल दर्शन के शिक्षक" (पृष्ठ 673) के रूप में वर्णित किया गया है। यह दिखाने के लिए उदाहरणों की कोई कमी नहीं है कि कैसे आदिवासी कभी धर्म से रहित नहीं थे। मानव जाति की मूल 'विश्वास प्रणाली' प्रकृति पूजा के इर्द-गिर्द घूमती है - सूर्य, चंद्रमा, नदियाँ, पहाड़, पेड़ और पूर्वज पूजा। ये सभी आदिवासियों की दैवीय धारणा में महत्वपूर्ण तत्व हैं। दुर्भाग्य से, धर्म का पारंपरिक दृष्टिकोण मानवता के "विश्वासियों" और "गैर-विश्वासियों" में विभाजन पर आधारित है, जहां 'दूसरे' की विजय अनिवार्य है। महाद्वीपों में सनातन धर्म, बुतपरस्ती, जीववाद और शिंटोवाद में प्रकट विश्वास प्रणाली भारत में आदिवासी पवित्र मानते हैं।

जैसा कि इरावती कर्वे ने बताया था, भारत में चल रहे "सांस्कृतिक समझौता" को संभव बनाया गया था क्योंकि इसे "बहुदेववाद और इसके तार्किक सहवर्ती - अन्य देवताओं, अन्य पंथों और अन्य रीति-रिवाजों के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण" द्वारा मदद मिली थी। निर्मल बोस, घुर्ये और कुमार सुरेश सिंह जैसे भारत के आदिवासी समाज का अध्ययन करने वाले सभी विद्वानों ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के आदिवासियों पर लिखते हुए जेम्स कोवान ने देखा था कि वे "हम सभी के विवेक का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे हर समय मानव आत्मा की आध्यात्मिक उत्पत्ति को पहचानते और स्वीकार करते हैं।"

हम इस लघु निबंध को एक किस्सा के साथ समाप्त करते हैं। यह 1902 में बेलूर मठ में था, जहाँ संथाल मजदूर काम के लिए आते थे। स्वामी विवेकानंद को उनकी कंपनी बेहद पसंद थी। उन्होंने न केवल उन्हें भोजन दिया, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखा कि वह बिना नमक के हो। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उनके द्वारा उनसे कहा गया था कि वे ऐसा भोजन नहीं करते हैं जिसमें नमक हो या जिसे दूसरों ने छुआ हो। स्वामीजी ने कहा : "आप नारायण हैं, भगवान प्रकट। आज मैंने नारायण को भोजन कराया है।" भोजन के बाद संताल आराम के लिए सेवानिवृत्त हो गए, स्वामीजी ने अपने शिष्यों से कहा कि उन्होंने संताल को "भगवान का वास्तविक अवतार" ('स्वामी विवेकानंद का पूर्ण कार्य', खंड 7, पृष्ठ 244-245) के रूप में पाया। शायद यह घटना एक बार फिर साबित करेगी कि कैसे आदिवासियों को उनकी 'विश्वास प्रणाली' के बारे में आंका जाता है और वह भी, सभी समय के महानतम भारतीयों में से एक और एक सच्चे हिंदू द्वारा।

## आप की बात

### प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** रोकने के लिए सर्वप्रथम हमें कम से कम वाहन का उपयोग करना चाहिए, प्राइवेट वाहन के बजाय सरकारी वाहन का प्रयोग करना चाहिए। प्रदूषण कई तरह का हो सकता है। जल प्रदूषण, वायु, ध्वनि प्रदूषण आदि। आज के वायु प्रदूषण की काफी चर्चा है। पिछले दिनों कोलकाता उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिसमें दीपावली से लेकर नव वर्ष तक पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। ऐसे आदेश हमारे उत्सवों के उल्लास को कम करते ही हैं परंतु प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक नहीं होते हैं ।क्योंकि यह समझना कि दीपावली पर पटाखे चलाने से प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है यह उचित नहीं है क्योंकि हमारे देश में तो पूरे साल भर किसी न किसी रूप में पटाखों का इस्तेमाल होता रहता है फिर केवल पटाखों से प्रदूषण फैलता है अतः यह भी उचित नहीं है। फैक्ट्रियों की चिमनियों से भी निकलता धुआं हो या सड़कों पर वाहनों से निकलने से उड़ने वाली धूल का गुबार। ये भी वातावरण प्रदूषित करते हैं आजकल फैक्ट्रियों से निकलने वाला विषैला जहरीला पानी भी प्रदूषण को बढ़ाता है स्वयं नगरपालिका भी मच्छर भगाने के लिए नगर में विषैले धोने का छिड़काव करती है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### टीकाकरण अभियान

**कोरोना** वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान का एक वर्ष 16 जनवरी को पूरा हुआ। रास्ता काफी लम्बा और ऊबड़-खाबड़ था लेकिन सफर फिर भी जारी है। यह कोरोना रुपी वैश्विक महामारी के खिलाफ एक महायुद्ध था, जिससे लड़ने के अस्त्र-शस्त्र भी दुनिया के पास नहीं थे। महान और योग्य वैज्ञानिकों ने टीकों के अनुसंधान किए, नतीजतन कोरोना की लगातार लहरों के बावजूद भी दुनिया बहुत कुछ सुरक्षित है। संक्रमण फैला है तो उसका उपचार भी संभव हुआ है। इस अभियान पर राजनीतिक टीका-टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि एक ही साल में भारत की 138 करोड़ से अधिक की आबादी को दोहरा टीकाकरण कोई आसान लक्ष्य नहीं है। यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा व सफल अभियान है। इस अभियान के दौरान भारत ने कई मिल के पत्थर हासिल किये है, और यह विश्व के लिए मिसाल है। भारत के आंकड़े सिर्फ राष्ट्रीय हि नहीं बल्कि वैश्विक उपल्ब्धि है। लेकिन आज भी करीब 11 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली है,इन लोगो के मन मे टिके को लेकर कई भर्म हैं। सरकार को इसको लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए। टीकाकरण का इतिहास करीब 200 साल पुराना है।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र


### सुविधा व स्वच्छता की दरकार

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता की आवश्यकता है । फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। ,इंदौर, उज्जैन ,भोपाल,ग्वालियर जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओ को लोकेशन हेतु विदेश जाकर फिल्माने पर काफी लागत आती थी। उसमे कमी आई है। स्वच्छता के लिए लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे। क्योकि सोंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते है। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह विकसित हो ऐसा स्वछता का कार्य हमें मिलकर जागरूकता से करना होगा ।ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का सोंदर्य एवं ऐतिहासिक धरोहरे की आकर्षणता पर्यटकों के दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**मुझे** नहीं पता किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ और क्यों तस्वीर को शामिल नहीं किया गया। कुछ तो कारण रहे होंगे।

– **अनिता बोस**
नेता जी बोस की पुत्री



**भारत** की प्रगत की यह अवधि हरित एवं स्वस्छ होने के साथ-साथ टिकाऊ तथा भरोसेमंद भी होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में 16.5 लाख युवाओं की नौकरी चली गई और चार करोड़ लोगों ने नौकरी की उम्मीद छोड़ दी।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

### जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का किया निरीक्षण

# टीकाकरण लक्ष्य में कोताही न बरतें

**संवाददाता।** सीतापुर



**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने कोविड वैक्सिनेशन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा भी की। दवाओं के वितरण की जांच करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने आये हुये मरीजों से वार्ता करके उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया तथा कोविड टीकाकरण के विषय में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने प्रेरित किया कि सभी लोग स्वयं भी कोरोना रोधी टीका अवश्य लगवायें और अपने परिवार के सदस्यों का भी टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने कोविड हेल्पडेस्क एवं ओ0पी0डी0 का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायें। जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिये कि कोविड टीकाकरण को शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने के संबंध में माइक्रोप्लान बनाते हुये टीकाकरण कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता को जागरूक करते हुये टीकाकरण कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को यह निर्देश भी दिये कि दवाओं और सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही समस्त व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने हेतु भी निर्देशित किया। ग्राम पंचायत सचिवालय मूसेपुर में आयोजित कोविड टीकाकरण विशेष शिविर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों को टीकाकरण कराये जाने हेतु किया प्रेरित। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय मूसेपुर में आयोजित कोविड टीकाकरण विशेष शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, आशा, ए0एन0एम0 को प्रेरित किया कि छूटे हुये लोगों का टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। जिन लोगों को दूसरी खुराक दी जानी है, उन्हें भी प्रेरित करके टीकाकरण अवश्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता करके उनसे अपील की कि कोरोना वायरस से बचाव हेतु समय से टीकाकरण अवश्य करायें। इसके साथ ही कोरोना वायरस की तीसरी लहर एवं ओमिक्रान वैरियण्ट के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये विशेष सतर्कता एवं सावधानी रखने के लिये प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने सभी से मास्क का प्रयोग करने, नियमित रूप से हाथों को धोने, सोशल डिस्टेंसिंग रखने तथा टीकाकरण कराये जाने की अपील भी की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा में शामिल होने के बाद पहुंचे रामहेत भारती, हुआ जोरदार स्वागत

- भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए है रामहेत
- जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने किया पूर्वमंत्री का स्वागत

**संवाददाता।** सीतापुर



**समाजवादी पार्टी** के जिला कार्यालय पर उस वक्त नारेबाजी होने लगी जब भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री रामहेत भारती पहली बार कार्यालय पहुंचे। जहां पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मंत्री के आने से समाजवादी पार्टी मजबूत हुई है और विधानसभा चुनाव में इसका फायदा मिलेगा और सभी 9 विधानसभा सीटे समाजवादी पार्टी की झोली में जाएगी। पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा कि भाजपा का सफाया करने के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रहा हूं और जिले की सभी 9 विधानसभा सीटों पर साइकिल जीतेगी। उनके स्वागत के दौरान फुरखान खां, विजय वर्मा, महेन्द्र यादव, जय सिंह यादव, रामबाबू, षिवपाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अपने संग पिता के चुनाव प्रचार की अब्दुल्ला के हाथों होगी कमान

## सीतापुर जेल में रहकर चुनाव लड़ेंगे आजम

**संवाददाता।** सीतापुर



**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर जिला कारागार में निरूद्ध रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खां इस बार जेल में रहकर चुनाव लड़ेंगे। वो रामपुर शहर से चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे। आजम के अलावा उनका बेटे अब्दुल्ला आजम खां भी अपनी पुरानी विधानसभा सीट स्वार से प्रत्याशी होंगे, अब्दुल्ला अभी हाल में ही रिहा हुए हैं,। इस चुनाव में अब्दुल्ला अपने प्रचार के साथ पिता के चुनाव प्रचार की भी कमान संभालेंगे। सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल के मुताबिक चमरौआ विधानसभा सीट पर विधायक नसीर अहमद का चुनाव लड़ेंगे, जबकि मिलक सुरक्षित सीट से पूर्व विधायक विजय सिंह प्रत्याशी होंगे। पिछले चुनाव में भी विजय सिंह को ही टिकट दिया गया था। बिलासपुर सीट से जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछले चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी संजय कपूर गठबंधन से चुनाव लड़े थे। तब सपा और कांग्रेस का गठबंधन था। इस कारण यहां सपा का कोई प्रत्याशी नहीं था, बल्कि सपाइयों ने कांग्रेस प्रत्याशी को ही चुनाव लड़ाया था।

## सपा हिन्दुत्व की नहीं करती बात:रामदयाल



**संवाददाता।** मिश्रिख सीतापुर

- विहिप जिलाउपाध्यक्ष व भाजपा नेता ने गिनाईं योजनाएं

**समाजवादी पार्टी** की हमेशा से ही तुष्टीकरण की राजनीति रही है, तब मुलायम सिंह यादव करते थे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव करते है। यह बात विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष व भाजपा नेता रामदयाल राजवंशी ने क्षेत्र भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही हिन्दुत्व की बात करती है इसीलिए 2022 में फिर से कमल खिलेगा। श्री राजवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार धारा है जो एक कार्यकर्ता का निर्माण करती है, भारतीय जनता पार्टी हर एक गरीब मजदूर की पार्टी है जो हमेशा इनके बारे में सोचा करती है। इसीलिए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाएं सीधे आप सब तक पहुंचती है और समय से मिलती होगी। रामदयाल राजवंशी ने कहा कि भाजपा ने कोरोनाकाल में लोगो की जरूरत को पूरा किया यह और कोई सरकारे नहीं कर सकती थी इसीलिए जनता उनके साथ है और रहेगी। जनसम्पर्क करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली।

## बसपा छोड़कर सुभाषपा में शामिल हुए मनोज अर्कवंशी



**संवाददाता।** सीतापुर

- बसपा के जोन इंचार्ज थे मनोज अर्कवंषी

**बसपा के** जोन इंचार्ज रहे मनोज अर्कवंशी अब सुभाषपा में शामिल हो गए है। वह बसपा में महोली से टिकट की दावेदारी भी कर रहे थे लेकिन बसपा की नीतियों से अंसतुष्ट होकर बसपा से इस्तीफा दे दिया और समाजवादी पार्टी से गठबंधन करने वाली सुभाषपा की सदस्यता ले ली है। सुभाषपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने इनको सदस्यता दिलाई। मनोज अर्कवंशी ने पुष्पगुच्छ देकर ओमप्रकाश राजभर का स्वागत किया। उनके शामिल पर तमाम कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## गोला तहसीलदार ने पीड़ित महिला को दिलाया न्याय

**संवाददाता ।** मैलानी-खीरी

**तहसील गोला** गोकर्णनाथ के मैलानी के अंतर्गत आने वाले नगर के मैलानी (देहात) वार्ड नं.-4 में एक भूमि का विवाद गुरमीत कौर व विपक्षी जय राखन के बीच चल रहा है। इस पर कुछ माह पूर्व एसडीएम व तहसीलदार गोला ने वाद को संज्ञान में लेते हुए भूमि पर बने परिसर में ताला डलवाने के बाद दोनों पक्षों को विचाराधीन वाद के निस्तारण तक भूमि पर यथा स्थिति बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए थे। 16 जनवरी को जय राखन ने परिसर मे लगे तालो को तोड़कर परिवार सहित जबरदस्ती अंदर रहने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलने पीड़िता गुरमीत कौर ने घटना से सम्बंधित प्रार्थना पत्र थाने मे देकर अवैध कब्जे को रोकने तथा दोषी के कार्यवाही की मांग की। घटना की सूचना पाकर तहसीलदार गोला वी के गुप्ता ने अन्य राजस्व कर्मियों के साथ मैलानी पुलिस को साथ लेकर 17 जनवरी को घटना स्थल पर पहुंच कर अवैध कब्जे को खाली मुक्त कराया। विवादित परिसर में ताले भी डलवा दिए। साथ ही निर्देश दिए कि यदि भविष्य में किसी ने भी न्यायालय में वाद निस्तारण होने तक किसी ने कब्जे की कोशिश की तो वह चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।

उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता गुरमीत कौर का आरोप है कि मैलानी के नीरज बाजपेयी तथा जयराखन से हमें व मेरे सहयोगियों को जान माल का खतरा है। यदि भविष्य में किसी भी तरह की कोई भी घटना घटती है तो यही लोग जिम्मेदार होंगे। पीड़ित महिला गुरमीत कौर ने तहसीलदार गोला व थाना प्रभारी राम लखन व समस्त पुलिस कर्मियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है।

## डीसीबी बैंक के निलंबित कर्मचारी को डीएम ने कर दिया बर्खास्त

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में लिया निर्णय

**लखीमपुर खीरी।** डीसीबी बैंक में गबन, अपहरण, वित्तीय अनियमितता के प्रकरण में आपराधिक निरोधन, अनुशासनिक एवं अधिभार-वसूली की समयबद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु गठित कमेटी मे सुनवाई में निर्णय लेते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीसीबी बैंक खजुरिया के निलंबित कर्मचारी मुकेश नायक को उप्र सहकारी समिति कर्मचारी सेवा विनियमावली 1975 के प्राविधानानुसार बैंक की वर्ग-तीन की सेवा से बर्खास्त करने के आदेश दिए।

बताते चलें कि डीसीबी बैंक खजुरिया में हुए धन के गबन.अपहरण प्रकरण में संलिप्त कर्मचारी मुकेश नायक के विरुद्ध बैंक से संचालित अनुशासनिक कार्यवाही में सिद्ध आरोपों की गंभीरता पर बैंक संचालक मंडल के निर्णय, उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अनुमोदन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निलंबित कर्मचारी मुकेश नायक को उप्र सहकारी समिति कर्मचारी सेवा विनियमावली 1975 के प्राविधानानुसार बैंक की वर्ग-तीन की सेवा से बर्खास्त किया। बताते चलें कि श्री नायक को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि की सूचना बैंक कार्यालय संबंधित तहसील से प्राप्त कराई। इसके साथ ही व्हाट्सएप से भी उक्त सूचना उपलब्ध कराई। बैंक से संचालित अनुशासनिक जांच में जांच अधिकारीए बैंक संचालक मंडल के अलावा डीआरसीएस सहकरिताए लखनऊ मंडल लखनऊ उप्र ने धारा 68 की जांच में श्रीनायक को सुनवाई का अवसर प्रदान किया। प्रकरण में श्रीनायक को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का व्यक्तिगत सुनवाई का पर्याप्त अवसर मिला।

डीसीबी शाखा खजुरिया में हुए गबन.अपहरण प्रकरण में श्री नायक के विरुद्ध बैंक द्वारा संचालित अनुशासनिक जांच में गबन का आरोप सिद्ध मिले। डीआरसीएस कॉपरेटिव लखनऊ मंडल द्वारा प्रकरण की कराई जांच में श्री नायक को दोषी पाया गया। श्रीनायक पर अंकन 1802811.60 अवधारित कर तातारीख 12 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली हेतु अधिभार आदेश पारित किया। श्री नायक को बैंक/विभाग/कोऑपरेटिव सेल द्वारा गबन का दोषी पाया गया।

डीएम ने गत दिवस हुई सुनवाई में मुकेश नायक को व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुनवाई का अवसर दिया किंतु यह सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए न ही उनके द्वारा उपस्थित न होने की कोई सूचना दी गई।

ऐसे में विचारोंपरान्त सर्वसम्मति से उनकी अध्यक्षता में गठित समिति ने निर्णय लिया कि डीसीबी बैंक खजुरिया में हुए धन के गबन-अपहरण प्रकरण में संलिप्त कर्मचारी मुकेश नायक के विरुद्ध बैंक से संचालित अनुशासनिक कार्यवाही में सिद्ध आरोपों की गंभीरता पर बैंक संचालक मंडल के निर्णय, उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अनुमोदन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निलंबित कर्मचारी मुकेश नायक को उप्र सहकारी समिति कर्मचारी सेवा विनियमावली 1975 के प्राविधानानुसार बैंक की वर्ग-तीन की सेवा से बर्खास्त किया।

## दस किलोग्राम चरस बरामद, तीन गिरफ्तार



लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रात्रि गस्त व चेकिंग के दौरान थाना हैदराबाद, थाना मैलानी एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा छत्तीपुर नहर पुलिया के पास से तीन अभियुक्तों सुखदीप सिंह, गुरूसाहब सिंह एवं मंदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से बिक्री हेतु जा रही 10 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 लाख रूपए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। एसपी ने खुलासे के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

## खीरी में 80 फीसदी मतदान को लेकर डीएम ने शुरू किया कैंपेन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- इलेक्शन दफ्तर में डीएम ने अफसरों संग जारी किया जागरूकता व मतदाता शपथ पोस्टर

**जिला निर्वाचन** अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में खीरी में 80 फीसदी मतदान के लक्ष्य वाली जागरूकता मुहिम शुरू की। उन्होंने अफसरों के संग 80 फीसदी मतदान के लक्ष्य एवं निर्वाचक द्वारा ली जाने वाली शपथ का एक-एक पोस्टर भी जारी किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्वाचन कार्यालय में खीरी में मतदान प्रतिशत बढ़ानेए जनपद में 80 फीसदी मतदान हो इसका पोस्टर जारी करके मुहिम का आगाज किया। उन्होंने इस मौके पर निर्वाचक ली जाने वाली शपथ अधीनस्थ अधिकारियों को दिलाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शपथ दिलाते हुए कहा कि ष्हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोस्टर लांचिंग के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंहए डिप्टी कलेक्टर रेनू, निर्वाचन कार्यालय के गिरवर प्रसाद, अख्तर हुसैन, राजेश, डीएम के ओएसडी राम कुमार मौजूद रहे।

## अलाव के नाम पर हो रही खानापूर्ति

**तिकुनियां-खीरी।** प्रशासन के द्वारा अलाव जलवाने के सरकार ने भले ही दावे किए जा रहे है लेकिन तिकुनियां रेलवे स्टेशन पे एक अजीब अलाव जलता दिखाई पड़ा जिसमे केवल धान की भूसी पर रद्दी के टुकड़े को एक सज्जन जला रहा था। पूछने पर बताया कि जब प्रशासन के द्वारा लकड़ी नहीं दी गयी। केवल गांव से भूसी लाकर जलाने को कहा गया है जो कर रहा हूं। पेपर जब तक रहा तब तक जलता रहा। पेपर के जल जाने के बाद भूसी से धुआं भी निकलना बंद हो गया।

## दो पालियों में होगी टीईटी परीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के निर्धारित केंद्रों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 23 जनवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्राथमिक स्तर की परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से 5 के मध्य आयोजित होगी। उक्त आशय की जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीईटी परीक्षा 2021 के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज द्वारा जनपद में प्रथम पाली हेतु 23 परीक्षा केंद्र व द्वितीय पाली हेतु 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिसमें प्रथम पाली में 12698 परीक्षार्थी व द्वितीय पाली में 8035 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीनए शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों को 7 सेक्टर में बांटा गया जिनमें सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। वहीं 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जिला स्तरीय अधिकारियों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त है। सभी नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षक परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहकर सघन निरीक्षण कर विभागीय निर्देशों एवं परीक्षा संपादित कराएंगे। वही तीन सचल दल डायट प्राचार्य डीआईओएस एवं बीएसए के नेतृत्व में गठित किए गए है।



## वोटरों को धमकाने वाले जाएंगे जेल:डीएम



**लखीमपुर खीरी।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरा प्रशासनिक एवं पुलिस महकमा तैयारियों में लग गया है। चुनाव में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का प्रशासन ने मूड बना लिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन की हुड़दंगियों पर सीधी नजर रहेगी। वोटरों को धमकाने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। इसके साथ ही पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की भी निगरानी करेगी। फ्लाइंग स्क्वाड व स्टेटिक टीम विडियोग्राफी से अराजक तत्वों की पहचान करेगी।

- हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

आचार संहिता का पालन सभी से कराएं। कहीं भी राजनीतिक बैनर व पोस्टर न लगा हो। लागू धारा 144 के तहत नगर में कहीं भी पांच से अधिक व्यक्ति को खड़ा देखने पर कार्रवाई की जाए। सुरक्षा के मद्देनजर लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराने की प्रक्रिया शुरू करें।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 19 जनवरी, 2022



# वैक्सीनेशन सेंटर का औचक निरीक्षण

## बोले डीएम- कोई छूटे न टीकाकरण से, मंबई और दुबई आने वालों को सात दिन रखें क्वारंटीन

**संवाददाता।** चित्रकूट



**कोरोना की** तीसरी लहर को देखते हुए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने वैक्सीनेशन सेंटरों इटवां डुडैला मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अपने-अपने गांव में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराएं एवं बम्बई दुबई से आने वाले लोगों को एक हफ्ते धर में रखें। उन्होंने कहा कि सेकंड डोज को अधिक से अधिक लगवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस बालक/बालिकाओं की उम्र 15 वर्ष से 18 वर्ष हो चुकी है का वैक्सीनेशन कराया जाये। सरकार का लक्ष्य है कि 31 जनवरी तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाये। जिससे कि सरकार की मंशा अनुरूप कार्य पूर्ण हो सके एवं संभावित कोरोना की तीसरी लहर से बचा जा सके।

उन्होंने एएनएम से कहा कि आप अपने सहयोगियों के साथ घर- घर जाकर वैक्सीनेशन करें। जिससे कि कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए।

इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मानिकपुर राजेश सिंह सहित लेखपाल, सचिव, ग्राम प्रधान आदि लोगों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शासन के अनुरुप अस्पतालों में भर्ती करें कोरोना के मरीजः जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सीएमओ को निर्देश दिये कि प्रदेश शासन की कोरोना संक्रमण के बढते प्रभाव के मद्देनजर रोगियों को भर्ती किया जाये। मौजूदा व्यवस्था के तहत संक्रमित होने वाले मामलों की सूचना इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर से मिलती है। मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सीएमओ को निर्देश दिये कि जहां से डॉक्टर मरीजों से बातचचीत के बाद सुनिश्चित करते हैं कि किन मरीजों को कोरोना अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत है। होम आइसोलेशन में किन्हें रखा जाता है। इस बाबत शासन ने राजकीय अस्पताल व निजी मेडिकल कालेज तथा निजी अस्पताल में कोरोना के बढते प्रभाव के मद्देनजर मरीजों की भर्ती प्रक्रिया की बाबत निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना मरीजों की भर्ती सभी अस्पतालों में की जाये। कोरोना वार्ड सभी अस्पतालों में बनाये जायें। इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाये।

# एसपी के निर्देश पर अपराधियों पर हुई कार्रवाई, चार पर गुण्डाएक्ट नौ पर मिनी गुण्डाएक्ट से हड़कंप



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफगुण्डाएक्ट व नौ के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल बडे पैमाने पर विधानसभा चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न कराने को अपराधी तत्वों के खिलाफ कार्यवाही में जुटे हैं। उनके निर्देश पर राजापुर थानाध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने गुड्डू उर्फ चन्द्रकिशोर पुत्र खेतिया केवट निवासी कनकोटा, पवन शुक्ला पुत्र रामनरेश निवासी भदेहदू पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। भोला पुत्र बच्चू खां, बच्चू खां पुत्र वजीर खां निवासी रायपुर, उदयभान पुत्र इंदल केवट, शीतल व इंदल केवट पुत्रगण केवलिया केवट निवासी बेराउर के खिलाफमिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में मऊ थानाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह ने सुलतान पुत्र रमाशंकर निवासी पश्चिमपताई, मोहन केवट पुत्र सत्यनारायण निवासी परदवां, रैपुरा थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर ने लाला उर्फ श्रवण कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी रामा कोल, बच्चा उर्फ अजय सिंह पुत्र रामसिया निवासी गोटा का पुरवा, चुन्नीलाल उर्फ कुन्नू पुत्र भइयालाल निवासी बरहट के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही हुई है। बरगढ थानाध्यक्ष शिवमूरत यादव ने रामप्रसन्न पाण्डेय पुत्र रामायण निवासी कलचिहा पर मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। चुनाव के मद्देनजर अपराधी तत्वों पर बडे पैमाने पर कार्यवाही होने से अपराधियों में हलचल मची है।

# पट्टे की अवधि समाप्त होने के बाद भी भरतकूप की ग्रेनाइट खदानों में हो रहा अवैध खनन



भरतकूप क्षेत्र में चल रहा अवैध खनन

**चित्रकूट।** जिले में इन दिनों अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चौकी क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन को रोकने को पुलिस प्रशासन के साथ राजस्व टीम को कडे निर्देश दिये हैं, लेकिन भरतकूप क्षेत्र की ग्रेनाइट खदानों में अवैध खनन जोरों पर हो रहा है। मंगलवार को भरतकूप थाना क्षेत्र की भौंरा, वजनी व कोरारी खदान में खुलेआम अवैध खनन जारी है। लीज समाप्ति के बाद भी खदान चल रही है। अवैध खननकर्ताओं पर कोई कार्यवाही न होने से सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लग रहा है। दूसरी ओर जिम्मेदारों की मिलीभगत की पोल खुल रही है। अवैध खनन रोकने को अधिकारी जाते हैं तो अवैध खनन माफ्यिाओं को पता चल जाता है। संबंधित क्षेत्र में अवैध खननकर्ता उस दिन लापता रहते हैं। इससे जाहिर खनिज माफ्यिाओं के तार दूर तक हैं।

इस मामले में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल का कहना कि अवैध खनन की जाँच कराई जाएगी। जाँच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

# सीबीसीआईडी ने युवती से गैंगरेप व हत्या कर शव पेड़ से लटकाने के मामले में तीन आरोपियों को भेजा जेल

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले के** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरदहा में युवती से गैंगरेप व हत्या कर शव पेड़ में लटका देने के मामले में सीबीसीआईडी ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है।

ज्ञातव्य हो कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा का बहुचर्चित गैंगरेप व हत्या कर शव पेड़ से लटकाने के मामले में लापरवाह पुलिस अधिकारियों को फ्टकार लगाते हुए पूरे मामले में सीबीसीआईडी जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था।मामले में सरकारी अधिवक्ता मोहम्मद शोएब ने शैंपल लेकर डीएनए टेस्ट के लिए लखनऊ भेजा गया था। जिसमें मृतका के कपड़े में सीमेंस की पुष्टि हुई थी। रिपोर्ट के लिए कोर्ट ने 17 जनवरी तक प्रगति रिपोर्ट पेश करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान तथा न्यायमूर्ति एस विद्यार्थी की खंडपीठ ने शिव विजय की याचिका पर दिया है। मालूम हो कि 22 अगस्त 2020 की रात नाबालिग लड़की का गैंगरेप किया गया और हत्या कर शव को सहजन के पेड़ से लटका दिया गया था।



गिरफ्तार आरोपी

जब पीड़ित हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गया तो थानाध्यक्ष ने स्वयं मनगढंत रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही रेप व हत्या को आत्महत्या करार देने का प्रयास किया। याची ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की और कोर्ट के निर्देश पर सीबीसीआईडी को जांच कर बीते 17 जनवरी को कोर्ट में दाखिल करना था।मामले में मंगलवार को सीबीसीआईडी पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी लवकुश पुत्र हेमराज, लालमन पुत्र मूलचंद्र, सोनू पुत्र मैकू लाल निवासी सेमरदहा को जेल भेज दिया है।

## कांशीराम आवास दिये जा रहे है किराये में

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा कस्बा के भौलीं रोड स्थित कांसीराम आवास में अराजकतत्वों का जमावड़ा रहने से लोग परेशान हैं। वही जिन लोगो को प्रधानमंत्री आवास मिल गया है। वह अपने आवास को किराए में दे रखे हैं। वही इनकी जांच कराए जाने की मांग कस्बा वासियो ने की है। यहां आए दिन घटनाएं होती रहती है।

कस्बे के भौलीं रोड स्थित कांसीराम आवास में अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। अभी चार दिन पूर्व छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया था। वही एक वर्ष पूर्व यहीं रह रहे निवासी के कमरे से लखनऊ में घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की गिरफ्तारी लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वही कस्बा निवासी लोगो के नाम आवास आवंटन किये गए थे। अब कई लोगोंके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बन गए हैं। लेकिन वह अभी भी कब्जा जमाए है। वही कई लोग अपना कांसीराम आवास किराए पर दे रखे हैं।

## पूर्व प्रधान ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच( जालौन )।** बसोब के पूर्व प्रधान ने तीन व्यक्तियों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत बसोब के पूर्व प्रधान राजेश कुमार राजपूत ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे गांव के ही दो व्यक्तियों ने समथर निवासी अपने एक रिश्तेदार के साथ मिलकर उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश मानते हुए उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की जिससे उसकी आंख व होंठ सहित उंगली से खून निकलने लगा जिसके बाद उक्त लोग पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये।पूर्व प्रधान ने उक्त घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# अब पालिका में लकड़ी घोटाले का खेल!

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**खोटाले पर** खोटाला बिकास कार्यों के बाद अब पालिका प्रशासन में अलाव जलाने के लिये लकड़ी में घोटाले का खेल शुरु हो गया है।

द्वारा शुरू हुआ ठंड में अलाव जलाने के बहाने लकड़ी पर घोटाला क्षेत्र में पड़ रही हाड़ कंपाउ ठंड व चल रही शीतलहर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग आग सेंक व गर्मी पैदा करने वाले उपकरणों से अपनी ठंड मिटाने का प्रयास कर रहे हैं वही लोग अपने जरूरी काम के लिए ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि नगर पालिका परिषद नगर में पांच दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाने का दावा कर रहा है। अवगत हो कि पिछले दिनों मौसम खराब होने के बाद क्षेत्र में हुई बारिश व ओलावृष्टि से अचानक ठंड बढ़ गई, कुछ मौसम साफहोते ही कोहरा गिरने व शीतलहर चलने से ठंड ने अपना प्रकोप और बढ़ा दिया जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। हालांकि नगर पालिका परिषद नगर के 75 स्थानों पर अलाव जलवा कर राहगीरों व लोगों की ठंड मिटाने का प्रयास कर रही है। अलाव के प्रत्येक पॉइंट पर तीस किलो लकड़ी प्रतिदिन जलाने का दावा नगर पालिका के जिम्मेदार कर रहे हैं जबकि मौके का नजारा कुछ और ही होता है फ्लिहाल राहगीरों व जनता को इन अलाव से गर्मी मिल रही हो या नहीं लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार लोगों की जेबें अलाव के माध्यम से जरूर गरम हो रही हैं। पालिका के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग व सभी वार्डों के75 चयनित स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाया जा रहा है इधर अचानक शीतलहर का प्रकोप बढ़ने पर उन्होंने नगर के 15 मुख्य स्थानों पर दिन में भी अलाव जलवाना शुरू कर दिया है ताकि राहगीरों को कुछ राहत मिल सके। वही इस संबंध में जब पालिका के कई सभासदों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पालिका की सूची में हमारे वार्ड के अलाव पॉइंट भले ही दर्ज हो परंतु अभी तक अलाव जलाने के नाम पर एक भी लकड़ी पालिका द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है जबकि नगर के कुम्हरौड़ा में पालिका द्वारा 3 पॉइंट अलाव के नाम पर चयनित किए गए परंतु वही सभासद छोटे लाल प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने ऐसे किसी चयनित पॉइंट की जानकारी होने से साफइनकार किया। वही नगर के ब्लाक के पीछे वार्ड सभासद शिव कुमार सोनी का कहना है कि उनके वार्ड में चयनित पांच स्थानों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी तो भिजवाई जाती है परंतु 10 से 15 किलो प्रति पॉइंट के हिसाब से ही जबकि प्रति पॉइंट 30 किलो लकड़ी प्रशासन द्वारा आदेशित की गई है वही सभासद महेश गुप्ता ने बताया कि उनके वार्ड में निर्धारित 5 पॉइंट में से मात्र 2 पॉइंट पर ही 10 से 15 किलो लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है वही इसी तरह नगर के रागौल वार्ड से सभासद दीप चंद्र साहू ने बताया कि अलाव पॉइंट की सूची में दर्ज 5 स्थानों के जगह मात्र दो स्थानों पर ही 10 से 15 किलो लकड़ी भिजवाई जाती है जिनमें से बड़ा चौराहा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य हैं।

# कार सवार चोर दुकान का ताला तोडकर बीस पेटी शराब ले गये

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव में संचालित सरकारी देशी शराब दुकान का ताला तोड़ कर चोरी। सोमवार की रात अज्ञात चोर शराब की 20 पेटी कार में रखकर ले गये। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पूंछतांछ कर रही है।

ग्राम सहाव में मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड के पास रानी पत्नी राजकुमार राजावत निवासी सिरसा दोगढ़ी का देशी शराब का ठेका संचालित हो रहा है। सरकारी देशी शराब का संचालन लाइसेंसधारी महिला का भाई कप्तान सिंह पुत्र रामसिंह निवासी भीमनगर करता है।सोमवार की रात वह दुकान बंद करके चला गया। सोमवार की रात व मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे दुकान के सामने झोपड़ पट्टी में रहे छोटे कुशवाहा उनके घर जाकर चोरी की सूचना दी तथा बताया कि कार सवार 4-5 लोग कार में उनकी दुकान से शराब भरकर ले गये। दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सेल्समैन कप्तान सिंह तथा दुकानदार राजकुमार से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस पूछताछ के लिए सेल्समैन को अपने साथ ले आयी तथा पूछताछ कर रही है।



शराब ठेका की तोड़ी गयी शटर

# कोहरे के चलते ट्रक-डम्फर में जोरदार भिड़ंत, दो घायल



**कुठौंद ( जालौन )।** घने कोहरे कके चलते जालौन-औरैया हाईवे स्टेट मार्ग पर ग्राम मदनेपुर के समीप ट्रक और डंफर में आपस में भिड़ंत हो गयी जिससे दोनों वाहनों के चालक परिचालक हुए गंभीर रूप से जख्मी दोनों को उपचार के लिए पीएचसी कुठौंद लाया गया जहां ट्रीटमेंट देकर जिला अस्पताल के लिए भेजा गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कुठौंद पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी थी। कोहरा इतना ज्यादा था कि तीन मीटर तक बमुश्किल दिखायी दे रहा था। यही कारण रहा कि ट्रक व डम्फर में टक्कर हो गयी। गनीमत यह रही कि दोनों वाहनों में टक्कर के चलते किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुयी।

# जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथों की कमियां फौरन करायें दूरः डीएम

- सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय बनायें

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जिला निर्वाचन** अधिकारी/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 सकुशल संपन्न कराने हेतु राजकीय मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर अपने-अपने बूथों का निरीक्षण करें जो भी कमियां मिलें उन्हें तत्काल अपने आरओ को अवगत कराएं ताकि समय पर ही उसका निस्तारण किया जा सके।



जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों की संयुक्त मीटिंग में निर्देश देती जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन

उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य से संबंधित जो भी कार्य उन्हें दिए गए हैं उन्हें पूरी जिम्मेदारी से संपादित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय व रैंप दिव्यांग जनों की बैठने की व्यवस्था आदि को पहले से ही सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि एएमएस के अनुसार सभी बूथों पर पहले से ही निरीक्षण कर सुविधाओं को पूर्ण रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 पूर्ण सतर्कता से कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट पुलिस मजिस्ट्रेट के पास कितने क्रिटिकल व वनेरवल बूथ है कितने बूथों पर वेबकास्टिंग होनी है इसकी सूची आपके पास होना अनिवार्य है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी पूनम निगम, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र यादव सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सर्द रातों का फायदा उठाकर आधा दर्जन बदमाशों ने की चोरी, प्रार्थना पत्र पर सवाल

**माधौगढ़ ( जालौन )।** सर्द रातों और घने कोहरे का फायदा उठाते हुए थाना माधौगढ़ के अंतर्गत मचकछा गांव में आधा दर्जन बदमाशों ने एक घर की दीवार फांद कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। हालांकि गृह स्वामी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ अवैध हथियारों के दम पर मारपीट भी की गई। उसके बाद वह नगदी और जेवर को उठाकर ले गए। घटना में सच्चाई है लेकिन दिए गए प्रार्थना पत्र पर सवाल और शक दोनों ही दिखाई पड़ते हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाना माधौगढ़ के मचकछा गांव में सिद्ध बाबा के स्थान पर पूजा करने वाले तेज सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल पाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि रात 12.30 बजे के लगभग वह सो रहे थे। उनकी पत्नी प्रेमा देवी टॉयलेट के लिए उठी। तभी आधा दर्जन बदमाश हथियारों से लैस होकर उनके घर में दीवाल फांदकर घुस आए,जिन्होंने उन दोनों को बंधक बनाकर मारपीट की और घर से नगद 20000 व दो लाख से ज्यादा का जेवर उठाकर ले गए।

## क्विक न्यूज

### ट्रांसफार्मर का तेल व स्टार्टर ले गए चोर

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे के नहर कोठी के पास स्थित खेत में रखा ट्रांसफार्मर से कुछ लोगों ने तेल और टयूबवेल का स्टाटर चोरी कर लिया। उलहना देने पर किसान को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसान ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के बड़ी जुलहेटी मोहल्ला रवि कुमार सैनी पुत्र दयाशंकर ने बताया कि उसका एक किता खेत नहर कोटी के पास में है। खेत में उसका टयूबवेल भी लगा हुआ है। जिससे वह अपने व आसपास के खेतों की सिंचाई करता है। बताया कि चार माह पहले अनसार उर्फपहलवान निवासी नहर कोठी जो अपने जीजा के साथ रहता है तथा मोला निवासी नहर कोठी मजार के पास का लाइट का खंभा टूट जाने के कारण लाइन नहीं थी। जिसमे टयूबवेल जो नीचे रखा है, उक्त चोरों द्वारा रात में ट्रांसफार्मर से 55 लीटर तेल चोरी कर ले गये। जब उसने तेल के बारे पूछा तो गाली गलौज कर धमकी देने लगे और कहने लगे कि हमने तेल बेच दिया है। बताया कि 25 दिसंबर 21 को उक्त चोरों ने टयूबवेल का स्टाटर निकाल लिया। जिसकी कीमत 16 हजार रुपये है। आरोप लगाया कि उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न ही मामला दर्ज किया गया। पीड़ित ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज कराये जाने की मांग की है।

### जेठ व जेठानी ने बहू को पीटा, आग से युवक झुलसा

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ला निवासी रूबी पत्नी रियाज ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे अपनी सास माजरा से बात कर रही थी। तभी उसकी जेठानी शाहीन आई और गाली गलौज करने लगी। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो जेठ व जेठानी ने उसे जमकर मारापीटा। बताया कि वहां मौजूद सास ने उसे बचाया। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चिकासी थाने के हरदुआ गांव निवासी 34 वर्षीय लालाराम पुत्र चुरा राम ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा ली। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। कोतवाली के अमगांव निवासी 55 वर्षीय धरमदास पुत्र मंगी सर्दी से बचाव के लिये आग ताप रहा था। तभी अचानक अधेड़ को गश आने पर वह आग में गिर गया। जिससे वह आग से झुलस गया। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। डा.प्रभात शर्मा ने बताया कि अधेड़ 15 फीसदी झुलस गया था। जिसका इलाज कर दिया गया है।

### स्वीप योजना के अंतर्गत जनपद में बढ़ाया जायेगा मतदान प्रतिशत

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि स्वीप योजना के अंतर्गत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाना है। जनपद में वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव व वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव के अंतर्गत जनपद के समस्त बूथों में वोटर टर्न आउट का अवलोकन किया गया। जिसमें पाया गया कि जनपद में वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में वोटर टर्नआउट 61.02 तथा 2019 के संसदीय चुनाव में वोटर टर्नआउट 58.01 रहा है, तत क्रम में इसमें प्रभावी परिवर्तन हेतु रणनीति के तहत 10 प्रतिशत सबसे कम वोटर टर्नआउट वाले बूथों का चयन किया गया है, जहां स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्य योजना बनाई गई है जिसमें उन बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता के अंतर्गत अधिकारियों को नामित करते हुए 16 जनवरी से 20 फरवरी तक विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन, मतदान के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करना है इन बूथों में स्वीप कार्य योजना 2022 की उक्त तिथियों में बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा वोटर अर्वेन्श ग्रुप के साथ मतदाता संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कहा कि कम मतदान प्रतिशत होने के मुख्य कारणों में से एक प्रवासी मजदूरों का मतदान में भाग न लेना हैजिस के क्रम में प्रवासी मजदूरों के परिवारों के सदस्यों से मिलकर उन के माध्यम से प्रवासी मजदूरों को बुलाकर वोट डालते हुए प्रोत्साहित करना उन्होंने कहा कि समस्त नामित अधिकारियों उक्त कार्यक्रम को कोविड-19 गाइडलाइन के अनुरूप संपन्न कराना सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम के एक दिन पूर्व कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए कार्यक्रम के पश्चात उसकी फोटो वीडियो जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध भी कराना सुनिश्चित करें।


### फोरमैन व सहयोगियों ने अवर अभियंता को मारापीटा, पुलिस से लिखित शिकायत



पीड़ित नमामि गंगे के जेई

**मौदहा (हमीरपुर)।** नमामि गंगे योजना के तहत गांव में पेयजल मुहैया कराने के मकसद से पाइप लाइनों के विस्तार व पानी की टंकी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है इस कार्य में रीवा की पावर टेक कंपनी के एक अवर अभियंता को छिरका गांव में पानी की टंकी का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद इसी कंपनी के फोरमैन व उसके सहयोगियों ने जमकर मारपीट की जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस में दी गई है। घटना के संबंध में कंपनी के अवर अभियंता उमेश शर्मा निवासी ग्राम साईं थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर ने तहरीर देते हुए कहा है कि आज दिन में एक बजे कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में पाइप लाइन विस्तार व पानी की टंकी का निर्माण कार्य की देखभाल के लिए गया था तभी कंपनी के फोरमैन अर्जुन व उसी के साथी पवन, राजाराम निवासी ने उसे घेर लिया और अर्जुन ने कहा कि आज दिन भर वह यही रहकर काम देखना पड़ेगा तभी उसने इससे इंकार करते हुए कहा कि उसका काम पानी की टंकी का निर्माण कार्य देखना है तभी गाली गलौज करते हुए जमीन पर गिरा दिया और जमकर लात घूंसे से उसके साथ मारपीट की जिससे उसके शरीर में चोटें आई हैं शिकायत करने पर मारपीट की धमकी देते हुए। मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड भी किया जिसमें उसको धमका कर कहलाया गया कि न तो उसका कोई विवाद हुआ है न ही वह थाने जाएंगे जैसे ही मौका मिला वह कोतवाली पहुँच गया वही कोतवाल पवन पटेल ने बताया कि जाँच चल रही है जाँच उपराँत कार्यवाही की जाएगी।

### परासन के ग्रामीणों ने शुरू कर दी आठ घंटे की भूख हड़ताल



**उरई(जालौन)।** कालपी तहसील के परासन गांव की लगभग एक हजार एकड़ कृषि योग्य भूमि को सरकार द्वारा मुफ्त में बुंदेलखंड सौर्य ऊर्जा लिमिटेड को सौंपने के खिलाफकिसान मजदूर बचाओ, जमीन बचाओ योगी सरकार हटाओ आंदोलन के तहत ग्रामीणों ने आज से आठ घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस अवसर पर आंदोलन कारियों ने भाजपा सरकारों की कारपोरेट परस्ती की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मोदी-योगी राज में न केवल परासन के किसानों मजदूरों के जीवन की चिंता किए बगैर उनकी जमीनों को मुफ्त में पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा बल्कि पूरे देश को अम्बानी अडानी के हवाले किया जा रहा है। इसलिए भाजपा हटाओ-किसान मजदूर बचाओ आंदोलन चलाकर योगी सरकार को चुनाव मैदान में परास्त करना है। उन्होंने कहा कि सौर्य ऊर्जा प्लांट को हटाने तक यह आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि परासन की जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों से इस आन्दोलन का समर्थन करने की अपील की है। इस अवसर पर भूख हड़ताल में का. रामकुमार अनुरागी,का. रामरतन कठैरिया, का. गंगाप्रसाद अनुरागी, का. भोला अहिरवार,का. सन्तोष अनुरागी,का. रामस्वरूप अनुरागी, का. संतोष निषाद आदि भूख हड़ताल पर बैठे।

### इकलौता बेटा फांसी पर झूला, परिजनों में मचा कोहराम

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा में युवक ने घर में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी आशीष तिवारी 24 वर्ष पुत्र राजेन्द्र कुमार अपने माता पिता के तीन वहिनों के बीच इकलौते बेटा थे। बड़ी वहिनों गुडिया व क्षमा का विवाह हो चुका था। छोटी वहिन रमा व आशीष अपने माता-पिता के साथ रहता था। पैसा मांगने को लेकर पिता पुत्र में विवाद हो गया। पिता से विवाद के बाद युवक ने घर में छत से लटक कर फांसी लगा ली। जैसे ही परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई आनन फानन में परिवार के लोग बेटा को फंदा से उतार कर उरई अस्पताल ले गया। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इकलौते बेटा की मौत के बाद मां मोहनी व बहिन रमा का रो रो कर बुरा हाल है।

### हाड़ कंपाऊ ठंड से जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त

**जालौन (उरई)।** हाड़ कपाऊ ठंड ने सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। ठंड के कारण बाजार में भीड़ भाड़ कम रही है। दुकानदार अलाव लगाकर तापते नजर आये। ठंड को देखते हुए नगर में अलाव बढ़ाने की मांग उठ रही है। शीत लहर के साथ तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। मंगलवार को तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तापमान गिरने के कारण ठंड बढ़ गयी। बढ़ती ठंड ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी। ठंड के कारण मंगलवार को लोग घरों में दुपकने के लिए मजबूर हो गये। आवश्यक कार्य के लिए ही लोग घर से निकले जिससे बाजार भीड़ भाड़ कम रही। ग्राहकों के न आने के कारण दुकानदार भी आग जलाकर तापते नजर आये। नगर पालिका द्वारा लगाये जा रहे अलाव ठंड को देखते हुए कम पड़ने लगे हैं। सरकारी कार्यालयों तहसीलदार, बीडीओ, सीओ, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, बैंकों के पास, आयुर्वेदिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूरे दिन अलाव लगवाने की आवश्यकता पड़ रही है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 19 जनवरी 2022



# ईवीएम व वीवीपैट का रेंडमाइजेशन

संवाददाता। रायबरेली




**भारत निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने की दिशा में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जा रही है। इस श्रृंखला में ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट मशीन का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। यहां पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कंप्यूटर के माध्यम से प्रथम रेंडमाइजेशन करने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मशीनों की विधानसभा वार सूची उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 विधानसभाओं हेतु 2865 बीयू, 2865 सीयू तथा 3342 वीवीपैट लगाई गई है जिसमें 40 प्रतिशत रिजर्व मशीनें भी शामिल है, इसी क्रम में उन्होंने बताया कि विधानसभा बछरावां में 459 बीयू, 459 सीयू तथा 535 वीवीपैट, विधानसभा हरचन्दपुर में 446 बीयू, 446 सीयू तथा 520 वीवीपैट, विधानसभा रायबरेली में 484 बीयू, 484 सीयू तथा 565 वीवीपैट, विधानसभा सलोन में 472 बीयू, 472 सीयू तथा 551 वीवीपैट, विधानसभा सरेनी में 533 बीयू, 533 सीयू तथा 622 वीवीपैट, विधानसभा हरचन्दपुर में 471 बीयू, 471 सीयू तथा 549 वीवीपैट लगाई गई हैं। जिनका कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया है। ज्ञातव्य हो कि जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में चुनाव से जुड़ी हुई सभी कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जा रही हैं।

# छह सौ बयासी निगरानी समितियां रख रहीं कोरोना संक्रमितों पर नज़र

संवाददाता। अमेठी

**18 जनवरी 2022** जनपद में कोरोना के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में छरू सौ बयासी निगरानी समितियां काम कर रही हैं। ऊक्त जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने दीए उन्होंने बताया कि ये समितियां अपने क्षेत्र में मिल रहे कोरोना संक्रमितों को आइसोलेट करा रही हैं और उन्हें दवा किट भी पहुंचा रही हैं। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए यह समितियां अपने क्षेत्र में बाहर से आने वालों पर नज़र रख रही हैं और इसकी सूचना मुख्यालय स्तर तक पहुंचा रही हैं। ऐसे लोग जो गैर जिलों से आए हैं या फिर जिनके स्वास्थ्य में पिछले कुछ दिनों से परिवर्तन दिख रहा हैए उन सभी की प्राथमिकता के आधार पर जांच कराने का काम भी निगरानी समितियाँ कर रही हैं।उन्होंने बताया कि यह समितियां क्षेत्र में कोरोना संक्रमित के घर तक दवाओं की किट को पहुंचाने और नियमित संक्रमित की सेहत की जानकारी जुटाने का काम भी कर रही हैं। इसके साथ ही ये समितियां लोगों को कोविड टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। निगरानी समिति में ग्राम पंचायत प्रधान अध्यक्ष ग्राम सभा के सचिव आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राशन डीलर लेखपाल रोजगार सेवक स्वच्छाग्राही युवक मंगल दल के सदस्य और चौकीदार शामिल हैं।

निगरानी समिति के कार्य .घर.घर सर्वे कराना .. तापमान मापना .क्वारंटीन कराना ..कंटेनमेंट जोन बनाना .कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कराना ..बाहर से आए लोगों की सूचना विभाग को देना . कोविड जांच और कोविड टीकाकरण के लिए प्रेरित करना।

## क्विक न्यूज

### वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ी, मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत भितरीगांव मोहल्ला निवासिनी वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियो मे हालत बिगड़ने के बाद परिजन के द्वारा उनको अस्पताल ले जाया गया जहां से रेफर कर दिया गया जब तक अस्पताल ले जाते तब तक उनकी मौत हो गई है। कोतवाली के भितरीगांव निवासिनी सुग्गन 60वर्ष पत्नी कल्लू की संदिग्ध परिस्थितियो मे हालत बिगड़ने के बाद परिजन के द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिनको अस्पताल ले जाने का प्रयास करते दौरान ही वृद्धा की मौत हो गई जिनकी मौत के बाद परिजन मे रो रोकर बुरा हाल था।

### बीएसएनएल का नेट चार दिन से खराब

**ऊंचाहार।** बीएसएनएल का नेट नेटवर्क विगत 5 दिनो से ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत खराब चल रहा है।जिसको लेकर हजारो उपभोक्ताओ को नेट की समस्या से जूझना पड़ रहा है जबकि तहसील मे विधानसभा चुनाव को लेकर फीडिंग तक मे दिक्कते आ रही है।जबकि नेट संबंधित सारे कार्य समस्त सरकारी आफिसो मे प्रभावित हो रहा है जिसको लेकर जब विभाग के एसडीओ से बात किया गया तोउन्होने कहा कि खराब रहता है तो क्या करें कोई एक ही काम तो रहता नही है ऐसा कहते हुए पल्ला झाड़ते नजर आए।जिसको लेकर बीएसएनएल विभाग के खिलाफ ग्रामीणो मे अक्रोश व्याप्त है।हलाकि कुछ प्राइवेट कंपनी के नेट भी खराब चल रहे है।

### ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करने को अतिरिक्त सुविधा कराई गई उपलब्ध

**अमेठी ।** जिला निर्वाचन अधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन. 2022 हेतु ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करने हेतु अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन हेतु 'जिजचेरूध्धेनअपकींण्मबपण्हवअण्पदध्सवहपद पर अपना नामांकन पत्र भरकर सबमिट करने के पश्चात जमानत की धनराशि जमा करने हेतु पर विकल्प चंल पर चयन कर दर्शित लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थी उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अंतर्गत नकद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत राशि जमा कर सकते हैं।

### एक गुण्डे को किया गया जिला बदर

**अमेठी ।** जिन व्यक्तियों का आस.पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिस 01 गुण्डे को जिला बदर किया है उसमें हरिनरायण सिंह उर्फहन्नू पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम दिछौली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी का नाम सम्मिलित है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा तत्व एवं अपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैंए जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### ब्लॉक चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** मंगलवार को जनसत्ता दल के स्थानीय ब्लॉक चुनाव कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र विजय सिंह मुन्ना व डॉ कैलाश नाथ ओझा ने फीता काट कर किया ।कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र विजय सिंह मुन्ना ने गौरीगंज विधान सभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी चौधरी नफीस अहमद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जुट जाने का आवाहन किया वहीं डा कैलाश नाथ ओझा ने बताया कि जनसत्ता दल कानून व्यवस्था रोजगार शिक्षा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश में करीब सौ प्रत्याशी उतारने जा रही है ।इस दौरान गौरीगंज से प्रत्याशी चौधरी नफीस अहमद ब्लॉक प्रमुख हारून खान पूर्व प्रमुख अनिल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### 4 लोगो की जांच रिपोर्ट पाजिटिव

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र में कोरोना मरीजो के मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को हुई जांचो के दौरान चार मरीजो में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। बीसीपीएम निर्भय श्रीवास्तव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 44 आरटीपीसीआर तथा 44 एंटीजन जांच की गई जिसमें 4 लोगो की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। सभी को होम आईसोलेशन में भेजने के साथ आरटीपीसीआर जांच के लिये नमूने लखनऊ भेजे गये

# हाड़कंपाऊ ठण्ड से घरों में दुबके लोग

## ठण्डक के चलते जन जीवन अस्तयस्त

**जगदीशपुर अमेठी ।** पिछले कई दिनों से चल रही बर्फीली हवाओं की वजह से हो रही कड़ाके की सर्दी से लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है हाड़कपाऊ ठंड के कारण लोग आग के सहारे घरों में दुबके हुए हैं ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित विभिन्न स्थानों पर पिछले कुछ दिनों से हो रही कडाके की ठण्ड से लोगों के जन जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है ।इस वक्त मौसम काफी ठण्ड बना हुआ है और रही सही कसर चल रही बर्फीली हवाओ ने पूरी कर दिया है और इन हवाओं ने ठण्डक को कई गुना बढा दिया है साथ ही साथ जहाँ ठण्ड के चलते आम जनमानस परेशान हो गया है वहीं मौसम की ऐसी मार जो पिछले कई दिनों से देखने को मिल रही है ऐसा समय काफी दिनों बाद आया है जब सूर्य देवता के दर्शन तो कभी कभार हो जा रहा है लेकिन इसके बावजूद ठण्ड हवाएं जो लोगों को परेशान कर रही हैं ।इस कडाके की ठण्ड व गलन से लोग परेशान हो गए हैं तथा पशु पक्षी भी इस भयंकर ठण्ड के चलते बेहाल हैं सडकों पर सन्नाटा पसरा हुआ है बहुत जरूरी होने पर लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं जहाँ एक तरफ कोरोना का कहर वहीं दूसरी तरफ कडाके की हो रही ठण्ड लोगों की परेशानी का सबब बनी हुई है पिछले सप्ताह हुई बारिश के कारण दलहन की फसलों को काफी बडा नुकसान हुआ है और अभी भी इस समय लगातार पड रही ठण्ड से आम आदमी बेहाल हो गया है बर्फीली हवाओं के ठण्डे ठण्डे झोंको से सभी परेशान हो गए हैं मौसम विभाग के अनुसार अभी एक सप्ताह तक इसी तरह मौसम बना रहेगा साथ ही साथ बारिश के भी आसार नजर आ रहे है ठण्ड की वजह से जिसके पास रहने को घर है वह तो ठीक है मगर बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो खुले आसमान के नीचे झोपड़ी झुग्गी व बस स्टाप ए रेलवे स्टेशनों पर अपनी जिंदगी गुजारते हैं उनके लिए यह ठण्ड बहुत की कष्टदायक है ।

# बाइक व मोटरसाइकिल की भिड़ंत से युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बीते सोमवार की रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हसनगंज के पास प्रधान ढाबे के सामने एक ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। विदित हो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के जीगो गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र जानकी प्रसाद शुक्ला अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक से लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में प्रधान ढाबे के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली से उनकी टक्कर हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा घायल जितेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य के बछरावां पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भगवान कहते हैं बछरावां वालों तू आवे पग एक जो मैं आऊं पग साठ : महाराज

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**कस्बे के** लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही नव दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सांतवें दिन प्रधान यजमानडा0 आर के अवस्थी तथा मुख्य यजमान अजय प्रकाश जायसवाल एवं सहायक यजमान हरिओम मिश्र ने पत्नी सहित पूजन कर कथा का प्रारंभ कराया। कथा के आरंभ में बाल कथा व्यास कृष्ण मोहन कान्हा की कथा के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास परमानंद जी महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि श्री कृष्ण ने बाल्यकाल में कालिया नाग का वध किया और बहुत सी लीलाएं की ।कथा के अंत में भगवान कृष्ण के पर्वत उठाने की झांकी निकाली गई ।जिसको देख कथा का रसपान करने आए सभी भक्त झूम उठे। साथ ही कड़ाके की ठंड के बावजूद भी कथा का रसपान करने वाले भक्तों की संख्या में कोई कमी नहीं रही। सभी भक्त समय से आकार धर्म रूपी गंगा में स्नान करके पुण्य के भागीदार बने। इस मौके पर आयोजक मंडल से रामबालक महाराज,आचार्य पंडित धीरज तिवारी,सहायक आचार्य रामकुमार, तथा सेवादार भगवान कुमार अवस्थी,पत्रकार दीप चंद्र मिश्रा,सेवानिवृत उप निरीक्षक टी एन अवस्थी, बृजेश कुमार मिश्रा,राजकुमार मिश्रा,सूर्यकांत द्विवेदी, अमन तिवारी,प्रशांत मोहन त्रिवेदी,पत्रकार अंकुर चौधरी सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# महाराजा मणिकुण्डल जयंती सम्पन्न

संवाददाता। रायबरेली



**अयोध्यावासी वैश्य** संगठन द्वारा पौष पूर्णिमा के दिन अपने आदिपुरुष महाराजा मणिकुण्डल जी की जयंती सूर्या होटल सिविल लाइंस में धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय महामंत्री महाराजा मणिकुण्डल सेवा संस्थान सुनील कुमार गुप्ता, व जिलाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता द्वारा महाराजा मणिकुण्डल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की गई। किसी भी संगठन को गतिशील रखने के लिए निरंतर उसकी समीक्षा व बदलाव आवश्यक है, इस को मद्देनजर रखते हुए जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी आज सम्पन्न हुआ । जिसमें डॉ शिवशरण लाल वैश्य, मुन्नालाल गुप्ता, व धर्मराज गुप्ता चुनाव अधिकारी नियुक्त हुए। तथा राष्ट्रीय महामंत्री मणिकुण्डल सेवा संस्थान व महासभा सुनील कुमार गुप्ता व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा अभिलाष कौशल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया । जिनकी देख रेख सर्व प्रथम अध्यक्ष पद के लिए अमरचंद के नाम का प्रस्ताव राम प्रकाश कौशल द्वारा रखा गया जिसे सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसी क्रम महामंत्री के रूप में जुगुल किशोर तथा कोषाध्यक्ष के लिए प्रकाश नारायण गुप्ता को सर्व सम्मति से चुना गया।आज के कार्यक्रम में फ्रेम आइस के सौजन्य से निशुल्क आई टेस्टिंग की गई। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति की गई। डॉ शिवशरण लाल वैश्य ने ने अपने उद्बोधन में ।महाराज मणिकुण्डल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पूर्वज नितांत अहिंसावादी थे वह एक मात्र ऐसे राजा हुए जिन्होंने कभी कोई अस्त्र शस्त्र का प्रयोग नही किया । वे दयालुता और धर्म परायणता की प्रतिमूर्ति थे ।निवर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता जी ने कहा हम प्रतिवर्ष मनिकुण्डल जयंती का आयोजन कर उनके द्वारा दिखालाये गए मार्ग पर चलने का प्रयत्न करते है।सुनील कुमार गुप्ता ने उनके पूरे जीवन वृत्त को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।अभिलाष कौशल जी ने सामाजिक एकता व संगठन की एकजुटता में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा अब वह समय आ गया है कि हम सभी वैश्यों को एक जुट होकर सत्ता में भी भागीदारी का प्रयास करना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरचंद ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसका सम्यक निर्वहन करते हुए समाज की भलाई के लिए व संगठन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयत्न करेंगे।

# चोरो ने घर में खड़ी बाइक को पार कर दिया

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**पुलिस की** रात्रिगस्त को धता बताते हुए चोरो ने घर में खड़ी बाईक को पार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के घसियारी मंडी निवासी रामदेव बाजपेई पुत्र सदाशंकर ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात चोरो ने उसके घर में खड़ी बाईक को पार दिया। वही सेमरपहा गांव निवासी अरविंद चौरसिया ने बताया कि उसका आनापुर मोड के निकट मुर्गी फार्म है। जिससे बीती रात अज्ञात चोरो ने बैटरा व इंनर्वटर पार कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामलो की तहरीर मिली हैं। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# महिला टोली ने ठाना जनपद का मतदान प्रतिशत है बढ़ाना

संवाददाता। रायबरेली

**महिला, युवा, बुजुर्ग एवं दिव्यांग जनों को भी मतदान करने के लिए महिला टोली द्वारा जागरूक किया जाए**

**आगामी विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद रायबरेली का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर पूरे जनपद में महिला टोली के माध्यम से आम जनमानस को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महिला टोली को सशक्त एवं जागरूक बनाने के लिए तहसील सभागार लालगंज एवं ब्लाक सभागार सरेनी में एसडीएम न्यायिक/प्रभारी विधानसभा सरेनी जीतलाल की अध्यक्षता में महिला टोली के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें उनके उन्मुखीकरण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने कहा कि महिला, युवा, बुजुर्ग एवं दिव्यांग जनों को भी मतदान करने के लिए महिला टोली द्वारा जागरूक किया जाए। खंड विकास अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि महिला टोली प्रतिदिन का प्लान बना कर प्रत्येक गांव जो आवंटित बूथ से जुड़े हैं वहां पहुंच कर मतदाताओं को जागरूक बनाएं। कार्यशाला का संचालन कर रहे स्वीप सहयोगी एस0एस0 पाण्डेय ने कहा कि स्लोगन, पपेट, पोस्टर, रंगोली जागरूकता गीत के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम को आम जनमानस के बीच में पहुंचाने का प्रयास महिला टोली मजबूती के साथ करेगी और जनपद का प्रथम पुरस्कार प्राप्त करेगी। कार्यशाला को रामकिशोर वर्मा, आलोक बीएमएम, मीना रानी मुख्य सेविका, संजीव कुमार, मोहम्मद सईद, पूनम यादव बीएमएम लालगंज, खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज मनोज कुमार, सरेनी रामचंद्र सहित अन्य लोगों द्वारा स्वीप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार एवं सुझाव दिए गए।

# अमेठी में अर्द्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च



**अमेठी।** अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय पुलिसध्केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ कस्बा टीकरमाफी थाना संग्रामपुर में एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च कर बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालनए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी बटप्ळप्स् एप के संबंध में जागरुक किया गया एवं आम जनमानस में सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया तथा शासन द्वारा जारी कोविड.19 गाइडलाइंस का पालन करने हेतु लाउडहेलर के माध्यम से जागरुक किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी अर्पित कपूर व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# मिनी इनडोर स्टेडियम बछरावां में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बछरावा रायबरेली ।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन मिनी इनडोर स्टेडियम बछरावां में कार्यक्रम जिला युवा समन्वयक गोपेश पांडे के निर्देशानुसार कार्यक्रम पुरुष दौड़ 16 मीटर 800 मीटर महिला दौड़ 200 मीटर महिला दौड़ लंबी कूद महिला पुरुष दोनों वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान धर्मपाल व अन्य गांव के प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शिव शक्ति कुसमा देवी वर्तमान शिवगढ़ के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रिंकू तथा रामचंद्र पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक स्वप्निल वर्मा, ओमकार यादव, अजय बहादुर, इंद्रजीत, योगेश वर्मा, स्वयंसेवक, विकास सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालिका व बालक भी उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव बने वजीर

संवाददाता। अमेठी

**खुर्शीद खान उर्फ वजीर खान ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरूंगा**

**समाजवादी पार्टी** के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर जिले के लाल को प्रदेश सचिव की कमान सौंपी गयी है। जिसकी सूचना पाते ही जिले के सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गयी। विदित हो कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की संस्तुति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने अमेठी जिले की तिलोई विधान सभा क्षेत्र के रस्तामऊ गांव वासी खुर्शीद खान उर्फ वजीर को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जो अमेठी जिले के लाल है। उनके मनोनयन की खबर जिले में फैलते ही सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गयी। खुर्शीद खान उर्फवजीर खान ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरूंगा। पार्टी की नीतियों व सपा सरकार के कार्यो को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करूंगा।

मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव मनोनयन होने पर खुर्शीद खान उर्फ वजीर को प्रदेश के विभिन्न जनपदो से मोबाइल फोन पर सभी सपा कार्य कर्ता उन्हें बधाई संदेश दे रहे है। इसी प्रकार जिले के अमेठीए संग्रामपुर भेटुआ भादर गोरीगंज जामो जगदीशपुर तिलोई सिंहपुर शुकुल बाजार मुसाफिरखाना इन्हौना जायस शाहगढ के सभी संगठन के सपा पदाधिकारियो ने प्रसन्नचित्त होकर हजारो लोगो ने शुभकामनाये दी है ।तिलोई विधान सभा के विधान सभा अध्यक्ष छेदीलाल साथी व तिलोई मीडिया प्रभारी राम धीरज यादव ने कहा कि खुर्शीद खान के प्रदेश सचिव बनाये जाने से जनपद अमेठी का नाम प्रदेश में रोशन हुआ है ।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्कूल प्रबन्धकों के साथ की बैठक

**श्रावस्ती।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में प्रयोग हेतु जिले के स्कूल प्रबंधक गण वाहन की सूची 31 जनवरी तक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को हरहाल में उपलब्ध कराए साथ ही सूची उपलब्ध कराते समय गाड़ी का नम्बर चालक का नाम व मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें। उक्त निर्देश अपर जिलाधिकारी ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने स्कूल प्रबन्धको के साथ अपने कक्ष में बैठक करने के दौरान दिया। उन्होंने स्कूल प्रबन्धको को यह भी निर्देश दिये कि कोवि?.19 ओमिक्रोन से सुरक्षा हेतु वे अपने वाहन चालको को जो अभी तक वैक्सीन नही लगवाए हैएअनिवार्य रूप से लगवा दे जिन वाहन चालकों को कोविड़ के दोनों टीके लग गए है उन्हें बूस्टर टीका लगवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि जो वाहन मरम्मत योग्य है उनको भी दुरूस्त कर दिया जाय ताकि उन गाड़ियों को निर्वाचन में प्रयोग के दौरान कोई कठिनाई न हो। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अधिग्रहित वाहनों की जाँच भी करना सुनिश्चित भी पूर्व से ही कर लेंगे।

# डीएम ने की अपील, अपने 15 से 18 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत करायें टीकाकरण

संवाददाता। श्रावस्ती

**कोविड.19 के** मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के नये वैरियंट ओम्रिकोन को देखते हुए टीकाकरण से अभी तक वंचित जनपदवासी अपना टीकाकरण अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि कोरोना से ल?ने का एकमात्र उपाय टीकाकरण है। इसलिए सभी लोग अपना एवं अपने परिवार के 15 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों का भी अधिक से अधिक संख्या में शत.प्रतिशत टीकाकरण करायें और सुरक्षित रहे। उन्होने सभी जनपद वासियों से अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के साथ.साथ सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने और बेवजह घरों से बाहर न निकले।

यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो अपने नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रध्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोविड की जांच अवश्य करायें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा है कि इस जिले के मूल निवासी जो बाहर रहकर नौकरीए रोजी.रोजगार करते है वे अपने घर आते है तो अपने नजदीक के सी0एच0सी0ध्पी0एच0सी पर कोविड.19 की जांच करायेंए जांच के दौरान यदि रिपोर्ट निगेटिव आती है तो वे अपने घर जाएं और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है और वे अस्वस्थ्य महसूस कर रहें है तो वे दवा लेकर ही घर जाएं और स्वस्थ्य होने तक एकान्तवास अवश्य करें जिससे किसी भी दशा में संक्रमण न फैलने पावे।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा ए0पी0 भार्गव ने बताया है कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से ही जनपद में कुल 167 पॉजिटिव केस प्रकाश में आए हैंए जिनमें से 128 होम आइसोलेटेड है। जिले में अब कोविड.19 के ऐक्टिव केस 167 है। जनपद में अबतक आरटीपीसीआर द्वारा कुल 306433ए एन्टीजेन टेस्ट किट द्वारा कुल 327166ए ट्रूनाट मशीन द्वारा 1127 जांचे कराई जा चुकी हैं।

# धरे रह गए तंगी मिटाने व धन दोहन के सारे जतन!

● जिला पंचायत सदस्यों की लड़ाई रंग लाई, चुनाव तक टला 25 करोड़ का टेंडर

● शासन की ओर से फिलहाल के लिए कार्यादेश जारी करने पर लगाई गई रोक

● कार्रवाई से चुनाव में पैसा लगाने वाले ठेकेदार, होटल छुड़ाने व कर्ज चुकाने वालों को लगा करारा झटका

● सत्ता बदलने के भय से कुर्सी जाने को लेकर परेशान जिला पंचायत का अमला

संवाददाता। बस्ती

**जिला** पंचायत में व्याप्त अनियमितता को लेकर जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र कुमार चौधरी की अगुवाई में लड़ी गई लड़ाई आखिरकार रंग लाई। इसके लिए सदस्यों ने 'पायनियर' की टीम को धन्यवाद दिया। 25 करोड़ का टेडर तो निरस्त नहीं हुआ, मगर कार्यादेश जारी करने पर अवश्य रोक लग गई, इससे उन लोगों के मंसूबों पर पानी फिर गया, जो इसी टेंडर के बहाने अपनी गरीबी मिटाना चाह रहे थे। उन नामचीन ठेकेदारों और होटल को छुड़ाने एवं कर्ज को चुकाने की ख्वाहिश रखने वालों पर मानों पहाड़ सा टूट पडां हो। इन्हें इस बात का डर लग रहा है, कि अगर कहीं सत्ता परिवर्तन हो गया तो उनकी गरीबी कैसे मिटेगी और पैसा वापस कैसे होगा? इस पूरे मामले में एएमए और इंजीनियरों की टीम सवालों के घेरें में हैं, क्यों कि इनकी ही रिपोर्ट पर ऐसे कार्यो का अनुमोदन दिया गया, जो पहले से ही अन्य कार्यदाई संस्था कर चुकी है। एक ऐसे इंजीनियर के बगावत की खबर आ रही हैं, जो इससे पहले किसी अन्य जनपद में इसी तरह के आरोप में जेल जा चुके है, इन्होंने स्पष्ट कह दिया है, कि अब वह दुबारा जेल जाना नहीं चाहते। एएमए पर तो आंख बंद कर लेने तक का आरोप लग रहा है। देखा जाए तो पूरे फसाद का जड़ एएमए को ही जिला पंचायत सदस्य मान रहे है। यही कारण है, कि यह भी किसी अनजाने खतरे को लेकर बेचैन हैं। बहरहाल इस पूरे घटना ने यह साबित कर दिया कि जिला पंचायत में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। कई सदस्यों ने तो ऐसे सबूत होने का दावा किया है, जिनका अगर खुलासा हो गया तो कई इंजीनियर और एएमए जेल तक जा सकते है। वैसे 'पायनियर' की टीम शीघ्र ही इसका खुलासा करने जा रही है। जिला पंचायत में पिछले कुछ दिनों से जिन मुद्दो को लेकर जिला पंचायत सदस्यों और अध्यक्ष के बीच गहमागहमी चल रही थी, वह भले ही अध्यक्ष और कई सदस्यों के बीच समझौता हो गया, लेकिन सदस्यों के विरोध और समझौते के बावजूद टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्यादेश जारी नहीं हो सका। इसे विरोध करने वालों की जीत मानी जा रही है। क्यों कि इसके चलते गरीबी दूर करने वालों के मंशूबे पर एक तरह से पानी फिर गया। अब यह स्पष्ट हो गया कि 10 मार्च 22 के पहले काम और भुगतान होना संभव नहीं। सदस्यों का कहना है, कि जिस तरह से आचार संहिता के बीच फर्जीवाड़ा कर भुगतान लेने की साजिश रची गई थी, वह नाकाम हो गई। यह मामला डीएम और एडीएम के प्रेसवार्ता में भी उठ चुका है। इससे ठेकेदारों में बुरी तरह छटपटाहट है, उन्हें भय है कि अगर कहीं सत्ता परिवर्तन हो गया तो उनके करोड़ा का क्या होगा? जो चुनाव में लगाया गया था। देखा जाए तो इस पूरे मामले में नीति, ईमान और साहस का संकट रहा, सबसे बड़ा संकट विश्वास को लेकर रहा है। इन सबके बावजूद अगर किसी के मंशूबे पूरे नहीं होते तो इसके लिए किसे दोषी माना जाए यह उन लोगों के लिए सोचने का विषय हैं, जो डैमेज कंटोल करने में लगे हुए थे, कहा तो यह भी जा रहा है, कि डैमेज कंटोल में पूरी तरह ईमानदारी नहीं बरती गई, यहां भी कई लोगों ने खेल खेल डाला। जिस तरह सदस्य कुर्ता, पैजामा, जैकेट, दारु, मुर्गा और धन के लिए बिकते देखे गए, उससे पूरे जिला पंचायत को कलंकित होना पड़ा। एक-एक सदस्य कई बार बिकते देखे गए। इसे देखकर एक बार लगने लगा था, कि आंदोलन कहीं समाप्त न हो जाए, मगर कुछ सदस्यों की ईमानदारी के कारण आज काफी हद तक सफलता मिली है। इसके श्रेय सबसे अधिक वीरेंद्र कुमार चौधरी और दो एक सदस्यों को जाता है, जो अपना नाम नहीं बताना चाहते।

### शपथ-पत्र देकर वफादारी दिखाने वाले भी दे गए दांव

**जिन** 14 जिला पंचायत सदस्यों ने शपथ-पत्र देकर आंदोलन के प्रति अपनी वफादारी दिखाई थी, उनमें से भी लगभग 90 फीसद सदस्य बाद में बिक गए। इन्होंने लिखकर दिया है, कि उन लोगों ने बहकावे और भूलवश शपथ-पत्र दे दिया था। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि एएमए ने बताया कि अधिकतर सदस्यों ने लिखकर दे दिया कि वे अब अध्यक्ष से संतुष्ट है, और उन्हें कोई शिकायत नहीं है। एक तरह से इन लोगों ने एक बार फिर अपने क्षेत्र की जनता और अपने साथियों को धोखा दिया, जो न्याय की लड़ाई लड़ रहे रहे थे, और जिससे सबसे अधिक लाभ सदस्यों को ही होने वाला है। जिन लोगों ने 20 दिसंबर 21 को डीएम, सीडीओ एवं एएमए से मिलकर उन्हें शपथ-पत्र देकर उस टेंडर को निरस्त करने की मांग की थी, जो धन के बंदरबांट के लिए अनियमित तरीके से निकाला गया। जिन लोगों ने शपथ-पत्र दिया, उनमें राजकुमार, शकुंतला चौधरी, प्रियंका यादव, असलम खान, अंजुला देवी, राजबहादुर, कंचन देवी, वीरेंद्र कुमार चौधरी, मो. खुर्शीद, कुमारी यादव, कंचन राव, नौसाद अहमद, अबू बकर एवं सुभाष यादव का नाम शामिल है। गोपनीयता के चलते उन सदस्यों के नामों का खुलासा नहीं किया जा रहा है, जो इस बार भी पाला बदल गए।

### उड़न दस्ता टीम को एडीएम ने दिए निर्देश

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सी0ओ0 सिटी अंशुमान मिश्रा, टी0ओ0 जग नारायण झा के अलावा समस्त उप जिलाधिकारी एवं अतिरिक्त उप जिलाधिकारी सहित उड़न दस्ता टीम में शामिल एडीओ, सब इंस्पेक्टर, सिपाहियों तथा कैमरा मैन के साथ बैठक कर निर्वाचन के निर्देशों को बताया उन्होंने निर्देश दिया कि उड़न दस्ता टीम जनपद के अपने-अपने क्षेत्रो में भ्रमणशील रहेगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जॉच के दौरान उड़न दस्ता टीम के अन्दर आक्रोश की भावना न रहे सत्यता के साथ जॉच कर सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करें।

## भाजपा को मजबूत करने के लिए अपना दल (एस) ने की बैठक

**संतकबीरनगर।** अपना दल (एस) बैंक चौराहा स्थित कार्यालय पर मंगलवार के दिन अपना दल की बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा से पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में सत्ता में आने पर डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा चुनाव से पूर्व करने का मांग किये। जिलाध्यक्ष रोहित पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) से गठबंधन के कारण ही भाजपा को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के आवाहन पर उनके समाज के साथ साथ बड़ी संख्या में ओबीसी और दलित मतदाता वोट देते हैं। अगर भाजपा चुनाव से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष को डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा करती है तो अपना दल (एस) के कार्यकर्ता अपने समाज के साथ-साथ पिछड़े एवं दलित वर्ग के लोगों को जहां अपना दल (एस) का प्रत्याशी नहीं होगा वहां भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

# ह्यूमन सेफलाइफ फाउंडेशन ने गरीबों और असहायों को बांटे कंबल

● मानव जीवन को बचाना हमारा कर्तव्यः रंजीत श्रीवास्तव

संवाददाता। बस्ती

**पिछले** तीन दिनों से कंपकंपाती ठंड से जनजीवन प्रभावित है। लोग ठंड से कांपने को मजबूर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अग्रणी योगदान देने वाली संस्था ह्यूमन सेफ लाइफ फाउण्डेशन ने एक कदम आगे बढ़ाते हुये आज रेलवे स्टेशन के आसपास ठंड से कांप रहे लोगों को पुराने गरम कपड़े, मोजे और टोपी बांटकर उनकी मदद की। ऐसे दर्जनों गरीब परिवारों को इसका लाभ मिला। फाउंडेशन के संस्थापक रंजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में रणविजय सिंह, नवीन पाण्डेय, प्रतीक भाटिया, सतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष एलके पाण्डेय व अपूर्व शुक्ल सहित कई लोगों ने अपने और दूसरों के घर से पुराने कपड़े इकट्ठा किया और जरुरतमंदों की मदद करने निकल पड़े। रेलवे स्टेशन के इर्दगिर्द जो भी मिला उसे ठंड से बचाने के लिये कपड़े दिया और उनका आर्शीवाद लिया। संस्थपक ने कहा कि इस भीषण ठंड में सरकारी इंतजाम कभी पर्याप्त नही होते। ऐसे में निजी स्तर पर मदद के लिये लोगों को आगे आना जरूरी है। सामाजिक संगठनों के मिलाजुला प्रयास लोगों के लिये वरदान साबित हो सकते हैं। उन्होने इस दिशा में लोगों से आगे आने का आवाह्न किया। ताकि असहाय लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके।



गरीबों एवं असहाय में कंबल बांटते पायनियर

# अब घोटाले के पैसे से चल रहा पेंशन का जुगाड़!

● 32 लाख के गबन के आरोप में निलंबित हो चुका सेक्रेटरी, बहाल होने के बाद फर्जी भुगतान में जुट गए ● पूर्व प्रधान ने सेक्रेटरी पर लगाया धन निकालने का आरोप ● डीपीआरओ के आदेश के बाद भी नहीं किया जा रहा भुगतान ● हर्रैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमुनहां कला का है मामला

संवाददाता। बस्ती

**...सुनने** में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है, 32 लाख के गबन के ओरोपी एक सेक्रेटरी का कहना है, कि उसके उपर इतने आरोप है, कि उसका पेंशन मिलना मुस्किल हैं, इस लिए वह जितना हो सकता है, भविष्य को सुरक्षित करने के लिए घोटाला कर रहा है, यह बात सेक्रेटरी ने गांव के पूर्व प्रधान को उस समय कही जब प्रधान ने धन की मांग की। अब यह पूर्व प्रधान सीडीओ और डीपीआरओ से अपने धन की मांग कर रहा है। इस प्रधान को राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो लाख का ईनाम भी मिल चुका है। मामला हर्रैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमुनहां कला है। यहां के पूर्व प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह है। इन्हें गांव में सीवर लाइन का जाल बिछाने के मुख्यमंत्री राष्टीय पुरस्कार मिल चुका है। इस पुरस्कार को पाने के लिए इन्होंने अपने जेब से लाखों रुपया खर्च कर डाला। सीडीओ और डीपीआरओ से धन की वापसी के लिए मिलने आए पूर्व प्रधान ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों के कहने पर 6.92 लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया, मगर उन्हें मात्र 1.63 लाख का ही भुगतान किया, अवशेष धन सचिव और प्रधान ने मिलकर हड़प लिया, मांगने पर सचिव कहते है, कि भईया हमारे उपर इतनी बड़ी धनराशि के गबन का आरोप है, कि उसे चुकता करने में उनका पूरा वेतन चला चला जाएगा। कहा कि पेंशन तो मिलेगी नहीं इस लिए अभी से पेंशन की तैयारी कर रहा हूं। बताया कि प्रधान का डॉगल लेकर जो चाहते हैं, वह भुगतान कर लेते है। एक तरह से प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर ग्राम पंचायत में लूट मचा रखी है। पता चला है, कि ऐसे सेक्रेटरी को चार और ग्रामपंचायत का प्रभार दे दिया गया, जिस पर 32 लाख के गबन का दोषी है। जाहिर सी बात है, कि इस मामले में विभाग के अधिकारी भी शामिल है। कहते हैं, कि अधिकारी ऐसे सेक्रेटरियों को काफी पसंद करते हैं, जिन पर अधिक से अधिक घोटाला करने का आरोप हो, यही लोग अधिकारियों को भी लाभ पहुंचाने का काम करते है। वरना 32 लाख के घोटाले के दोषी को पुरस्कार के रुप में चार ग्राम पंचायत का प्रभार नहीं दिया जाता है। इस गांव की जांच डीपीआरओ कर चुके हैं, और उन्होंने पूर्व प्रधान के बकाए की वापसी के लिए सचिव को आदेश भी दे चुके हैं। कहते हैं कि सारा धन निकाला जा रहा है, मगर उनका बकाया नहीं दिया जा रहा है।

### रोटरी क्लब ने भेंट किया वाटर कूलर

**गोंडा।** रोटरी क्लब के सदस्य रो0 दिनेश कुमार मिश्र के सहयोग से स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर को वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर नि:शुल्क भेंट किया गया है। जिसे रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो0 रामसरन सिंह, सचिव रो0 डा0 पी0के0 अग्रवाल एवं डा0 उषा अग्रवाल ने विधिवत पूजन करने के पश्चात विद्यालय को समर्पित किया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े चित्रार्थ तिवारी, डा0 रेनु अग्रवाल, डॉ0 वी0पी0 सिंह, रमेश कुमार, एस0बी0 सिंह, डा0 हरीदास अग्रवाल, काली प्रसाद मिश्र, संजय कुमार, रामकृष्ण चौबे आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# कोविड प्रोटोकाल के तहत हर्षोल्लास के साथ मनेगा गणतंत्र दिवसः एडीएम

● अपर जिलाधिकारी ने 26 जनवरी पर समारोह की तैयारी बैठक कर दिए निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



तैयारी बैठक करते अपर जिलाधिकारी पायनियर

**आगामी** 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रमों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिये गये है। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, सामूहिक मार्च पास्ट, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत अपनाये जाने वाले समस्त सुरक्षात्मक उपायों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में सीमित संख्या में सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का प्रयोग के साथ ही कार्यक्रमों को मनाये जाने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे दायित्व सौपे जा रहें, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: प्रभात फेरी, सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाईन में परेड, जनपद मुख्यालय पर महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण सहित विविध कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा तय करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों, पत्रकारों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है। उन्होंने जनपद के नगरीय क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों और आसपास की साफ-सफाई का निर्देश संबंधित नगर पालिका/नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है।

### परिवहन विभाग ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**गोंडा।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद स्तर के विभिन्न माध्यमिक व उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता आयोजन किए जाने संबंधी निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 3000, 2000 एवं 1000 तथा उच्च शिक्षा स्तर पर क्रमश: 5000, 3000 एवं 2000 रुपए की नगद धनराशि दिया जाना था। इस क्रम में माध्यमिक स्तर पर जिले के फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोंडा एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेहरिया कला गोंडा के शिक्षण संस्थाओं में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में अभिषेक भारती, स्वामीनाथ वरुण व कुमार मौर्य तथा क्विज प्रतियोगिता में शुभम मिश्रा, नूरसवा व फहीम अंसारी तथा लेखन प्रतियोगिता में स्नेहा कश्यप, तनु पांडेय व सूरज कश्यप को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# परिवारवाद और परम्परावाद से ग्रसित रही सहकारिता

● एसआईटी जांच में हुआ सपा कार्यकाल के कारनामे का खुलासा

● सहकारी सेवा मंडल की 2324 नियुक्तियों में 90 फीसद ओएमआर सीट में की गई छेड़खानी

● खुलासे से मची खलबली, नौकरी और जेल जाने का डर

● सपा का चारागाह रहा सहकारिता : राजेंद्रनाथ तिवारी

संवाददाता। बस्ती

**भले** ही चाहें चुनाव के दौरान एसआईटी ने सहकारी सेवा मंडल की नियुक्तियों में बड़ी धांधली होने का खुलासा हुआ है, मगर इससे पता चलता है, कि सपा शासन काल में एक विशेष वर्ग को नौकरी में लाभ पहुंचाने की नीयत से ओएमआर सीट में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ किया गया। 2324 ओएमआर सीट की जांच में 90 फीसद में छेड़छाड़ करने की बाते जांच में आई। इसका खुलासा विशेष अनुसंधान दल के महानिरीक्षक ने किया। इस खुलासे से चुनाव में सपा का कितना होगा और भाजपा को कितना फायदा होगा, यह तो अलग बात है, मगर यह तय है, कि उन सैकेड़ों लाभार्थियों को नुकसान होने वाला है, जो जांच के दायरे में आ रहे है। नौकरी के साथ इन्हें जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है, और इस खेल में शामिल कई बड़े अफसरों पर भी गाज गिर सकती हैं। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता एवं बस्ती और संतकबीरनगर के जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्रनाथ तिवारी कहते हैं, कि सपा का चारागाह रहा सहकारिता। भाजपा परिवारवाद और परम्परावाद से ग्रसित सहकारिता को मुक्त कराना चाहती है। कहा कि जिस तरह अपने करीबियों और एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए खेल खेला गया, उसका खामियाजा सपा को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। सपा ने छोटे से लेकर सहकारिता के आंदोलन को दबाने का काम किया, आज जो सहकारिता की हालत है, उसके लिए काफी हद तक सपा को जिम्मेदार माना जा रहा है। जिसका ज्वंलत उदाहरण प्रदेश के 16 जिलों के सहकारी बैंकें हैं, इनमें पीएम, सीएम और सहकारिता मंत्री का जिला भी शामिल है, जो बदनीयती के कारण उबर नहीं पाई। हालांकि आगामी बजट में केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने सहकारी बैकों को आर्थिक संकट से उबारने के संकेत दिए है।

यह सही है, कि जब तक प्राथमिक सहकारी समितियों पर जिला सहकारी बैंकों का नियंत्रण नहीं होगा तब तक सहकारिता के माध्यम से रामराज की कल्पना करना व्यर्थ है। हालांकि इसके लिए भाजपा को भी काफी हद तक जिम्मेदार माना जा रहा है, कहा जा रहा है, कि अगर भाजपा के शासन काल में बस्ती सहित 16 बैंकों को उनके हिस्से का धन दे देती तो यह स्थित नहीं होती। सिर्फ बस्ती का ही लगभग 85 करोड़ बकाया हैं, जिसे पाने के लिए वर्तमान चेयरमैन मुख्यमंत्री सहित विभाग के अधिकारियों को दर्जनों पत्र लिख चुके हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके चलते आज सहकारी बैंक के हजारों उपभोक्ताओं को अपने ही जमा धन को पाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालत यह है, कि कई शाखाएं ऐसी है, जिसका संचालन चतुर्थ श्रैणी कर्मचारी के हवाले है। एक-एक शाखा प्रबंधक के जिम्मेदार दो से तीन बैंक चलाने की जिम्मेदारी है, एक बंद करके दूसरे बैंक को खोला जाता है। कहा भी जा रहा है, अगर भाजपा के जिम्मेदार चाहते तो इस स्थित से उबार सकते थे।

# जनपद में लोकपाल मनरेगा की हुई तैनाती



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में गड़बड़ियों एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा इसकी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच और कार्यवाही करने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद संतकबीरनगर में लोकपाल, मनरेगा की तैनाती की है। नवनियुक्त लोकपाल, मनरेगा पी.के. लाल ने जिले में लगभग एक माह पूर्व ही कार्यभार ग्रहण कर लिया है जो विकास भवन, संतकबीरनगर में प्रथम तल पर कक्ष संख्या 8 में बैठ कर कार्य संपादन कर रहे हैं। उन्होंने जनपद के मनरेगा जाब कार्ड धारकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि मनरेगा योजना के संबंध में किसी तरह की शिकायत, गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की शिकायत करना चाहते हैं, या योजना के लाभ से वंचित मनरेगा जाब कार्ड धारकों को कोई कठिनाई हो रही हो, अथवा मनरेगा से संबंधित कोई अधिकारी/कर्मचारी/पंचायत प्रतिनिधि आदि के भ्रष्टाचार की शिकायत करना चाहते हैं तो वे इसकी शिकायत सीधे लोकपाल, मनरेगा से कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि लिखित रूप से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से इसकी शिकायत कर सकते हैं। अधिवक्ता/एडवोकेट/वकील के माध्यम से दी गई शिकायत मान्य नहीं है। सिर्फ़ पीड़ित व्यक्ति या उसके अधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्रभावित व्यक्ति ही शिकायत दर्ज कराएं। लोकपाल, मनरेगा का मोबाइल नंबर 9415069437 है।

### संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को कर रहे चिन्हितः एसडीएम

**करनैलगंज (गोंडा)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करनैलगंज तहसील के 2 विधानसभाओं करनैलगंज एवं कटरा बाजार को 9 जोन व 55 सेक्टर में बांटा गया है। इसके अलावा संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित कर कड़ी निगरानी के बीच चुनाव संपन्न कराने की योजना प्रशासन द्वारा तैयार की गई है। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की सूची बनाकर उन पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी करनैलगंज हीरालाल ने दी है। उन्होंने बताया कि विधान सभा करनैलगंज में 77 बूथ संवेदनशील पाये गये हैं। जबकि 4 बूथ अति संवेदनशील है। जिसमें मसौलिया, मरचौर, पसका व दिकौली सामिल हैं। वहीं विधानसभा कटरा बाजार में 92 बूथ संवेदनशील व 11 बूथ अति संवेदनशील पाये गये हैं। जिसमे सहरिया कला, कटुआ नाला, देवापसिया, बौनापुर, निंदूरा, पहाड़ापुर, सिसई जोगा, मुंडेरवा कला, गौनरिया, परना बगुलहा व खिरौरा मोहन बूथ सामिल हैं।

# 20 हजार रिश्वत लेते ट्रेजरी का सहा. लेखाकार गिरफ्तार

● एण्टी करप्शन टीम ने जिला कोषागार से रंगे हाथ पकड़ा

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिले के** कोषागार के सहायक लेखाकार अवधेश कुमार मिश्र को एण्टी करप्शन टीम ने मंगलवार को एक कर्मचारी से 20 हजार रूपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एण्टी करप्शन टीम के प्रभारी ने खलीलाबाद कोतवाली थाने में आरोपी सहायक लेखाकार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। एण्टी करप्शन टीम के प्रभारी चन्द्रेश यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता रजनीश राय निवासी खाजो थाना धनघटा ने एण्टी करप्शन टीम को शिकायती पत्र देकर शिकायत किया कि उनके पिता असम पुलिस में थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी मां इंद्रावती देवी को पारिवारिक पेंशन मिल रहा है जिसके 6 व 7वें वेतन आयोग के वेतन के वर्ष 2006 से बकाया एरियर के 01 लाख 24 हजार 522 रुपये के भुगतान के लिए सहायक लेखाकार ने 20 हजार रुपये घूस की मांग की थी और न देने पर एरियर का भुगतान नहीं कर रहा था। इस मामले की प्रारंभिक जांच में शिकायत की पुष्टि हुई। एण्टी करप्शन की टीम ने जिले में पहुंच कर जिलाधिकारी से सरकारी गवाह देने का अनुरोध किया। इसके बाद आरोपी सहायक लेखाकार को घूस देने के लिए शिकायत कर्ता रजनीश राय को केमिकल लगे 20 हजार रुपये के साथ भेजा गया। सहायक लेखाकार ने उक्त रिश्वत की धनराशि ज्यों ही ली टीम ने उसे उसके कार्यालय में ही दबोच लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उदय प्रताप सिंह, शिव मनोहर मिश्र, मीरा सिंह, नरेंद्र सिंह, शेलेन्द्र राय, दिलीप, चन्द्रभान मिश्र, विजय नारायण शामिल रहे। ज्ञात हो कि अब तक जनपद में कई अधिकारी व कर्मचारी घूस लेते गिरफ्तार हुए लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों, कर्मचारियों के आदत में सुधार नही हो रहा है। लालच के चक्कर में एण्टी करप्शन टीम द्वारा बिछाये गये जाल में मछली की तरह फंस जाते है।

# एक समय पर एक कदम

## हरलीन कौर का कहना है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी को कई भाषाओं में कई तरह की परियोजनाओं में देखा गया है और 83 के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई है।




एक उत्साहित किशोरी, जिसने जब वी मेट में करीना कपूर के गीत में तीसरी या चौथी भूमिका निभाई, वामीका गब्बी ने धीरे-धीरे लेकिन लगातार सेलेबडम में अपने पाठ्यक्रम को चार्ट करना शुरू कर दिया है। इसके बाद पंजाबी फिल्मों में काम किया गया और 1984 के दंगों पर बनी वेब सीरीज तू मेरा 22 मैं तेरा 22, इश्क ब्रांडी, निक्का जेलदार, परहुना, दिल दियां गलां और ग्रहण के लिए उन्हें पहचान मिली। अभिनेत्री कई उल्लेखनीय बॉलीवुड फिल्मों और कई अन्य क्षेत्रीय फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।

हाल ही में, गब्बी ने फिल्म 83 में क्रिकेटर मदन लाल की पत्नी की भूमिका निभाई। वह साझा करती हैं, ''मैं इस फिल्म का हिस्सा बनने का मौका पाने के लिए आभारी हूं। आप जानते हैं ऐसे ऐतिहासिक पल पर जब फिल्म बनती है तो एक अलग तरह की खुशी होती है। इसलिए... जब छाबड़ा जी (मुकेश छाबड़ा) के कार्यालय में फोन आया, तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया कि वह हिस्सा कैसा है और यह क्या है... मैं सिर्फ इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और मुझे बहुत खुशी है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया।''

भूमिका निभाने के कारण के बारे में बात करते हुए, वह साझा करती है, ''1983 के विश्व कप पर एक फिल्म मेरे लिए इसका हिस्सा बनने का एक अच्छा कारण था। और फिर, कबीर खान इसे निर्देशित कर रहे थे! मुझे पता था कि मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं और मैं इस तरह के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। दीपिका पादुकोण, जो निर्माता थीं, ने रोमी देव की भूमिका निभाई, जबकि मैं अनु लाल था। दोनों बेस्ट फ्रेंड की तरह थे और उनके साथ कई सीन भी थे। जब यह सब स्पष्ट हो गया, तो मैं ऐसा था, मैं जल्दी से यह कर रही हूं।''

गब्बी ने मुख्य रूप से पंजाबी सिनेमा में काम किया है और अन्य भाषाओं में भी फिल्में की हैं। वह कहती हैं, ''मैंने पंजाबी फिल्मों में काम किया है। और तेलुगु, तमिल के साथ-साथ दो मलयालम फिल्में। इसलिए कोई चुनौती नहीं थी। जब आप अच्छे लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं तो सब कुछ ठीक हो जाता है। चुनौतियां तब आती हैं जब आप मुश्किल लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं और जब आपको लगता है कि यह बहुत मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन यह बहुत सुखद था, आप जानते हैं, माहौल ऐसा था कि इसमें काम करना अच्छा था। इसलिए, मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं 83 का हिस्सा थी।''

इसके अलावा, ग्रहण के बारे में बात करते हुए, जहां गब्बी ने मनु की भूमिका निभाई थी, वह विस्तार से बताती है, ''पहला शो, पहला प्रोजेक्ट जो मैंने महामारी के बाद किया था। हमारी मुलाकात में निर्देशक रंजन चंदेल ने चौरासी/84 पुस्तक के पैराग्राफ पढ़े जो मेरे दिल को छू गए। उन्होंने मनु और ऋषि की प्रेम कहानी पढ़ी, जिससे मेरे रोंगटे खड़े हो गए। सुनते-सुनते मनु बहुत सुंदर लगने लगे और मैं इतना उत्साहित हो गई कि मुझे यह किरदार निभाने को मिलेगा। और रंजन, अंशुमन... हम सभी ने अपने-अपने किरदारों की तैयारी शुरू कर दी और रंजन सर ने हम सबकी मदद की।

पिछले महीने रिलीज हुई एक और पंजाबी फिल्म गलवाकड़ी। उन्होंने कहा, ''हमने लंदन में एक महीने तक शूटिंग की और यह काफी रोमांचक रहा। मेरे सह-कलाकार, तरसेम (जस्सर) जी, बहुत ही शांत और धैर्यवान व्यक्ति हैं, मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया।'' फिल्म में उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उस पर उन्होंने कहा, ''एक दुर्घटना होती है ... मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था, जो मुझे बहुत मुश्किल लग रहा था ... लेकिन मुझे खुशी है कि यह स्क्रीन पर अच्छा लग रहा है।''

गलवाकड़ी के बारे में अपने प्रशंसकों से गब्बी कहती हैं, ''फिल्म सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है या यह सिर्फ दो लोगों के प्यार में पड़ने की बात नहीं है। यह जीवन, इसके तरीके और संतुलन के बारे में बात करता है।''

साथ ही रोल्स चुनने के बारे में बात करते हुए वो कहती हैं, ''कुछ भी जो मेरे दिल को छू जाए. जो कुछ भी मुझे लगता है, कि मुझे उसका हिस्सा होना चाहिए ... ''ये मेरे बेगर नहीं बनना चाहिए, तो उस चीज को मैं हूं कर देता हूं (जहां भी मुझे लगता है कि यह मेरे बिना नहीं बनाया जाना चाहिए, मैं कहता हूं, हां)।''

उनके पसंदीदा अभिनेता इरफान खान हैं। ''दुर्भाग्य से मैं उनके साथ कभी काम नहीं कर पाऊंगा, वह एक सपना था। मैं उन्हें हमेशा याद रखूंगा, एक अभिनेता के रूप में वह मुझे हमेशा प्रेरित करेंगे। जिस तरह का कच्चापन उन्होंने अपने किरदार में लाया, वो बोहोत कम देखने को मिलता है (ऐसा अक्सर नहीं देखा जाता)... वह कच्चापन, सादगी और छोटी-छोटी चीजें जो उन्होंने लाईं। मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना पसंद करूंगा। वह बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं, जो हमारे उद्योग में हैं। मैं हमेशा यह देखने के लिए उत्साहित रहता हूं कि उसे क्या ऑफर करना है, वह किस तरह की फिल्में कर रहा है, वह जो किरदार निभा रहा है और उन किरदारों में वह क्या कर रहा है, इसलिए शायद भविष्य में... अगले पांच-छह वर्षों में ज्उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा।''

अपनी वर्तमान और आगामी परियोजनाओं के बारे में साझा करते हुए, वह कहती हैं, ''माई क्लीन स्लेट फिल्म्ज़् में भी हैं। यह नेटफ्लिक्स के लिए है और इसमें साक्षी तंवर भी हैं। फिर विशाल (भारद्वाज) सर और तब्बू के साथ खुफिया। सबसे अच्छे निर्देशकों में से एक विशाल सर के साथ तब्बू के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।''

# किताब **बैचलर डैड** में मेरे एकल पिता बनने से जुड़े सभी सवालों के जवाब मिलेंगेः तुषार कपूर

**मुंबई।** अभिनेता एवं निर्माता तुषार कपूर का कहना है कि उनकी पहली किताब पिता बनने के उनके सफर को बयां करती है, जिसमें एकल पिता होने के कई पहलुओं को रेखांकित किया गया है।



किताब बैचलर डैड से लेखन जगत में कदम रखने वाले कपूर, जून 2016 में सरोगसी के जरिए एक बेटे के पिता बने थे। उनके बेटे का नाम लक्ष्य है।

फिल्म गोलमाल में हास्य किरदार अदा करने वाले अभिनेता (45) ने कहा कि कई बार उनसे अकेले एक बच्चे का पालन-पोषण करने से जुड़े अपने अनुभव के बारे में लिखने को कहा गया, लेकिन उन्हें यह एक दूर की कौड़ी प्रतीत होता था। पेंगुइन इंडिया ने दो साल पहले जब उनसे सम्पर्क किया था, तो आखिरकार उन्हें लगा कि यह सभी सवालों के जवाब देने का सबसे उचित तरीका है। तुषार कपूर ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अधिक्तर सवाल किए जाते थे कि मैंने यह रास्ता क्यों चुना? ऐसा कैसे हो सकता है? क्या यह करना सही है? और क्या मैं यह कर सकता हूं? मेरे पिता बनने के बाद इस संबंध में सवाल किए जाते थे कि मैं सारी चीजें कैसे अकेले संभाल पा रहा हूं? लोग इसलिए चकित थे क्योंकि फिल्म जगत में इस तरह एकल पिता बनने वाला मैं पहला शख्स था।

अभिनेता जितेंद्र के बेटे और निर्माता एकता कपूर के भाई तुषार ने कहा, कुछ लोग चिकित्सीय पहलू को लेकर काफी जिज्ञासू थे और ऐसा सोचने लगे थे या तो मैंने बच्चा गोद लिया है या शादी कर ली है। लोगों की अपनी सोच थी।

अभिनेता ने कहा, हालांकि, किसी ने नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। काफी सकारात्मकता थी, सभी काफी मददगार थे, लेकिन सवाल यह था कि मेरा यह सफर कैसा होगा। इसलिए मैंने यह किताब लिखी, ताकि अपने इस सफर को सच्चाई के साथ बयां कर पाऊं.।

उन्होंने कहा कि उनकी इस किताब में ऐसे लगभग सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे, साथ ही एकल माता-पिता होने से जुड़े कई पहलू लोगों के सामने आएंगे।

इस किताब में 224 पृष्ठों में 10 अध्याय हैं, जिसमें तुषार के पिछले एक दशक के जीवन से जुड़ी बातों को क्रमबद्ध तरीके से बयां किया गया है। किताब बैचलर डैड फरवरी के पहले सप्ताह में बाजार में उपलब्ध हो सकती है।



# अच्छा व्यक्ति

## स्क्वीड गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक का कहना है कि वह अभी भी मानवता में विश्वास करते हैं।

**स्क्वीड** गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक ने कहा है कि वह अभी भी एक ऐसी मानवता में विश्वास करते हैं जो लोगों को सामाजिक अस्तित्व के खेल के जीवन और मृत्यु के दबाव में भी एक-दूसरे की मदद करने के लिए विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करती है।

''हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां लोग जीवित रहने के लिए अन्य लोगों पर चलने की हिम्मत करते हैं,'' उन्होंने सियोल स्थित कोरिया इमेज कम्युनिकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा पूर्व-टैप किए गए साक्षात्कार में कहा। ''लेकिन मैं अभी भी मानता हूं कि इस समाज को ऐसा नहीं होना चाहिए जहां हमें दूसरों को मारने और ऊपर जाने के लिए उन्हें ओवरराइड करने की आवश्यकता हो।''

उन्होंने आठवें एपिसोड में सई-बायोक (जंग हो-योन द्वारा निभाया गया चरित्र) के एक उद्धरण का हवाला दिया: ''ऐसा मत करो। वह तुम नहीं हो। आप दिल के अच्छे इंसान हैं।'' शब्द गि-हुन (ली जंग-जेई) को बाधित करते हैं, जो अपने पुराने दोस्त और अंतिम प्रतियोगी सांग-वू को सोते समय चाकू मारने की कोशिश करता है, जो कि भारी कर्ज में डूबे लोगों के बराबर जीतने के लिए घातक प्रतियोगिता के अंतिम दौर से पहले है। पुरस्कार राशि में .38.2 मिलियन।

बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया।

**बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया। पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।**

पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।

नौ-भाग की डायस्टोपियन श्रृंखला को लिखने और निर्देशित करने वाले ह्वांग ने कहा कि दुनिया काफी हद तक बदल गई है क्योंकि उन्होंने लगभग 10 साल पहले स्क्विड गेम बनाने के विचार की कल्पना की थी। स्थानीय निवेशकों और उत्पादकों ने ह्वांग की परियोजना को ठुकरा दिया, क्योंकि स्क्वीड गेम का एक मसौदा लगभग एक दशक से बंद था।

# निर्बलों की सेवा में

## शशि शेट्टी ने महामारी के दौरान समाज के सबसे कमजोर वर्गों की मदद के लिए कदम बढ़ाया, बता रही हैं मिथिला नाइक-सातामो।



**आशा** कार्यकर्ता देश के ग्रामीण हिस्सों में कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में रक्षा की पहली पंक्ति रही हैं, ''महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण के एक सामाजिक कार्यकर्ता शशि शेट्टी कहते हैं। इन वर्षों में, उन्होंने महाराष्ट्र में हाशिए के समुदायों के व्यक्तियों और बच्चों के उत्थान की दिशा में बड़े पैमाने पर काम किया है। महामारी के प्रकोप के बाद से शेट्टी और उनकी टीम कोविड -19 को खत्म करने के लिए अभियान चलाने में आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं का समर्थन कर रही है।''

शेट्टी अपने दिन की शुरुआत कार्यों का जायजा लेने और फोन कॉल पर समन्वय करने से करती है। हाल ही में, उन्होंने और उनकी टीम ने महाराष्ट्र के मुरबाद-मालशेज घाट के सरलगांव में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक अभियान चलाया। ''हमारे समर्थन के प्रतीक के रूप में, हमने इन कठिन समय के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की सेवाओं का सम्मान करने के लिए एक साड़ी और किराना किट वितरण अभियान का आयोजन किया था, ''उसने कहा। गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए, वह आगे कहती हैं, ''वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।''

वितरण अभियान में लगभग 195 आशा कार्यकर्ता भूरे रंग की साड़ी पहने और हाथों में नोटबुक लिए मौजूद थीं। ये महिलाएं हर दिन अपने निर्धारित गांवों में घर-घर जाकर इस बात का प्रचार-प्रसार करती हैं और लक्षणों, ऑक्सीजन के स्तर और तापमान की नियमित जांच करती हैं। इसके अलावा, वे अपने नियमित कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान शामिल हैं। तपेदिक, एचआईवी-एड्स और अब कोविड -19 सहित विभिन्न रोग निगरानी कार्यक्रमों में सबसे आगे रहने के बावजूद, वे अभी भी पूर्णकालिक कर्मचारियों के रूप में पहचाने जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। और इस समय के दौरान, वे कोविड -19 के बारे में जनता के डर के पहले शिकार हुए हैं।

वितरण अभियान के दौरान, शेट्टी ने इन महिलाओं की सेवा की सराहना की, जिससे उनके चेहरे पर तुरंत मुस्कान आ गई। उसने कहा, ''आपको वर्दी दी गई है, आप एक सेना हैं।''

ड्राइव के संचालन के तरीके पर चर्चा करते हुए, शेट्टी कहते हैं, ''हम स्थानीय सरपंच, सीमा और अनिल घरत के साथ मिलकर काम करते हैं। वे हमें सबसे कमजोर लोगों और परिवारों तक पहुंचने में मदद करते हैं। हमने इस कठिन समय में करीब 195 आशा कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है,'' शशि ने बताया।

एक शिक्षाविद् और एक होटल व्यवसायी, शेट्टी को 8 नवंबर को महाराष्ट्र के राज्यपाल, भगत सिंह कोश्यारी द्वारा 'समाज सेवा रत्न गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था, जो भोजन राहत के लिए दूसरी लहर के दौरान किए गए उनके काम के लिए थे। वर्तमान में, वह भारतीय विकास फाउंडेशन (आईडीएफ) का एक हिस्सा है, जो मुंबई में स्थित एक गैर सरकारी संगठन है, जो हाशिए के समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत पर विचार करते हुए, उन्होंने कहा, ''यह आईडीएफ और हमारी परियोजनाओं आशाएं और अन्नदानम के साथ शुरू हुआ जो हमारी सोवो (सामाजिक स्वयंसेवकों) पहल का एक हिस्सा थे। हम छोटे बच्चों के साथ पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए काम करते हैं और इसके अलावा, मनोरंजक और शैक्षिक दोनों तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसने मुझे आदिवासी महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाया।'' वह इन आदिवासी क्षेत्रों में बार-बार आती रही हैं और कमजोर समुदायों के बच्चों और व्यक्तियों तक पहुंच रही हैं।

शेट्टी के लिए, महामारी एक स्पष्ट आह्वान था, ''मैं हमेशा एक सैनिक बनना चाहती थी, लोगों की सेवा करने के लिए बुलाए जाने पर मेरे बुलावे का पता लगाएं और कदम बढ़ाएं। तो यहां मैं थी, कई में से एक - एक पैदल सैनिक - कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में'', उसने व्यक्त किया।

शेट्टी का दृढ़ विश्वास है कि किसी का खिंचाव किसी की जमात को आकर्षित करता है। तभी वह खाना चाहिए फाउंडेशन से जुड़ीं - मुंबई में स्थित एक नागरिक सामूहिक - जिसने पहले लॉकडाउन के दौरान अभूतपूर्व काम किया था और दूसरी लहर के दौरान भी ऐसा करना जारी रखा। ''शुरुआत में, उनके संचालन में कल्याण शामिल नहीं था, लेकिन भूख से लड़ने में मदद करने के लिए एक साझा लक्ष्य के साथ, मेरी टीम - तोरन नागदा, दिनेश ठक्कर और कच्छ युवा संघ - हमने शहर में एक सामुदायिक रसोई की स्थापना की और दूरदराज के अंदरूनी हिस्सों को भी पूरा किया। जहां हमने काम किया और मैप किया था,'' शशि ने साझा किया।



हाल ही में, शेट्टी और उनकी टीम ने ठाणे के मुरबाड में विशेष बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय अवनि मतिमंद मुलांचे निवास विद्यालय में विशेष बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की। और सूची बढ़ती जा रही है।

# पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें

## ●दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला आज

**भाषा**। पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )

**सात** साल में पहली बार सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर भारतीय टीम में खेल रहे विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी, जब केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पहला एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेलने उतरेगी। वह क्रीज पर बल्लेबाजी करें या सीमारेखा के पास क्षेत्ररक्षण, कोहली की हर एक गतिविधि पर प्रशंसकों की नजरें होंगी हालांकि राहुल की कप्तानी को भी कसौटी पर कसा जाएगा।

देखना यह भी होगा कि वह हमेशा की तरह मैदान पर जोश और आक्रामकता से भरे दिखते हैं या टेस्ट कप्तानी के साथ क्रिकेट के हर प्रारूप में कप्तानी छोड़ने के बाद मैदान पर उदासीन नजर आते हैं। टी-20 के बाद वह वनडे कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे और इस मसले पर उनकी बीसीसीआई से ठन भी गई। उनके प्रशंसक और भारतीय क्रिकेट यही दुआ कर रहा होगा कि बीसीसीआई से अपने विवाद को भुलाकर वह अपने कैरियर की नई पारी का आगाज करें जिसमें सिर्फ उनका बल्ला बोलता हो। दो साल बाद उनके बल्ले से शतक सोने पे सुहागा होगा।

चोटिल रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे राहुल श्रृंखला में कोहली से सलाह जरूर लेंगे। कोहली को बतौर बल्लेबाज ही अहम भूमिका नहीं निभानी है बल्कि जैसा कि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह हमेशा टीम के अगुवा रहेंगे। नए कप्तान और सहयोगी स्टाफ के साथ यह श्रृंखला जीतकर भारत 2023 विश्व कप की तैयारी शुरू करना चाहेंगे। इसके साथ ही पिछले सप्ताह टेस्ट श्रृंखला में हार से मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना है। भारत ने आखिरी बार पूरी मजबूत टीम के साथ वनडे श्रृंखला मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। इसके बाद दोयम दर्जे की टीम जुलाई में श्रीलंका गई थी। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी और अब यह देखना है कि क्या वह फिर शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करते हैं। घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बनाने वाले रूतुराज गायकवाड़ को पदार्पण के लिए अभी इंतजार करना होगा। धवन के लिए यह तीनों मैच काफी अहम होंगे क्योंकि टी-20 टीम में अपनी जगह वह पहले ही खो चुके हैं। कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर के बीच में से चयन होगा। ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और वेंकटेश अय्यर छठे नंबर पर उतरकर पदार्पण कर सकते हैं। स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा युजवेंद्र चहल और आर अश्विन पर होगा।

बुमराह और भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे जबकि तीसरे विकल्प के तौर पर दीपक चाहर, शारदुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा में से एक को उतारा जा सकता है। टेस्ट श्रृंखला में चोटिल हुए मोहम्मद सिराज भी फिट हैं। पिछले दौरे पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में 5-1 से हराया था हालांकि टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका के हौसले बुलंद हैं। तेम्बा बावुमा टेस्ट मैचों वाला फॉर्म जारी रखना चाहेंगे जबकि टेस्ट को अलविदा कह चुके क्विंटन डिकॉक वनडे में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज मार्को जेनसन एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान लोकेश राहुल और अन्य खिलाड़ी

### टीमें

**भारत** : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

**दक्षिण अफ्रीका** : तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जेनसन, जान्नेमन मलान, सिसांडा मगाला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन्ने।

## टेस्ट कप्तानी मिली तो टीम को आगे ले जाने की पूरी कोशिश करूंगा : राहुल

पार्ल ( **दक्षिण अफ्रीका** )। केएल राहुल फिलहाल भारत का पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान बनने के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि यदि उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना जाता है तो वह टीम को आगे ले जाने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे राहुल ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, देश की अगुवाई करना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है और यह ऐसा है जिसे वह लंबे समय तक संजोकर रखेगा। मैं भी कोई अपवाद नहीं हूं। उन्होंने कहा कि यह रोमांचक होगा लेकिन मैं अभी वास्तव में इस बारे में नहीं सोच रहा हूं लेकिन यदि ऐसा होता है तो अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से टीम और भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-2 से गंवाने के बाद विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। कोहली के चोटिल होने पर राहुल ने ही जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच में टीम की कमान संभाली थी। राहुल ने कहा कि जब तक उनके नाम पर चर्चा नहीं होने लगी थी तब तक उन्होंने इस पर खास ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि मैंने तब तक इस पर विचार नहीं किया था जब तक कि मेरे नाम पर चर्चा होने लगी थी। राहुल ने कहा कि मुझे जोहानिसबर्ग में टीम की अगुवाई करने का मौका मिला और वह बेहद खास था। हमें वहां उस तरह के परिणाम की उम्मीद नहीं थी लेकिन सीखने के लिहाज से वह अच्छा अनुभव रहा जिस पर मुझे हमेशा गर्व रहेगा। राहुल से जब कप्तानी में उनके खराब रिकार्ड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले इस पर व्यंग्यात्मक अंदाज में टिप्पणी की। राहुल की कप्तानी में भारत ने एकमात्र टेस्ट गंवाया है जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में उन्होंने जिन 27 मैचों में कप्तानी की उनमें से केवल 12 में उनकी टीम जीती। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के लिए आभार भाई। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। राहुल का मानना है कि जिंदगी के प्रत्येक पहलू में संतुलन बनाना आवश्यक है।

## डिकॉक खुद को साबित करना चाहेंगे: बावुमा

पार्ल ( **दक्षिण अफ्रीका** )। दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मंगलवार को कहा कि टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने वाले क्विंटन डिकॉक भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में खुद को साबित करना चाहेंगे। दोनों देशों के बीच इस श्रृंखला का आगाज बुधवार से होगा। बावुमा ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा डिकॉक को फिर से टीम में देखना अच्छा है। जाहिर तौर पर हमें टेस्ट टीम में उनकी कमी खलती है। उन्होंने फैसला कर लिया है और यह एक ऐसा फैसला है जिसका हम सम्मान करते हैं। वह खुद को साबित करना चाहेंगे।

बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज-विकेटकीपर ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी।

भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पर बावुमा ने कहा कि वे एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलेंगे लेकिन चुनौती के लिए तैयार हैं।

# आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगी भारतीय टीम

**अंडर 19 विश्व कप**

## ●मुकाबला आज

**भाषा**। तारोबा (त्रिनिदाद और टोबैगा

**शानदार** फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज और कप्तान यश धुल को अपनी टीम से बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीद होगी जब रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी के दूसरे मैच में बुधवार को आयरलैंड से खेलेगी। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराने के बाद भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है और आयरलैंड के खिलाफ उसका पलड़ा भी भारी होगा। भारत और आयरलैंड ने पहले मैच जीते हैं।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को और आयरलैंड ने युगांडा को 39 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका की जूनियर टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी के सूत्रधार धुल अकेले थे चूंकि सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगकृष रघुवंशी जल्दी आउट हो गए थे। धुल ने शेख रशीद (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। निशांत सिंधू (27), राज बावा (13) और कुशाल ताम्बे (35) ने भी उपयोगी योगदान दिए।

धुल को इस मैच में सलामी बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी ताकि मध्यक्रम और निचले क्रम पर दबाव नहीं बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के स्पिनर विकी ओस्तवाल ने 28 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज राज बावा ने 47 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 187 रन पर आउट कर दिया था। जालंधर में जन्मे बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर ने एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक 251 रन बनाए थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी नाबाद शतक जड़ा था लेकिन पहले मैच में वह एक रन पर ही आउट हो गए। महाराष्ट्र के लिए सीनियर क्रिकेट खेलने वाले तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर और तेज गेंदबाज रवि कुमार प्रभावित नहीं कर सके। एक अन्य मैच में कल आस्ट्रेलिया का सामना स्कॉटलैंड से होगा।

**टीमें** : भारत : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एस के रशीद , निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**आयरलैंड** : टिम टेक्टर (कप्तान),डी बुर्के, जोशुआ कॉक्स, जैक डिक्सन, लियाम डोहर्टी, जैमी फोर्ब्स, डेनियल फोरकिन, मैथ्यू एच, फिलीपुस लि रो, स्कॉट मैकबेथ, नाथन मैकायर, मुजम्मिल शरजाद, डेविड विंसेंट, ल्यूक वेलान, रूबेन विल्सन।

## कप्तान वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराया

**बासेटेरे**। कप्तान दुनिथ वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया। वेल्लालागे ने पहले फिरकी का जाल बुलकर 28 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई टीम 175 रन पर आउट हो गई। उनके अलावा ट्राविन मैथ्यू और मतीशा पथिराना ने भी दो दो विकेट लिए। जीत के लिए आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने एक समय चार विकेट 49 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद वेल्लालागे ने 71 गेंद में 52 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने विकेटकीपर अंजाला बंडारा (33) और रानुदा समररत्ने (नाबाद 32) के साथ दो अहम साझेदारियां भी की। श्रीलंका ग्रुप डी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया एक जीत के बाद तीसरे स्थान पर है। एक अन्य मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35.4 ओवर में 95 रन पर समेट दिया। इसके बाद 19.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज शिवशंकर ने तीन विकेट लिए जबकि ओनाजे एमोरी और एंडरसन महासे को दो विकेट मिले। नेट रनरेट बेहतर होने के कारण वेस्टइंडीज ग्रुप डी में दूसरे स्थान परहै। ग्रुप सी में पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे पर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लह खान के शतक की मदद से पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 115 रन से हराया। हसीबुल्लाह ने 155 गेंद में 135 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 73 गेंद में 75 रन बनाकर पाकिस्तान को नौ विकेट पर 315 रन तक पहुंचाया। जिम्बाब्वे के लिए तेज गेंदबाज एलेक्स फेलाओ ने पांच विकेट लिए। जवाब में ब्रायन बेनेट के 83 रन के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम 42.4 ओवर में 200 रन पर आउट हो गई।

# प्रणय जीते, सौरभ वर्मा उलटफेर के शिकार

## ●मोदी बैडमिंटन

## ●समीर वर्मा रिटायर्ड हर्ट

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**एचएस** प्रणय ने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुकाबले में यूक्रेन के डैनिलो बोस्नियुक पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया, वहीं सातवीं वरियता प्राप्त सौरभ वर्मा अजरबैजान के एडी रेस्की दविकाहयो के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने बोस्नियुक को 21-14, 21-18 से हराने में सिर्फ 36 मिनट का समय लिया। पूर्व में शीर्ष 10 रैंकिंग के खिलाड़ी रहे प्रणय पिछले सप्ताह इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में 20 साल के लक्ष्य सेन के खिलाफ हार का सामना करने के पहले अच्छी लय में थे।

दूसरे दौर में उनके सामने हमवतन प्रियांशु राजावत की चुनौती होगी, जिन्हें पहले दौर में राहुल यादव चित्तोबिना के खिलाफ वॉकओवर मिला है। चौथी वरीयता प्राप्त समीर वर्मा को आयरलैंड के न्हाट न्यूगेन के खिलाफ मैच के बीच में ही रिटायर हर्ट होना पड़ा, जिससे टूर्नामेंट में उनका सफर यही रूक गया। समीर ने पहले गेम के दौरान पिंडली में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। उस समय वह 2-7 से पीछे चल रहे थे। उन्हें यह चोट पिछले साल अक्टूबर में लगी थी। शुभंकर डे को भी चोट के कारण हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार के खिलाफ अपने मैच को बीच में छोड़ना पड़ा। उस समय वह शुरुआती गेम में 2-9 से पीछे थे। सौरभ वर्मा को दविकाहयो के खिलाफ एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में 15-21 21-19 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं में अष्मिता चालिहा ने पहले दौर में मालविका बंसोड़ को वॉकओवर दिया, जबकि आकर्षी कश्यप ने मुग्धा अग्रे को 21-13, 21-14 से और अनुपमा उपाध्याय ने रितुपर्णा दास को हराया। पुरुष युगल में तुषार शर्मा और विनय कुमार सिंह ने फ्रांस की फैबियन डेलरू और विलियम विलेगर की जोड़ी को 28 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में सिद्धार्थ जाखड़ और मेघा मोर्चाना बोरा ने हमवतन असित सूर्या और प्रांजल प्रभु चिमुलकर को 32 मिनट में 21-14, 22-20 से हराया। एक अन्य पुरुष युगल मैच में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने नॉर्वे के टोर्जस फ्लैटन और वेगार्ड रिखीम को 36 मिनट में 23-21, 21-19 से हराया।

## अंपायर इरासमस पूरा करेंगे वनडे मैचों का शतक

पार्ल ( **दक्षिण अफ्रीका** )। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार को यहां होने वाला पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मारियास इरासमस का अंपायर के रूप में 100वां वनडे होगा और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे दक्षिण अफ्रीकी अंपायर बन जाएंगे। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंपायरों में से एक 57 वर्षीय इरासमस बोलैंड पार्क में मैदान पर उतरते ही रूडी कर्टजन और डेविड ओरचार्ड के क्लब में शामिल हो जाएंगे। कर्टजन ने 1992 से लेकर 2010 तक 209 वनडे में अंपायरिंग करके विश्व रिकार्ड बनाया था। उनका यह रिकार्ड हाल में पाकिस्तान के अलीम डार (211 मैच) ने तोड़ा। ओरचार्ड ने 1994 से 2003 के बीच 107 वनडे में अंपायरिंग की थी।

इरासमस 2007 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग कर रहे हैं। वह अभी तक 99 वनडे के अलावा 70 टेस्ट, 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 18 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंपायरिंग कर चुके हैं।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार इरासमस ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं इतने लंबे समय से अंपायरिंग कर रहा हूं कि यह उपलब्धि हासिल कर रहा हूं।

ऐसी कड़ी परिस्थितियों में लंबे समय तक बने रहना आसान नहीं है, क्योंकि हम हर समय जांच के दायरे में रहते हैं, इसलिए इस उपलब्धि तक पहुंचने पर मुझे गर्व है।

# वैदिक पंडितों के लिए संस्कृत में कमेंट्री के साथ अनूठा क्रिकेट टूर्नामेंट

## ●धोती-कुर्ता पहनकर खेलेंगे क्रिकेट

**भाषा**। भोपाल

**पारंपरिक** धोती कुर्ता पहने दो बल्लेबाज तेजी से रन भागने की कोशिश में और नेपथ्य में धाराप्रवाह संस्कृत में हो रही कमेंट्री। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलेगा यहां वैदिक पंडितों के लिए होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में। महर्षि महेश योगी की जयंती पर यहां अंकुर ग्राउंड पर वैदिक पंडितों के लिए अनूठे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।

संस्कृति बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में वे खिलाड़ी भाग लेंगे जो वेदों के अनुसार अनुष्ठान कराते हैं। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट का दूसरा साल है और सारे प्रतियोगी वैदिक पंडित हैं जो पारंपरिक धोती कुर्ता पहनते हैं। वे एक दूसरे से संस्कृत में बात करते हैं और मैच की कमेंट्री भी संस्कृत में होती है। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय टूर्नामेंट के आयोजन का उद्देश्य संस्कृत भाषा को बढावा देना और वैदिक परिवार में खेल भावना बढाना है। विजेता टीमों को नकद पुरस्कार के साथ खिलाड़ियों को वैदिक पुस्तकें और सौ साल का पंचांग दिया जाएगा।

संस्कृत में कमेंट्री वाला ऐसी ही एक क्रिकेट टूर्नामेंट काशी में पिछले साल खेला गया था। धोती कुर्ते में क्रिकेट खेलने की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने कहा कि धोती-कुर्ते में क्षेत्ररक्षण के दौरान कोई समस्या नहीं आती है। मैंने स्वयं सोमवार के मैच में चौके-छक्के लगाए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न वैदिक संस्थानों की 12 टीमें शामिल हो रही है और यह मुकाबले 20 जनवरी तक चलेंगे।

## टीएनपीएल 2021 में सट्टेबाजी की हुई थी पेशकशः शतीश

**भाषा**। नई दिल्ली

**पूर्व** प्रथम श्रेणी और आईपीएल क्रिकेटर राजागोपाल सतीश को तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान मैच फिक्स करने के लिए कथित तौर पर 40 लाख रुपए की पेशकश की गई थी। सतीश चेपॉक सुपर गिल्लिस टीम का हिस्सा थे। तमिलनाडु का यह पूर्व क्रिकेटर आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुका है। बन्नी आनंद नाम के व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उन्हें यह पेशकश की थी। बीसीसीआई एसीयू के प्रमुख शब्बीर खंडवावाला ने बताया कि उसने हमें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस महीने बताया कि उसे सोशल मीडिया के जरिए रिश्वत देने की पेशकश की गई थी। हमने उसे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने को कहा। उसने ऐसा ही किया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईसीबी ने रूट सहित इंग्लैंड के खिलाड़ियों की शराब पीने की जांच शुरू की

**भाषा**। होबार्ट

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि उसने एशेज श्रृंखला के बाद टीम होटल में कप्तान जो रूट और अन्य खिलाड़ियों के देर रात तक शराब पीने और शोर मचाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। खिलाड़ियों की इस हरकत को रोकने के लिए पुलिस को होटल आना पड़ा।

खबरों के मुताबिक इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड और नाथन लियोन को भी एक वीडियो में देखा गया जो एशेज श्रृंखला खत्म होने के बाद जश्न मना रहे थे।

ईसीबी ने कहा कि सोमवार तड़के इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के सदस्यों ने होबार्ट में होटल के टीम क्षेत्रों में एक पेय (शराब) साझा किया। बयान के मुताबिक, होटल प्रबंधन को होटल के एक अतिथि द्वारा शोर मचाने की शिकायत मिली, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया में आम बात है। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

उन्होंने कहा होटल प्रबंधन और तस्मानिया पुलिस ने जब खिलाड़ियों को अपने कमरों में जाने के लिए कहा तो खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के अधिकारियों ने ऐसा ही किया। इंग्लैंड की टीम ने किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त की है।

इस वीडियो को कथित तौर पर इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प ने बनाया है। फॉक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक लियोन और कैरी इस दौरान टीम की टेस्ट जर्सी में थे। उन्होंने एक रात पहले एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। खबर के मुताबिक तस्मानिया पुलिस ने पुष्टि की कि नशे में शोर मचाने की शिकायत मिलने पर उनके अधिकारी सुबह छह बजे होटल पहुंचे थे। खिलाड़ियों को उनके कमरों में भेज दिया गया था और इस मामले में आगे कोई कार्वाई नहीं होगी।

# मरे मैराथन मुकाबले में जीते, मेदवेदेव भी अगले दौर में

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी**। मेलबर्न

**पांच** साल के इंतजार के बाद पांच सेट तक चले मुकाबले को जीतकर पांच बार के उपविजेता एंडी मरे ने मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी में को टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड निमंत्रण मिला है।

कूल्हे की सर्जरी के बाद खेल को अलविदा करने का मन बनाने वाले इस खिलाड़ी ने मंगलवार को 21वीं वरीयता प्राप्त निकोलोज बेसिलाशविली को 6-1, 3-6, 6-4, 6-7, 6-4, से हराया। कूल्हे की सर्जरी के कारण 2018 में इस ग्रैंडस्लैम से दूर रहने वाले में इससे पहले 2019 में पांच सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले को हार गए थे। उस समय सबको लगा कि यह उनके करियर का आखिरी मैच होगा। वह 2020 में भी में कूल्हे की चोट और 2021 में कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह मरे की 49वीं एकल जीत है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आंद्रे अगासी और इवान लैंडल को पछाड़कर पांचवें स्थान पर आ गए हैं। पांच सेट वाले अन्य मैचों में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 0-6 ,3-6, 6-3 ,6-4 से हराया तो वही मैक्सिम क्रेसी ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जॉन इस्नर को 7-6, 7-5, 6-7, 6-7, 6-4 से मात दी।

नोवाक जोकोविच के नहीं खेल पाने के कारण खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव ने हेनरी लाकसोनेन को 6-, 6-4, 7-6 से हराया। मेदवेदेव के अलावा एंद्री रुबलेव, यानिक सिनेर, डिएगो श्वार्ट्जमैन, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट और मारिन सिलिच भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

रूबलेव ने जियांलुका मागेर को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। वहीं 11वीं रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जोओ सोउसा को 6-4, 7-5, 6-1 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज डिएगो श्वार्त्जमैन ने फिलीप क्राइनोविच को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वहीं महिलाओं में कनाडा की 19 वर्ष की लैला फर्नांडिज को 133वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्डधारक मेडिसन इंग्लिस ने 6-2, 6-4 से हराया। अमेरिकी ओपन उपविजेता रहने के बाद लैला अपना पहला ग्रैंडस्लैम खेल रही थी।

तीसरी वरीयता प्राप्त गार्बाइन मुगुरूजा ने 77वीं रैंकिंग वाली क्लारा बुरेल को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस की अनुभवी एलिजे कोर्नेत से होगा जिन्होंने विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-3 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6 - 2, 6 - 3 से हराया। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त 2020 फ्रेंच ओपन चैम्पियन इगा स्वियातेक ने 123वीं रैंकिंग वाली ब्रिटिश क्वालीफायर हैरिएट डार्ट को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। एलिजे मर्तेंस ने वेरा ज्वानारेवा को 6 - 4, 7 - 5 से हराया जबकि पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन सैम स्टोसुर ने रॉबिन एंडरसन को 6-7, 6-3, 6-3 से मात दी। इसके अलावा 2021 फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा और सिमोना हालेप भी आगे बढ़ने में सफल रहे। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा लगातार दूसरे साल रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया से हार गई। उन्हें पहले दौर में 6-2, 6-2 से शिकस्त मिली।



एंडी मरे

# राबर्ट लेवांडोवस्की ने जीता फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

## ●मेसी और सालाह को पछाड़ा

**एपी**। ज्यूरिख

*बायर्न* म्युनिख के फॉरवर्ड रॉबर्ट लेवांडोवस्की एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुने गए हैं जिन्होंने लियोनेल मेसी और मोहम्मद सालाह जैसे सितारों को पछाड़ा। पिछले महीने मेसी ने उन्हें पछाड़कर बलोन डी ओर पुरस्कार जीता था। अर्जेंटीना को 2021 कोपा अमेरिका खिताब दिलाने वाले मेसी फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर की दौड़ में दूसरे और लिवरपूल के सालाह तीसरे स्थान पर रहे। क्लब अधिकारियों ने उन्हें आनलाइन ट्रॉफी प्रदान की। लेवांडोवस्की 200 से अधिक देशों के राष्ट्रीय टीम कप्तानों और कोचों के साथ चुनिंदा मीडिया की पहली पसंद थे। मेस्सी को दुनिया भर के प्रशंसकों से पोलैंड के कप्तान से दुगुने से भी ज्यादा वोट मिले। तीनों उम्मीदवारों ने भी अपनी अपनी टीम के कप्तान के तौर पर वोट डाले।

लेवांडोवस्की ने मेसी को दूसरे नंबर पर रखा जबकि सालाह ने अपने शीर्ष तीन में दोनों को रख। मेसी ने शीर्ष तीन में नेमार और काइलान एमबाप्पे को रखा जो अब पेरिस सेंट जर्मेन में उनके साथ खेलते हैं। लेवांडोवस्की ने 2020-21 सत्र में बायर्न को खिताब दिलाने के साथ बुंडेस्लिगा में रिकॉर्ड 41 गोल किए। उन्होंने 2021 में 43 गोल करके गर्ड म्यूलर के दोनों रिकॉर्ड तोड़े। महिला वर्ग में बलोन डि ओर विजेता एलेक्सिया पुतालेस को ही इस पुरस्कार के लिए चुना गया। वह बार्सीलोना की कप्तान थी जिसने पहली महिला चैम्पियंस लीग जीती। चेलसी की सैम केर दूसरे स्थान पर रही जबकि बार्सीलोना की जेनिफर हरमोसो तीसरे स्थान पर रही।

कोचिंग के दोनों पुरस्कार चेल्सी के नाम रहे। थॉमस टचेल को सर्वश्रेष्ठ पुरूष कोच और एम्मा हाएस को सर्वश्रेष्ठ महिला कोच चुना गया। टचेल ने मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला को पछाड़ा।

